# उत्तर प्रदेश द्वादश विधान सभा

के

## सदस्यों का जीवन–परिचय
## 1993

सम्पादकीय शाखा
विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
1994

## विषय–सूची


| | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|
| 1–प्राक्कथन .. .. | ङ |
| 2–महामहिम राज्यपाल का चित्र .. | छ |
| 3–उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष एवं सचिव के चित्र .. | झ–ट |
| 4–उत्तर प्रदेश मन्त्रि-परिषद् एवं नेता विरोधी दल .. | |
| (क) विज्ञप्ति दिनांक 5 दिसम्बर, 1993 के अनुसार .. | ड |
| (ख) विज्ञप्ति दिनांक 21 जून, 1994 के अनुसार .. | ढ |
| 5–सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची .. | त–स |
| 6–जीवन-परिचय .. .. | 1–445 |
| 7–मई 1994 के उपचुनाव में निर्वाचित सदस्यों का जीवन-परिचय | 446–451 |
| 8–परिशिष्ट .. .. | 453 |
| (क) द्वादश विधान सभा सदस्यों की दलीय सूची .. | 455–472 |
| (ख) आयु समूहों में द्वादश विधान सभा के सदस्यों की संख्या | 473 |
| (ग) द्वादश विधान सभा के सदस्यों की शैक्षिक पृष्ठभूमि | 474 |
| (घ) द्वादश विधान सभा सदस्यों के व्यावसायिक आधार | 475 |


संकेतांक–

इंजीनियर – इंजी०

डाक्टर – डा०

दिनांक दि० –

पोस्ट – पो०

तहसील – तह०

माननीय – मा०

## प्राक्कथन

नवम्बर, 1993 में उत्तर प्रदेश द्वादश विधान सभा के लिये मध्यावधि चुनाव सम्पन्न हुआ । निर्वाचन से भरे जाने वाले विधान सभा के कुल 425 स्थानों में से 422 स्थानों के लिये ही चुनाव सम्पन्न हुए । शेष तीन निर्वाचन क्षेत्रों गाजीपुर सदर (गाजीपुर), मंझनपुर (इलाहाबाद) और हस्तिनापुर (मेरठ) में कुछ प्रत्याशियों के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिये गये । इस निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के श्री मुलायम सिंह यादव तीन निर्वाचन क्षेत्रों से जसवन्तनगर (इटावा) शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) और निधौलीकलां (एटा) से विजयी हुए, किन्तु उन्होंने जसवन्तनगर और निधौलीकलां सीट से त्याग-पत्र दे दिया । इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के श्री कल्याण सिंह ने भी दो स्थानों--कासगंज (एटा) और अतरौली (अलीगढ़) से विजय प्राप्त की किन्तु कासगंज की सीट से उन्होंने त्याग-पत्र दे दिया । इस तरह से द्वादश विधान सभा की 419 स्थानों की ही विधिवत् पूर्ति हुई और छः स्थान रिक्त रहे । आंग्ल भारतीय सदस्य के लिए सुरक्षित सीट पर 5 फरवरी, 1994 को श्री फ्रान्सिस डब्लू० मूर का नाम–निर्देशन सम्पन्न हो गया ।

31 मई, 1994 को सम्पन्न हुये उप चुनाव में छः में से पांच स्थान तथा वर्तमान विधान सभा के लिये निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के सदस्य श्री देवकी नन्दन–भगवन्तनगर (उन्नाव) की मृत्यु से रिक्त स्थान के लिये ही चुनाव हुआ । जसवन्तनगर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव पुनः कतिपय कारणों से स्थगित कर दिया गया । इस उप चुनाव के पश्चात् विधान सभा की 425 सीटों की पूर्ति हो गई । किन्तु इधर दो और सदस्यों–भारतीय जनता पार्टी के श्री श्रीराम सिंह–कटरा बाजार (गोण्डा) और समाजवादी पार्टी के श्री जसवन्त सिंह–सरवनखेड़ा (कानपुर देहात) के निधन से वर्तमान सदन में कुल तीन स्थान रिक्त हैं ।

यह 'जीवन परिचय' ग्रन्थ मा० सदस्यों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर तैयार किया गया है । जिन मा० सदस्यों ने अपने जीवन-परिचय विषयक प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराये हैं, उनका जीवन-परिचय कार्यालय में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर ही तैयार किया गया है । जो मा० सदस्य पूर्व विधान सभाओं के सदस्य रहे हैं, उनके द्वारा जीवन-परिचय सामग्री न दिये जाने की दशा में उनका जीवन-परिचय पुराने अभिलेखों के आधार पर ही अंकित है ।

लखनऊ :

15 जुलाई, 1994

**प्रेम चन्द्र सक्सेना,**

सचिव,

विधान सभा, उत्तर प्रदेश ।

4.12.93 का गठित

1 वर्ष 10 माह 11 दिन




**महामहिम मोती लाल बोरा**

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



**श्री धनीराम वर्मा**

अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश



**श्री प्रेम चन्द्र सक्सेना**

सचिव, विधान सभा, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश मन्त्रि-परिषद्

(क) विज्ञप्ति दिनांक 5 दिसम्बर, 1993 के अनुसार

1–श्री मुलायम सिंह यादव, मुख्य मंत्री ।

2–श्री बेनी प्रसाद वर्मा, लोक निर्माण तथा संसदीय कार्य मंत्री ।

3–श्री मोहम्मद आजम खां, सहकारिता तथा मुस्लिम वक्फ मंत्री ।

4–श्री राज बहादुर, समाज कल्याण मंत्री ।

5–श्री राम लखन वर्मा, पंचायती राज मंत्री ।

6–श्री रमा शंकर कौशिक, नगर विकास मंत्री ।

7–श्री भगवती सिह, वन मंत्री ।

8–श्री बलराम यादव, स्वास्थ्य, चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री ।

9–श्री बाबूराम यादव, राजस्व मंत्री ।

10–श्री मनोहर लाल, पशुधन तथा मत्स्य मंत्री ।

11–श्री अवधेश प्रसाद, कारागार, होमगाईस तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री ।

12–श्री आर० के० चौधरी, परिवहन मंत्री ।

13–डा० मसूद अहमद, माध्यमिक शिक्षा तथा बेसिक शिक्षा मंत्री ।

14–श्री श्रीराम यादव, ग्राम्य विकास तथा क्षेत्रीय विकास मंत्री ।

### राज्य मंत्री

1–श्री शारदानन्द अंचल, माध्यमिक शिक्षा तथा बेसिक शिक्षा ।

2–श्री रामधनी, ग्राम्य विकास तथा क्षेत्रीय विकास ।

3–श्री दीनानाथ भास्कर, स्वास्थ्य, चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा ।

4–श्री सुरेन्द्र पाल वर्मा, परिवहन ।

5–श्री श्रीराम पाल, मत्स्य तथा पशुधन ।

6–श्री सन्त बख्श रावत, नगर विकास ।

7–श्री सुन्दर सिंह बघेल, समाज कल्याण ।

8–श्री सुखराम सिंह यादव, लोक निर्माण तथा संसदीय कार्य ।

9–श्री अशोक कुमार सिंह बेबी, पंचायती राज ।

10–श्री सुखदेव राजभर, सहकारिता तथा मुस्लिम वक्फ ।

11–श्री विशम्भर प्रसाद निषाद, राजस्व ।

**उप मंत्री**

1–श्री राम किशोर बिन्द, कारागार, होमगार्ड्स तथा राजनैतिक पेंशन ।

2–श्री लालजी चौहान, वन ।

(ख) विज्ञप्ति दिनांक 21 जून, 1994 के अनुसार

1–श्री शाकिर अली, माध्यमिक, बेसिक एवं प्रौढ़ शिक्षा मंत्री ।

**नेता विरोधी दल**

श्री कल्याण सिंह

---

* टिप्पणी :—दिनांक 21 जून, 1994 को माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा मंत्री डा० मसूद अहमद के त्याग-पत्र के फलस्वरूप रिक्त स्थान पर ।

# उत्तर प्रदेश द्वादश विधान सभा

## सदस्यों की वर्णानुक्रम सूची


| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1–अंगद यादव, श्री | 1 |
| 2–अकबर अली, श्री | 2 |
| 3–अक्षयवर भारती निषाद, श्री. | 3 |
| 4–अक्षयवर लाल, श्री | 4 |
| 5–अखलाख, श्री | 5 |
| 6–अखिलेश, श्री | 6 |
| 7–अखिलेश कुमार सिंह, श्री | 7 |
| 8–अजय कुमार पोइया, श्री | 8 |
| 9–अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भइया, श्री | 9 |
| 10–अतीक अहमद, श्री | 10 |
| 11–अनिल कुमार वर्मा, श्री | 11 |
| 12–अफजाल अन्सारी, श्री | 12 |
| 13–अमरजीत सिंह जनसेवक, श्री | 13 |
| 14–अमरनाथ यादव, श्री | 14 |
| 15–अमर सिंह, श्री (अलीगढ़) | 15 |
| 16–अमर सिंह, श्री (सिद्धार्थनगर) | 16 |
| 17–अमित अग्रवाल, श्री | 17 |
| 18–अम्बिका चौधरी, श्री | 18 |
| 19–अम्बिका सिंह, श्री (गोरखपुर) | 19 |
| 20–अम्बिका सिंह, श्री (देवरिया) | 20 |
| 21–अ० रईस, श्री | 21 |
| 22–अरविन्द जैन, डा० | 22 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 23–अरविन्द प्रताप सिंह, कुंवर, | 23 |
| 24–अरिमर्दन सिंह, श्री | 24 |
| 25–अवध पाल सिंह यादव, श्री | 25 |
| 26–अवधेश प्रसाद, श्री | 26 |
| 27–अवनीश कुमार सिंह, श्री | 27 |
| 28–अशोक कुमार सिंह चन्देल, श्री | 28 |
| 29–अशोक कुमार सिंह चौधरी बेबी, श्री | 29 |
| 30–अशोक बाजपेई, श्री | 30 |
| 31–आनन्द यादव, श्री | 31 |
| 32–इन्द्रदेव सिंह, श्री | 32 |
| 33–इन्द्रपाल सिंह, श्री | 33 |
| 34–इन्द्र भद्र सिंह, श्री | 34 |
| 35–इरशाद, श्री | 35 |
| 36–इश्तियाक अंसारी, श्री | 36 |
| 37–इश्तियाक अहमद, श्री | 37 |
| 38–उदय प्रकाश, श्री | 38 |
| 39–उदय भान सिंह, श्री | 39 |
| 40–उपदेश सिंह चौहान, श्री | 40 |
| 41–उमाकान्त यादव, श्री | 41 |
| 42–उमाशंकर यादव, श्री | 42 |
| 43–उर्मिला देवी यादव, श्रीमती | 43 |
| 44–उर्मिला राजपूत, श्रीमती | 44 |
| 45–ऊदल, श्री | 45 |
| 46–ओंकार सिंह, श्री | 46 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 47–ओम प्रकाश, श्री | 47 |
| 48–ओम प्रकाश पासवान, श्री | 48 |
| 49–ओम प्रकाश गुप्ता, श्री | 49 |
| 50–ओम प्रकाश सिंह, श्री | 50 |
| 51–करन सिंह, श्री | 51 |
| 52–कल्याण सिंह, श्री | 52 |
| 52–कामेश्वर उपाध्याय, श्री | 53 |
| 54–काशी सिंह ऐरी, श्री | 54 |
| 55–किरन पाल सिंह, श्री | 55 |
| 56–किशन लाल, श्री | 56 |
| 57–किशन लाल दिलेर, श्री | 57 |
| 58–कृष्ण कुमार नवमान, श्री | 58 |
| 59–कृष्णवीर सिंह सिरोही, श्री | 59 |
| 60–केदार सिंह फोनिया, श्री | 60–61 |
| 61–केशरी नाथ त्रिपाठी, श्री | 62–63 |
| 62–मो० कौकब हमीद , श्री | 64 |
| 63–गजराज सिंह, श्री | 65 |
| 64–गजाधर सिंह, श्री | 66 |
| 65–गनपत सिंह, श्री | 67 |
| 66–गया चरण दिनकर, श्री | 68 |
| 67–गिरीश नारायण पाण्डेय, श्री | 69 |
| 68–गोविन्द सिंह कुंजवाल, श्री | 70 |
| 69–गौरी शंकर एडवोकेट, श्री | 71 |
| 70–घनश्याम शुक्ल, श्री | 72 |
| 71–घूरा राम, श्री | 73 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 72–चन्द्र किशोर, श्री | 74 |
| 73–चन्द्र भान मौर्य, श्री | 75 |
| 74–चन्द्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू, श्री | 76 |
| 75–चन्द्र मणि कान्त सिंह (राजा भिनगा), श्री | 77–78 |
| 76–चन्द्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा, श्री | 79–80 |
| 77–चन्द्र शेखर, श्री | 81 |
| 78–चन्द्र शेखर सिंह, श्री | 82 |
| 79–चरन सिंह, श्री | 83 |
| 80–चेतराम, श्री | 84 |
| 81–चैनसुख भारती, श्री | 85 |
| 82–छब्बू पटेल, श्री | 86 |
| 83–छोटे लाल, श्री | 87 |
| 84–छोटे लाल यादव, श्री | 88 |
| 85–छोटे लाल वर्मा, श्री | 89 |
| 86–जगत सिंह, श्री | 90 |
| 87–जगदम्बा सिंह, श्री | 91 |
| 88–जगदम्बिका पाल, श्री | 92 |
| 89–आचार्य जगदीश मुनि, श्री | 93 |
| 90–जगन्नाथ प्रसाद, श्री | 94 |
| 91–जगरनाथ चौधरी, श्री | 95 |
| 92–जगराम सिंह, श्री | 96 |
| 93–जगवीर सिंह, श्री | 97 |
| 94–जदुरानी, श्रीमती | 98 |
| 95–जमुना प्रसाद मिश्र, श्री | 99 |
| 96–जयपाल सिंह, श्री | 100 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 97–जय प्रताप सिंह, श्री | 101 |
| 98–जयराम कुशवाहा, श्री | 102 |
| 99–जयवीर सिंह भदौरिया, श्री | 103 |
| 100–जवाहर यादव उर्फ पंडित, श्री | 104 |
| 101–जवाहर लाल दिवाकर, श्री | 105 |
| 102–जसवन्त सिंह, श्री | 106 |
| 103–जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भइया, श्री | 107 |
| 104–जुगेन्द्र सिंह, श्री | 108 |
| 105–जोखू लाल यादव, श्री | 109 |
| 106–ज्योत्सना श्रीवास्तव, श्रीमती | 110 |
| 107–ज्वाला प्रसाद यादव, श्री | 111 |
| 108–तिलक राज बेहड़, श्री | 112 |
| 109–तीरथ राज, श्री | 113 |
| 110–तुलसीदास राय चन्दानी, श्री | 114 |
| 111–तुलाराम सैनी, श्री | 115 |
| 112–तेजपाल सिंह, श्री (बिजनौर) | 116 |
| 113–तेजपाल सिंह; श्री (मथुरा) | 117 |
| 114–तेजपाल सिंह पंवार, श्री | 118 |
| 115–तेज भान सिंह, श्री | 119 |
| 116–त्रिपाल सिंह धामा, श्री | 120 |
| 117–दया सिन्धु शंखधर, श्री | 121 |
| 118–दरोगा प्रसाद सरोज, श्री | 122 |
| 119–दल बहादुर कोरी, श्री | 123 |
| 120–दिलीप कुमार वर्मा, श्री | 124 |
| 121–दीनानाथ चौधरी, श्री | 125 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 122–दीनानाथ भाष्कर, श्री | 126 |
| 123–देवकी नन्दन, श्री | 127 |
| 124–देवेन्द्र कुमार सिंह, श्री | 128 |
| 125–दौलत राम, श्री | 129 |
| 126–धनराज यादव, श्री | 130 |
| 127–धनीराम वर्मा, श्री | 131–132 |
| 128–धर्मपाल यादव उर्फ डी० पी० यादव, श्री | 133 |
| 129–धामू राम भास्कर, श्री | 134 |
| 130–धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कुंवर, | 135 |
| 131–धू राम चौधरी, श्री | 136 |
| 132–नजमउद्दीन, श्री | 137 |
| 133–नन्द किशोर मिश्रा, श्री | 138 |
| 134–नन्द लाल पासी, श्री | 139 |
| 135–नन्द लाल सिंह पटेल, एडवोकेट, श्री | 140 |
| 136–नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, डा० | 141 |
| 137–नरेन्द्र सिंह, श्री (मेरठ) | 142 |
| 138–नरेन्द्र सिंह, श्री (मैनपुरी) | 143 |
| 139–नरेन्द्र सिंह, श्री (सीतापुर) | 144 |
| 140–नरेन्द्र सिंह चौधरी, श्री | 145–146 |
| 141–नरेन्द्र सिंह शिशौदिया, श्री | 147 |
| 142–नरेश अग्रवाल, श्री | 148 |
| 143–नवल किशोर, श्री | 149 |
| 144–नसीम, श्री | 150 |
| 145–नसीर उद्दीन, श्री | 151 |
| 146–निरवेन्द्र कुमार मुन्ना, श्री | 152 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 147–निर्भय पाल शर्मा, श्री | 153 |
| 148–नीरज चतुर्वेदी, श्री | 154 |
| 149–परमानन्द दण्डी, स्वामी | 155 |
| 150–परशुराम, श्री | 156 |
| 151–पारस नाथ यादव, श्री | 157 |
| 152–पीतम सिंह, श्री | 158 |
| 153–पुत्तू सिंह यादव, श्री | 159 |
| 154–पूर्णमासी देहाती, श्री | 160 |
| 155–पृथ्वी सिंह विकसित, डा० | 161 |
| 156–प्रणत पाल सिंह, श्री | 162 |
| 157–प्रताप सिंह यादव, श्री | 163 |
| 158–प्रभा रावत, श्रीमती | 164 |
| 159–प्रमोद तिवारी, श्री | 165–166 |
| 160–प्रवीण सिंह ऐरन, श्री | 167 |
| 161–प्रीतम सिंह, श्री (देहरादून) | 168 |
| 162–प्रीतम सिंह, श्री (मुराताबाद) | 169 |
| 163–प्रेम प्रकाश उर्फ जिप्पी तिवारी, श्री | 170 |
| 164–प्रेम लता कटियार, श्रीमती | 171 |
| 165–प्रेम सिंह, श्री | 172 |
| 166–फजलुर्रहमान अंसारी, श्री | 173 |
| 167–फ्रांसिस डब्लू० मूर, श्री | 174 |
| 168–फौजदार प्रसाद, श्री | 175 |
| 169–बंशीधर भगत, श्री | 176 |
| 170–बचनू राम पटेल, श्री | 177 |
| 171–बची सिंह रावत, श्री | 178–179 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 172–बच्चा पाठक, श्री | 180 |
| 173–बदन सिंह, श्री | 181–182 |
| 174–बनवारी लाल दोहरे, श्री | 183 |
| 175–बनवारी सिंह यादव, श्री | 184–185 |
| 176–बरकत अली खां, श्री | 186 |
| 177–बी० आर० वर्मा, श्री | 187 |
| 178–बरफिया लाल जुवांठा, श्री | 188–189 |
| 179–बलराम यादव, श्री | 190 |
| 180–बशीर उद्दीन, श्री | 191 |
| 181–बाबू खां, श्री | 192 |
| 182–बाबू राम यादव, श्री | 193 |
| 183–बाबू राम वर्मा, श्री | 194 |
| 184–बाबू लाल, श्री | 195 |
| 185–बाल गोविन्द राजवंशी, श्री | 196 |
| 186–बाल चन्द्र मिश्र, श्री | 197 |
| 187–बालेश्वर त्यागी, श्री | 198 |
| 188–बालेश्वर यादव, श्री | 199 |
| 189–बिहारी लाल आर्य, श्री | 200 |
| 190–बी० के० गुप्ता, श्री | 201 |
| 191–बेचन राम, श्री | 202 |
| 192–बेनी प्रसाद वर्मा, श्री | 203–204 |
| 193–बैजनाथ रावत, श्री | 205 |
| 194–ब्रह्म दत्त द्विवेदी, श्री | 206–207 |
| 195–ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, श्री | 208 |
| 196–भगवत सरन गंगवार, श्री | 209 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 197–भगवती प्रसाद शुक्ल, श्री | 210 |
| 198–भगवती प्रसाद सागर, श्री | 211 |
| 199–भगेलू राम, श्री | 212 |
| 200–भागवत पाल, श्री | 213 |
| 201–भैरो प्रसाद मिश्र, श्री | 214 |
| 202–मंजूर अहमद, श्री | 215 |
| 203–मण्डलेश्वर सिंह, श्री | 216 |
| 204–मदन गोपाल वर्मा, श्री | 217 |
| 205–मदन भइया, श्री | 218 |
| 206–मनव्वर हसन, श्री | 219 |
| 207–मनोहर लाल, श्री | 220–221 |
| 208–मन्नू लाल कुरील, श्री | 222 |
| 209–मयंकर सिंह, श्री | 223 |
| 210–मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री | 224 |
| 211–मसूद अहमद खां, डा० | 225 |
| 212–महबूब अली, श्री | 226 |
| 213–महाराज सिंह यादव, इटैली, श्री | 227 |
| 214–महावीर सिंह, श्री | 228 |
| 215–महावीर सिंह, कुंवर | 229 |
| 216–महिपाल सिंह यादव, श्री | 230 |
| 217–महेन्द्र अरिदमन सिंह राजा, श्री | 231 |
| 218–महेन्द्र पाल सिंह, श्री | 232 |
| 219–महेन्द्र प्रताप नारायण सिंह, श्री | 233 |
| 220–महेन्द्र सिंह माहरा, श्री (महू भाई) | 234 |
| 221–महेश चन्द्र, श्री | 235 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 222–मातवर सिंह कण्डारी, श्री | 236 |
| 223–माम चन्द्र लाम्बा उर्फ मेमचद्र, डा० | 237 |
| 224–माया शंकर पाठक, श्री | 238 |
| 225–मारकण्डेय सिंह, श्री | 239 |
| 226–मित्रसेन यादव, श्री | 240 |
| 227–मीर मजहर अली उर्फ नन्हें मियां, श्री | 241 |
| 228–मुक्ति नाथ यादव, श्री | 242 |
| 229–मुख्तार अनीस, श्री | 243 |
| 230–मुनीश गौड़, श्री | 244 |
| 231–मुरलीधर, श्री | 245 |
| 232–मुलायम सिंह यादव, श्री | 246–247 |
| 233–मेवा लाल बागी, श्री | 248 |
| 234–मोलई, श्री | 249 |
| 235–मोहम्मद अरशद खान, श्री | 250 |
| 236–मोहम्मद आजम खां, श्री | 251 |
| 237–मोहर सिंह, श्री | 252 |
| 238–मोहसिन, डा० | 253 |
| 239–यश पाल आर्य, श्री | 254 |
| 240–यशपाल चौधरी, श्री | 255 |
| 241–यशपाल सिंह चौधरी, श्री | 256 |
| 242–योगेन्द्र कुमार सागर, श्री | 257 |
| 243–रंगनाथ मिश्र, श्री | 258 |
| 244–रघुराज प्रताप सिंह, कुंवर उर्फ राजा भइया, श्री | 259 |
| 245–रघुवीर सिंह, श्री | 260 |
| 246–रणजीत सिंह जूदेव, श्री | 261 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- |
| 247–रणधीर सिंह, श्री | 262 |
| 248–रतन पाल पंवार, श्री | 263 |
| 249–रतन लाल अहिरवार, श्री | 264 |
| 250–रमाकान्त यादव, श्री | 265 |
| 251–रमापति उर्फ रमाकान्त, श्री | 266 |
| 252–रमापति शास्त्री, श्री | 267–268 |
| 253–रमेश कान्त लवानियां, श्री | 269 |
| 254–रमेश चन्द्र चंचल, श्री | 270 |
| 255–रमेश पोखरियाल "निशंक", श्री | 271 |
| 256–रमेश बहादुर सिंह, श्री | 272 |
| 257–रविन्द्र पुण्डीर, प्रोफेसर | 273 |
| 258–रवीन्द्र प्रताप चौधरी उर्फ पप्पू चौधरी, श्री | 274 |
| 259–रवीन्द्र प्रताप मल्ल, श्री | 275 |
| 260–रवीन्द्र शुक्ल, श्री | 276 |
| 261–राकेश सचान, श्री | 277 |
| 262–राकेश सोनकर, श्री | 278 |
| 263–राजकुमार शिवहरे, श्री | 279 |
| 264–राजबली जैसल, श्री | 280 |
| 265–राजबली यादव, श्री | 281 |
| 266–राज लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती | 282 |
| 267–राजबीर सिंह, श्री | 283 |
| 268–राजा राम त्यागी, श्री | 284 |
| 269–राजीव कुमार, श्री | 285 |
| 270–राजेन्द्र कुमार, श्री | 286 |
| 271–राजेन्द्र कुमार गुप्त, श्री | 287–288 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 272–राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री | 289 |
| 273–राजेन्द्र सिंह, श्री | 290 |
| 274–राजेन्द्र सिंह चौहान, श्री | 291 |
| 275–राजेश अग्रवाल, श्री | 292 |
| 276–राजेश कुमार यादव, श्री | 293 |
| 277–राजेश कुमार, श्री | 294 |
| 278–राधेश्याम, श्री | 295 |
| 279–राधेश्याम गुप्त, श्री | 296 |
| 280–रानी देव लता, श्रीमती | 297 |
| 281–राम अचल राजभर, श्री | 298 |
| 282–राम अधार यादव, श्री | 299 |
| 283–राम आसरे वर्मा, श्री | 300–301 |
| 284–राम औतार मिश्रा, श्री | 302 |
| 285–राम करन आर्य, श्री | 303–304 |
| 286–राम किशोर बिन्द, श्री | 305 |
| 287–राम कुमार वर्मा, श्री | 306 |
| 288–राम कुमार शुक्ल, श्री | 307 |
| 289–राम कृष्ण वर्मा, इन्जी० | 308 |
| 290–राम खेलावन, श्री | 309 |
| 291–राम गोपाल, श्री | 310 |
| 292–राम जीत भारद्वाज, श्री | 311 |
| 293–राम तेज यादव, श्री | 312 |
| 294–राम दर्शन यादव, श्री | 313 |
| 295–राम दवर अधिवक्ता, श्री | 314 |
| 296–राम दास पाल, श्री | 315 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 297–राम देव वर्मा, श्री | 316 |
| 298–राम धनी, श्री | 317 |
| 299–राम नरेश यादव, श्री | 318 |
| 300–राम पाल सिंह सैनी, श्री | 319–320 |
| 301–राम प्रकाश, श्री | 321 |
| 302–राम प्रकाश गुप्त, श्री | 322 |
| 303–राम प्रकाश त्रिपाठी, श्री | 323 |
| 304–राम प्रताप सिंह, श्री | 324 |
| 305–राम प्रसाद-टम्टा, श्री | 325 |
| 306–राम प्रसाद, श्री | 326 |
| 307–राम प्रसाद चौधरी, श्री | 327 |
| 308–राम बाबू हरित, डा० | 328 |
| 309–राम मूर्ति सिंह, श्री | 329 |
| 310–राम लखन यादव, श्री | 330 |
| 311–राम लखन वर्मा, श्री | 331 |
| 312–राम लोटन सिंह पटेल, इन्जी० | 332 |
| 313–राम विशुन आजाद, श्री | 333 |
| 314–राम वीर सिंह, श्री | 334 |
| 315–राम सजीवन निर्मल, श्री | 335 |
| 316–राम सरन वर्मा, श्री | 336 |
| 317–राम सिंह, श्री | 337 |
| 318–राम सेवक सिंह, श्री (इलाहाबाद) | 338 |
| 319–राम सेवक सिंह, श्री (बदायूं) | 339 |
| 320–राम स्वरूप शर्मा, श्री | 340 |
| 321–राम स्वरूप सिंह, श्री | 341 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 322–रामेश्वर दयाल वाल्मीकि, श्री | 342 |
| 323–रिजवान जहीर खान उर्फ रिज्जू भइया, श्री | 343 |
| 324–रेखा छागला, श्रीमती | 344 |
| 325–लक्ष्मी चन्द्र, श्री | 345 |
| 326–लक्ष्मी नारायण पाण्डे उर्फ गुरू जी, श्री | 346 |
| 327–लल्लू सिंह, श्री | 347 |
| 328–लाज कृष्ण गांधी, श्री | 348 |
| 329–लालजी चौहान, श्री | 349 |
| 330–लालजी यादव उर्फ जोगी, श्री | 350 |
| 331–लाल बहादुर सिंह, श्री | 351 |
| 332–लालमणि प्रसाद, श्री | 352 |
| 333–वकार अहमद शाह, श्री | 353 |
| 334–वासुदेव सिंह, श्री | 354 |
| 335–विक्रमा सिंह, श्री | 355 |
| 336–विजय सिंह, श्री | 356 |
| 337–विजेन्द्र सिंह, श्री | 357 |
| 338–विनय कुमार पाण्ड़ेय उर्फ विन्नू, श्री | 358 |
| 339–विश्राम सिंह यादव, श्री | 359 |
| 340–विश्वनाथ सिंह, श्री | 360 |
| 341–विश्वनाथ प्रसाद गुप्त, श्री | 361 |
| 342–विशंम्भर प्रसाद निषाद, श्री | 362 |
| 343–विशम्भर सिंह, श्री | 363 |
| 344–वीर अभिमन्यु सिंह, श्री | 364 |
| 345–वीरेन्द्र पाल सिंह, श्री | 365 |
| 346–वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना, श्री | 366 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 347–वीरेन्द्र मोहन सिंह, श्री | 367 |
| 348–वीरेश्वर सिंह उर्फ वीरेश यादव, श्री | 368 |
| 349–शब्बीर अहमद, श्री | 369 |
| 350–शराफत यार खां, श्री | 370 |
| 351–शशि बाला पुण्डीर, श्रीमती | 371 |
| 352–शशि बाला भारती, श्रीमती | 372 |
| 353–शाकिर अली, श्री | 373 |
| 354–शारदा नन्द अंचल, श्री | 374 |
| 355–शारदा प्रसाद जायसवाल, श्री | 375 |
| 356–शिव कुमार बेरिया, श्री | 376 |
| 357–शिव दानी, श्री | 377 |
| 358–शिव प्रताप यादव, डा० | 378 |
| 359–शिव प्रताप शुक्ल, श्री | 379 |
| 360–शिव बहादुर सक्सेना, श्री | 380 |
| 361–शिव राम सिंह कुशवाहा, श्री | 381 |
| 362–शिवेन्द्र, श्री | 382 |
| 363–शूरवीर सिंह सजवाण, श्री | 383 |
| 364–श्याम किशोर यादव, श्री | 384 |
| 365–श्याम देव राय चौधरी, (दादा) | 385 |
| 366–श्याम लाल रावत, श्री | 386 |
| 367–श्याम सुन्दर शर्मा, श्री | 387 |
| 368–श्रीराम पाल, श्री | 388 |
| 369–श्रीराम पासी, श्री | 389 |
| 370–श्रीराम यादव, श्री | 390 |
| 371–श्रीराम सिंह, श्री | 391 |
| 372–संग्राम सिंह यादव, श्री | 392 |
| 373–संदीप अग्रवाल, श्री | 393 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 374–सज्जन पाल सिंह उर्फ रज्जन पाल सिंह, श्री | 394 |
| 375–सतीश कुमार, श्री | 395 |
| 376–सतीश भटिया, श्री | 396 |
| 377–सतीश महाना, श्री | 397 |
| 378–सत्य प्रकाश, श्री | 398 |
| 379–सत्य प्रकाश विकल, श्री | 399 |
| 380–सत्येन्द्र सिंह, श्री | 400 |
| 381–सन्त बक्श रावत, श्री | 401–402 |
| 382–सफदर रजा खां, श्री | 403 |
| 383–समई, श्री | 404 |
| 384–समर पाल, श्री | 405 |
| 385–समीर भाटी, श्री | 406 |
| 386–सरजीत सिंह डंग, डा० | 407 |
| 387–सर्वराज सिंह, कुंवर | 408 |
| 388–सर्वेश कुमार उर्फ राकेश, श्री | 409 |
| 389–सावित्री देवी, श्रीमती | 410 |
| 390–सियाराम सागर, डा० | 411 |
| 391–सुखदेव राजभर, श्री | 412 |
| 392–सुखदेवी, श्रीमती | 413 |
| 393–सुधीर कुमार बालियान, श्री | 414 |
| 394–सुन्दर पाल सिंह यादव, श्री | 415 |
| 395–सुन्दर लाल दीक्षित, श्री | 416 |
| 396–सुन्दर लाल लोधी, श्री | 417 |
| 397–सुरेन्द्र पाल वर्मा, डा० | 418 |
| 398–सुरेन्द्र सिंह नेगी, श्री | 419 |
| 399–सुरेश कुमार खन्ना, श्री | 420 |
| 400–सुरेश चन्द्र तितौरिया, श्री | 421 |
| 401–सुरेश पासी, श्री | 422 |

| सदस्य का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 402–सुरेश प्रताप सिंह चौहान, डा० | 423–424 |
| 403–सुरेश संगल, डा० | 425 |
| 404–सुशीला सरोज, श्रीमती | 426 |
| 405–सूरज सिंह शाक्य, श्री | 427 |
| 406–स्वयंम्वर चौधरी, श्री | 428 |
| 407–स्वामी नाथ, श्री | 429 |
| 408–हरक सिंह रावत, श्री | 430 |
| 409–हरदेव सिंह, श्री | 431 |
| 410–हरपाल सिंह, श्री | 432 |
| 411–हरवंश कपूर, श्री | 433 |
| 412–हरिशंकर तिवारी, श्री | 434 |
| 413–हरी किशन, श्री | 435–436 |
| 414–हरी शंकर माहौर, श्री | 437 |
| 415–हरीश कुमार गंगवार, श्री | 438–439 |
| 416–हरेन्द्र सिंह मलिक़, श्री | 440 |
| 417–हरेन्द्र सिंह, ज्ञानी | 441 |
| 418–हाजी मोहम्मद हयात्, श्री | 442 |
| 419–हीरा मनि पटेल, श्री | 443 |
| 420–हृदय नारायण, श्री | 444–445 |
| **मई, 1994 के उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य** | |
| 421–आर० के० चौधरी, श्री | 446 |
| 422–ऊषा यादव, श्रीमती | 447 |
| 423–गोपाल काली, श्री | 448 |
| 424–राजबहादुर, श्री | 449 |
| 425–राम स्वरूप, श्री | 450 |
| 426–शिव सागर लाल, डा० | 451 |

# जीवन-परिचय

**अंगद यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–212, निजामाबाद,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम बदन यादव । जन्म तिथि–3 जुलाई, 1955 । जन्म स्थान–ग्राम मोजरापुर (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि– 7 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भी ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन आन्दोलनों में आप जिला कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे । सम्प्रति विगत तीन वर्षों से गांधी स्मा० उ० मा० विद्यालय मुबारकपुर (आजमगढ़) तथा ज्योति बाल विद्या निकेतन जू० हा० स्कूल, अंजान शहीद (आजमगढ़) के प्रबन्धक हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम मोजरापुर, पो०–ककरहटा, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,39,092, कुल मतदान–1,15,851 ।

प्राप्त मत–1–श्री अंगद यादव–53,602,

2–श्री रमाकान्त सिंह–27,528 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अकबर अली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–333, उरई,

जिला–जालौन ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री अहमद अली । जन्म तिथि–19 जुलाई, 1939 । जन्म-स्थान–कैलिया (जालौन) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल० बी० (लखनऊ) । विवाह तिथि–17 जून, 1956 को । पत्नी का नाम–श्रीमती फातमा बेगम । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप वर्ष 1972-73, 75 एवं 88-89 में भा० द० सं० की धारा 107, 101, 144 तथा 188 के अन्तर्गत उरई कारागार में बन्दी रहे । आप विधान सभा में अपने दल के उपसचेतक तथा विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य भी रहे हैं । विगत 10 वर्षों से मदरसा अरबिया रहमानिया, उरई तथा एक वर्ष से बुन्देलखण्ड तिब्बी मेडिकल कालेज, उरई के अध्यक्ष हैं ।


ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त करने, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़े व उपेक्षित वर्ग की सेवा करने और समाज में समता स्थापित करने में आपकी विशेष रुचि है । नमाज व तिलावते-कुरान आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–गणेशगंज, उरई, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,33,031, कुल मतदान–1,41,708,

प्राप्त मत–1–श्री अकबर अली–39,715

2–श्री बाबू राम एम० काम० 36,749 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अक्षयवर भारती निषाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–208, घोसी,

जिला–मऊ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सुक्खू निषाद । जन्म तिथि–11 जुलाई, 1939 । जन्म-स्थान–गूजरपार (आजमगढ़) । धर्म–अधर्मी (हिन्दू) । पत्नी का नाम–श्रीमती कलावती निषाद । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विगत 12 वर्ष तक निषाद महासभा के जिला अध्यक्ष, 2 वर्ष तक भारतीय जनसंघ के जिला मंत्री, 5 वर्ष भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री, 4 वर्ष भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद् के सदस्य तथा बहुजन समाजपार्टी के 2 वर्ष तक जिला महामंत्री रहे हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है । पान-तम्बाकू खाना और सिनेमा देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–गूजरपार, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,17,584, कुल मतदान–1,16,235,

प्राप्त मत–1–श्री अक्षयवर भारती निषाद–31,041,

2–श्री फागू–26,453 (जनता दल) ।



**अक्षयबर लाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–153, इकौना (अ० जा०),

जिला–बहराइच ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री भगवान दास गोंड । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1947, जन्म–स्थान–बरहज (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (गोंड) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–21 जून, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला देवी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भी भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1974, 75, 76 और 81 में धारा 144/33, डी० आई० आर० के अन्तर्गत जिला कारागार बहराइच, फैजाबाद और केन्द्रीय कारागार आगरा में लगभग सात माह तथा 27 दिन बन्दी रहे । विगत 8 वर्षों से आप सुखपति देवी लघु माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर, बहराइच के व्यवस्थापक हैं ।


पार्टी के संगठनात्मक कार्यों, धार्मिक कार्यों एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल, अध्ययन एवं मित्रमंडली के साथ बैठना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम-सेमरी मलमला, पो०–धरमापुर, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,22,065, कुल मतदान–88,950,

प्राप्त मत–1–श्री अक्षयबर लाल–40,517,

2–श्री सुकई–28,819 (समाजवादी पार्टी) ।



**अखलाक हाजी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–397, मेरठ,

जिला–मेरठ ।

दल–जनता दल ।

पिता–स्व० हाजी नजीर अहमद । जन्म तिथि–11 नवम्बर, 1946 । जन्म स्थान–मेरठ । धर्म–इस्लाम । जाति-कस्साब (कुरैशी) । शिक्षा–इन्टरमीडियेट, फैज-ए-आम । विवाह तिथि–7 नवम्बर, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती शाहजहां बेगम । सन्तान–4 पुत्र, 4 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1992 से आल इण्डिया जमेतुल कुरैश जिला मेरठ के अध्यक्ष, 1990 से अखिल भारतीय पर्यावरण प्रकोष्ठ, 1972 से एजुकेशनल सोसाइटी आफ इण्डिया, 1968 से पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी आफ इण्डिया, तथा 1990 से साप्ताहिक नौचन्दी बुलेटिन के आप संरक्षक हैं । 1991 से जिला मेरठ ताहफफुज औकाफ कमेटी के आप सदस्य भी हैं । हज के लिये मक्कामुबारक, जद्दा, मदीना व दहरान की आपने यात्रा की है ।

साम्प्रदायिकता समाप्त करने, समाज सेवा, किताबें पढ़ने व लिखने में आपकी विशेष रुचि है तथा खिदमते खल्क प्रिय है ।

मुख्यावास–63, नक्कारचीथान, मेरठ–2 (उ० प्र०) ।

कुल मतदाता–2,28,486, कुल मतदान–1,68,552,

प्राप्त मत–1–हाजी अखलाक–80,339,

2–डा० लक्ष्मीकान्त बाजपेयी–74,842 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**अखिलेश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–190, लक्ष्मीपुर,

जिला–महराजगंज ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री घनश्याम कुंवर । जन्म तिथि–18 मई, 1960 । जन्म स्थान–ग्राम तिघरा, जिला मऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । व्यवसाय–कृषि ।

वर्ष 1991 के निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा दूसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । लखनऊ तथा गोरखपुर कारागार में आप पांच बार धारा 188 व 151 में बन्दी रहे । किसान यूनयिन उ० प्र० जनपद गोरखपुर के आप अध्यक्ष तीन वर्ष और कार्य समिति के सदस्य दो वर्ष तक रहे हैं । वर्तमान विधान सभा में आप अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य हैं ।


कृषि–बागवानी एवं गांवों में आपकी विशेष रुचि है तथा शतरंज का खेल मनोविनोद का साधन है ।

मुख्यावास–विशुन पुरवा, नौतनवां, जनपद–महराजगंज ।

कुल मतदाता–2,09,231, कुल मतदान–1,35,120,

प्राप्त मत–1–श्री अखिलेश सिंह–47,901,

2–श्री राकेश –35,708 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अखिलेश कुमार सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–109, रायबरेली,

जिला–रायबरेली ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० रवेन्द्र नाथ सिंह । जन्म तिथि–15 सितम्बर, 1959 । जन्म-स्थान–रायबरेली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए० । पत्नी का नाम–श्रीमती वैशाली सिंह । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के लिये चुने गये हैं । पर्यटक के रूप में आपने नेपाल की यात्रा की है ।

अध्ययन एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–लालपुर चौहान, पोस्ट–बूढ़नपुर, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,39,938, कुल मंतदान–1,43,302,

प्राप्त मत–1–श्री अखिलेश कुमार सिंह–69,505,

2–श्री प्रदीप कुमार त्रिवेदी (पप्पू)–31,226 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अजय कुमार पोइया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–362, गोवर्धन (अ० जा०),

जिला–मथुरा।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री हीरा लाल। जन्म तिथि–6जुलाई, 1955। जन्म-स्थान–मथुरा। धर्म–हिन्दू। जाति–जाटव (अनुसूचित जाति)। शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल० बी०। विवाह तिथि–21 जून, 1978। पत्नी का नाम श्रीमती चन्द्रवती। सन्तान–4 पुत्र, 2 पुत्रियां। व्यवसाय–वकालत।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार विरोधी तथा श्री राम जन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत आप मथुरा, एटा और दिल्ली जेल में बन्दी रहे। डा० अम्बेडकर स्टूडेन्ट फेडरेशन के 3 वर्ष, अखिल भारतीय स्टूडेंट फेडरेशन के 4 वर्ष, अनुसूचित जाति छात्रसंघ के तथा अनुसूचित मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के 6 वर्ष तक अध्यक्ष रहे हैं। 5 वर्ष अनुसूचित जाति छात्र बेरोजगार युवक कर्मचारी समन्वय समिति-मथुरा के महामंत्री तथा 8 वर्ष भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री भी रहे हैं।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण प्रिय है।

मुख्यावास–पोइया निवास, मनोहरपुरा, गोल कुंआ के निकट, मथुरा।

कुल मतदाता–2,14,237, कुल मतदान–1,06,740,

प्राप्त मत–1–श्री अजय कुमार पोइया–45,740,

2–श्री प्रेम सिंह–34,439, (जनता दल)।

**अजय प्रताप सिंह, उर्फ लल्ला भइया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–163, करनैलगंज,

जिला–गोण्डा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० कु० मदन मोहन सिंह । जन्म तिथि–28 मार्च, 1964 । जन्म-स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडियेट । विवाह तिथि–12 जुलाई, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती ममता सिंह । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दलीय, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 में तीसरी बार भा० ज० पा० के टिकट पर ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । रानी सरफराज कुंवर संस्कृत महाविद्यालय, गोण्डा के आप 1986 से अध्यक्ष एवं प्रबन्धक हैं तथा क्रय-विक्रय समिति करनैलगंज, गोण्डा के 1988 से संचालक हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है । राजनीतिक विषयों पर चर्चा, खेलकूद, क्रिकेट और फुटबाल आपके मनोविनोद के साधन हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–कटरा शहबाजपुर, पो०–बरगदीकोट, जिला–गोण्डा ।


कुल मतदाता–2,23,805, कुल मतदान–1,07,646,

प्राप्त मत–1–श्री अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भइया–54,747,

2–श्री वासुदेव–20,099 (समाजवादी पार्टी) ।

---

**अतीक अहमद, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–277, इलाहाबाद पश्चिमी,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री फिरोज अहमद । जन्म तिथि–10 अगस्त, 1962 । धर्म–इस्लाम । जाति–सुन्नी मुस्लिम । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब नवम्बर, 1993 में तीसरी बार निर्दलीय ही विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा तथा व्यापार में आपकी विशेष रुचि है । क्रिकेट तथा घुड़सवारी आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–52, कसारी मसारी, इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,25,344, कुल मतदान–1,16,736,

प्राप्त मत–1–श्री अतीक अहमद–56,914,

2–श्री तीर्थ राम कोहली–43,597 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अनिल कुमार वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–78, लहरपुर,

जिला–सीतापुर।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० हरगोविन्द वर्मा (भू० पू० सांसद एवं विधायक)। जन्म तिथि–1 जुलाई, 1964। जन्म स्थान–खैरुल्लापुर। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–स्नातक, लखनऊ। विवाह तिथि–14 मई, 1984। पत्नी का नाम–श्रीमती सरला वर्मा। सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि), पत्रकारिता।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। प्रतिनिहित विधायन समिति के जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक सदस्य रहे हैं। ग्राम स्वराज आश्रम खादी संस्था में एकाउन्टेंट के पद पर आपने चार वर्ष तक कार्य किया है। विगत 2 वर्ष से हरगोविन्द वर्मा खादी विकास समिति के मंत्री तथा खादी विकास समिति और "गुलाल पत्रिका" के आप संरक्षक भी हैं।


समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास में आपकी विशेष रुचि है तथा पान खाना एवं शतरंज का खेल प्रिय है।

मुख्यावास–34, होली नगर, सीतापुर।

कुल मतदाता–2,07,305, कुल मतदान–1,21,679,

प्राप्त मत–1–श्री अनिल कुमार वर्मा–41,351,

2–श्री बुनियाद हुसैन अंसारी–33,599 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**अफजाल अन्सारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–230, मुहम्मदाबाद,

जिला–गाजीपुर ।

दल–भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ।

पिता–काजी सुबहानुल्लाह अन्सारी । जन्म तिथि–14 अगस्त, 1953, जन्म स्थान–यूसुफपुर (गाजीपुर) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम (अंसारी) । शिक्षा–एम० ए० । विवाह तिथि–26 अक्टूबर, 1991 । पत्नी का नाम–श्रीमती फरहत अन्सारी । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार ।

सर्वप्रथम 1985, दूसरी बार 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में और अब चौथी बार नवम्बर, 1993 में आप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1985, 86, 87 और 88 में कुल एक सप्ताह जिला कारागार, गाजीपुर में धारा 151/188 के अन्तर्गत बन्दी रहे। वर्ष 1987-88 में आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सदस्य रहे हैं आप अंजुमन अन्सारिया और नवयुवक संघ के अध्यक्ष क्रमशः 10 और 12 वर्षों से, होली उत्सव समिति के व्यवस्थापक 10 वर्ष से एवं दरगाह कमेटी के संरक्षक 15 वर्ष से अब तक हैं ।


समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना व उन्हें संगठित करके साम्प्रदायिक एवं सामन्ती विचारधारा के विरुद्ध खड़ा करने में आपकी विशेष रुचि है । क्रिकेट और कबड्डी का खेल देखना, जंगल व पहाड़ पर भ्रमण, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं जंगली जानवरों को देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–कक्ष सं०–5, जमालपुर यूसुफपुर, पोस्ट मुहम्मदाबाद, जिला गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,33,176, कुल मतदान–1,31,342,

प्राप्त मत–1–श्री अफजाल अन्सारी–49,123,

2–श्री विजय शंकर राय–35,551 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अमरजीत सिंह जनसेवक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–286, बिन्दकी,

जिला–फतेहपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० बल्देव सिंह । जन्म तिथि 12 अक्टूबर, 1954 । जन्म स्थान–अदमापुर कोरसम (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एड०, एल-एल० बी०, डी० डब्लू० टी० सी० (कानपुर) । विवाह तिथि–जून, 1965 में । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रमिला सिंह । सन्तान–2 पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1975 एवं 1994 में धारा 107, 117 तथा 151 के अधीन आप सेन्ट्रल जेल, फतेहगढ़ में बन्दी रहे । वर्ष 1975 से राष्ट्रीय विकलांग संघ और 1979 से प्रा० विकलांग कल्याण परिषद् के अध्यक्ष, 1991 से विकलांग समन्वय समिति, उ० प्र० के संरक्षक तथा 1984 से रिहाविलिटेशन कोआर्डिनेशन इण्डिया एवं 1988 से अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्वास समन्वय समिति के आप सदस्य हैं । समाज सेवी संस्था अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्वास समन्वय समिति के सदस्य के रूप में, विकलांगों को समाजोपयोगी बनाने हेतु जापान, रूस, थाइलैंड और सिंगापुर में भारत का प्रतिनिधित्व किया ।

परोपकार व जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा असहाय की सहायता, चुटकुले एवं छोटे बच्चों के साथ खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–अदमापुर कोरसम, तहसील बिन्दकी, जिला फतेहपुर ।

कुल मतदाता–1,92,352, कुल मतदान–1,13,303,

प्राप्त मत–1–श्री अमरजीत सिंह जनसेवक–53,867,

2–श्री अचल सिंह–33,729 (समाजवादी पार्टी) ।



**अमरनाथ यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–243, वाराणसी उत्तर,

जिला–वाराणसी।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री मुकुन्दा। जन्म तिथि–एक मई, 1941। जन्म स्थान–वाराणसी। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–स्नातकोत्तर (काशी विद्यापीठ), बी० एड०। विवाह तिथि–1961 में। पत्नी का नाम–श्रीमती पार्वती देवी। सन्तान–तीन पुत्र, पांच पुत्रियां। व्यवसाय–अध्यापन।

वर्ष 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब नवम्बर, 1993 में तीसरी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप जिला जेल व सेन्ट्रल जेल, वाराणसी में एक-एक दिन धारा 188, 144, 151 के अन्तर्गत बन्दी रहे। वर्ष 1987 से 89 तक अन्तर्विद्यालय खेलकूद संघ, जनपद वाराणसी के मंत्री तथा 1985 से 87 और 89-90 में कोषाध्यक्ष रहे हैं। आप भारतीय जनता पार्टी, वाराणसी महानगर के महामंत्री वर्ष 1981 से, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद्, जनपद वाराणसी के मंत्री 1984-85 से हैं। श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 92 तक आप माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री रहे हैं।


शिक्षा, नगर विकास के कार्यों तथा जनसम्पर्क में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–मकान नम्बर जे–6/30, जैतपुरा, वाराणसी।

कुल मतदाता–2,06,023, कुल मतदान–1,08,538,

प्राप्त मत–1–श्री अमर नाथ यादव–43,974,

2–श्री कलाम–36,696 (निर्दलीय)।



**अमर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–370, सिकन्दरा राऊ,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री सुन्दर सिंह । जन्म तिथि–4 मार्च, 1953 । जन्म स्थान–नगलादेवी (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी०। विवाह तिथि–1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती प्राग श्री । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के लिये चुने गये हैं ।


राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–नगलादेवी, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,04,284, कुल मतदान–1,28,215,

प्राप्त मत–1–श्री अमर सिंह–45,599,

2–श्री सेक्रेटरी सिंह–25,166 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अमर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–175, खेसरहा,
जिला–सिद्धार्थनगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० बालेश्वरी प्रसाद सिंह । जन्म तिथि–एक अप्रैल, 1964 । जन्म स्थान–रुधौली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, डिप्लोमा–सिविल इंजीनियरिंग । विवाह तिथि–22 जून, 1983 को । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं मत्स्य पालन ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहली बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दिलेश्वरी इण्टर कालेज, रुधौली के आप प्रबन्धक हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–रुधौली, पोस्ट–रुद्रनगर, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,18,370, कुल मतदान–1,28,858,

प्राप्त मत–1–श्री अमर सिंह–40,241,

2–श्री जमील अहमद–32,403 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अमित अग्रवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–396, मेरठ कैंट,

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० प्रेम किशन । जन्म तिथि–23 फरवरी, 1954 । जन्म स्थान–मेरठ शहर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल०बी० (मेरठ व देहरादून) । विवाह तिथि–6 जनवरी, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती मधु । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–एस्टेट डेवलपर्स एवं बिल्डर्स ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपातकाल में जुलाई, 1975 से नवम्बर, 1975 तक जिला कारागार, मेरठ में आप बन्दी रहे । वर्ष 1974 से 77 अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश मंत्री, 1992-93 भारत विकास परिषद् के सदस्य, 1989 से 90 तक अखिल भारतीय अग्रसेन समारोह समिति के अध्यक्ष तथा बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से आप सम्बद्ध हैं । ब्रेन सर्जरी हेतु आप संयुक्त राज्य अमेरिका भी जा चुके हैं ।

विकास कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा सामाजिक एवं राजनैतिक कार्य करना प्रिय है ।

मुख्यावास–4, विजयनगर, मेरठ शहर ।

कुल मतदाता–2,16,475, कुल मतदान–1,25,469,

प्राप्त मत–1–श्री अमित अग्रवाल–71,479,

2–श्री दयानन्द गुप्ता–33,284 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**अम्बिका चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–228, कोपाचीट,

जिला–बलिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–कपूरी नरायनपुर, बलिया ।

कुल मतदाता–2,17,549, कुल मतदान–1,14,710,

प्राप्त मत–1–श्री अम्बिका चौधरी–50,197,

2–श्री गौरी शंकर–28,873 (जनता दल) ।

---

**अम्बिका सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–182 कौड़ीराम,

जिला–गोरखपुर ।

दल–निर्दलीय।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम–हरैया, पोस्ट–बसावनपुर, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,37,195, कुल मतदान–1,23,039

प्राप्त मत–1–श्री अम्बिका सिंह–25,472

2–श्रीमती गौरी देवी–23,339 (जनता दल) ।

---



**अम्बिका सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–195, राम कोला,

जिला–देवरिया ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० देव नारायन सिंह । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1938 । जन्म स्थान–भुजौली (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर (जबलपुर वि० वि०) साहित्यरत्न, एल० टी० । विवाह तिथि–सन् 1955 में । पत्नी का नाम–श्रीमती चुल्हुकनी देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन (प्रधानाचार्य) ।

मई जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलन में आप एक सप्ताह जिला कारागार, देवरिया में बन्दी रहे । 16 अगस्त, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक, श्री कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में आप गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं । जनपद माध्यमिक शिक्षक संघ, देवरिया के अध्यक्ष, 2 वर्ष, देवरिया कसया जिला सहकारी बैंक, देवरिया के संचालक 3 वर्ष, जनता लघु माध्यमिक विद्यालय शामपुर, देवरिया के व्यवस्थापक 8 वर्ष, सहकारी गन्ना विकास समिति हाटा-देवरिया के संचालक 3 वर्ष रहे हैं । सम्प्रति बाबूराम इण्टर कालेज, भुजौली हेतिमपुर, देवरिया के प्रधानाचार्य हैं ।

शिक्षा का प्रसार एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सिधावें, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,18,931, कुल मतदान–1,28,872,

प्राप्त मत–1–श्री अम्बिका सिंह–44,038,

2–श्री अजीमुल हक–39,020 (समाजवादी पार्टी) ।

**अब्दुल रईस, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–126, जयसिंहपुर,

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अब्दुल रसीद । जन्म तिथि–8 सितम्बर, 1953 । जन्म स्थान–ग्राम बेथरा (सुल्तानपुर) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–15 नवम्बर, 1983 । पत्नी का नाम–अनजुमआरा । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1983, 84, 85, 92 और 93 में पार्टी द्वारा चलाये गये जेल भरो आन्दोलनों में धारा 144 के अन्तर्गत सुल्तानपुर कारागार में आप बन्दी रहे । वर्ष 1993 तक ब्लाक दोस्तपुर के ब्लाक प्रमुख रहे । सम्प्रति संस्कृत विद्यालय, मुईं के अध्यक्ष हैं ।


राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा दंगल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–बेथरा, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,18,696, कुल मतदान–1,18,745,

प्राप्त मत–1–श्री अब्दुल रईस–38,494,

2–श्री अर्जुन सिंह–35,829 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अरविन्द जैन, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–327, ललितपुर,

जिला–ललितपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हजारी लाल जैन । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1935 । जन्म स्थान–गौना । धर्म–हिन्दू (जैन) । शिक्षा–स्नातकोत्तर, दर्शन शास्त्री । विवाह तिथि–20 जून, 1959 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा देवी जैन । सन्तान–4 पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा अब नवम्बर, 1993 में आप तीसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में 16 दिन मीसा के अन्तर्गत आप उरई कारागार में बन्दी रहे । विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक सदस्य रहे हैं । आप 12 वर्ष तक देवगढ़ कमेटी के मंत्री, 2 वर्ष सरस्वती मंदिर ललितपुर के मंत्री, 6 वर्ष अध्यक्ष तथा 4 वर्ष उपमंत्री, 7 वर्ष श्री वर्णी जैन कालेज, ललितपुर के सदस्य, 1985 से 89 तक विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष एवं 1977 से 79 तक जनता पार्टी के उपाध्यक्ष रहे हैं ।

दर्शनशास्त्र एवं आध्यात्मिक दर्शन में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक, दार्शनिक और ऐतिहासिक पुस्तकों का अध्ययन करना प्रिय है ।

मुख्यावास–8, तालाबपुरा, ललितपुर ।

कुल मतदाता–2,39,867, कुल मतदान–1,36,135,

प्राप्त मत–1–डा० अरविन्द जैन–46,711,

2–श्री तिलक सिंह यादव–26,832 (जनता दल) ।

**अरविन्द प्रताप सिंह कुंवर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–309, उमर्दा,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–कुंवर योगेन्द्र सिंह (भूतपूर्व विधायक) । जन्म तिथि–एक जुलाई, 1963 । जन्म स्थान–ग्राम सुखसेनपुर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (कानपुर) । विवाह तिथि–28 नवम्बर, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती जया सिंह । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । क्षेत्र समिति, हसेस (फर्रुखाबाद) के आप प्रमुख रह चुके हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट व बैडमिन्टन का खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–(बनगवां) सुखसेनपुर, जिला–फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,11,408, कुल मतदान–1,27,321,


प्राप्त मत–1–श्री अरविन्द प्रताप सिंह–49,601,

2–प्रो० राम बख्श वर्मा–49,383 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**अरिमर्दन सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–325, महोबा,
जिला–हमीरपुर ।
दल–जनता दल ।



पिता–श्री बद्री सिंह । जन्म तिथि–10 अगस्त, 1943 । जन्म स्थान–सिरसी खुर्द। धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–एक जुलाई, 1963 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला देवी । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । मीसा के अन्तर्गत, 19 सितम्बर, 1984 को आप गिरफ्तार हुए और जिला कारागार, हमीरपुर में बन्दी रहे । आप 1991 से 1993 तक जनता दल के उपाध्यक्ष रहे हैं । चौधरी पहलवान सिंह विद्यालय, इचौली, हमीरपुर और जनता इण्टर कालेज, कुलपहाड़, हमीरपुर के सदस्य वर्ष 1990 से हैं ।


कृषि एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–कबरई, जिला–हमीरपुर ।

कुल मतदाता–1,96,508, कुल मतदान–1,12,519,

प्राप्त मत–1–श्रीअरिमर्दन सिंह–29,338

2–श्री छंगा प्रसाद–28,373 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**अवध पाल सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–343, अलीगंज,

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री लटूरी सिंह यादव । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1960 । जन्म स्थान–सोहननगर अलीगंज, एटा । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–जून, 1978 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलेश यादव । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा दूसरी बार नवम्बर, 1993 में समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1991 में लोक लेखा समिति के सदस्य रहे हैं । आप कई राजनैतिक आन्दोलनों में दफा 144/188 तथा 151 में कुल पन्द्रह दिन लखनऊ, दिल्ली व एटा जेलों में बन्दी रहे । आप क्षेत्र समिति, अलीगंज के उप ब्लाक प्रमुख, 1983 से 1988, ब्लाक प्रमुख, 1988 से 91 तथा मार्केटिंग सोसायटी अलीगंज के डायरेक्टर 1988 से 1991 तक रहे । सम्प्रति द० उ० मा० विद्यालय, दरियागंज, एटा के प्रबन्धक 1987 से लगातार तथा जिला सहकारी बैंक, एटा के डायरेक्टर 1988 से हैं।


समाज सेवा और राष्ट्र सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शतरंज खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–पुराहार, बुलाकी नगर, अमरौली रतनपुर, अलीगंज–एटा ।

कुल मतदाता–2,01,941, कुल मतदान–1,24,050,

प्राप्त मत–1–श्री अवध पाल सिंह यादव–49,782,

2–श्री गेंदा लाल गुप्त–40,363 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**अवधेश प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–137, सोहावल (अ०जा०),
जिला–फैजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० दुखीराम । जन्म तिथि–31 जुलाई, 1945 । जन्म-स्थान–ग्राम सुखारी (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम०ए० (कानपुर), एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–7 जुलाई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती सोना देवी । सन्तान–2 पुत्र, 5 पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

1977 में आप प्रथम बार जनता पार्टी से, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में लोकदल से, नवम्बर, 1989 में तीसरी बार जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से चौथी बार विधान सभा के लिए चुने गये हैं । 1977 से 1980 तक श्री रामनरेश यादव मंत्रिमंडल में सूचना तथा सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री, श्री बनारसीदास मंत्रिमंडल में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री तथा दिसम्बर, 1989 से 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग के मंत्री रहे हैं । सम्प्रति दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में आप कारागार, होमगार्डस एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री हैं । किसानों की समस्याओं को लेकर 1974 में, आपातकाल के दौरान 1975 में, बागपत काण्ड, विभिन्न आन्दोलनों तथा डी० आई० आर० में आपने लगभग 50 बार जेल यात्रा की और जिला कारागार, फैजाबाद तथा आदर्श कारागार, लखनऊ में 14 महीनों तक बन्दी रहे । चन्द्रशेखर आजाद माध्यमिक विद्यालय कुचेरा, फैजाबाद के संस्थापक और प्रबन्धक हैं ।

गरीबों और असहाय व्यक्तियों की सेवा और सहायता, अन्याय, अत्याचार का विरोध करने में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सुखारी (पूरे लच्छन तिवारी), जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,01,585, कुल मतदान–1,17,262,

प्राप्त मत–1–श्री अवधेश प्रसाद–59.115,

2–श्री रामू प्रियदर्शी–42,619 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**अवनीश कुमार सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–47, दातागंज,

जिला–बदायूं ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हरिश्चन्द्र सिंह । जन्म तिथि–13 अगस्त, 1943 । जन्म-स्थान–सहारनपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–22 जुलाई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती राकेश कुमारी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

1977 के निर्वाचन में जनता पार्टी के टिकट पर आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव तथा अब नवम्बर, 1993 में चौथी बार आप भारतीय जनता पार्टी से ही विधान सभा के लिए चुने गये हैं । आप 1983 में तीन तथा 1984 में दो दिन राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा द्वारा जेल भरो आन्दोलन में, जिला कारागार, बदायूं में बन्दी रहे हैं ।

समाज सेवा एवं पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम मझारा, तह०–दातागंज, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–1,75,099, कुल मतदान–1,03,497,

प्राप्त मत–1–श्री अवनीश कुमार सिंह–27004,

2–श्री प्रेमपाल सिंह–26,909 (समाजवादी पार्टी) ।

---

**अशोक कुमार सिंह चन्देल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र-- 321, हमीरपुर,

जिला–हमीरपुर ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री कृष्णदत्त सिंह, चन्देल । जन्म तिथि–4 जुलाई, 1955 । जन्म-स्थान–ग्राम–टिकरौली (हमीरपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती राजकुमारी चन्देल । सन्तान–2 पुत्र, 3 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, व्यापार एवं वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार जनता दल के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । अनेक राजनीतिक आन्दोलनों में कई बार आप कानपुर और हमीरपुर कारागार में बन्दी रहे । दयानन्द बृजेन्द्र स्वरूप महाविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष 1978 से, जिला लोकदल, हमीरपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष, युवा लोकदल उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष, लोकदल (अ) उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय मंत्री तथा जिले की अनेक सामाजिक संस्थाओ से आप सम्बद्ध रहे हैं ।

ग्रामीण विकास, देशाटन एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है । राजनीतिक विषयों पर बहस एवं आर्थिक विषयों पर चिन्तन मनन करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–टिकरौली, जिला–हमीरपुर ।

कुल मतदाता–1,88,432, कुल मतदान–1,16,172,

प्राप्त मत–1–श्री अशोक कुमार सिंह चन्देल–42,882,

2–श्री शिवचरन पुत्र श्री भागीरथ–42,373 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

## अशोक कुमार सिंह चौधरी, बेबी, श्री



निर्वाचन क्षेत्र–92, बांगरमऊ,

जिला–उन्नाव ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० चौ० सुरेन्द्र सिंह । जन्म तिथि–13 अगस्त, 1952 । जन्म-स्थान–बांगरमऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–13 फरवरी, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती इन्दू । सन्तान–2 पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1984 में दो दिन, 1986 में तीन दिन, 1989 में तीन दिन धारा 144 का उल्लंघन करने में जिला कारागार उन्नाव में बन्दी रहे । दिसम्बर, 1990 से जून, 1991 तक आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में राज्य मंत्री रहे हैं । श्री मुलायम सिंह यादव की वर्तमान सरकार में भी पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री हैं । वर्ष 1979-80 में कृषि उत्पादन मंडी समिति बांगरमऊ के अध्यक्ष, 1979–86 सुभाष इण्टर कालेज, बांगरमऊ के प्रबन्धक, वर्ष 1985 से 86 जिला लोकदल के महामंत्री तथा 1987 से लोकदल के जिलाध्यक्ष (विलय के पूर्व तक) रहे हैं । देशाटन के लिए आपने नेपाल की यात्रा की है ।

समाज के पिछड़े दलित तथा गरीबों को समान अधिकार दिलाने हेतु संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन, बिलियर्ड तथा शिकार प्रिय है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–चौधराना, बांगरमऊ, उन्नाव ।
कुल मतदाता–2,03,399, कुल मतदान–1,24,169,
प्राप्त मत–1–चौ० अशोक कुमार सिंह–49,406,
2–श्री रमेश कुमार सिंह–37,634 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**अशोक बाजपेयी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–88, पिहानी,
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गोकर्णनाथ बाजपेयी । जन्म तिथि–20 फरवरी, 1949 । जन्म-स्थान–बूढ़ा गांव (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी०, डी० पी० ए० तथा शोध कार्य (ग्रामीण विकास में पंचायती राज का योगदान) । विवाह तिथि–10 मार्च, 1978 । पत्नी का नाम–डा० सुधा बाजपेयी । सन्तान–2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

आप प्रथम बार 1977 तथा मार्च, 1985 में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989 में जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । आपने लोकनायक जयप्रकाश जी के नेतृत्व में लेवी, भाषा तथा अन्य आन्दोलनों में भाग लिया और डी० आई० आर०, मीसा, धारा–188, 151, 107 तथा 116 के अन्तर्गत जिला तथा आदर्श कारागार लखनऊ में लगभग दो वर्ष तक बन्दी रहे । श्री बनारसीदास मंत्रिमंडल में 1979-80 में उच्च शिक्षा, पर्वतीय विकास विभाग के राज्य मंत्री, श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में माध्यमिक, बेसिक तथा प्रौढ़ शिक्षा विभाग के मंत्री तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के 1977 से 1979 तक सदस्य रहे हैं । वर्तमान विधान सभा में अधिष्ठाता मण्डल तथा कार्य मंत्रणा समिति के आप सदस्य हैं । संस्कृत महाविद्यालय, सकाहा के सदस्य (7 वर्ष), चन्द्रभानु गुप्त आदर्श विद्यालय (6 वर्ष) तथा आदर्श गांधी विद्यालय (5 वर्ष) के अध्यक्ष रहे हैं । हरिजन सेवक संघ हरदोई के 5 वर्ष तथा कस्तूरबा बाल कल्याण समिति के 4 वर्ष तक अध्यक्ष रहे । सम्प्रति चन्द्रभानु गुप्त सेवा समिति के अध्यक्ष तथा संस्थापक हैं । आपने युवा सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस तथा क्यूबा की यात्राएं कीं ।

लेखन, कृषि कार्य, बागवानी तथा जनसम्पर्क में आपकी विशेष रुचि है । मुख्यावास–धर्मशाला रोड, हरदोई ।


कुल मतदाता–1,93,766, कुल मतदान–1,11,904,

प्राप्त मत–1–श्री अशोक बाजपेयी–34,516,

2–श्री नन्दलाल शास्त्री–21,487 (बहुजन क्रांति दल) ।

---

**आनन्द यादव, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–205, सलेमपुर,
जिला–देवरिया ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम नक्षत्र यादव । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1953 । जन्म-स्थान–खुखुन्दू (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–मई, 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शांति देवी । सन्तान–2 पुत्र, 5 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । राजनैतिक आन्दोलन के दौरान आप जिला जेल, देवरिया में बारह घण्टे रहे । जिला परिषद्, देवरिया के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1988 से आप ग्राम प्रधान हैं ।


राजनीति एवं गरीबों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–खुखुन्दू, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,41,765, कुल मतदान–1,20,513,

प्राप्त मत–1–श्री आनन्द यादव–43,323,

2–श्री रामदेव सिंह–34,155 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**इन्द्र देव सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–19, अफजलगढ़,

जिला–बिजनौर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–डॉ दुर्गा सिंह । जन्म-तिथि–5 जनवरी, 1955 । जन्म-स्थान–दिल्ली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एस-सी० (रसायन शास्त्र), एम० ए० (अर्थशास्त्र), बी० ए० एम० एस० (राष्ट्रीय मेडिकल कालेज, सुहागपुर, धामपुर )। विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती शोभा सिंह चौहान । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

मई-जून 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । अयोध्या आन्दोलन में जनवरी, 1991 में एक दिन, भ०ज०पा० की चार सरकारें गिराये जाने के विरोध में 1992-93 के दिसम्बर-जनवरी के मध्य 3 दिन तथा धामपुर में रामनवमी का जुलूस निकाले जाने हेतु अप्रैल, 1993 में 3 दिन बिजनौर जेल में आप बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं । आप लोकतांत्रिक युवा मोर्चा के जिला संयोजक वर्ष 1976-77 तथा बजरंग दल के जिला संयोजक वर्ष 1988–92 में रहे हैं । अनेक स्थानों पर आपने ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षण केन्द्र खुलवाये हैं ।

जनसेवा, ग्रामीण-शिक्षा, रसायन शास्त्र एवं अर्थशास्त्र में आपकी विशेष रुचि है । टी० वी० देखना, क्रिकेट खेलना तथा सामाजिक उपन्यास पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–अलावलपुर, पोस्ट–धामपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,24,921, कुल मतदान–1,57,371,

प्राप्त मत–1–श्री इन्द्रदेव सिंह–61,128,

2–श्री शेख मो० सुलेमान–54,509 (निर्दलीय) ।

**इन्द्रपाल सिंह, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–301, औरैया,
जिला–इटावा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बसन्त लाल । जन्म-तिथि–9 जनवरी, 1947 । जन्म-स्थान–ग्राम–फतेहपुर रामूं (इटावा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (इटावा) एल-एल०बी (लखनऊ विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–18 जून, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती पद्मापाल, एडवोकेट । सन्तान–3 पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार, समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में इटावा और फतेहगढ़ कारागार में आप बन्दी रहे ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मु०–सन्तेश्वर औरैया, जिला–इटावा ।

कुल मतदाता–2,21,266, कुल मतदान–1,29,281,

प्राप्त मत–1–श्री इन्द्रपाल सिंह–62,048,

2–श्री लाल सिंह वर्मा–50,335 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**इन्द्रभद्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–124, इसौली,
जिला–सुल्तानपुर ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री शारदा प्रसाद सिंह । जन्म-तिथि–15 अप्रैल, 1954 । जन्म-स्थान–उत्तर प्रदेश । धर्म–हिन्दू । । शिक्षा–स्नातकोत्तर (अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद), डी० पी० एड० (रामपुर) । विवाह-तिथि–8 मई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती उषा सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में निर्दलीय विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । युवक कांग्रेस के आवाह्न पर तथा सैय्यद मोदी हत्याकाण्ड में डॉ संजय सिंह को फर्जी फंसाये जाने के विरोध में कुल छः दिन आप जिला कारागार, सुल्तानपुर और नैनी सेन्ट्रल जेल, इलाहाबाद में बन्दी रहे । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की नियम समिति के सदस्य रहे हैं । 1978 से 81 जिला सहकारी बैंक, सुल्तानपुर के संचालक तथा दिसम्बर, 1989 तक विकास खण्ड, धनपतगंज के प्रमुख रहे । सम्प्रति आप राष्ट्रीय इण्टर कालेज, मायंग के प्रबन्धक 1980 से, जू० हा० स्कूल, हरिजन नगर के प्रबन्धक 1991 से, उ० प्र० सहकारी बैंक की आम सभा के सदस्य (डेलीगेट सुल्तानपुर) 1978 से तथा के० एन० आई० सुल्तानपुर में वर्ष 1979 से शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता हैं ।

खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मायंग, थाना–कूड़ेभार, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,05,208, कुल मतदान–1,06,909,

प्राप्त मत–1–श्री इन्द्रभद्र सिंह–39,280,

2–श्री ओम प्रकाश पाण्डेय–28,056 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**इरशाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–210, गोपालपुर,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम मखदूमपुर, पोस्ट–फरीदपुर, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,20,688, कुल मतदान–1,09,294,

प्राप्त मत–1–श्री इरशाद–40,386,

2–श्री कृष्णपाल–31,466 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**इश्तियाक अंसारी, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–229, जहूराबाद,
जिला–गाजीपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्री मुन्ना मियां । जन्म-तिथि–15 अगस्त, 1948 । जन्म-स्थान–बाराचंवर (गाजीपुर) । धर्म–इस्लाम (मुसलमान) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–15 अगस्त, 1962 । पत्नी का नाम–श्रीमती खैरुन्नेशा । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यवसाय ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अनेक जन आन्दोलनों में आपने भाग लिया ।

अपने निर्वाचन क्षेत्र में गरीब वर्गों को, दलित तथा कमजोर वर्ग को संगठित करने और उन्हें न्याय दिलाने में आपकी विशेष रुचि है । सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्य करना तथा खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट—बाराचंवर, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,34,620, कुल मतदान–1,36,337,

प्राप्त मत–1–श्री इश्तियाक अंसारी–56,476,

2–श्री गणेश–43,490 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**इश्तियाक अहमद, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र–138, रुदौली,

जिला–बाराबंकी ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री एकबाल । जन्म-तिथि–4 नवम्बर, 1947 । जन्म-स्थान–मवई (बाराबंकी) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–1970 में। पत्नी का नाम–श्रीमती अफसरी खातून । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलनों में आप अनेक बार धारा 144 के अन्तर्गत बाराबंकी कारागार में बन्दी रहे । क्षेत्र समिति, मवई, के आप प्रमुख 1982 से नवम्बर, 1993 तक रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा कृषि कार्य प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मवई, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,60,522, कुल मतदान–1,19,731,

प्राप्त मत–1–श्री इश्तियाक अहमद–40,363,

2–श्री श्री रामदेव आचार्य–39,693 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**उदय प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–324, चरखारी (अ० जा०),

जिला–हमीरपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पढ़ोरी, थाना–मोदहा, जिला–हमीरपुर ।


कुल मतदाता–1,87,215, कुल मतदान–97,506,

प्राप्त मत–1–श्री उदय प्रकाश–29,249,

2–श्री छोटे लाल–28,372 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**उदयभान सिंह, चौधरी**



निर्वाचन क्षेत्र–356, दयालबाग,
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

**पिता–स्व० निहाल सिंह** । जन्म-तिथि–31 दिसम्बर, 1943 । **जन्म-स्थान–ग्राम–धांधूपुरा** (आगरा) । धर्म–वैदिक (हिन्दू) । शिक्षा–एम० ए०, **बी० एड०** । विवाह तिथि–22 फरवरी, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ति देवी । **सन्तान–5 पुत्र** । व्यवसाय–कृषि, भट्ठा व्यापार एवं अध्यापन ।

**नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार** विधान सभा के सदस्य **निर्वाचित हुए हैं** । माध्यमिक शिक्षक संघ के आन्दोलन में जिला जेल, आगरा में **आप बन्दी रहे** । 1989 से 91 तक माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री और **1977 से 89 तक** जिला कोषाध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति महाराजा सूरजमल इण्टर कालेज, जाट हाउस में अध्यापक (प्रवक्ता) हैं ।

**गरीब किसानों की सेवा और** सहायता करने में आपकी विशेष रुचि है तथा **मित्रों के साथ भोजन करना प्रिय है** ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–धांधूपुरा, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–2,26,839, कुल मतदान–1,25,173,

प्राप्त मत–1–चौ० उदय भान सिंह–54,368,

2–श्री विजय सिंह राणा–31,857 (जनता दल) ।



**उपदेश सिंह चौहान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–336, भोगांव,
जिला–मैनपुरी।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री बाबू सिंह चौहान। जन्म-तिथि–1 मई, 1957। जन्म-स्थान–किशनपुर घडिया। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि– 24 फरवरी, 1979। पत्नी का नाम–श्रीमती बीना सिंह। सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

मुख्यावास–बेवर, जिला–मैनपुरी।

कुल मतदाता–1,99,037, कुल मतदान–1,13,609,

प्राप्त मत–1–श्री उपदेश सिंह चौहान–46,378,

2–श्री राम नरेश अग्निहोत्री–27,821 (भारतीय जनता पार्टी)।



**उमाकान्त यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–257, खुटहन,

जिला–जौनपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्री श्रीपति यादव । जन्म-तिथि–5 नवम्बर, 1955 । जन्म-स्थान–चकगंजलीशाह (सरावां) । धर्म–हिन्दू । जाति-पिछड़ी-जाति । शिक्षा–स्नातक (पूर्वांचल विश्व०, जौनपुर) । विवाह तिथि–12 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुदामा देवी । सन्तान–5 पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार बहुजन समाज पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जनवरी, 1994 से श्री उमाकान्त यादव त्रिवेणी बालिका महाविद्यालय, बनुआडीह, शाहगंज-जौनपुर के आप प्रबन्धक हैं । देशाटन के उद्देश्य से आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है एवं खेलकूद प्रिय है ।


मुख्यावास–ग्राम–चकगंजली शाह (सरावां), पो०–नौहरा (अम्बारी), जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,27,651, कुल मतदान–1,28,304,

प्राप्त मत–1–श्री उमाकान्त यादव–69,104,

2–श्री लालता प्रसाद यादव–28,619 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**उमाशंकर यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–258, गढ़वारा,
जिला–जौनपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री चन्द्र शेखर यादव । जन्म-तिथि–8 फरवरी, 1955 । जन्म-स्थान–ग्राम-राजपुर रुखार (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति-पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए० (प्रा० इतिहास), बी० एड्०, रिसर्चस्कालर । पत्नी का नाम–श्रीमती धमदिवी । सन्तान–3 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1980 से आप कौशिल्या देवी जायसवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महराजगंज-जौनपुर में सहायक अध्यापक हैं ।

जनहित के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है । अध्यापन प्रिय तथा खेल मनोविनोद का साधन है ।

मुख्यावास–ग्राम-राजपुर रुखार, पोस्ट-महराजगंज, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–1,92,565, कुल मतदान–1,08,497,

प्राप्त मत–1–श्री उमाशंकर यादव–38,859,

2–श्री विजय नारायण पाण्डेय–29,479 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**उर्मिला देवी यादव, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–341, घिरोर,

जिला–मैनपुरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री लाला राम यादव । जन्म-तिथि–26 जनवरी, 1955 । जन्म-स्थान–फिरोजाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–अहीर । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–8 जून, 1969 । पति का नाम–श्री मिथलेश प्रताप सिंह । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप पहली बार विधान सभा के लिए चुनी गयी हैं । धारा 144 के अन्तर्गत मैनपुरी कारागार में अदालत उठने तक आप बन्दी रहीं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मारौल, जिला–फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–1,83,158, कुल मतदान–1,09,020,

प्राप्त मत–1–श्रीमती उर्मिला देवी यादव–55,587,

2–श्री शिव मंगल सिंह उर्फ लालजी–22,626 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**उर्मिला राजपूत, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–311, कमालगंज,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम स्वरूप राजपूत । जन्म तिथि–15 जुलाई, 1954 । जन्म-स्थान–फर्रुखाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–20 मई, 1970 । पति का नाम–डा० रामकृष्ण राजपूत । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी भा० ज० पा० से दूसरी बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं। पार्टी आन्दोलन में, फतेहगढ़ (फर्रुखाबाद) तथा लखनऊ कारागार में आप कुल आठ बार बन्दी रहीं । वर्ष 1991-92 में अधिष्ठाता मण्डल, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति तथा पुलिस एवं सूचना स्थायी समिति की सदस्या रहीं । वर्ष 1975 में बद्री विशाल पोस्टग्रेजुएट कालेज, फर्रुखाबाद के छात्र संघ की उपाध्यक्ष, वर्ष 1978–90 में आप प्रान्तीय महिला फेडरेशन लखनऊ की प्रदेशीय महामंत्री तथा वर्ष 1976–80 युवा महिला समिति उ० प्र० की प्रदेशीय संयोजिका रही हैं । सम्प्रति आप सन् 1986 से कानून परामर्शदात्री समिति, फर्रुखाबाद, 1984 से जिला प्रौढ़ शिक्षा समिति, फर्रुखाबाद तथा 1988 से जिला परिषद् फर्रुखाबाद की सदस्या हैं ।

समाज सेवा, राजनीति, तथा प्राकृतिक स्थलों के भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है, पुराने गाने तथा प्राकृतिक दृश्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–पंचशील शिक्षा निकेतन, पल्लागल्ला मण्डी, फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,21,383, कुल मतदान–1,40,209,

प्राप्त मत–1–श्रीमती उर्मिला राजपूत–50,276,

2–श्री अनवार मो० खान–33,082, (समाजवादी पार्टी) ।

**ऊदल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–245, कोल असला,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ।

पिता–श्री मुन्नू । जन्म तिथि–जुलाई, 1922 में । जन्म-स्थान–वाराणसी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । पत्नी का नाम–श्रीमती स्वराजी देवी । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप 1957 की विधान सभा में तत्पश्चात् 1962, 1967, 1974, 1977 तथा 1980 की विधान सभाओं में भी कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट से ही विजयी होते रहे हैं । नवम्बर 1989, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव तथा नवम्बर, 1993 में नवीं बार भा० क० पा० से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । अपने राजनीतिक जीवन में आप कुल मिलाकर लगभग चार वर्षों की सजा भुगत चुके हैं । विधान सभा की आश्वासन समिति, लोक लेखा समिति, कार्य-मंत्रणा समिति एवं अधिष्ठाता मण्डल (1989-90) के सदस्य रहे हैं । 1977 की विधान सभा में आप कम्युनिस्ट दल के नेता रहे हैं । वर्तमान विधान सभा में भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता, अधिष्ठाता मण्डल तथा कार्य-मंत्रणा समिति के आप सदस्य हैं । सन् 1961 में आपने रूमानिया तथा सोवियत संघ की यात्रा की । सन् 1975 में जर्मन डेमोक्रेटिक रिपब्लिक की यात्रा की । वाराणसी, जिला परिषद् के सदस्य तथा फूलपुर सहकारी संघ (वाराणसी) के डाइरेक्टर रह चुके हैं ।

पठन-पाठन तथा राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-देवबाराई, पो०–कनकपुर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,34,705, कुल मतदान–1,24,591,

प्राप्त मत–1–श्री ऊदल–33,894,

2–श्री गुलाब–33,074 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

**ओंकार सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–346, सोरों,

जिला–एटा ।

भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जुगल किशोर । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1931 । जन्म-स्थान–नगला गुलरिया । धर्म–हिन्दू । जाति-पिछड़ी-जाति । शिक्षा–मिडिल (हिन्दी, उर्दू) । विवाह तिथि– जून, 1952 में । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलवती । सन्तान–5 पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथमबार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 के चुनाव में तीसरी बार भा० ज० पा० से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनैतिक आन्दोलन में 1981 में जिला कारागार, एटा में 13 दिन आप धारा 144 के उल्लंघन में बन्दी रहे । विगत कई वर्षों से आप आदर्श माध्यमिक विद्यालय, अल्लीपुर के प्रबन्धक हैं ।

जनसेवा म आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–नगला गुलरिया, मजरा फकौती, पो०–अभैपुरा, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–1,71,163, कुल मतदाता–1,03,526,

प्राप्त मत–1–श्री ओंकार सिंह–29,796,

2–श्री सियाराम–17,579 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**ओम प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–231, दिलदारनगर,

जिला–गाजीपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 में समाजवादी पार्टी से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सिवराई, गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,38,989, कुल मतदान–1,36,898,

प्राप्त मत–1–श्री ओम प्रकाश–73,125,

2–श्री सचिदानन्द–41,400 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**ओम प्रकाश पासवान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–186, मानीराम,
जिला–गोरखपुर ।
दल–निर्दलीय ।

पिता–श्री राजा राम । जन्म तिथि–एक जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–राजीसेमरा । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–19 मई, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुभावती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 में तीसरी बार निर्दलीय आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के आप सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–राजीसेमरा, पोस्ट–जंगल लक्ष्मीपुर, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,22,709 कुल मतदान–1,24,585,

प्राप्त मत–1–श्री ओम प्रकाश पासवान–71,990,

2–श्री शम्भू शरण 23,015 (जनता दल) ।



**ओम प्रकाश गुप्ता, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–81, मिश्रिख,

जिला–सीतापुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री माता प्रसाद गुप्ता । जन्म-स्थान–नैमिषारण्य । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला गुप्ता । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्री । व्यवसाय–कृषि, उद्‌योग (कारखाना) एवं व्यापार ।

वर्ष 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । स० ज० पा० तथा स० पा० से संबंधित आन्दोलनों में, अनेक बार और रासुका, डी० आई० आर० तथा भाजपा के शासन काल में टाडा में कुल 14 माह, केन्द्रीय कारागार, नैनी, जिला कारागार, सीतापुर, लखनऊ तथा वाराणसी में आप बन्दी रहे । आप ग्राम सभा मानिकापुर के प्रधान 20 वर्ष, नगरपालिका, मिश्रिख के चेयरमैन सन् 1988 में, नगरपालिका, सीतापुर के चेयरमैन, 1989 से 92 तक, उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष 1985 से 92 तक रहे हैं । वर्ष 1974 से किसान सेवा सहकारी समिति नैमिषारण्य, 1978 से 80 और 84 से अब तक केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार सीतापुर, 1977 से राज्याभिषेक भरत मिलाप उत्सव कमेटी, 1978 से आर० एम० पी० डिग्री कालेज और इण्टर कालेज सीतापुर, 1977 से कच्चा गल्ला आढ़ती संघ एवम् नवीन गल्ला मण्डी सीतापुर सहित अन्य अनेक समाज सेवी संस्थाओं के आप अध्यक्ष हैं ।

धार्मिक कार्य, समाज सेवा, कृषि एवं उत्पीड़ित जनता की आवाज को उठाने में आपकी विशेष रुचि है तथा यात्रा, भ्रमण, यज्ञ और धार्मिक स्थलों पर निर्माण कार्य प्रिय है ।

मुख्यावास–46, जेल रोड, सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,04,090, कुल मतदान–1,20,964,

प्राप्त मत–1–श्री ओम प्रकाश गुप्ता–54,922,

2–श्री राम रतन सिंह–26,735 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**ओम प्रकाश सिंह, श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–263, चुनार,
जिला–मिर्जापुर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री विमला शरण सिंह । जन्म तिथि–5/6 फरवरी, 1943 । जन्म स्थान–ग्राम मगरहा (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल० बी०, एल–एल० एम० । विवाह तिथि–एक मई, 1969 को । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सन् 1974 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार आप भारतीय जनसंघ से, सन् 1977 के निर्वाचन में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1974 और 75 में श्री जयप्रकाश नारायण के समग्र क्रांति आन्दोलन तथा वर्ष 1990 में श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में मीसा और अन्य धाराओं के अन्तर्गत आप वाराणसी और मिर्जापुर जिला जेल तथा केन्द्रीय कारागार बरेली में कुल एक वर्ष दो माह बन्दी रहे । मई, 1990 से 8 दिसम्बर, 1993 तक आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के भी सदस्य रह चुके हैं । विधान सभा की प्राक्कलन समिति, विशेषाधिकार समिति तथा याचिका समिति के भी आप सदस्य रहे हैं । जुलाई, 1977 से दिसम्बर, 1980 तक श्री राम नरेश यादव और श्री बनारसीदास मंत्रिमण्डल में न्याय एवं कारागार मंत्री तथा जून, 1991 से दिसम्बर, 1993 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप सिंचाई विभाग के मंत्री रहे हैं ।

अध्ययन और समस्या के कारण, निवारण, विश्लेषण तथा चिन्तन में आपकी विशेष रुचि है । संगीत एवं पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मगरहा । जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,52,497, कुल मतदान–1,53,980,

प्राप्त मत–1–श्री ओम प्रकाश सिंह–67,068,

2–श्री रामराज–54,261 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

**करन सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–30, चन्दौसी (अ० जा०),

जिला–मुरादाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बल्लू सिंह । जन्म तिथि–2 अगस्त, 1951 । जन्म स्थान–मुहम्मदपुर वावई । धर्म–हिन्दू । जाति–जाटव । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–जून, 1966 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गंगा देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार ।

आप सर्वप्रथम वर्ष 1977 में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989 में भारतीय जनता पार्टी से और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप धारा 151, 188 के अन्तर्गत वर्ष 1981 में 17 दिन और वर्ष 1987 में 13 दिन क्रमशः उन्नाव और मुरादाबाद जेल में पार्टी के आन्दोलनों में बन्दी रहे । 1977 से 1980 तक क्षेत्रीय विकास एवं नियोजन समिति तथा 1989 से 1991 तक प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं । विधायक रहते हुए आपने क्षेत्रीय विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों, स्कूलों का निर्माण कराया है ।

समाज सेवा तथा विकास कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यायाम आपका प्रिय व्यसन है ।

मुख्यावास–मु० कागजी, फौबारा चौक, चन्दौसी, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–1,97,968, कुल मतदान–1,00,079,

प्राप्त मत–1–श्री करन सिंह–39,567

2–श्रीमती गुलाब देवी–38,459 (भारतीय जनता पार्टी ) ।



**कल्याण सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–372, अतरौली,

जिला–अलीगढ़ ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० तेजपाल सिंह । जन्म तिथि– 5 जनवरी, 1932 । जन्म स्थान–ग्राम मढ़ौली (अलीगढ़ ) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए०, एल० टी० । विवाह तिथि–1952 में । पत्नी का नाम –श्रीमती रामवती । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

1967 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, 1969 तथा 1974 के चुनाव में भी आप भारतीय जनसंघ के टिकट पर विजयी हुए । 1977 में जनता पार्टी से, मार्च, 1985, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आठवीं बार आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । 1977 में जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री तथा जून, 1991से दिसम्बर, 1992 तक आप उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं । विधान सभा की लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति तथा कार्य मंत्रणा समिति के भी सदस्य रहे हैं । सम्प्रति 4 दिसम्बर, 1993 से उ० प्र० विधान सभा में नेता विरोधी दल हैं । आपातकाल में 20 माह 6 दिन तक अलीगढ़, नैनी तथा वाराणसी जेल में बन्दी रहे । स्वास्थ्य मंत्रियों के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप मे आप इण्डोनेशिया, थाइलैण्ड तथा सिंगापुर की यात्रा कर चुके हैं ।

अध्ययन तथा कृषि में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम मढ़ौली, निरफी अशर्फाबाद, पो०–अतरौली, जिला– अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,06,057, कुल मतदान–1,38,401,

प्राप्त मत–1–श्री कल्याण सिंह–73,789,

2–श्री अनवार खां–55,423 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**कामेश्वर उपाध्याय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–204, भाटपार रानी,

जिला–देवरिया ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–पं० राम चन्द्र उपाध्याय । जन्म तिथि–2 मार्च, 1942 । जन्म-स्थान–ग्राम जसुई (देवरिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–साक्षर (हाईस्कूल तक शिक्षा प्राप्त की) । विवाह तिथि–1962 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुशीला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवासाय–कृषि तथा ठेकेदारी ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दल तथा नवम्बर, 1993 के पध्यावधि चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । क्षेत्र समिति भाटपार रानी, देवरिया के ब्लाक प्रमुख पद पर 1974 से 6 मार्च, 1985 तक रहे हैं ।


जनसेवा तथा खेल-कूद में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम जसुई, पोस्ट–भाटपार रानी, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,47,614, कुल मतदान–1,36,388,

प्राप्त मत–1–श्री कामेश्वर उपाध्याय–52,253,

2–श्री योगेन्द्र सिंह–29,254 (समाजवादी पार्टी) ।



**काशी सिंह ऐरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–8, डीडीहाट,

जिला–पिथौरागढ़ ।

दल–उत्तराखण्ड, क्रांति दल ।

पिता–स्व० केशर सिंह ऐरी । जन्म तिथि–1 जून, 1953 । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एस-सी०, एम० ए०, एल–एल० बी० (लखनऊ विश्वविद्यालय), विवाह तिथि–7 जून, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीना ऐरी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–समाज सेवा, उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति हेतु संघर्ष ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1989 में दूसरी बार निर्दल तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार उत्तराखण्ड क्रांति दल के टिकट पर विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । आपने कुमायूं विश्वविद्यालय, भ्रष्टाचार, मद्य निषेध, वन संरक्षण तथा पिथौरागढ़ मैग्नीसाइट मजदूर संबंधी आन्दोलनों में भाग लिया और जिला जेल नैनीताल तथा टिहरी में बन्दी रहे । उपाध्यक्ष, पिथौरागढ़ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ (1983–1984) अध्यक्ष, कुमायूं विश्वविद्यालय छात्र परामर्शदात्री समिति (1975–1976) कुमायूं विश्वविद्यालय छात्रसंघ सम्मेलन (1980–1983), कुमायूं विश्वविद्यालय शोध परिषद् (1984), पोलित ब्यूरो सदस्य, पर्वतीय श्रमिक महासंघ पिथौरागढ़ (1984) तथा कुमायूं विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पर्यवेक्षक (1979–1980) रह चुके हैं । सम्प्रति आठ वर्ष से उत्तराखण्ड क्रांति दल के अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है । आपको अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पंथगांव (बलवा कोट) जिला–पिथौरागढ़ ।

कुल मतदाता–1,53,194, कुल मतदान–64,259,

प्राप्त मत–1–श्री काशी सिंह ऐरी–22,623,

2–श्री लीला राम शर्मा–22,377 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**किरन पाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–383, अगौता,
जिला–बुलन्दशहर ।
दल–जनता दल ।

पिता–स्व० श्री होशियार सिंह । जन्म तिथि–3 जून, 1946 । जन्म-स्थान–ग्राम-धमैड़ा कीरत (बुलन्दशहर) । धर्म–वैदिक (हिन्दू) । शिक्षा–एम० एस–सी०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–29 जून, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमल सिंधु । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई, 1980 के चुनाव में आप लोकदल से मार्च, 1985 तथा नवम्बर, 1989 तत्पश्चात् नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार जनता दल से विधान सभा के लिए चुने गए हैं । विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों में जिला कारागार, बुलन्दशहर में कई बार बन्दी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति, सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति तथा संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे हैं । उ० प्र० विधान सभा में अपने दल के सचेतक व महामंत्री भी रहे हैं ।


दीन-दुखियों की सेवा व देशाटन में आपकी विशेष रुचि है । शुद्ध शाकाहारी भोजन तथा ग्रामीण संगीत आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–धमैड़ा कीरत, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,02,229, कुल मतदान–1,13,289,

प्राप्त मत–1–श्री किरन पाल सिंह–44,741,

2–श्री वीरेन्द्र सिंह–39,407 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**किशन लाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–58, बरखेड़ा (अ० जा०),
जिला–पीलीभीत ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मिही लाल । जन्म तिथि–14 नवम्बर, 1927 । जन्म–स्थान–ग्राम चापेड़ा (पीलीभीत) । धर्म–हिन्दू । जाति-अनुसूचित जाति । शिक्षा–साक्षर । वेवाह तिथि–5 जून, 1945 । पत्नी का नाम–श्रीमती पूनम देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

1967 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तत्पश्चात् 1969, 1974 में जनसंघ से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । भारतीय जनता पार्टी से 1977 में, मार्च, 1985, मई-जून 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप सातवीं बार विधान सभा के सदस्य बने हैं । आपातकाल लागू करने के विरोध में पीलीभीत तथा सेंट्रल जेल बरेली में लगभग आठ मास बन्दी रहे हैं । अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के वर्ष 1977-80 तथा वर्ष 1991-92 में सदस्य रहे हैं ।

प्रदेश में स्कूलों, सड़कों के विकास तथा जन-समस्याओं के निवारण में आपकी विशेष रुचि है तथा खेती का कार्य प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम कुंवरगढ़, दूधिया नाथ रोड, पीलीभीत ।

कुल मतदाता–1,84,749, कुल मतदान–92,145,

प्राप्त मत–1–श्री किशन लाल–31,085,

2–श्री पीतम राम–22,416 ।

———

**किशन लाल दिलेर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–374, कोल (अ०जा०),

जिला–अलीगढ़ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री लीलाधर । जन्म-स्थान–दौरऊ । धर्म–हिन्दू (बाल्मीकी) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह–तिथि–विवाहित हैं । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

1967 में आप प्रथम बार भारतीय जनसंघ के टिकट पर, 1977 में जनता पार्टी से, तत्पश्चात् मार्च, 1985, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुने गये हैं । 1977 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं । आपातकाल के दौरान (12 महीनों तक), लेवी लगान के विरोध में और श्री जय प्रकाश नारायण के साथ आन्दोलनों में थोड़े-थोडे दिनों के लिए, अलीगढ़ तथा आगरा जेल मे बन्दी रहे ।

आपने "अपने घर की खबर" नामक पुस्तक लिखी है । बाल्मीकि हरिजन नवयुवक संघ के कुछ वर्षों तक सचिव रहे हैं । सार्वजनिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है । खेती तथा पशुपालन आपको प्रिय है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–दौरऊ, चांदपुर, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,30,675, कुल मतदान–1,25,814,

प्राप्त मत–1–श्री किशन लाल दिलेर–72,615,

2–श्री श्याम सुन्दर–20,566, (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**कृष्ण कुमार नवमान, श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–373, अलीगढ़,
जिला–अलीगढ़ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मक्खन लाल । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1937 । जन्म-स्थान–पक्की सराय (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति वार्ष्णेय (कश्यप) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, विशारद । विवाह–तिथि–9 दिसम्बर, 1953 । पत्नी का नाम–श्रीमती बसन्ती देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) तथा प्रकाशन ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1970 से 1992 तक विभिन्न जन आन्दोलनों में लगभग 28 बार डी० आई० आर०, मीसा तथा रासुका इत्यादि धाराओं के अन्तर्गत ज़िला कारागार अलीगढ़, आगरा, रायबरेली, केन्द्रीय कारागार-फतेहगढ़, आगरा, झांसी तथा नैनी में लगभग 30 माह बन्दी रहे । श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय-अलीगढ़ के उपमंत्री 1973 से 1976 और कापी निर्माता संघ अलीगढ़ के अध्यक्ष 1974 से 1975 तक रहे । अलीगढ़ व्यापार मण्डल और सामाजिक दर्पण अलीगढ़ के संरक्षक क्रमशः 1984 तथा 1990 से हैं । वर्ष 1991-92 में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं । 'बुक कीपिंग तथा लेखा शास्त्र', शीर्षक से आपने एक पुस्तक लिखी है जो नवमान प्रकाशन से प्रकाशित हुई है ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बैडमिण्टन, कैरम तथा शतरंज के खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–मदार गेट, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,28,880, कुल मतदान–1,45,364,

प्राप्त मत–1–श्री कृष्ण कुमार नवमान–58,027,

2–श्री अब्दुल खालिक–56,005, (बहुजन समाज पार्टी) ।



**कृष्णवीर सिंह सिरोही, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–392, गढ़मुक्तेश्वर,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सरबचन सिंह । जन्म तिथि–12 सितम्बर, 1946 । जन्म-स्थान–ग्राम-सीही (बुलन्दशहर) । धर्म–वैदिक हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–21 अप्रैल, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती संतोष बाला । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य (1991-92 में ) रहे हैं । दिनांक 25-2-93 को पार्टी आन्दोलन में दिल्ली जेल गये तथा तुरन्त छोड़ दिये गये । सन् 1982 से 1991 तक आप यूको बैंक आफिसर्स एसोसियेशन, उ० प्र० के सह महामंत्री रहे हैं । आप किसान पी० जी० कालेज सम्भावली से भी सम्बद्ध रहे हैं ।


सामाजिक कार्य, शिक्षा और खेल आदि में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–के० एम० ब्लाक 82, कविनगर, गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,00,056, कुल मतदान–1,28,335,

प्राप्त मत–1–श्री कृष्ण वीर सिंह सिरोही–44,983,

2–श्री अख्तर–31,321 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**केदार सिंह फोनिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–7, बद्रीकेदार,
जिला–चमोली ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० माधो सिंह फोनिया । जन्म तिथि–6 अक्टूबर, 1930 । जन्म-स्थान–जोशीमठ (जिला–चमोली) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जनजाति (क्षत्रिय) । शिक्षा–एम० ए०, संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित पर्यटन में डिप्लोमा (प्राग, वि० वि० चेकोस्लोवाकिया) । विवाह तिथि–अप्रैल, 1955 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला फोनिया । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त ।

मई-जून 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1993 में लोक तंत्र बचाओ आन्दोलन में तिहाड़ ओपन जेल, दिल्ली में एक दिन (25-2-93) बन्दी रहे । आप पर्यटन विभाग (भारत सरकार) के सहनिदेशक, भारतीय पर्यटन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक पर्वतीय विकास निगम के डिविजनल मैनेजर तथा गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन दिल्ली के जनरल मैनेजर रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में 24 जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप पर्यटन, सांस्कृतिक कार्य, युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग के मंत्री रहे हैं । आपने शासकीय कार्य हेतु यूरोप, अफ्रीका, श्रीलंका, मिडिल ईस्ट (सम्पूर्ण) तथा साउथ ईस्ट देशों की यात्रायें की हैं । पर्यटन व्यवसाय तथा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार हेतु थाईलैण्ड, नेपाल, लेबनान, जर्मनी, फ्रान्स, इंग्लैंड, स्विटजरलैंड, कुवैत, जिम्बाबे, चेकोस्लोवाकिया इत्यादि की यात्रा की है ।

आपने "उत्तरा खण्ड के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल" तथा 'वैली आफ फ्लावर्स' नाम से पुस्तकें लिखी हैं । अवकाश के दिनों में आप पर्वतीय विकास संबंधी मामलों में क्षेत्रीय जनता की सेवा करते हैं ।

पर्यटन, पर्यावरण, खेलकूद, उत्तरांचल विकास में आपकी विशेष रुचि है एवं आप उत्तर प्रदेश स्कीइंग एण्ड एडवेन्चर स्पोर्ट्स एसोसियेशन के अध्यक्ष रहे हैं।

मुख्यावास–नीलकंठ, जोशीमठ, जिला–चमोली।

कुल मतदाता–1,98,860, कुल मतदान–1,02,748,

प्राप्त मत–1–श्री केदार सिंह फोनिया–38,057,

2–श्री कुंवर सिंह नेगी–27,423 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**केशरी नाथ त्रिपाठी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–276, इलाहाबाद (शहर दक्षिणी),
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हरिश्चन्द्र त्रिपाठी । जन्म तिथि–10 नवम्बर, 1934 । जन्म-स्थान–इलाहाबाद । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–26 फरवरी, 1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम 1977 के सामान्य निर्वाचन में जनता पार्टी के टिकट पर, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने अनेक राजनीतिक आन्दोलनों में भाग लिया तथा केन्द्रीय कारागार नैनी, इलाहाबाद में वर्ष 1953 में तीन दिन एवं 23 अक्टूबर, से 10 नवम्बर, 1990 तक बन्दी रहे । सन् 1946 से ही आप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से स्वयंसेवक के रूप में सम्बद्ध रहे हैं । वर्ष 1977-79 में श्री राम नरेश यादव मंत्रिमंडल में आप संस्थागत वित्त मंत्री रहे हैं । दिनांक 30 जुलाई, 1991 से 15 दिसम्बर, 1993 तक आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष पद पर आसीन रहे हैं । विधान सभा की आवास सम्बन्धी संयुक्त समिति के वर्ष 1990-91 में सदस्य रहे हैं । 1992-93 में मा० अध्यक्ष लोक सभा द्वारा नियुक्त विधायिका-न्यायपालिका सौहार्द, पूर्ण सम्बन्ध बनाये रखने संबंधी समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1991-93 में कामनवेल्थ पार्लियामेन्ट्री एसोसियेशन के ब्रांच प्रेसिडेन्ट रहे । 38वां कामनवेल्थ पार्लियामेन्ट्री सम्मेलन में भाग लेने के लिए आपने फ्रेन्कफर्ट, बर्लिन, मियामी, नसाऊ (बहमास), टोरेन्टो, टोकियो, बीजिंग, हांगकांग तथा बैंकाक की यात्रा की । इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के अध्यक्ष दो वर्ष रहे तथा अनेक शैक्षिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक

संस्थाओं के विभिन्न पदों को आपने सुशोभित किया है । आपने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 पर एक व्याख्यात्मक पुस्तक की रचना की है, जो इलाहाबाद से प्रकाशित हुई है ।

पर्यटन, विधि, शिक्षा, साहित्य तथा सांस्कृतिक विषयों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–12 बी०, डा० लोहिया मार्ग, इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–1,94,168, कुल मतदान–1,01,145,

प्राप्त मत–1–श्री केशरी नाथ त्रिपाठी–54,285,

2–मो० अब्दुल नजीर खां उर्फ नन्हें खां–33,265, (समाजवादी पार्टी) ।

---



**मो० कौकब हमीद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–401, बागपत,

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री नवाब शौकत हमीद । जन्म तिथि–1952 में । जन्म स्थान–बागपत । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–बी० ए० (अलीगढ़ मुस्लिम वि० वि०) । विवाह तिथि–1974 में । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीस फातमा । सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के लिए चुने गए हैं । आप श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रिमंडल में वर्ष 1988-89 में ऊर्जा एवं खाद्य राज्य मंत्री रहे हैं । विधान सभा की सरकारी आवशसन सम्बन्धी समिति के वर्ष 1986-88 में सदस्य रहे हैं । वर्ष 1980-1982 में को-आपरेटिव शुगर मिल, बागपत के डाइरेक्टर रहे । टेलीफोन एवं संचार समिति, रेलवे बोर्ड, दिल्ली तथा परिवहन बोर्ड, लखनऊ के सदस्य रहे हैं । पर्यटन के लिए आपने पाकिस्तान, सउदी अरब, जापान तथा स्विटजरलैंड की यात्राएं कीं ।


समाज सेवा तथा जनसेवा आपको विशेष प्रिय हैं ।

मुख्यावास–नवाब जमशेद अली खां रोड, खुर्शीद मंजिल, बागपत, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–2,13,984, कुल मतदान–1,33,897,

प्राप्त मत–1–श्री कोकब हमीद खां–47,566,

2–श्री वेद प्रकाश–37,736 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**गजराज सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–391, हापुड़ (अ०जा०)

जिला–गाजियाबाद ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री मामचन्द्र । जन्म तिथि–31 जुलाई, 1953 । जन्म-स्थान–ग्राम-अटूटा (गाजियाबाद) । धर्म–हिन्दू वैदिक । जाति-अनुसूचित-जाति (जाटव) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह-तिथि–20 जून, 1971 । पत्नी का नाम–श्रीमती लज्जा सिंह । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन तथा कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1989 में दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलनों में आप कई बार जेल गये हैं । आप टैगोर शिक्षा सदन जूनियर हाईस्कूल, हापुड़ (1982) के संस्थापक हैं । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के 1987–89 में सदस्य रहे हैं । वर्तमान में उ० प्र० कांग्रेस कमेटी के सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी, गाजियाबाद 'किसान प्रकोष्ठ' के अध्यक्ष, श्री सरस्वती शिक्षा प्रसार समिति, हापुड़ के सदस्य, शहीद स्मारक समिति, हापुड़ के आजीवन सदस्य तथा श्री रामलीला प्रबन्ध समिति हापुड़ के संरक्षक भी हैं ।

जनसेवा में तथा बैडमिन्टन के खेल में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम-अटूटा, पोस्ट–बाबूगढ़, जिला-गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,07,183, कुल मतदान–1,27,815,

प्राप्त मत–1–श्री गजराज सिंह–59,865,

2–श्री बद्री प्रसाद बाल्मीकि–52,826 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**गजाधर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–112, डलमऊ,
जिला–रायबरेली।
दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री जगदीश सिंह। जन्म तिथि–31 दिसम्बर, 1951। जन्म-स्थान–ग्राम-आशापुर (रायबरेली)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातक (लखनऊ वि० वि०)। विवाह तिथि–जून, 1969 में। पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी। सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आपने पार्टी आन्दोलनों में भाग लिया है। क्षेत्र समिति डीह के ब्लाक प्रमुख 1983 से 1993 तक तथा जिला युवक मंगल दल, रायबरेली के अध्यक्ष 1976 से 1980 तक रहे हैं। जिला सहकारी बैंक लि० रायबरेली के संचालक रहे तथा अध्यक्ष 1990 से हैं। राजर्षि राम पाल सिह वैदिक कन्या हाई स्कूल के 1985 से, स्वामी रामतीर्थ विद्यालय, वीरगंज के 1984 से, सूर्यपाल सिंह विद्यालय, परदेसपुर के 1986 से तथा जन भारतीय विद्यालय परदेसपुर के 1991 से प्रबन्धक हैं। आचार्य द्विवेदी इण्टर कालेज रायबरेली के उपाध्यक्ष 1992 से हैं। अभिषेक सेवा संस्थान के अध्यक्ष 1990 से हैं।

समाज सेवा तथा सहकारिता आन्दोलन में आपकी विशेष रुचि है। खेलकूद, बैडमिन्टन तथा साहित्यिक अध्ययन आपको प्रिय हैं।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–जगतपुर, रायबरेली।

कुल मतदाता–2,17,276, कुल मतदान–1,29,728,

प्राप्त मत–1–श्री गजाधर सिंह–61,945,

2–श्री माधव बाजपेयी–30,093 (भारतीय जनता पार्टी)।



**गनपत सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–188, पनियारा,

जिला–महराजगंज।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री शिव मंगल सिंह। जन्म तिथि–15 दिसम्बर, 1949। जन्म-स्थान–सिरसिहवा, गैसड़ी। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–एम० ए०–मध्यकालीन इतिहास (गोरखपुर वि० वि०)। विवाह तिथि–6 जुलाई, 1967। पत्नी का नाम–श्रीमती रतन देवी सिंह। सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दल तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों में 1967 से 1977 के मध्य लगभग 30 बार गिरफ्तार होकर गोरखपुर, लखनऊ, तिहाड़ तथा दिल्ली जेलों में बन्दी रहे। विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के वर्ष 1989-91 में सदस्य रहे हैं। वर्ष 1965-66 में उपाध्यक्ष छात्र संघ बापू इण्टर कालेज, पीपीगंज, 1967-68 में छात्र संघ सेन्ट एण्ड्रयूज डिग्री कालेज के उपाध्यक्ष तथा 1968-69 में अध्यक्ष, 1970-71 में महामंत्री छात्र संघ गोरखपुर वि० वि० 1974–77 में संयुक्त मंत्री समाजवादी युवजन सभा तथा महामंत्री युवा जनता दल उ० प्र०, 1977 से 80 तक रहे हैं।

सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा फुटबाल, हाकी, बैडमिन्टन तथा क्रिकेट आदि खेल प्रिय हैं।

मुख्यावास–ग्राम–रामनगर, पोस्ट–बैदाबाजार, जिला–महराजगंज।

कुल मतदाता–2,04,156, कुल मतदान–1,25,074,

प्राप्त मत–1–श्री गनपत सिंह–36,792,

2–श्री परशुराम पुत्र श्री हरिवंश–30,298 ( जनता दल)।

**गया चरन दिनकर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–317, बबेरू,

जिला–बांदा ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री छेदी लाल । जन्म तिथि–एक फरवरी, 1960 । जन्म-स्थान–गौरीखानपुर (बांदा) । धर्म–हिन्दू, जाति-अनुसूचित जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–4 मार्च, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती राम संवारी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई-जून, 1991 के निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी ब०स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1983 से आप एस० पी० एण्ड वी० एस०–गौरी खानपुर के मंत्री तथा एस० एस० जी० एम० गौरीखानपुर के प्रबन्धक हैं ।

शिक्षण एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-गौरीखानपुर, पोस्ट–ब्योंजा, तहसील–बबेरू, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–2,02,487, कुल मतदान–1,10,604,

प्राप्त मत–1–श्री गया चरन दिनकर–35,409,

2–श्री कृष्ण कुमार भारतीय–33,081 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**गिरीश नारायण पाण्डेय, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–111, सरैनी,

जिला–रायबरेली ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री त्रियुगी नारायण पाण्डेय । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1939 । जन्म-स्थान–शिवपुरी (गंगासो) । धर्म–हिन्दू वैदिक । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–1 जून, 1959 । पत्नी का नाम–श्रीमती वीणा पाण्डेय । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप पहली बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1975-76 में डी० आई० आर० के अन्तर्गत जिला जेल रायबरेली में 9 माह बन्दी रहे । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में 16 अगस्त, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक न्याय एवं विधायी मंत्री रह चुके हैं । आप सरस्वती शिशु मन्दिर के 10 वर्ष, सरस्वती विद्या मंदिर के 7 वर्ष, बाल कल्याण समिति के 10 वर्ष तथा बाजपेईपुर इण्टर कालेज, रायबरेली के अध्यक्ष 10 वर्ष तक रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–लालगंज, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,01,353, कुल मतदान–1,24,191,

प्राप्त मत–1–श्री गिरीश नारायण पाण्डेय–36,835,

2–श्री अशोक कुमार–34,954 (समाजवादी पार्टी) ।



**गोविन्द सिंह कुंजवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–10, अल्मोड़ा,
जिला–अल्मोड़ा ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० कर्मसिंह कुंजवाल । जन्म तिथि–25 मई, 1945 । जन्म-स्थान–ग्राम-कुंज (अल्मोड़ा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–1971 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मोहनी कुंजवाल । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप क्षेत्र समिति लमगड़ा, अल्मोड़ा के ब्लाक प्रमुख 10 वर्ष, जागभारती सेवा संस्थान धौलखेड़ा, नैनीताल के अध्यक्ष 5 वर्ष तथा पर्वतीय ग्राम स्वराज्य मण्डल, जयन्ती जिला अल्मोड़ा के व्यवस्थापक 24 वर्ष रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-कुंज, पोस्ट–जयन्ती, जिला–अल्मोड़ा ।

कुल मतदाता–1,86,918, कुल मतदान–80,724,

प्राप्त मत–1–श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल–33,850,

2–श्री पूरन चन्द्र शर्मा–27,300 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**गौरी शंकर एडवोकेट, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–99, मलिहाबाद (अ० जा०),

जिला–लखनऊ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० शिवराम । जन्म तिथि–25 अक्टूबर, 1945 । जन्म स्थान–जानिस नगर (इटावा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल–एल० बी०, एल० एस० जी० डी०, ऊर्दू तथा बंगाली डिप्लोमा (आगरा एवं इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–9 जून, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती संघ मित्रा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

1974 के चुनाव में आप प्रथम बार कांग्रेस टिकट पर, 1977 में जनता पार्टी, 1980 तथा 1985 में कांग्रेस तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार स० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । विधान सभा की लोक लेखा समिति के सभापति (1980–83), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति (1978–80) तथा (1983-84), प्रतिनिहित विधायन समिति (1984-85), कार्य मंत्रणा समिति (1977–79) और संसदीय शोध संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1974–77) के सदस्य रहे हैं । श्री नारायण दत्त तिवारी तथा श्री वीर बहादुर सिंह मंत्रि-मण्डल में 24-9-85 से राजस्व, नियोजन तथा ग्राम्य विकास राज्य मंत्री के पद पर प्रतिष्ठित रहे ।

आपको स्वाध्याय द्वारा मनोविनोद की रीति पसन्द है ।

मुख्यावास–2, राजभवन कालोनी, लखनऊ ।

कुल मतदाता–1,92,073, कुल मतदान–1,25,996,

प्राप्त मत–1–श्री गौरी शंकर–44,226,

2–श्री कौशल किशोर–37,808 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) ।

**घनश्याम शुक्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–160, मुजेहना,

जिला–गोण्डा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० चन्द्र शेखर शुक्ल । जन्म-तिथि–7 जनवरी, 1965 जन्म-स्थान–ग्राम दतौली बाजार (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–सीनियर कैम्ब्रिज (लखनऊ) । विवाह-तिथि–मई 1983 में । पत्नी का नाम–श्रीमती नन्दिता शुक्ल । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहली बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । बहुत छोटी आयु से ही आपने पार्टी के आन्दोलनों में भाग लिया और अनेक बार गोण्डा कारागार में बन्दी रहे । सम्बन्धियों से मिलने के लिए आपने नेपाल की यात्रा की है । भगौती प्रसाद शुक्ल आदर्श मा० वि० देहरा बाजार, गोण्डा से आप वर्ष 1979 से सम्बद्ध हैं । अपने क्षेत्र मुजेहना को विकास के रास्ते पर लाने के लिए आप कृत संकल्प हैं ।


सामाजिक सेवा, कृषि एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-ग्वालियर ग्रन्ट, पोस्ट–दतौली, जनपद गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,11,933, कुल मतदान–1,11,702,

प्राप्त मत–1–श्री घनश्याम शुक्ल–45,950,

2–श्री राम पाल सिंह (एड्वोकेट) पुत्र जगदेव–28,913 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**घूराराम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–221, रसड़ा (अ० जा०),

जिला–बलिया ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सहदेव राम । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–पहाड़पुर (बलिया) । धर्म–हिन्दू (मनुवादी व्यवस्था) । जाति–अनुसूचित जाति, चमार । शिक्षा–एम० ए०–समाज शास्त्र । विवाह–तिथि–1973 में । पत्नी का नाम–श्रीमती लालमुनी देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कभी-कभी कृषि संबंधी मजदूरी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सामाजिक आन्दोलन में आप जेल जा चुके हैं । आप नागरिक सामाजिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक 1980 से 1985, बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता 1985 से 1990 तक तथा ब० स० पा० के जिला अध्यक्ष 1990 से हैं ।


समाज सेवा तथा गरीबों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा गरीब जनता के सुख-दुःख में शामिल होना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम-पहाड़पुर, पोस्ट–चिलकहर, जनपद–बलिया ।

कुल मतदाता–2,07,168, कुल मतदान–1,03,698,

प्राप्त मत–1–श्री घूराराम–41,562,

2–श्री अनील–37,654 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**चन्द्र किशोर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–192, महराजगंज (अ० जा०),

जिला–महराजगंज ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शेरई । जन्म तिथि–7 जून, 1963 । जन्म-स्थान–बस्ती । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह–तिथि–23 अप्रैल, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती अर्चना । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए हैं । आप हैंडबाल एसोसिएशन, गोरखपुर के जिला अध्यक्ष 1991-92 में रहे । जेसीज क्लब के सदस्य 1986 से तथा व्यापार मण्डल एवं पेट्रोलियम एसोसिएशन, गोरखपुर के सदस्य 1982 से हैं ।


समाज सेवा तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-व पोस्ट–बोदवल, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–1,98,128, कुल मतदान–1,21,967,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्र किशोर–50,405,

2–श्री राम प्रीत जख्मी–28,328 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**चन्द्र भान मौर्य, श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–355, ऐत्मादपुर (अ० जा०),
जिला–आगरा ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बहोरी लाल । जन्म तिथि–17 अप्रैल, 1942 । जन्म स्थान–गढ़ी जोरी (आगरा) । धर्म–वैदिक हिन्दू । जाति– अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी० (आगरा वि० वि०) । पत्नी का नाम–श्रीमती चमेली देवी (दिवंगत) । सन्तान–चार पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

सर्वप्रथम 1977 में आप जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये । मार्च, 1985 के आम चुनाव में दूसरी बार लोकदल से, नवम्बर, 1989 और मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनैतिक आन्दोलनों में जिला जेल आगरा में कई बार राजनैतिक बन्दी रहे । विधान सभा की लोक लेखा समिति (1977-80) सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम, प्राक्कलन तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं । शिड्यूल कास्ट स्टूडेन्ट्स आर्गनाइजेशन के 1967 से 1971, लघु कृषक सेवा संस्थान आगरा के महामंत्री 1967 से 1980, आगरा कालेज-आगरा के ट्रस्टी 1970 से 1980 तक रहे हैं । उ० प्र० दलित हिन्दू परिषद के 1992 से अध्यक्ष हैं ।

ग्राम्य जीवन के उत्थान एवं पुस्तक अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।
मुख्यावास–सेठलाल बिल्डिंग, स्टेशन रोड, टूण्डला चौराहा, फिरोजाबाद ।
कुल मतदाता–2,19,791, कुल मतदान–1,00,042,
प्राप्त मत–1–श्री चन्द्रभान मौर्य–39,468,
2–श्री घनश्याम प्रेमी–38,825 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**चन्द्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–314, मोहम्मदाबाद,

जिला–फर्रुखाबाद।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–धीरपुर, जिला–फर्रुखाबाद।

कुल मतदाता–2,17,316, कुल मतदान–1,30,734,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू–47,955,

2–श्री नरेन्द्र सिंह यादव–35,508 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**चन्द्रमणि कान्त सिंह, (राजा भिनगा), श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–151, भिनगा,

जिला–बहराइच ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० युवराज अलक्षेन्द्र कान्त सिंह । जन्म तिथि–24 जुलाई, 1941 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट (कालविन कालेज, लखनऊ ) । विवाह तिथि–23 अक्टूबर, 1985 । पत्नी का नाम–रानी सुभाश्री देवी। सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

वर्ष 1969 में आप कांग्रेस पार्टी से प्रथम बार, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सन् 1974 से 1989 तक आप चुनावी राजनीति से अलग रहे । कार-सेवा प्रकरण में दिनांक 27 अक्टूबर से 7 नवम्बर, 1990 तक अस्थाई जिला कारागार (किसान डिग्री कालेज), बहराइच में बन्दी रहे । वर्ष 1966 से अब तक श्री अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, भिनगा के अध्यक्ष तथा 1987 से अब तक भिनगा किसान संघ के अध्यक्ष हैं । उदय प्रताप कालेज, वाराणसी की प्रबन्ध समिति के 1960 से आजीवन सदस्य हैं । हिन्दू कल्याण परिषद् भिनगा के संरक्षक 1988 से हैं । वाइल्ड लाइफ प्रीजर्वेशन सोसाइटी आफ इण्डिया के 1960 से, याचिंग एसोसियेशन के 1963 से, केनल क्लब आफ इण्डिया के 1956 से तथा नेशनल राइफल एसोसियेशन आफ इण्डिया के 1965 से आजीवन सदस्य हैं । 1992 में आप विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सभापति रहे हैं ।

वाइल्ड लाइफ, पर्यावरण एवं पर्यटन, कृषि और पशुपालन में आपकी विशेष रुचि रही है । फोटोग्राफी, याचिंग, शूटिंग-कम्पीटीशन, घुड़सवारी तथा डाग-ट्रेनिंग आपके प्रिय व्यसन हैं ।

मुख्यावास–वीरेन्द्र बाग पैलेस, भिनगा–271831, बहराइच ।

कुल मतदाता–2,08,072, कुल मतदान–99,352,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्रमणि कान्त सिंह–45,284,

2–श्री मो० रमजान–39,198 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**चन्द्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–31, कुन्दरकी,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० मेजर जनरल ठा० मिसरी चन्द । जन्म तिथि–18 दिसम्बर, 1950 । जन्म स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–आई० एस० सी० (दून स्कूल), बी० ए०, एल-एल० बी० (दिल्ली वि०वि०) । विवाह तिथि–सन् 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती हर्ष कुमारी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं पत्रकारिता ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दूरदर्शन के विरुद्ध जनता दल के जेल भरो आन्दोलन के नेतृत्व में गिरफ्तार होकर नई दिल्ली एवं बिलारी जेल में बन्दी रहे । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के वर्ष 1990-91 में सदस्य रहे । आप "रुहेलखण्ड आवाज" (साप्ताहिक) के सम्पादक, रानी प्रीतम कुंवर स्कूल, मुरादाबाद (1980) के संस्थापक हैं । आप 1983–86 में राष्ट्रीय संजय मंच उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष तथा 1989-91 में जनता दल उत्तर प्रदेश के महामंत्री रहे हैं । साथ ही इण्डिया इंटरनेशनल सेण्टर तथा दिल्ली जिमखाना क्लब, नई दिल्ली के आजीवन सदस्य, इसकौन के सदस्य तथा स्टेजडोर ग्रुप, दिल्ली के निदेशक हैं । पर्यटन और अध्ययन के लिये आपने सिंगापुर, यूरोप, मिस्र, इंग्लैण्ड, जर्मनी, फ्रांस और स्विटजरलैण्ड आदि देशों की यात्रा की है ।

पत्रकारिता तथा शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकों का अध्ययन, बगवानी और वृक्षारोपण प्रिय हैं ।


मुख्यालय–नीलबाग, रूस्तम नगर, सहसपुर (बिलारी), जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,05,355, कुल मतदान–1,45,528,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा–73,083,

2–श्री अकबर हुसैन–49,795 (जनता दल) ।

---



**चन्द्र शेखर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–234, जखनियां (अ० जा०),
जिला–गाजीपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० पखन्डी राम । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1959। जन्म स्थान–रानीपुर (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1978 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शुभावती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

दलितोत्थान में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–रानीपुर, गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,36,189, कुल मतदान–1,19,702,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्रशेखर–62,861,

2–श्री राम दुलार राम–35,121 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**चन्द्र शेखर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–176, मेंहदावल,
जिला–बस्ती ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जगन्नाथ सिंह । जन्म तिथि–सन् 1925 में । जन्म स्थान–सोनबरसा (मेंहदावल) । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा–हाईस्कूल । पत्नी का नाम–श्रीमती ललिता रामकुमारी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम जनसंघ के टिकट पर 1967, 1974 में, जनता पार्टी से 1977 में, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में छठी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपने अनेक राजनैतिक आन्दोलनों में भाग लिया तथा तिहाड़ जेल, दिल्ली, गोरखपुर और बस्ती जेलों में अनेक बार बन्दी रहे । वर्ष 1977 से 1979 तक श्री राम नरेश यादव मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री (युवक कल्याण एवं खेलकूद) तथा कल्याण सिंह मंत्रिमंडल में पशुधन, दुग्ध विकास तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक रहे हैं । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे हैं ।


समाज सेवा तथा राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा हाकी, वालीबाल, ताश और शतरंज का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–सोनबरसा, मेंहदावल, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,07,888, कुल मतदान–1,17,320,

प्राप्त मत–1–श्री चन्द्र शेखर सिंह–37,439,

2–श्री अ० कलाम–26,554 (जनता दल) ।



**चरन सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–399, सिवालखास (अ० जा०),

जिला–मेरठ ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री नन्वा सिंह । जन्म तिथि–25 मई, 1947 । जन्म स्थान–सिवालखास । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–24 जून, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती धनवती । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप पहली बार मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भी जनता दल से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । जनता दल के राजनीतिक आन्दोलनों में आप कई बार मेरठ कारागार में तीन-तीन दिन तक बन्दी रहे हैं । आप विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के वर्ष 1990-91 में सदस्य रहे हैं । वर्ष 1980 से 1983 तक लोक प्रिय इण्टर कालेज, सिवालखास, मेरठ के मैनेजर एवं कोषाध्यक्ष रहे हैं ।

कृषि, सामाजिक कार्यों तथा जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी प्रिय है ।


मुख्यावास–मो०–महाजनान व हरिजनान, सिवालखास, मेरठ ।

कुल मतदाता–2,01,622, कुल मतदान–1,12,169,

प्राप्त मत–1–श्री चरन सिंह–45,041,

2–श्री अशोक कुमार गौतम–34,943 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**चेतराम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–61, पुवायां (अ० जा०),
जिला–शाहजहांपुर ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री लल्लू राम । जन्म तिथि–10 जुलाई, 1951 । जन्म स्थान–हंसपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–31 मई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती आशा देवी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

मार्च, 1985 के आम चुनाव में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1989 में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । बाढ़ पीड़ितों की सहायता तथा समाज कार्य करते रहे हैं ।

अध्ययन तथा खेल-कूद में आपको विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–हंसपुर, पोस्ट–जुगराजपुर, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,34,041, कुल मतदान–1,17,254,

प्राप्त मत–1–श्री चेतराम–34,354,

2–श्री रूप राम–31,726 (जनता दल) ।



**चैनसुख भारती, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–332, कोंच (अ० जा०),

जिला–जालौन ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मोहन लाल । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1943 । जन्म स्थान–ग्राम–मऊ कनार (जालौन)। धर्म–हिन्दू संस्कार से बौद्ध । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए०, एल० टी०, एन० सी० सी० (बी सर्टिफिकेट) । विवाह तिथि–जून, 1960 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राम कुंवर उर्फ जशोदा । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप बोधिसत्व डा० अम्बेडकर मानव कल्याण समिति, निजामपुर, जालौन के अध्यक्ष तीन वर्ष तक तथा ज्योतिबा फूले विद्यालय, कुठौंद, जालौन के अध्यक्ष एक वर्ष से हैं । अध्यापन के साथ-साथ आप गरीब छात्रों को निःशुल्क शिक्षा (ट्यूशन) भी देते हैं ।

समतामूलक समाजवादी समाज की स्थापना तथा सामाजिक न्याय हेतु अनवरत संघर्ष, सामाजिक चेतना से संबंधित साहित्य में तथा सामाजिक उत्थान के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–कुठौंद, तहसील व जिला–जालौन (उ० प्र०) ।

कुल मतदाता–1,87,378, कुल मतदान–1,04,332,

प्राप्त मत–1–श्री चैनसुख भारती–35,499,

2–श्री भानु प्रताप सिंह–31,609 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**छब्बू पटेल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–240, मुगलसराय,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सोमारू राम । जन्म तिथि–15 जून, 1946 । जन्म-स्थान–ग्राम–मढ़िया (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–25 जून, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती पार्वती देवी । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव द्वारा दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1977 में धारा 144 के उल्लंघन करने पर 15 दिन तथा अनेक बार आप सेन्ट्रल और जिला जेल, वाराणसी में बन्दी रहे । विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य 1991-92 में रहे हैं । नियमताबाद वाराणसी के ब्लाक प्रमुख 1988 से 1990 तक, बी० डी० सी० के सदस्य 1982 से 1988 तक, वन स्थायी समिति के सदस्य 1991-92 तथा जोनल रेलवे यूजर्स कमेटी पू० रेलवे कलकत्ता के सदस्य 1991 से हैं । सन् 1988 में ग्राम मढ़िया पड़ाव के ग्राम प्रधान भी रहे हैं । वी० पी० हायर सेकेंड्री स्कूल, वाराणसी तथा छत्रपति शिवाजी इण्टर कालेज, खजुरौल, मिर्जापुर की प्रबन्ध समिति के आजीवन सदस्य हैं । जन विकास हेतु आपने नैपाल की यात्रा की है ।


जनसेवा, अध्ययन तथा देश-विदेश के समाचार एवं विकास कार्यक्रम में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–मढ़िया, पोस्ट–कुष्ठ सेवा आश्रम, पड़ाव, रामनगर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,25,021, कुल मतदान–1,21,020,

प्राप्त मत–1–श्री छब्बू–59,267,

2–श्री मो० हलीम–44,674 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**छोटे लाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–87, बावन (अ० जा०),

जिला–हरदोई ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री नारायण । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1943 । जन्म-स्थान–उत्तर प्रदेश। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक, 1971 से 1977 तक लेखा परीक्षक रहे । विवाह तिथि–11 मई, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी। सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1967 से 1971 तक विवेकानन्द शिक्षा निकेतन, बावन, हरदोई में गणित अध्यापक के रूप में आपने निःस्वार्थ सेवा किया । वर्ष 1984 से 1990 तक ऊदन सिंह माध्यमिक शिक्षा निकेतन, देवलाल के अध्यक्ष रहे ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा टी० वी० फिल्म देखना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम–सरंगापुर, पोस्ट–सकरा, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–1,88,278, कुल मतदान–95,422,

प्राप्त मत–1–श्री छोटे लाल पुत्र नरायन–38,464.

2–श्री संदीप वर्मा–27,440 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**छोटे लाल यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–143, नवाबगंज,

जिला–बाराबंकी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।


मुख्यावास–ग्राम–गोपालपुर, पो०–देवां, बाराबंकी ।

कुल मतदाता–2,17,009, कुल मतदान–1,27,022,

प्राप्त मत–1–श्री छोटे लाल यादव–56,339,

2–श्री सुन्दर लाल यादव–32,907 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**छोटे लाल वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–353, फतेहाबाद,

जिला–आगरा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जगजीत सिंह । जन्म तिथि–7 जुलाई, 1953 । जन्म-स्थान–नगला देवहंस डॉकी (आगरा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–14 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती माया देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा ठेकेदारी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अप्रैल, 1991 से अप्रैल, 1993 तक निषाद सभा के जिला अध्यक्ष रहे हैं ।

जनसेवा, जनहित के कार्य तथा जनता को शिक्षित करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–नगला देवहंस, पोस्ट–डॉकी, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–1,87,254, कुल मतदान–88,846,

प्राप्त मत–1–श्री छोटे लाल वर्मा–35,233,

2–श्री विजय पाल सिंह–20,956 (जनता दल) ।

---

**जगत सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–412, थाना भवन,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–चौसाना, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,05,132, कुल मतदान–1,35,660,

प्राप्त मत–1–श्री जगत सिंह–52,707,

2–श्री अमीर आलम खां–38,992 (निर्दलीय) ।

---



**जगदम्बा सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–165, हरैया,
जिला–बस्ती ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० बदल सिंह । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1942 । जन्म स्थान–छतौना (बस्ती) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, जे० टी० सी० एवं बी० एड० । विवाह तिथि–1957 में । पत्नी का नाम–श्रीमती कैलाशा देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । अक्टूबर, 1990 में श्री रामजन्म भूमि आन्दोलन में अस्थायी कारागार (राजकीय कन्या इण्टर कालेज) बस्ती में आप दस दिन बन्दी रहे । वर्ष 1992 में आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति के सदस्य रहे हैं । आप सन् 1983 से 88 तक भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष तथा 1988 से 1991 तक क्षेत्र समिति, विक्रमजोत (बस्ती) के ब्लाक प्रमुख रहे हैं ।

अध्यापन एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल-कूद (वालीबाल) मनोविनोद का साधन है ।

मुख्यावास–ग्राम–विक्रमजोत बाजार, पो०–शंकरपुर, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,30,344, कुल मतदान–1,16,926,

प्राप्त मत–1–श्री जगदम्बा सिंह–36,727,

2–श्री अनिल सिंह–35,096 (जनता दल) ।

---

**जगदम्बिका पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–168, बस्ती,

जिला–बस्ती ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री सूर्य बक्श पाल । जन्म तिथि–21 अक्टूबर, 1950 । शिक्षा–एम० ए० (प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र), एल-एल० बी० । विवाह तिथि–13 जुलाई, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती स्नेह लता पाल । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–खेती और वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य तथा 31 जुलाई, 88 से नवम्बर, 89 तक उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं । आपने रक्तदान तथा रक्तदान शिविर आयोजित किये, वृक्षारोपण तथा दहेज विरोधी विवाह, सफाई अभियान तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ राहत शिविर भी आयोजित किये । एन० सी० सी० में सीनियर अण्डर आफिसर तथा कई कैम्प में भाग लिया । आप जिला युवा कांग्रेस कमेटी बस्ती के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय छात्र संगठन और उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महामंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप विधान सभा में अपने दल के मुख्य सचेतक हैं । आपने थाइलैंड, नेपाल, सिंगापुर, इंग्लैण्ड और जर्मनी की यात्रा की है।

अध्ययन, खेल (हाकी, फुटबाल) और सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–पाल भवन, रामेश्वर पुरी, गांधी नगर, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,16,535, कुल मतदान–1,28,745,

प्राप्त मत–1–श्री जगदम्बिका पाल–40,347,

2–श्री विजयसेन सिंह–35,002 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**आचार्य जगदीश मुनि, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–422, हरिद्वार,

जिला–हरिद्वार।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री जपला ऋषि। जन्म तिथि–2 जुलाई, 1942। जन्म स्थान–मुगलपुर (हिसार, हरियाणा)। धर्म–हिन्दू (साधु)। शिक्षा–स्नातकोत्तर, दर्शन आचार्य (पंजाब वि० वि० चण्डीगढ़), वेदान्त आचार्य, (वाराणसी संस्कृत वि० वि०)। व्यवसाय–सन्यास दीक्षा (1954 से), जनसेवा।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1962 से आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सम्बद्ध हैं। वर्ष 1967 में गौरक्षा आन्दोलन हेतु जन जागरण कार्य में आपने भाग लिया। श्री राम जन्म भूमि मुक्ति संबंधी सभी आन्दोलनों तथा सम्मेलनों में आपने भाग लिया तथा एक लाख राम भक्तों सहित इलाहाबाद से प्रस्थान कर नौ दिन जेल में बन्दी रहे, तत्पश्चात् अयोध्या पहुंचे। अनेक धार्मिक सम्मेलनों और पदयात्राओं का आयोजन तथा देशाटन द्वारा धार्मिक प्रचार कार्य आपने किया है। आप हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष 9 वर्ष, मानव धर्म मिशन उत्तरांचल के अध्यक्ष 7 वर्ष, महावीर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष 18 वर्ष, सन्त मण्डल धर्मार्थ ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष 16 वर्ष, अ० भा० श्री सन्त मण्डल के महामंत्री तथा धर्म संसद के सभासद 9 वर्ष रहे हैं।

जनसेवा, समाज सुधार, आध्यात्म साधना तथा स्वाध्याय में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–सन्त मण्डल आश्रम, भीमगोड़ा, हरिद्वार।

कुल मतदाता–2,17,379, कुल मतदान–1,51,720,

प्राप्त मत–1–श्री जगदीश मुनि–59,969,

2–श्री अम्बरीष कुमार–44,882 (जनता दल)।

**जगन्नाथ प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–67, मोहम्मदी (अ० जा०),

जिला–खीरी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री बद्री प्रसाद । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1919 । जन्म-स्थान–ग्राम–मुन्डा (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू (राधास्वामी मतावलम्बी) । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1943 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्यावती । सन्तान–3 पुत्र, 3 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि– ।

आप 1952 में कांग्रेस तथा 1957 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी विधान सभा के सदस्य रहे हैं । 1967, 1977 में निर्दलीय तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1985 में लोक सभा के सदस्य चुने गये । 13 मई, 1978 को विधान सभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा 1979-80 में कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे । मई, 1971 से मार्च, 1974 तक राजस्व एवं स्वास्थ्य उप मंत्री रहे हैं । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री तथा आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के सदस्य रहे हैं । चन्द्रिका प्रसाद नेशनल इण्टर कालेज ऊगू के संस्थापक, ट्रस्टी तथा उपाध्यक्ष अब तक हैं । आपने गांव समाज तथा सीलिंग की अतिरिक्त भूमि का भूमिहीनों में वितरण कराया एवं कब्जा दिलवाया । सन् 1979 में प्रसाइडिंग आफिसर्स कांफ्रेन्स में भाग लेने के लिये आपने इंडोनेशिया, जापान, होनुलूलू, बहामा (नसाऊ), उत्तर अमेरिका, कनाडा, इंग्लैण्ड आदि की यात्रा की है ।

कृषि कार्यों एवं भक्ति साहित्य में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मुण्डा, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,28,160, कुल मतदान–1,19,319,

प्राप्त मत–1–श्री जगन्नाथ प्रसाद–41,262,

2–श्री लालवीर दिनकर–40,071 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**जगरनाथ चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–252, केराकत (अ० जा०),

जिला–जौनपुर, ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री वंशलाल । जन्म तिथि–20 जुलाई, 1963 । जन्म-स्थान–मझगवां कलां (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए० । विवाह तिथि–1990 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी । व्यवसाय–राजनीति ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । दलित शोषित समाज संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष 1982 से 1988 तक रहे हैं । भाईचारा आन्दोलन के तहत छुआछूत मिटाकर जाति विहीन समाज की स्थापना के लिये संघर्षरत हैं ।

बहुजन समाज के उत्थान तथा ब्राम्हणवाद के जड़ से उन्मूलन, बहुजन साथियों से बातचीत करने एवं निर्बलों की समस्याओं पर गहराई से विचार करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मझगवां कला, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,31,562, कुल मतदान–1,12,149,

प्राप्त मत–1–श्री जगरनाथ चौधरी–49,041,

2–श्री राम सागर–38,184 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**जगराम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–293, सरसौल,

जिला–कानपुर नगर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–चौ० हरमोहन सिंह (सदस्य राज्य सभा) । जन्म तिथि–3 जून, 1950 । जन्म-स्थान–कानपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–27 मई, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुशीला यादव । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) ।

मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप कानपुर जेल में एक सप्ताह बन्दी रहे । आप सभासद नगर महापालिका कानपुर (1989-94 के लिए), नगर लोकदल के महामंत्री (1985–88) तथा उपाध्यक्ष, समाजवादी जनता पार्टी (1990-91) हैं । आप अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी रहे हैं । आपने पर्यटन हेतु नेपाल की यात्रा की है ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है । टी० वी० कार्यक्रम देखना, पर्यटन एवं फोटोग्राफी आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–66, एच० आई० जी०, रतनलाल नगर, कानपुर ।

कुल मतदाता–2,10,256, कुल मतदान–1,29,739,

प्राप्त मत–1–श्री जगराम सिंह यादव–47,932,

2–श्री सोमनरायन शुक्ल–33,900 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**जगवीर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–377, खैर,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री हरबंश सिंह । जन्म तिथि–10 दिसम्बर, 1940 । जन्म स्थान–पलसेंडा। धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–1958 में । पत्नी का नाम–श्रीमती हरबीरी देवी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार लोक दल से, नवम्बर, 1989 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में जनता दल से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1978 में धारा–151 के अन्तर्गत आप पार्टी आन्दोलन में जिला कारागार, अलीगढ़ में बन्दी रहे । सरला पालीवाल कन्या इण्टर कालेज, पालीवाल के 1986 से अध्यक्ष हैं ।

राजनीति, सामाजिक कार्यों, जन-सम्पर्क एवं सामाजिक समस्याओं को हल करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–सरसौल, चौधरी होटल एण्ड रेस्टोरेन्ट, जी० टी० रोड, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,01,925, कुल मतदान–1,11,655,

प्राप्त मत–1–श्री जगवीर सिंह–25,785,

2–श्री चन्द्र प्रकाश–21,328 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---

**जदुरानी, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–85, अहिरोरी (अ० जा०),

जिला–हरदोई ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–बक्सापुर, पोस्ट–कुईयां, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–1,85,842, कुल मतदान–90,617,

प्राप्त मत–1–श्रीमती जदुरानी–36,431,

2–श्री राम सेवक–24,964 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**जमुना प्रसाद मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–121, अमेठी,

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० पं० अम्बिका प्रसाद मिश्र । जन्म तिथि–16 जुलाई, 1937 । जन्म-स्थान–पूरेशीतल, जंगल रामनगर, अमेठी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी०, एल० एस० जी० डी० । विवाह तिथि–1953 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शिवकान्ती देवी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1971 में बंगलादेश आन्दोलन तथा धारा 107, 116 व डी० आई० आर० के अन्तर्गत वर्ष 1971 से 1993 तक मध्य तिहाड़ जेल तथा सुल्तानपुर जेल में लगभग 20 बार बन्दी रहे । आप अमेठी के ब्लाक प्रमुख वर्ष 1973 से 1978 एवं 1983 से 1988, श्री देवी पाटन विद्यालय, अमेठी के संस्थापक तथा श्री रणवीर रणन्जय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अमेठी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वर्ष 1988 से अब तक हैं ।

ग्राम विकास में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–चाणक्यपुरी टाउन, अमेठी, जनपद–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–1,97,373, कुल मतदान–95,661,

प्राप्त मत–1–श्री जमुना मिश्र–23,270,

2–श्री राधेश्याम यादव–19,503 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**जयपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–398, खरखौदा,

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री प्रेम सिंह । जन्म तिथि–19 नवम्बर, 1939 । जन्म-स्थान–ग्राम–नालपुर (मेरठ) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (गूजर) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट तथा टेक्निकल डिप्लोमा । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1978 में कांग्रेस पार्टी आन्दोलन में आप 3 बार जेल गये । गूजर समाज सुधार सभा के राष्ट्रीय सचिव 3 वर्ष तथा राष्ट्रीय गूजर विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष 1991 से हैं ।

कृषि तथा समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है । वर्ष 1962 से विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ने के साथ ही 1967 से लगातार राजनीति में रहते हुए राष्ट्रीय तथा प्रदेश स्तर के संगठनों में पदाधिकारी रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–नालपुर, पोस्ट–खरखौदा, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–2,00,830, कुल मतदान–1,14,682,

प्राप्त मत–1–श्री जयपाल सिंह–38,791,

2–श्री प्रभु दयाल सिंह–33,729 (जनता दल) ।

**जय प्रताप सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–174, बांसी,

जिला–सिद्धार्थनगर।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री रुद्र प्रताप सिंह । जन्म तिथि–7 सितम्बर, 1953 । जन्म-स्थान–डुमरांव (आरा, बिहार) । धर्म–हिन्दू । विवाह तिथि–19 जनवरी, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती बसुन्धरा कुमारी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, दूसरी बार मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में निर्दल तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-पोस्ट–नरकटाहा, जिला–सिद्धार्थनगर ।

कुल मतदाता–1,99,920, कुल मतदान–1,21,365,

प्राप्त मत–1–श्री जय प्रताप सिंह–60,240,

2–श्री लाल जी यादव–42,473 (समाजवादी पार्टी) ।

**जयराम कुशवाहा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–232, जमानिया,

जिला–गाजीपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावदि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–सब्बलपुर खुर्द, पोस्ट–सब्बलपुर कलां, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,30,838, कुल मतदान–1,30,810,

प्राप्त मत–1–श्री जयराम कुशवाहा–61,879,

2–श्रीमती शारदा चौहान–32,233 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**जयवीर सिंह भदौरिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–304, इटावा,

जिला–इटावा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अभिलाष सिंह । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1955 । जन्म-स्थान–उदी (इटावा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–24 जनवरी, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती स्नेहलता । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन आन्दोलन में 1992 में जिला कारागार, इटावा में आप एक दिन बन्दी रहे । बढ़पुरा (इटावा) के ब्लाक प्रमुख 1988 से 1993 तक रहे हैं । दस्यु ग्रस्त क्षेत्र के विकास एवं दस्यु उन्मूलन से संबंधित कार्यक्रमों में आप भाग लेते रहे हैं ।

जनसेवा, समाचार पत्र पढ़ने तथा राजनीतिक क्रियाकलापों में भाग लेने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–उदी, जनपद–इटावा ।

कुल मतदाता–2,12,078, कुल मतदान–1,18,646,

प्राप्त मत–1–श्री जयवीर सिंह भदौरिया–56,351,

2–श्री अशोक दुबे–47,635 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**जवाहर यादव उर्फ पंडित, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–270, झूंसी,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–172, अशोक नगर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,05,220, कुल मतदान–1,30,537,

प्राप्त मत–1–श्री जवाहर यादव उर्फ पंडित–69,228,

2–श्रीमती सुशीला सिंह–42,387 (जनता दल) ।

---

**जवाहर लाल दिवाकर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–272, प्रतापगढ़,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सरांय ममरेज, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,19,663, कुल मतदान–1,29,514,

प्राप्त मत–1–श्री जवाहर लाल दिवाकर–56,967,

2–श्री श्याम सूरत उपाध्याय–29,285, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



*** जसवंत सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–297, सरवन खेड़ा,
जिला–कानपुर देहात,
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मान सिंह यादव । जन्म तिथि–25 नवम्बर, 1963 । जन्म स्थान–ग्राम–मुरीदपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–विधि स्नातक । विवाह तिथि–26 जनवरी, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती मनोरमा यादव । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए । जन-आन्दोलन में वर्ष 1993 में कानपुर सेन्ट्रल जेल में धारा 151 के अन्तर्गत आप तीन दिन बन्दी रहे हैं ।

सामाजिक कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट और बच्चों के साथ खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मुरीदपुर, पोस्ट–लालपुर, जिला–कानपुर देहात ।

कुल मतदाता–2,13,109, कुल मतदान–1,37,156,

प्राप्त मत–1–श्री जसवंत सिंह यादव–41,730,

2–श्री सन्तोष शुक्ल–38,788 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

* दिनांक 12 जुलाई, 1994 को माननीय श्री जसवंत सिंह जी का निधन हो गया । अतः 12 जुलाई, 1994 से उक्त स्थान रिक्त हो गया है ।

**जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ**

**पप्पू भइया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–184, पिपराइच,

जिला–गोरखपुर ।

दल–निर्दलीय ।

नवम्बर, 1993 के निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–मो० दिलेताकपुर, गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,02,198, कुल मतदान–1,21,637,

प्राप्त मत–1–श्री जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भइया–37,732,

2–श्री जमुना निषाद–36,922 (समाजवादी जनता पार्टी) ।



**जुगेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–44, बदायूं,

जिला–बदायूं ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हीरा सिंह । जन्म तिथि–2 अप्रैल, 1940 । जन्म-स्थान–पंजाब । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई-स्कूल । विवाह तिथि–31 दिसम्बर, 1961 । पत्नी का नाम–स्व० कृष्णावन्ती । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप वर्ष 1993-94 में नगरपालिका, बदायूं के अध्यक्ष रहे हैं । इसके अतिरिक्त चार वर्ष गुरुद्वारा समिति, दो वर्ष छः माह हनुमान मन्दिर तथा एक वर्ष तक लायन्स क्लब के भी अध्यक्ष रहे हैं । भ्रमण हेतु आपने सिंगापुर, हांगकांग और बैंकाक की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–मोहल्ला–वाहमपुर 46 ए, बदायूं ।

कुल मतदाता–2,13,383, कुल मतदान–1,24,995,

प्राप्त मत–1–श्री जुगेन्द्र सिंह–40,825,

2–श्री कृष्ण स्वरूप–40,097 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**जोखू लाल यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–271, हंडिया,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्री रंग बहादुर यादव । जन्म तिथि–16 अगस्त, 1956 । जन्म-स्थान–इलाहाबाद । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०एस-सी०, एल-एल०बी० (इलाहाबाद वि०वि०) । विवाह तिथि–फरवरी, 1978 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शोभा यादव । सन्तान–चार पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । छात्र-आन्दोलन में अनेक बार आप सैन्ट्रल जेल, नैनी इलाहाबाद में बन्दी रहे । वर्ष 1982–85 में सी०एम०पी० डिग्री कालेज इलाहाबाद छात्रसंघ के अध्यक्ष तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय की गणित परिषद् के मंत्री रहे ।

शिक्षा और जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–डुबकी खुर्द, पोस्ट–हंडिया (पृथ्वीपुर), जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,32,301, कुल मतदान–1,38,010,

प्राप्त मत–1–श्री जोखू लाल यादव–63,572,

2–श्री राकेशधर त्रिपाठी–33,795 (निर्दलीय) ।

---



**ज्योत्सना श्रीवास्तव, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–241, वाराणसी कैन्ट,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० विपिन बिहारी घोषाल । जन्म तिथि–2 मई, 1937 । जन्म-स्थान–वाराणसी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए०, पी-एच०डी० । विवाह तिथि–8 मई, 1970 । पति का नाम–श्री हरीश चन्द्र श्रीवास्तव । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी भा०ज०पा० से विधान सभा की सदस्य निर्वाचित हुई हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति तथा लोक लेखा समिति की सदस्य रही हैं । आपकी "राष्ट्ररत्न शिव प्रसाद गुप्त के राजनैतिक, आर्थिक विचार" शीर्षक पुस्तक ज्ञान मंडल लिमिटेड, वाराणसी तथा 'इंग्लैंड का आर्थिक इतिहास', चटर्जी प्रकाशन गोदौलिया–वाराणसी द्वारा प्रकाशित हुई है ।


अध्ययन एवं यात्रा करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–87, शिवाजी नगर, महमूरगंज, वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,35,670, कुल मतदान–1,19,478,

प्राप्त मत–1–श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव–51,388,

2–श्री अतहर जमाल लारी–35,388 (जनता दल) ।



**ज्वाला प्रसाद यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–259, मछलीशहर,

जिला–जौनपुर।

दल–जनता दल।

पिता–श्री राम फेर यादव। जन्म तिथि–24 जनवरी, 1951। जन्म-स्थल–ग्राम–जमालपुर (जौनपुर)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–बी०एस-सी०, एल-एल०बी०। विवाह तिथि–1972 में। पत्नी का नाम–श्रीमती जड़ावती देवी। सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–वकालत।

सर्वप्रथम 1989 में, दूसरी बार 1991 में तथा अब तीसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी आप जनता दल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। जन आन्दोलनों में आप अनेक बार जौनपुर कारागार में बन्दी रहे हैं। वर्ष 1980–83 तक आप श्री कृष्ण जू० हा० स्कूल नोनरा, मछलीशहर (जौनपुर) के प्रबन्धक रहे। सम्प्रति 1990 से इण्टर कालेज, मछलीशहर तथा राज बहादुर डिग्री कालेज, जौनपुर के उपाध्यक्ष हैं।


समाज सेवा मे आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम–जमालपुर, पोस्ट–मछलीशहर, जिला–जौनपुर।

कुल मतदाता–2,15,179, कुल मतदान–1,18,343,

प्राप्त मत–1–श्री ज्वाला प्रसाद यादव–35,825,

2–श्री समर बहादुर सिह चौहान–29,419 (भारतीय जनता पार्टी)।



**तिलकराज बेहड़, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–15, हल्द्वानी,

जिला–नैनीताल ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० दिलबाग राम बेहड़ । जन्म तिथि–एक फरवरी, 1957 । जन्म-स्थान–ग्राम–मलसा गिरधरपुर, रुद्रपुर (नैनीताल) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–6 मार्च, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती बीना बेहड़ । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सन् 1990 में जन आन्दोलनों के दौरान आप राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत एक माह हल्द्वानी और अल्मोड़ा कारागार में बन्दी रहे । आप जनता इण्टर कालेज के सदस्य, सरस्वती शिशु मन्दिर तथा राम लीला कमेटी के महामंत्री और रेड़ी यूनियन के संयोजक हैं ।

मुख्यावास–आवास विकास कालोनी, रुद्रपुर (नैनीताल) ।

कुल मतदाता–2,67,490, कुल मतदान–1,55,413,

प्राप्त मत–1–श्री तिलकराज बेहड़–58,271,

2–श्री अमर नाथ बांगा–35,448 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---

**तीरथ राज, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–261, राबर्ट्सगंज (अ०जा०),
जिला–सोनभद्र ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सुभग लाल । जन्म तिथि–24 दिसम्बर, 1946 । जन्म-स्थान सोनभद्र । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (उपजाति–वैसवार) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–27 दिसम्बर, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती जानकी देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, अध्यापन तथा पत्रकारिता ।

वर्ष 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भी भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । 188 आई०पी०सी० में अदालत उठने तक, डी०आई०आर० तथा जेल भरो आन्दोलन में आप चार बार मिर्जापुर कारागार में बन्दी रहे और उसी दिन छोड़ दिये गये । दस वर्षों से आप भारतीय विद्यालय, घोरावल के, छः वर्षों से विश्व हिन्दू परिषद् के तथा कई वर्षों से विजयगढ़ दुर्ग मेला समिति के सदस्य रहे हैं ।

जनसेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–गुरेठ, पो०–लोहामण्डी, जनपद–सोनभद्र ।

कुल मतदाता–2,81,968, कुल मतदान–1,28,568,

प्राप्त मत–1–श्री तीरथ राज–45,233,

2–श्री परमेश्वर दयाल–38,761 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**तुलसीदास राय चन्दानी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–161, गोण्डा,
जिला–गोण्डा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सन्तराम रामचन्दानी । जन्म तिथि–सन् 1936 में । जन्म-स्थान–ग्राम सुल्तानपुर (जिला सखर, सिन्धु प्रदेश पाकिस्तान) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–जूनियर हाईस्कूल । विवाह तिथि–सन् 1960 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गोमती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) एवं सामज सेवा ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1974 में लेवी आन्दोलन में नौ दिन, 1990 में कारसेवा में 27 दिन धारा 151 के अन्तर्गत जिला कारागार गोण्डा और बाराबंकी में बन्दी रहे । आप स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, गोण्डा के अध्यक्ष पांच वर्ष, जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष तीन वर्ष, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पांच वर्ष, तथा जिला महामंत्री दो वर्ष रहे हैं । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से भी सम्बद्ध हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद, विशेष तौर पर क्रिकेट एवं कबड्डी का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–दयानन्दनगर, जिला–गोण्डा (उ०प्र०) ।

कुल मतदाता–2,09,423, कुल मतदान–1,07,359,

प्राप्त मत–1–श्री तुलसीदास राय चन्दानी–47,335,

2–श्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह–28,656 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**तुलाराम सैनी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–26, हसनपुर,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रोशन लाल सैनी । जन्म तिथि–एक मार्च, 1939 । जन्म-स्थान–हसनपुर (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम-० ए०, बी०टी० (मुरादाबाद) । विवाह तिथि–21 जून, 1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती भगवती सैनी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, अध्यापन (सुखदेवी इण्टर कालेज, हसनपुर) ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप वर्ष 1981 एवं 1990 में धारा 151 के उल्लंघन में एक दिन और एक रात के लिए क्रमशः मुरादाबाद और बिजनौर जेलों में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रहे । आप अमन कमेटी हसनपुर के महामंत्री वर्ष 1975 से 78 तक, जिला सैनी सभा के अध्यक्ष 1982 से 86 तक रहे हैं ।

कृषि एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और पत्रिकाएं पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–होलीवाला, पो०–हसनपुर, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–1,91,797, कुल मतदान–1,34,797,

प्राप्त मत–1–श्री तुलाराम सैनी–45,069,

2–श्री रिफाकत–33,576 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**तेजपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–23, चांदपुर,

जिला–बिजनौर ।

दल–निर्दलीय ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–मो०–मण्डीकोटला, चांदपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,28,163, कुल मतदान–1,49,429,

प्राप्त मत–1–श्री तेजपाल सिंह–37,540,

2–श्री अमर सिंह–37,148 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**तेजपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–364, छाता,

जिला–मथुरा ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री लौहरे सिंह । जन्म तिथि–5 सितम्बर, 1949 । जन्म स्थान–विडौरा (मथुरा) । धर्म–हिन्दू (सनातन) । शिक्षा–स्नातकोत्तर (आगरा विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–12 दिसम्बर, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा सिसौदिया । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ट्रांसपोर्ट ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के लिए चुने गये हैं ।

जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन एवं खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–विडौरा, पोस्ट–नौगांव, तहसील–छाता, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–1,99,141, कुल मतदान–1,18,444,

प्राप्त मत–1–श्री तेजपाल सिंह–37,154,

2–श्री किशोरी श्याम–32,767 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**तेज पाल सिंह पवांर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–421, लक्सर,

जिला–हरिद्वार ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–चौ० धर्म सिंह । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1938 । जन्म-स्थान–ग्राम–दुगचाड़ी (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी-जाति–(गूजर) । शिक्षा–स्नातकोत्तर (आगरा वि०वि०), बी०एड्० (राजस्थान वि०वि०) । विवाह तिथि–फरवरी, 1954 में । पत्नी का नाम–श्रीमती चम्पारानी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि और अध्यापन (प्रधानाचार्य) ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में भी दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन के अन्तर्गत आप खुली जेल (स्पोर्ट्स स्टेडियम) बुलन्दशहर में दो दिन बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा नियम समिति के आप सदस्य रहे हैं । दयानन्द बाल विद्या मन्दिर झवरेड़ा के आप संस्थापक एवं अध्यक्ष 1980 से हैं । डी०ए०वी० इण्टर कालेज, झबरेड़ा के 1963 से प्रधानाचार्य हैं । किसान जू०हा० स्कूल कोटवाल (हरिद्वार) के संस्थापक एवं अध्यक्ष 1982 से 1985 तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, और विश्वहिन्दू परिषद्, झवरेड़ा खण्ड के क्रमशः संघ चालक तथा अध्यक्ष मई 1991 तक रहे हैं । झबरेड़ा में सरस्वती राजकीय कन्या हाईस्कूल तथा सरस्वती नगर (झबरेड़ा) में नवोदय विद्यालय खुलवाने हेतु आपने कुल 34 एकड़ भूमि दान में दिलवायी तथा भवन निर्माण में सहयोग किया । समाज सेवा एवं शिक्षा प्रसार में आपकी रुचि है तथा धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन एवं खेलकूद प्रिय है । मुख्यालय–कस्बा–झबरेड़ा, जिला–हरिद्वार ।

कुल मतदाता–1,91,457, कुल मतदान–1,40,146,

प्राप्त मत–1–श्री तेजपाल सिंह पवांर–36,793,

2–श्री कुलबीर सिंह–35,612 (जनता दल) ।



**तेजभान सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–122, गौरीगंज,

जिला–सुल्तानपुर,

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० गिरजा बख्श सिंह । जन्म तिथि–18 दिसम्बर, 1944 । जन्म-स्थान–अचलपुर (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट (इन्दौर म०प्र०) । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर, मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपात्काल में आप छः माह धारा 151, 107/116/147 आदि के अन्तर्गत लखनऊ, कानपुर, रायबरेली, सुल्तानपुर तथा बाराबंकी कारागार में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक 1960 से 65 तक, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी के संगठन मंत्री 1965 से 72 तक, तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री वर्ष 1980–82 तक रहे हैं ।


कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा भारतीय खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–अचलपुर, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,04,594, कुल मतदान–93,184,

प्राप्त मत–1–श्री तेजभान सिंह–35,028,

2–श्री शिव हरि विजय–23,750 (समाजवादी पार्टी) ।



**त्रिपाल सिंह धामा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–402, बरनावा,
जिला–मेरठ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री महावीर सिंह । जन्म तिथि–15 मई, 1956 । जन्म-स्थान–ग्राम–बिनौली (मेरठ) । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–जून, 1973 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुबलेश । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । किसान सेवा सहकारी समिति, बिनौली (मेरठ) के आप तीन वर्ष सभापति रहे हैं ।

सामाजिक सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–बिनौली, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–1,99,859, कुल मतदान–1,15,696,

प्राप्त मत–1–श्री त्रिपाल सिंह धामा–34,543,

2–श्री सतेन्द्र सोलंकी–34,356 (जनता दल) ।

---

**दयासिंधु शंखधर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–40, बिसौली,

जिला–बदायूं ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–इस्लामनगर, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–1,96,134, कुल मतदान–1,25,002,

प्राप्त मत–1–श्री दयासिन्धु शंखधर–38,636,

2–श्री योगेन्द्र कुमार–34,252 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---

**दरोगा प्रसाद सरोज, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–216, मेंहनगर (अ०जा०),

जिला–आजमगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–मोहनपुर, पटवांस, पोस्ट–माधोपुर धरांग, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,50,958, कुल मतदान–1,24,113,

प्राप्त मत–1–श्री दरोगा–43,768,

2–श्री रामजग–32,227 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी) ।



**दल बहादुर कोरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–113, सलोन (अ०जा०),
जिला–रायबरेली ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामस्वरूप । जन्म तिथि–28 जुलाई, 1957 । जन्म-स्थान–ग्राम पदमनपुर बिजौली (रायबरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति कोरी । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–वर्ष 1973 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राज कुमारी । सन्तान--तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । जन आन्दोलन में आप धारा 107 के अन्तर्गत रायबरेली जेल में छः दिन बन्दी रहे । आप दो वर्ष भाजपा के जिला मंत्री और पांच वर्ष कोरी समाज के मंत्री रहे हैं ।

जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट व प्राकृतिक दृश्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम--पदमनपुर, पोस्ट–परशेदपुर, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,05,374, कुल मतदान–1,01,660,

प्राप्त मत–1–श्री दलबहादुर कोरी–37,402,

2–श्री बिन्देश्वरी प्रसाद–29,860 (समाजवादी पार्टी) ।

**दिलीप कुमार वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–148, महसी,

जिला–बहराइच ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–नौतला, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,12,641, कुल मतदान–1,17,312,

प्राप्त मत–1–श्री दिलीप कुमार वर्मा–54,474,

2–श्रीमती नीलम सिंह–47,822 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**दीनानाथ चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–224, सिकन्दरपुर,
जिला–बलिया ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री जगन्नाथ चौधरी । जन्म तिथि–एक जुलाई, 1947 । जन्म-- स्थान–ग्राम–कठौड़ा (बलिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–7 अप्रैल, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती राधिका देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।


समाज सेवा एवं कृषि में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–कठौड़ा, तहसील–बांसडीह, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,16,192, कुल मतदान–1,13,929,

प्राप्त मत–1–श्री दीनानाथ चौधरी–40,198,

2–श्री राजधारी–33,249 (जनता दल) ।



**दीनानाथ भाष्कर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–238, चदौली (अ०जा०),

जिला–वाराणसी ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मोलू पहलवान । जन्म-स्थान–ग्राम–खेतरपाला (वाराणसी) । धर्म–मानव । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम०ए० (प्राचीन इतिहास, समाज शास्त्र), एल-एल०बी०, आई०टी०आई० । विवाह तिथि–6 मई, 1993 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज भाष्कर । व्यवसाय–सामाजिक कार्य ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । अनेक सामाजिक, छात्र एवं राजनीतिक आन्दोलनों में धारा–148, 309, 107 व 116 के अन्तर्गत चौकाघाट, सेन्ट्रल जेल, वाराणसी, कलकत्ता तथा जिला जेल, गाजीपुर में आप बन्दी रहे । सम्प्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में आप स्वास्थ्य, चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री हैं । दलित समाज संघर्ष समिति के आप जिलाध्यक्ष 1984 से 1987 तक रहे तथा वर्तमान में बहुजन समाज पार्टी वाराणसी के जिलाध्यक्ष हैं ।

सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–खेतरपाला, पो०–रामगढ़, वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,39,088, कुल मतदान–1,34,464,

प्राप्त मत–1–श्री दीनानाथ भाष्कर–58,181,

2–श्री रामजी–56,295 (भारतीय जनता पार्टी) ।

*** देवकी नन्दन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–96, भगवन्तनगर,

जिला–उन्नाव ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शिव नन्दन लाल । जन्म-तिथि–सम्वत् 1980 । जन्म-स्थान–ग्राम पाटन । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–जूनियर हाई स्कूल (उन्नाव) । विवाह तिथि–7 मार्च, 1943 को । पत्नी का नाम–श्रीमती राजरानी । व्यवसाय–कृषि एवं लकड़ी का व्यापार ।

प्रथम बार वर्ष 1977 में आप जनता पार्टी, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये । अनेक आन्दोलनों के दौरान, आपातकाल में मीसा के अन्तर्गत कई बार उन्नाव और लखनऊ कारागार में बन्दी रहे । आप पूर्व जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे । भाजपा के जिलाध्यक्ष, हुकमान इण्टर कालेज के अध्यक्ष, टण्डा, उन्नाव नयापुरवा व पाटन इण्टर कालेज की कार्यकारिणी के सदस्य आप दीर्घकाल से रहे । विद्यार्थी जीवन में फारवर्ड ब्लाक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भारतीय जनसंघ तथा भारतीय जनता पार्टी और अनेक धार्मिक संस्थाओं से आप सम्बद्ध रहे ।

कृषि कार्य, व्यापार एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन में आपकी विशेष रुचि रही है ।

मुख्यावास–ग्रा० एवं पो०–पाटन, जिला–उन्नाव ।


कुल मतदाता–2,18,245, कुल मतदान–1, 16,790,

प्राप्त मत–1–श्री देवकी नन्दन–40,681,

2–श्री शिव सागर लाल–26,127 (जनता दल) ।

---

* दिनांक 26 मार्च, 1994 को माननीय श्री देवकी नन्दन जी का निधन हो गया अतः 26 मार्च, 1994 से उक्त स्थान रिक्त हो गया है ।



**देवेन्द्र कुमार सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–326, महरौनी,

जिला–ललितपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० दिमान गजराज सिंह । जन्म-तिथि– 23 जुलाई, 1948 । जन्म-स्थान–मदनपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (राजपूत) । शिक्षा–एम० एस–सी० भौतिक शास्त्र । विवाह तिथि–9 फरवरी, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती गीता सिंह । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, नवम्बर, 1989 में दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 के अक्तूबर, माह में श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में आप लगभग 20 दिन जिला जेल उरई में बन्दी रहे । वर्ष 1988-89 में विधान सभा की नियम समिति के सदस्य रहे । इसके अतिरिक्त वर्ष 1985 से 87 तक आप भारतीय जनता युवा मोर्चा के महा मंत्री रहे हैं तथा 1987 से भा०ज०पा० प्रदेश कार्य समिति के सदस्य हैं ।


धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण एवं समाज सेवा के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा वन एवं वन्य जन्तुओं का अध्ययन और उन्हें देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मदनपुर, पो०–दिदौनियां, जिला–ललितपुर (उ० प्र०) ।

कुल मतदाता–2,23,330, कुल मतदान–1, 59,862,

प्राप्त मत–1–श्री देवेन्द्र कुमार सिंह–79,069,

2–श्री पूरन सिंह बुन्देला–61,556 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**दौलत राम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–80, हरगांव (अ०जा०),

जिला–सीतापुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री तिलक राम । जन्म-तिथि–7 अगस्त, 1937 । जन्म-स्थान–ग्राम–कोल्हारा (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा एम० ए०, बी० एड० (कानपुर वि० वि०)। विवाह तिथि–1955 में । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रकली । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

वर्ष 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब नवम्बर, 1993 में तीसरी बार भा०ज०पा० से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1990-91 में आप विधान सभा की याचिका समिति, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति के सदस्य तथा 1991-92 में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सभापति रहे हैं । दिनांक 16 अगस्त, 92 से 6 दिसम्बर, 92 तक आप कल्याण सिंह सरकार में मंत्री भी रहे हैं । माध्यमिक शिक्षक संघ के आन्दोलन में आप तीन दिन तक सीतापुर जिला जेल में तथा कारसेवा में जिला जेल लखीमपुर खीरी में 15 दिन बन्दी रहे । आप हरिजन आवास-विकास समिति, सीतापुर के वर्ष 1976 से महामंत्री हैं । पर्यटन के उद्देश्य से आपने नेपाल की यात्रा की है ।

सामाजिक सेवा तथा पठन-पाठन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–कोल्हारा, पो०–बरबटापुर, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–1,91,660, कुल मतदान–1,11,419,

प्राप्त मत–1–श्री दौलत राम–37,258,

2–श्री राम हेत–36,645, (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**धनराज यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–173, नौगढ़,
जिला–सिद्धार्थनगर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० क्षत्रपाल। जन्म-तिथि– 23 मार्च, 1930। जन्म-स्थान–ग्राम–पिपरा (बस्ती)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–साक्षर। विवाह तिथि–मार्च, 1942 में। पत्नी का नाम–श्रीमती पियारी देवी। व्यवसाय–कृषि।

सर्वप्रथम 1967 में आप भारतीय जनसंघ के टिकट पर विधान सभा के लिए चुने गये। मार्च, 1985 में, मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में तथा अब नवम्बर, 1993 में चौथी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। श्री कल्याण सिंह मंत्रि मण्डल में जून, 1991 से 6 दिसम्बर, 92 तक आप उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के राज्य मंत्री रहे। वर्ष 1970, 71, 75 और 76 में कुल आठ माह से अधिक समय तक दिल्ली जेल तथा जिला कारागार, बस्ती देवरिया और गोरखपुर में डी० आई० आर० तथा धारा 188 में बन्दी रहे। 1969 में बाढ़ से वचाव के लिए कूड़ा नदी को श्रमदान से खुदवाया जिससे 125 गावों का बाढ़ से बचाव हो गया। व्यक्तिगत रूप से आपने नेपाल की यात्रा की है। आपातकाल में नेपाल में भूमिगत रहे। आप सन् 1955 से 67 तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्य शिक्षक प्रचारक और तहसील कार्यवाह, 1970 से 72 तक विश्व हिन्दू परिषद् बस्ती के जिला संगठन मंत्री, 1973 से 74 तक भारतीय जनसंघ के जिला मंत्री, 1979 से 80 तक जनता पार्टी, बस्ती के जिलाध्यक्ष तथा 1980 से 89 तक भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति सिद्धार्थनगर नागरिक मंच के 1991 से अध्यक्ष हैं।


रचनात्मक समाजसेवा और अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–तेतरी बाजार, जिला–सिद्धार्थनगर।

कुल मतदाता–2,13,125, कुल मतदान–1,32,121,

प्राप्त मत–1–श्री धनराज यादव–60,973,

2–श्री मुहम्मद सईद भ्रमर–48,697 (समाजवादी पार्टी)।



**धनीराम वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–307, विधूना,

जिला–इटावा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम प्रसाद वर्मा । जन्म-तिथि– 7 अक्टूबर, 1930 । जन्म-स्थान–पुर्वा सुजान (इटावा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए०, एल० टी० । विवाह तिथि–अप्रैल, 1946 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राम देवी वर्मा । सन्तान– चार पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य ।

सर्वप्रथम 1980 के निर्वाचन में जनता (एस०) से औरैया (इटावा) निर्वाचन क्षेत्र से, तत्पश्चात् लगातार विधूना (इटावा) निर्वाचन क्षेत्र से, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 में चौथी बार समाजवादी पार्टी से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में वर्ष 1978 में बीस दिन, 1980 में तीन दिन तथा 1983 में दो दिन धारा 144/188 के अन्तर्गत सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ एवं जिला जेल इटावा में बन्दी रहे । वर्ष 1980–83 में विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा 1991 में लोक लेखा समिति के आप सदस्य रहे हैं ।

आप सन् 1964 से जून, 1991 तक श्री भगवान दास इण्टर कालेज, हरचन्दपुर के प्रधानाचार्य, श्री शिव इण्टर कालेज के संस्थापक एवं प्रबन्धक सन् 1965 से 70 तक तथा संरक्षक अब तक, श्री ज० इ० कालेज, पुर्वासुजान के प्रबन्धक 1970 से 84 तक तथा संरक्षक अब तक, जिला सहकारी बैंक, इटावा के उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी बैंक, इटावा के संचालक पांच वर्ष तथा बेसिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) अप्रैल, 1991 से जुलाई, 1991 तक रह चुके हैं । आप आर्य कन्या माध्यमिक विद्यालय, पुर्वासुजान के संरक्षक 1991 से, राम मनोहर लोहिया स्मारक महाविद्यालय, सुजानपुर की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष और सन् 1990 से श्रीमती रामदेवी जनहितकर कन्या माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान

ज्योति माध्यमिक विद्यालय-हरचन्दपुर (इटावा), श्री राम प्रसाद स्मारक पुस्तकालय एवं वाचनालय तथा जनता पुस्तकालय एवं वाचनालय याकूबपुर के प्रबन्धक हैं। सम्प्रति दिनांक 15 दिसम्बर, 1993 से आप उत्तर प्रदेश की इस बारहवीं विधान सभा के अध्यक्ष पद पर आसीन हैं।

अध्ययन अध्यापन, राजनीति एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करना एवं खेलकूद प्रिय हैं।


मुख्यावास–ग्राम–शिवपुरी, पोस्ट–पुर्वाभीखा, जिला–इटावा।

कुल मतदाता–2,01,710, कुल मतदान–1,22,889

प्राप्त मत–1–श्री धनीराम वर्मा–50,758,

2–श्री औसान सिंह–48,515 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**धर्मपाल यादव उर्फ डी० पी० यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–384, बुलन्दशहर,

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री तेजपाल यादव । जन्म तिथि–25 जुलाई, 1948 । जन्म-स्थान–सर्फाबाद । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–मई, 1965 में । पत्नी का नाम–श्रीमती उमलेश यादव । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं पत्रकारिता ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार जनता दल से, नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से तीसरी बार विधान सभा के लिए चुने गये हैं । दिसम्बर, 1990 से जून, 1991 तक आप श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । आप जिला कारागार सुल्तानपुर तथा बुलन्दशहर में रासुका (राजनैतिक) में पांच माह बन्दी रहे । आप वर्ष 1980 से श्री कृ इण्टर कालेज, गढ़ी चौखण्डी (गाजियाबाद) के प्रबन्धक तथा 1989 से सर्वोदय इण्टर कालेज, पीर विभावानी (बुलन्दशहर) के अध्यक्ष हैं ।

अध्ययन एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यायाम प्रिय है ।


मुख्यावास–सिविल लाइन, कोठिमात, बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,32,684, कुल मतदान–1,45,991,

प्राप्त मत–1–श्री धर्मपाल यादव उर्फ डी० पी० यादव–70,859,

2–श्री सतीश–58,801 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**धामूराम भास्कर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–132, जहांगीरगंज (अ०जा०),

जिला–फैजाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री टुनकी । जन्म तिथि–13 जुलाई, 1948 । जन्म-स्थान–ग्राम–सुलतानपुर, (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक, शास्त्री । विवाह तिथि–15 मई, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजपती । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते हुए न्याय दिलाने में आपकी विशेष रुचि है तथा गरीबों की भलाई करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–सुल्तानपुर, पोस्ट–धनुकारा, जिला–फैजाबाद (उ०प्र०) ।

कुल मतदाता–2,33,346, कुल मतदान–1,21,854,

प्राप्त मत–1–श्री धामूराम भास्कर–63,787,

2–श्री त्रिवेणी राम–40,215 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**धीरेन्द्र बहादुर सिंह कुंवर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–71, श्रीनगर,

जिला–खीरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मिदनिया गढ़ी, जिला–खीरी ।

कुल मतदाता–2,04,389, कुल मतदान–1,17,686,

प्राप्त मत–1–श्री कुंवर धीरेन्द्र बहादुर सिंह–53,253,

2–श्री कमलाकांत–38,745 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**धूराम चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–323, राठ,

जिला–हमीरपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री शम्भू दयाल । जन्म-तिथि–दिसम्बर, 1948 में । जन्म-स्थान–ग्राम-खेड़ा सिलाजीत । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा–हाई स्कूल । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 13 दिसम्बर, 1992 को बाबरी मस्जिद आन्दोलन में आप गिरफ्तार हुए तथा एक दिन हमीरपुर कारागार में और 22 दिन उप कारागार, महोबा में बन्दी रहे ।


समाज सेवा, जन समस्याओं का निदान, राजनैतिक और सामाजिक पुस्तकों का अध्ययन करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–विहगांव, तहसील–राठ, जिला–हमीरपुर ।

कुल मतदाता–1,95,805, कुल मतदान–1,24,838,

प्राप्त मत–1–श्री धूराम चौधरी–38,593,

2–श्री राजनरायन–36,875 (निर्दलीय) ।



**नजम उद्दीन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–274, नवाबगंज,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मोईनउद्दीन । जन्म-तिथि–25 मार्च, 1952 । जन्म-स्थान–महरौडा (उत्तर प्रदेश) । धर्म–इस्लाम (मुसलमान) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, बी० टी० सी० । विवाह तिथि–25 जून, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती नाजमा बीबी । सन्तान–पांच पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप भारतीय किसान मजदूर सेवा समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष 1980 से तथा अन्जुमन मोइजुल मुस्लमीन महरोडा सोरांव, इलाहाबाद के प्रबन्धक 1975 से हैं । भारतीय दलित किसान मजदूर सेवा समिति महरोडा, इलाहाबाद के अध्यक्ष प्रारम्भ से हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–महरोडा, इलाहाबाद (उ० प्र०) ।

कुल मतदाता–2,14,678, कुल मतदान–1,19,347,

प्राप्त मत–1–श्री नजम उद्दीन–52,442,

2–श्री प्रभा शंकर पाण्डेय–34,662 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**नन्द किशोर मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–198, सेवरही,

जिला–देवरिया ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

मई-जून, 1991 के निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–तरया, लक्ष्मीराम, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,14,627, कुल मतदान–1,12,515,

प्राप्त मत–1–श्री नन्द किशोर मिश्र–25,059,

2–श्री आनन्द प्रकाश–24,000 (निर्दल) ।

---



**नन्दलाल पासी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–123, जगदीशपुर (अ० जा०),

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री ठाकुरदीन । जन्म-तिथि–15 जनवरी, 1937 । जन्म-स्थान–ग्राम जलालपुर माफी (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–1948 में । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपातकाल में जिला कारागार सुल्तानपुर में डेढ़ वर्ष, जे० पी० आन्दोलन में जिला कारागार रायबरेली में 15 दिन, लखनऊ में एक सप्ताह, नैनी में दो सप्ताह तथा दिल्ली में एक सप्ताह धारा 36/43 डी० आई० आर०, 151 और 188 के अन्तर्गत आप बन्दी रहे ।

निर्बल, समाज की सेवा एवं दलितों के उद्धार में आपकी विशेष रुचि है तथा कमजोर के साथ मिलना और वार्तालाप करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम-जलालपुर माफी, पोस्ट-पूरबगांव,, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–1,90,117, कुल मतदान–84,463,

प्राप्त मत–1–श्री नन्दलाल पासी–37,511,

2–श्री दौलतराम–31,161 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**नन्दलाल सिंह पटेल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–268, करछना,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम कृपाल सिंह । जन्म-तिथि–28 जनवरी, 1952 । जन्म-स्थान–ग्राम-केशवपुर करछना (इलाहाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए०, एल–एल० बी० (इलाहाबाद) । विवाह तिथि–8 मई, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गए हैं । अनेक आन्दोलनों के दौरान वर्ष 1975, 82, और 90 में धारा 144 के अन्तर्गत केन्द्रीय कारागार, नैनी, इलाहाबाद में आप बन्दी रहे । आप अर्जक संघ और ई० सी० सी० कालेज, इलाहाबाद की हिन्दी परिषद् के मंत्री वर्ष 1972-73 में रहे हैं ।


सामाजिक परिवर्तन हेतु कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम-करेहा, पोस्ट–करछना, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,32,208, कुल मतदान–1,29,680,

प्राप्त मत–1–श्री नन्दलाल सिंह पटेल–56,124,

2–श्री रेवती रमण सिंह उर्फ मणि जी–37,299 (जनता दल) ।



**नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–275, इलाहाबाद उत्तरी,
जिला–इलाहाबाद ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री अर्जुन सिंह । जन्म-तिथि–30 मई, 1943 । जन्म-स्थान–तुर्तीपुर, जिला–हरदोई । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एस-सी०, डी० फिल् (इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–20 जून, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती अरविन्द सिंह । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में दिनांक 19 जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक आप उच्च शिक्षा, श्रम एवं सेवायोजन विभाग के मंत्री रहे । आप इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री एक वर्ष, महामंत्री तीन वर्ष, उ० प्र० आवासीय विश्वविद्यालय शिक्षक.महासंघ के मंत्री दो वर्ष, महामंत्री दो वर्ष तथा दो वर्ष अध्यक्ष रहे हैं । सरस्वती विद्या मन्दिर, इलाहाबाद के प्रबन्धक तीन वर्ष एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह पांच वर्ष रहे हैं । आपने उच्च शोध कार्य हेतु दो वर्ष तक डेनमार्क, इटली व इंग्लैन्ड की यात्रा की है ।

सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन प्रिय है ।

मुख्यावास–ए-1, टीचर्स फ्लैट्स, चैथम लाइन्स, इलाहाबाद–211002 ।

कुल मतदाता–2,34,852,, कुल मतदान–97,902,

प्राप्त मत–1–डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर–38,992,

2–श्री अनुग्रह नारायण सिंह–26,776 (जनता दल) ।

---

**नरेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–403, छपरौली,

जिला–मेरठ।

दल–जनता दल।

पिता–श्री धीरज सिंह। जन्म-तिथि–3 जुलाई, 1933। जन्म-स्थान–ग्राम–किरठल (जिला मेरठ)। धर्म–हिन्दू (वैदिक)। शिक्षा–एम० ए०, एल–एल० बी० (इलाहाबाद, मेरठ कालेज एवं आगरा वि० वि०)। विवाह तिथि–3 जुलाई, 1960। पत्नी का नाम–श्रीमती रश्मि सिंह। सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि एवं वकालत।

आप सर्वप्रथम 1977 में जनता पार्टी से, दूसरी बार 1980 में लोक दल के टिकट पर, वर्ष 1988 में सम्पन्न उप चुनाव में जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में जनता दल से पांचवीं बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विभिन्न आन्दोलनों में आप अनेक बार 1980, 82 तथा 84 में धारा 188, 147, 148, 353, 332 में जेल गये और जिला जेल, मेरठ में एक दिन, लखनऊ में दो दिन और दिल्ली में तीन दिन बन्दी रहे। विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य दो बार, प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य दो वर्षों तक तथा 1989 में विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं।


शास्त्रीय संगीत और बागवानी, योग एवं आध्यात्मिक अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–6/डी, आदर्श नगर, मेरठ।

कुल मतदाता–2,01,955, कुल मतदान–1,08,647,

प्राप्त मत–1–श्री नरेन्द्र सिंह–64,026,

2–श्री वीरेन्द्र पाल सिंह–32,572 (भारतीय जनता पार्टी)।



**नरेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–342, मैनपुरी,

जिला–मैनपुरी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० मलिखान सिंह (पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन) । जन्म-तिथि–एक जनवरी,1960 । जन्म-स्थान–मैनपुरी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम०ए०, एल–एल० बी० (लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–3 फरवरी, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती उमा सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम 1991, तथा 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी आप भारतीय जनता पार्टी से दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य वर्ष 1991-92 में रहे हैं । आप भारतीय इण्टर कालेज, कुरावली के वर्ष 1988 से प्रबन्धक हैं ।


शिक्षा, क्रिकेट एवं बैडमिन्टन में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन और ताश खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–जी० टी० रोड, कुरावली, मैनपुरी ।

कुल मतदाता–2,09,112, कुल मतदान–1,11,239,

प्राप्त मत–1–श्री नरेन्द्र सिंह–38,720,

2–कुं० सत्येन्द्र सिंह–35,615 (समाजवादी पार्टी) ।



**नरेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–76, महमूदाबाद,

जिला–सीतापुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम अकबाल । जन्म-तिथि–10 जून, 1966 । जन्म–स्थान–ग्राम–पोखरा कलां (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० (कानपुर एवं लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–10 जून, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि वर्मा । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, वकालत एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

सर्वप्रथम 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन-आंन्दोलनों में आप वर्ष 1987 में 3 दिन और 1990 में 18 दिन धारा 151 के अन्तर्गत जिला कारागार, लखीमपुर तथा सीतापुर में बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के आप सदस्य रहे हैं । पर्यटन के उद्देश्य से आप नैपाल की यात्रा कर चुके हैं । आप वर्ष 1987 से 90 तक गन्ना विकास परिषद्, बिस्वां, सीतापुर के सदस्य, 1989 से 91 तक क्षेत्र समिति के ब्लाक प्रमुख तथा जिला परिषद् के सदस्य रहे हैं ।

खेती (गन्ना चीनी) तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पोखराकलां, तहसील–महमूदाबाद, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,25,738, कुल मतदान–1,54,841,

प्राप्त मत–1–श्री नरेन्द्र सिंह–55,930,

2–श्री अम्मार रिजवी–54,257 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**नरेन्द्र सिंह चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–296, राजपुर,
जिला–कानपुर देहात ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–चौ० श्याम लाल सिंह । जन्म-तिथि–3 अगस्त, 1938 । जन्म–स्थान–ग्राम–धरमगदपुर (कानपुर देहात) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि– जून, 1953 में । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलकुमारी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

मार्च, 1985 के आम चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के लिए चुने गये हैं । श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रिमण्डल में 10-8-84 से 12-3-85 तक नियोजन मंत्री, 13 मार्च, 1985 से 31 जुलाई, 1988 तक कृषि मंत्री तथा 1 अगस्त, 1988 से 4 दिसम्बर, 1989 तक ऊर्जा एवं बीस सूत्री कार्यक्रम के आप मंत्री रहे हैं । सर्वप्रथम 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर आप राज्य सभा के सदस्य निर्वाचित हुए, तदुपरान्त अप्रैल, 1978 में पुनः जनता पार्टी के टिकट से और अप्रैल, 1984 में कांग्रेस (आई०) टिकट से राज्य सभा के लिए विजयी हुए । 23-9-1984 को लोकदल छोड़कर 14-11-84 को कांग्रेस (आई०) में शामिल हो गये । 24 जनवरी, 1985 से 10 मार्च, 1985 तक विधान परिषद् में कांग्रेस (आई०) के सदस्य रहे । समाज सेवक संघ, कानपुर के संस्थापक, आल इण्डिया रेल सफाई कर्मचारी संघ, आल इण्डिया एम० ई० एस० बी० एण्ड आर० सुपरिटेन्डेंट्स ग्रेड–2 एसोसियेशन, सुरक्षा कर्मचारी कल्याण संघ, आर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्ट्री, कानपुर और अखिल भारतीय रेलवे कुली संघ के अध्यक्ष तथा पटेल स्मारक समिति, पुखरायां (कानपुर देहात) के उपाध्यक्ष रहे हैं । राष्ट्रीय एकता कांग्रेस, ग्रामीण उत्थान संघ, दिल्ली, अखिल भारतीय शोषित कल्याण परिषद्, लखनऊ, रिक्शा चालक संघ, उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय परिगणित महिला संघ, सांस्कृतिक संघ "चक्कलस" और भारतीय

स्नातक बेरोजगार संघ के संरक्षक तथा अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के महामंत्री भी रहे हैं। सेवापुरी आश्रम वाराणसी में आपने एक माह की ट्रेनिंग भी प्राप्त की। जिला भारतीय क्रांतिदल के मंत्री, उ० प्र० बी० के० डी० की कार्यकारिणी के सदस्य (1968-1974), इलाहाबाद मण्डल की योजना मूल्यांकन समिति और कानपुर विकास प्राधिकरण के सदस्य रहे हैं। अखिल भारतीय किसान सम्मेलन, अखिल भारतीय लोकदल के महासचिव तथा लोकदल संसदीय बोर्ड के सचिव भी रहे हैं। आपातकाल में मीसा और डी० आई० आर० में बन्द तीन सौ लोगों को कानपुर जेल से रिहा कराने में आपने मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आन्दोलनों में आपने सक्रिय भाग लिया तथा आपातकाल के दौरान डी० आई० आर० और मीसा के अन्तर्गत आप स्वयं जिला जेल, कानपुर और केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में 9 महीने 16 दिन (11 अप्रैल, 1976 से 27 जनवरी, 1977 तक) बन्दी रहे। फ्रांस, चेकोस्लोवाकिया, पूर्वी जर्मनी, पश्चिमी जर्मनी, हालैण्ड, स्विटजरलैंड, कुवैत, दुबई, फिलीपींस, हांगकांग और इंग्लैंड की यात्रा आप संसदीय सद्भावना प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में कर चुके हैं। संसद की सार्वजनिक उपक्रम समिति, इंडियन कौंसिल फार कल्चरल रिलेशन्स की शासकीय समिति, रेलवे सलाहकार समिति, इलाहाबाद और क्षेत्रीय सेना की राष्ट्रीय सलाहकार समिति के भी सदस्य रहे हैं। कानपुर एवं हमीरपुर की अनेक शिक्षा संस्थाओं से आप संबद्ध रहे हैं। डी० ए० वी० कालेज, कानपुर के रोवर स्काउट्स के ग्रुप लीडर भी रहे हैं।

सर्वोदय, स्काउटिंग, जनसेवा, शिक्षा के विकास एवं शोषण के विरुद्ध संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है।


मुख्यावास–ग्राम–धरमगदपुर, पोस्ट–सजेती, जिला–कानपुर देहात।

कुल मतदाता–2,05,800, कुल मतदान–1,18,712,

प्राप्त मत–1–श्री चौधरी नरेन्द्र सिंह–30,748,

2–श्री बन्ने खां–27,752 (बहुजन समाज पार्टी)।

---



**नरेन्द्र सिंह शिशौदिया , श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–390, मोदीनगर,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुवंश नारायण सिंह । जन्म-तिथि–4 जून, 1949 । जन्म-स्थान–ग्राम–उहाना, हापुड़ । धर्म–वैदिक । जाति–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी०, बी० एड्० । विवाह तिथि– 30 अप्रैल, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि बाला । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहली बार विधान सभा के सदस्य बने हैं । श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन एवं राष्ट्रीय चेतना रैली के दौरान आप गोचर इण्टर कालेज रामपुर मनिहारान (सहारनपुर) अस्थायी जेल में सोलह दिन, जिला कारागार, बुलन्दशहर में पांच दिन तथा अस्थायी जेल हापुड़ में एक दिन बन्दी रहे हैं । आप वर्ष 1989-92 में गाजियाबाद बजरंग दल के जिला संयोजक तथा जून, 1992 से 93 तक विभागीय संयोजक रहे हैं । सम्प्रति भारतीय जनता पार्टी, गाजियाबाद के जिला महामंत्री 1993 से तथा बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सम्बद्ध हैं ।

देश भक्ति तथा राष्ट्र हित में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–धौलाना, तह० हापुड़, जिला–गाजियाबाद ।
कुल मतदाता–2,51,287, कुल मतदान–1,42,635,
प्राप्त मत–1–श्री नरेन्द्र सिंह शिशौदिया–46,093,
2–श्री सुखवीर सिंह गहलौत–38,214 (जनता दल) ।

**नरेश अग्रवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–86, हरदोई,

जिला–हरदोई ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री श्रीचन्द्र अग्रवाल (भू० पू० सदस्य) । जन्म-तिथि–एक अक्टूबर, 1951 । जन्म-स्थान–हरदोई । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस सी०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–25 फरवरी, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजुल अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम आप 1980 के निर्वाचन में कांग्रेस टिकट से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव तथा नवम्बर, 1993 में भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चौथी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों में आप हरदोई, लखनऊ और बरेली कारागार में 15 दिन तक बन्दी रहे । वर्तमान विधान सभा में आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के उपनेता हैं तथा वर्ष 1993-94 के लिए अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य भी हैं । वर्ष 1981–83 और 1989–91 में आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा वर्ष 1980-81 में नियम समिति के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप लाल बहादुर इण्टर कालेज, हरदोई के प्रबन्धक और महात्मा गांधी इण्टर कालेज, पलिया (हरदोई) के उप प्रबन्धक हैं । व्यक्तिगत रूप से आपने यू० एस० ए० और यू० के० का भ्रमण किया है ।

पुस्तकों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–34, बैटगंज, हरदोई ।

कुल मतदाता–1,99,319, कुल मतदान–1,06,010,

प्राप्त मत–1–श्री नरेश अग्रवाल–41,605,

2–श्री जगन्नाथ सिंह–28,308 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**नवल किशोर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–381, अनूपशहर,

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुवर दयाल । जन्म-तिथि–एक जुलाई, 1937 । जन्म-स्थान–अनूपशहर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–18 अप्रैल, 1960 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला गर्ग । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1991 के उप चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप आपातकाल में मीसा के अन्तर्गत जिला कारागार, बुलन्दशहर और केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में लगभग एक वर्ष से अधिक समय तक तथा राम जन्म-भूमि आन्दोलन में 18 दिन तक केन्द्रीय कारागार, उन्नाव में बन्दी रहे । आप वर्ष 1960 से 1970 तक नगरपालिका, अनूपशहर के सदस्य तथा नवम्बर, 1988 से जनवरी, 1994 तक अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति आप अनूपशहर की एंगलो वैदिक शिक्षा समिति, नेशनल एजूकेशन शिक्षा समिति, एल०डी०ए०वी० इण्टर कालेज व डी० पी० बी० एस० स्नातकोत्तर महाविद्यालय के उपाध्यक्ष तथा जी० डी० ए० पी० गर्ल्स इण्टर कालेज एवं श्री क्रान्ति प्रकाश सरस्वती शिशु मन्दिर के सदस्य हैं । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के वर्ष 1991-92 में सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकें पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–गांधी मण्डी, अनूपशहर, जिला बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,08,981, कुल मतदान–1,29,887,

प्राप्त मत–1–श्री नवल किशोर–43,855,

2–श्री सतीश–35,287 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**नसीम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–220, मऊ,

जिला–मऊ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–घरौली, घोसी, जिला–मऊ ।

कुल मतदाता–2,27,053, कुल मतदान–1,29,956,

प्राप्त मत–1–श्री नसीम–47,764,

2–श्री मुख्तार अब्बास नकवी–37,519 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**नसीर उद्दीन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–351, फिरोजाबाद,

जिला–फिरोजाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० शेख नूरउद्दीन । जन्म-तिथि–15 अप्रैल, 1939 । जन्म-स्थान–सराय शीशग्राम (इटावा) । धर्म-इस्लाम । जाति–मुसलमान सिद्दीकी । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–20 जनवरी, 1960 । पत्नी का नाम–श्रीमती फरीदन बेगम । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–197, मोहल्ला शीशग्राम, फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–2,30,075, कुल मतदान–1,54,348,

प्राप्त मत–1–श्री नसीर उद्दीन–57,982,

2–श्री राम किशन ददाजू–56,688 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**निर्वेन्द्र कुमार "मुन्ना", श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–72, निघासन,

जिला–खीरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, दूसरी बार मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में भी निर्दलीय तथा तीसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–पढुवा, पोस्ट–त्रिकोलिया, जिला–खीरी ।

कुल मतदाता–2,38,349, कुल मतदान–1,44,057,

प्राप्त मत–1–श्री निर्वेन्द्र कुमार "मुन्ना"–47,397,

2–श्री राम चरन शाह–46,649 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**निर्भय पाल शर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–414, सरसावां,

जिला–सहारनपुर ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० पूरन चन्द्र पाल । जन्म-तिथि–21 सितम्बर, 1947 । जन्म-स्थान–मसूरी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० काम०, एम० बी० ए० (लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–28 नवम्बर, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रकाश । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी आप कांग्रेस से ही विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं ।


समाज कल्याण कार्य, शतरंज तथा टेनिस में आपकी विशेष रुचि है । अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–1–फ्रेन्ड्स कालोनी, दिल्ली रोड, सहारनपुर ।

कुल मतदाता–1,98,347, कुल मतदान–1,45,651,

प्राप्त मत–1–श्री निर्भय पाल शर्मा–57,146,

2–श्री सुरेश–38,147 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**नीरज चतुर्वेदी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–289, जनरलगंज,

जिला–कानपुर महानगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० नरेश चन्द्र चतुर्वेदी । जन्म-तिथि–एक अक्टूबर, 1952 । जन्म-स्थान–कानपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक (डी० ए० बी० कालेज, कानपुर) । विवाह तिथि–30 अप्रैल, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंगला चतुर्वेदी । सन्तान–तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार ।

प्रथम बार मई-जून, 1991 में तथा दूसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1980, 1990 और 1994 में जिला कारागार, कानपुर एवं फतेहगढ़ सेन्ट्रल जेल में बन्दी रहे हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्श-दात्री समिति के सदस्य रहे हैं । आप कानपुर की नगर महापालिका के सभासद और विकास प्राधिकरण के सदस्य 1989 से 94 तक, ज्ञान भारती इण्टर कालेज के छात्रसंघ के अध्यक्ष 1991 से 92 तक, उद्योग व्यापार मण्डल के संगठन मंत्री 1989 से 92 तक, महामंत्री 1989 से 93 तक तथा उ० प्र० उद्योग व्यापार मण्डल के मंत्री 1992 से 93 तक रहे हैं ।


संघ कार्य तथा समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है । क्रिकेट और टेबिल टेनिस खेलना एवं देश भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–75/8, रंजीतपुरवा, हाल्सी रोड, कानपुर ।

कुल मतदाता–1,74,988, कुल मतदान–99,427,

प्राप्त मत–1–श्री नीरज चतुर्वेदी–45,254,

2–श्री अनन्त मिश्र–38,090 (समाजवादी पार्टी) ।



**परमानन्द दण्डी स्वामी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–39, शाहाबाद (अ०जा०),

जिला–रामपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्वामी ब्रह्मानन्द दण्डी । जन्म-तिथि–एक जुलाई, 1940 । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी० ए० । विवाह तिथि–अविवाहित (सन्यासी) । व्यवसाय–सामाजिक सेवा और सन्यासी ।

मई-जून, 1991 में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में आप एक दिन अयोध्या जेल में बन्दी रहे । आप मंगोली स्थित नेताजी सुभाष विद्या मन्दिर प्राइमरी पाठशाला तथा जूनियर हाई स्कूल के क्रमशः 1974 और 1986-87 से, अष्टाबक्र विकलांग शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र के जनवरी 1986 से, डा० अम्बेडकर लेप्रोसी क्योर्ड पर्सन ट्रेनिंग सेन्टर के जनवरी, 1991 से, स्वामी दयानन्द ड्रग एक्यूज प्रीवेंशन एण्ड काउंसलिंग सेन्टर के अप्रैल, 1988 से, अष्टावक्र विकलांग कृत्रिम अंग सहायता एवं पुनर्वास केन्द्र तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के सामाजिक आर्थिक विकास हेतु प्राइमरी एवं जूनियर हाई स्कूल के निःशुल्क प्रबन्धक और संरक्षक हैं । ग्यारहवीं विधान सभा के कार्यकाल तक समाज कल्याण, खेलकूद तथा पशुपालन विभाग की स्थायी समिति में भी आप रहे हैं । "साम्प्रदायिक समस्याओं का समाधान" शीर्षक पुस्तक का आपने सम्पादन किया है ।

समाज कल्याण, शोषित व पीड़ितों के उत्थान हेतु घोर संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा रचनात्मक कार्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–मंगोली, शाहाबाद, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–2,19,109, कुल मतदान–1,39,364,

प्राप्त मत–1–श्री स्वामी परमानन्द दण्डी–51,657,

2–श्री जागन सिंह–47,449 (समाजवादी पार्टी) ।



**परशुराम यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–135, बीकापुर,

जिला–फैजाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अलगू प्रसाद यादव । जन्म-तिथि–5 जून, 1953 । जन्म-स्थान–ग्राम-बड़नपुर (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति-पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, पी० टी० सी० एवं आई० टी० आई० । विवाह–20 मई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती सन्तोष कुमारी यादव । सन्तान–चार पुत्रियां । व्यवसाय कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1973 में और 1992 में कुल मिलाकर लगभग दो वर्ष तक आप 6 क्रिमिनल ला, 121 रेलवे ऐक्ट, 151 तथा डी० आई० आर० आदि के अन्तर्गत फैजाबाद कारागार में बन्दी रहे हैं । आप बी० टी० सी० प्रशिक्षित शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष दस वर्ष तथा कृषि उत्पादन मण्डी परिषद्, फैजाबाद के चेयरमैन लगभग एक वर्ष तक रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा मित्रों के साथ मिल बैठकर समाज सुधार पर तर्क करना प्रिय है ।


मुख्यावास–ग्राम-बड़नपुर, पो०–कोछाबाजार, तह०–बीकापुर, फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,16,484, कुल मतदान–1,26,775,

प्राप्त मत–1–श्री परशुराम यादव–41,811,

2–श्री संत श्रीराम द्विवेदी–34,711 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**पारसनाथ यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–250, बरसठी,

जिला–जौनपुर।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० श्रीराम यादव। जन्म-तिथि–12 जनवरी, 1949। जन्म-स्थान–ग्राम-कारो (जौनपुर)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति (यादव)। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि–जून, 1970 में। पत्नी का नाम–श्रीमती हीरावती देवी। सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि, समाजसेवा एवं राजनीति।

सर्वप्रथम 1985 में लोक दल से, 1989 में दूसरी बार जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप 188,151 आदि धाराओं के अन्तर्गत पार्टी आन्दोलनों में 1985 से लगातार जेल जाते रहे। गन्ना किसानों की मांगों के संबंध में 1992 में, मा० मुलायम सिंह यादव के आह्वान पर बन्दी बनाये गये तथा भूख हड़ताल भी की। विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सदस्य वर्ष 1987-88 में तथा प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति के सदस्य वर्ष 1988-89 में रहे। आप जिला परिषद्, जौनपुर के सदस्य 1983 से 1985 तक, सेवाश्रम इण्टर कालेज, वाराणसी के सक्रिय सदस्य 1980 से 1985 तक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय खरगपुर, सुरियावां, वाराणसी के अध्यक्ष 1986 से तथा चौ० चरण सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय, चमरहा, बरसठी, जौनपुर के प्रबन्धक 1989 से अब तक हैं। आप श्री मुलायम सिंह यादव के मंत्रि-मण्डल (1990-91) में शिक्षा राज्य मंत्री रह चुके हैं।

जनसेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा कुश्ती एवं कबड्डी के खेल प्रिय हैं।


मुख्यावास–ग्राम-कारो, पोस्ट–कारो बनकट, जिला–जौनपुर।

कुल मतदाता–2,28,920, कुल मतदान–1,34,843,

प्राप्त मत–1–श्री पारसनाथ यादव–69,078,

2–श्री शचीन्द्र नाथ त्रिपाठी–27,235 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

---



**पीतम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–348, एटा,

जिला–एटा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री श्रीपाल सिंह । जन्म-तिथि–5 जुलाई, 1940 । जन्म-स्थान–ग्राम-नेहचलपुर (एटा) । धर्म–हिन्दू। जाति-पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–10 दिसम्बर, 1955 । पत्नी का नाम–श्रीमती वेदवती । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1980 और 1990 में आप श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में दो बार लगभग 35 दिन धारा 188 आई० पी० सी० के अन्तर्गत एटा और मैनपुरी जिला कारागार में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के सदस्य भी रहे हैं । आप व्यापार मण्डल, एटा तथा खाद्यान्न समिति, एटा के पांच वर्ष तक अध्यक्ष एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष, जिला मंत्री व कोषाध्यक्ष कई वर्षों तक रहे हैं । सम्प्रति खाद्यान्न समिति, एटा के संरक्षक तथा लोक राष्ट्रीय इण्टर कालेज, जसराना एवं मथुरिया इण्टर कालेज, डिबाई (बुलन्दशहर) के आजीवन सदस्य हैं ।

जनसेवा करने में आपकी विशेष रुचि है । सादा भोजन तथा प्रातः भ्रमण प्रिय है ।

मुख्यावास–56, अरुणा नगर, एटा ।

कुल मतदाता–1,87,476, कुल मतदान–1,17,171,

प्राप्त मत–1–श्री पीतम सिंह–54,073,

2–श्री अतर सिंह पुत्र झब्बू सिंह–48,421 (समाजवादी पार्टी) ।

**पुत्तू सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–62, निगोही,

जिला–शाहजहांपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम-पोस्ट–सिंधौली, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–1,90,713, कुल मतदान–1,11,381,

प्राप्त मत–1–श्री पुत्तू सिंह यादव–34,627,

2–श्री कोविद कुमार सिंह–28,871 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**पूर्णमासी देहाती, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–194, नौरंगिया (अ०जा०),

जिला–देवरिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मूरत प्रसाद गौड । जन्म-तिथि–24 जनवरी, 1951 । जन्म-स्थान–नौरंगिया। धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–1967 में पत्नी का नाम–श्रीमती कमलावती देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दल तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1984, 1987, 1988 तथा 1992 में जिला कारागार, देवरिया में एक सप्ताह तक बन्दी रहे और छितौनी बगहा रेल पुल निर्माण आन्दोलन, रामकोला काण्ड तथा गन्ना आन्दोलन में अनेक बार जेल गये । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य भी रहे हैं । श्री शंकर जी०ल०मा० वि०. नौरंगिया, देवरिया के आप पदेन सदस्य तथा अनेक संस्थाओं से सम्बद्ध हैं ।


समाज सेवा तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम-पोस्ट–नौरंगिया, जनपद देवरिया ।

कुल मतदाता 2,04,682, कुल मतदान 1,17,303,

प्राप्त मत–1-श्री पूर्णमासी देहाती–52,714,

2-श्री दीपलाल भारती–44,184 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**पृथ्वी सिंह 'विकसित', डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–420, रुड़की,

जिला–हरिद्वार।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री सन्त राम। जन्म-तिथि–5 जनवरी, 1932। जन्म-स्थान–शिवदासपुर उर्फ तेलीवाला। धर्म–हिन्दू (वैदिक)। जाति पिछड़ी जाति (सैनी)। शिक्षा–स्नातकोत्तर, पी-एच० डी० (गुरुकुल कांगडी वि०वि०, हरिद्वार)। विवाह तिथि–5 जून, 1954। पत्नी का नाम–श्रीमती कमला देवी। सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन (अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य)।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1974 में जाब्ता फौजदारी की धारा 107/116 के अन्तर्गत आप 11 दिन उप कारागार, रुड़की में बन्दी रहे। वर्ष 1971–77 तक आप जिला स्काउट कमिश्नर रहे हैं। सम्प्रति आप वर्ष 1986 से रुड़की आवास विकास क्रेता संघ के, 1978 से रुड़की मानव कल्याण मंच के तथा 1985 से प्रगतिशील लेखक संघ के संरक्षक और जूनियर रेडक्रास के आजीवन सदस्य हैं। 'भाषा भागीरथी' नाम से आपने एक पुस्तक का प्रणयन किया है जो जवाहर प्रकाशन, गाजियाबाद से प्रकाशित हुई है। जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मन्त्रिमण्डल में सिंचाई राज्य मंत्री रह चुके हैं।


समाज सेवा तथा हिन्दी भाषा के प्रति आपकी विशेष रुचि है। हास-परिहास एवं अध्ययन प्रिय हैं।

मुख्यावास–31, आवास विकास कालोनी, रुड़की, जिला–हरिद्वार।

कुल मतदाता–2,11,841, कुल मतदान–1,46,005,

प्राप्त मत–1–डा० पृथ्वी सिंह 'विकसित'–56,767,

2–श्री रागीब नसीम–30,439, (बहुजन समाज पार्टी)।



**प्रणत पाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–366, गोकुल,

जिला–मथुरा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री उमराव सिंह । जन्म-तिथि–30 नवम्बर, 1965 । जन्म-स्थान–ग्राम-तिरवाया (मथुरा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–21 मार्च, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूलवती देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में रा० सु० का० के अन्तर्गत आप एटा कारागार में 1990 में दो माह तक बन्दी रहे । आप भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में भू-जल एवं भूमि संरक्षण बोर्ड, उ० प्र० के सदस्य और प्रादेशिक को-आपरेटिव फेडरेशन, उ० प्र० के संचालक सदस्य रहे हैं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मथुरा के संघ शिक्षा वर्ग 1982 में, सरस्वती शिशु मन्दिर, मांट तहसील के संयोजक 1982 से 1984 तक, हिन्दू जागरण मंच, मथुरा के जिला संयोजक 1984 से 1986 तक, भारतीय जनता युवा मोर्चा, मथुरा के जिला मंत्री 1986 से 1991 तक तथा भा० ज० पा० किसान मोर्चा, मथुरा के जिलाध्यक्ष 1991 से 1993 तक रहे हैं ।


चिन्तन, अध्ययन, भाषण और संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–तिरवाया, पो०–राया, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,00,214, कुल मतदान–1,06,634,

प्राप्त मत–1–श्री प्रणत पाल सिंह–29,999,

2–श्री सरदार सिंह–22,145 (समाजवादी पार्टी) ।



**प्रताप सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–313, कायमगंज,
जिला–फर्रुखाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम सिंह यादव । जन्म-तिथि–15 दिसम्बर, 1952 । जन्म-स्थान–इजौर (कायमगंज) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–जून, 1968 में । पत्नी का नाम–श्रीमती श्रीदेवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में पार्टी कार्य हेतु फर्रुखाबाद तथा फतेहगढ़ जेल में वर्ष 1981-82 में बन्दी रहे । सेना में रहते हुए आपने भूटान की यात्रा की है ।

समाज सेवा एवं पूर्व सैनिक होने के कारण देश सेवा के प्रति आप समर्पित हैं । शाकाहारी भोजन तथा नवयुवकों में देश प्रेम की भावना जागृत करना आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–पटवन गली, कायमगंज, जिला–फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,20,759, कुल मतदान–1,35,876,

प्राप्त मत–1–श्री प्रताप सिंह यादव–35,558,

2–श्री सुशील शाक्य–32,151 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**प्रभा रावत, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–187, सहजनवां,

जिला–गोरखपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

**जन्म**–55 वर्ष पूर्व । जन्म-स्थान–भींती रावत (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । **जाति–पिछड़ी** जाति । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–विवाहित । पति का नाम–स्व० शारदा प्रसाद रावत । (भूतपूर्व सिंचाई मंत्री) । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

**मई-जून,** 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।

**जनसेवा** में आपकी विशेष रुचि है ।

**मुख्यावास**–ग्राम व पोस्ट–भींती रावत, जनपद–गोरखपुर ।

**कुल मतदाता**–2,09,005, कुल मतदान–1,13,320,

**प्राप्त मत–1**–श्रीमती प्रभा रावत–54,336,

2–श्री तारकेश्वर प्रसाद शुक्ला–37,554 (भारतीय जनता पार्टी ) ।



**प्रमोद तिवारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–116, रामपुर खास,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता– स्व० प० सरयू प्रसाद तिवारी । जन्म तिथि–16 जुलाई, 1951 । जन्म-स्थान–कुण्डा (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस–सी०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–9 जून, 1973 । पत्नी का नाम–डा० अलका तिवारी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम वर्ष 1980 के मध्यावधि चुनाव में तत्पश्चात् सन् 1985, 1989, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप लगातार पांचवीं बार कांग्रेस के टिकट से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । शासन के विरुद्ध प्रदर्शन करने के दौरान निषेधाज्ञा तोड़ने पर आप एक दिन प्रतापगढ़ कारागार में बन्दी रहे । वर्ष 1985-86 में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य, 1989-91 में सचेतक तथा श्री श्रीपति मिश्र, श्री वीर बहादुर सिंह तथा श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रि-मंडल में 7 फरवरी, 1984 से अगस्त, 1984 तक और जनवरी, 1986 से नवम्बर, 1989 तक आप राज्य मंत्री रह चुके हैं । वर्ष 1985-86 में आप विधान सभा की लोक लेखा समिति और 1989-91 में कार्य-मंत्रणा समिति के सदस्य रहे हैं । आप छः वर्ष तक सहकारी संघ, संग्रामगढ़ के अध्यक्ष रहे तथा वर्ष 1976 से इण्टर कालेज, संग्रामगढ़ तथा 1985 से गांधी इण्टर कालेज और आदर्श जू० हा० स्कूल, संग्रामगढ़ के प्रबन्धक हैं। सम्प्रति आप विधान सभा की 1993-94 की कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य, राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं ।

समाज सेवा, अध्ययन, बैडमिण्टन और क्रिकेट में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–संग्रामगढ़, जिला–प्रतापगढ़।

कुल मतदाता–2,24,425, कुल मतदान–1,06,354,

प्राप्त मत–1–श्री प्रमोद तिवारी–55,470,

2–श्री राजाराम पाण्डेय–25,417 (जनता दल)।

**प्रवीण सिंह ऐरन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–51, बरेली कैन्ट,

जिला–बरेली ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता– डा० पी० सी० ऐरन । जन्म तिथि–8 मई, 1958 । जन्म-स्थान–बरेली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–विधि स्नातक (बरेली) । विवाह तिथि–9 जून, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुप्रिया ऐरन । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, समाचार-पत्र प्रकाशन, पत्रकारिता ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप स० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । छात्र आन्दोलन में जिला कारागार बरेली में चार दिन बन्दी रहे । स्थानीय सामाजिक सेवा संगठन युवा मंच के संयोजक 4 वर्ष, जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र के राष्ट्रीय महामंत्री 6 वर्ष, जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव 1 वर्ष रहे । युवा जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे हैं । आपने व्यवसाय एवं कान्फ्रेन्स हेतु चार बार विदेश यात्रा की तथा इंग्लैंड, प० जर्मनी, स्विटजरलैंड, स्वीडन, नार्वें, इटली, फ्रान्स, अमेरिका, जापान, कोरिया, कनाडा आदि देशों का भ्रमण किया ।

समाज सेवा, पत्रकारिता, राजनीति अध्ययन, पर्यटन व संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–297/2, सिविल लाइन्स, बरेली ।

कुल मतदाता–2,07,170, कुल मतदान–1,26,421,

प्राप्त मत–1–श्री प्रवीण सिंह ऐरन–56,036,

2–श्री राधेश्याम–39,940 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**प्रीतम सिंह , श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–425, चकराता (अ०जा०),
जिला–देहरादून ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री गुलाब सिंह । जन्म तिथि–4 नवम्बर, 1958 । जन्म-स्थान–बृनाड़ (देहरादून) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जनजाति । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–21 अक्टूबर, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । भा०ज०पा० सरकार के विरुद्ध उ० प्र० कांग्रेस कमेटी के आन्दोलन में आप गिरफ्तार हुए । आप विकास खण्ड चकराता के ब्लाक प्रमुख, जिला सहकारी बैंक देहरादून के डायरेक्टर, जौनसारी विकास समिति के सदस्य एवं जौनसार बावर छात्र संघ के संयोजक एवं महामंत्री रह चुके हैं । सम्प्रति आप जिला कांग्रेस कमेटी देहरादून के महामंत्री तथा उ० प्र० कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–बृनाड़, तह०–चकराता, जिला–देहरादून ।

कुल मतदाता–1,85,199, कुल मतदान–1,21,711,

प्राप्त मत–1–श्री प्रीतम सिंह–36,503,

2–श्री मुन्ना चौहान–36,003 (जनता दल) ।



**प्रीतम सिंह , श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–27, गंगेश्वरी (अ०जा०),

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री नेतराम सिंह । जन्म तिथि–11 सितम्बर, 1965 । जन्म-स्थान–ग्राम–सांथलपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा– हाई स्कूल । विवाह तिथि–7 मई, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज कुमारी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्व प्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में कार सेवा करते हुए जिला जेल, मुरादाबाद में आप एक दिन तथा श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में 101 लोगों के साथ 1990 में 15 दिन रामपुर कारागार में बन्दी रहे । विगत अनेक वर्षों से आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक हैं। गंगेश्वरी बाढ़ क्षेत्र राहत समिति के अध्यक्ष 4 वर्ष तथा 1991 में आप क्रय-विक्रय, माल, शिक्षा, आबकारी, और श्रम आदि की स्थायी समितियों के सदस्य रहे हैं । डा० अम्बेदकर विचार माला का एक वर्ष तक गांव-गांव जाकर प्रचार किया ।

समाज सेवा, समाजोद्धार एवं साहित्यिक और धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन, समाचार सुनने और वालीबाल खेलने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–सांथलपुर, पोस्ट–ढवारसी, तह०–हसनपुर, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–1,99,139, कुल मतदान–1,11,722,

प्राप्त मत–1–श्री प्रीतम सिंह–37,355,

2–श्री जगराम सिंह–30,242 (जनता दल) ।

**प्रेम प्रकाश, उर्फ जिप्पी तिवारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–170, डुमरियागंज,

जिला–सिद्धार्थनगर।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भी आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

मुख्यावास–ग्राम–रमवापुर जगतराम, जनपद–सिद्धार्थनगर।

कुल मतदाता–2,14,605, कुल मतदान–1,34,240,

प्राप्त मत–1–श्री प्रेम प्रकाश उर्फ जिप्पी तिवारी–49,359,

2–श्री कमाल यूसुफ मलिक–40,225 (समाजवादी पार्टी)।

---



**प्रेमलता कटियार, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–292, कल्याणपुर,

जिला–कानपुर नगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामेश्वर दयाल कटियार । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1946 । जन्म-स्थान–सराय प्रयाग (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (आगरा वि० वि०) । विवाह तिथि–23 मई, 1960 । पति का नाम–स्व० अमर नाथ सिंह कटियार । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्व प्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप वर्ष 1974 के लेवी आन्दोलन में नौ दिन, डी० आई० आर० में सात महीने तेरह दिन, "भारत बन्द" के दौरान सोलह दिन, किसान आन्दोलन में पांच दिन और श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन में रासुका के अन्तर्गत एक माह पन्द्रह दिन बन्दी रही हैं । जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप नगर विकास विभाग की मंत्री रह चुकी हैं । स्वर्गीय यशोदा देवी प्रगति विद्या मन्दिर की पांच वर्ष और जनता बाल सदन जूनियर हाई स्कूल की दस वर्ष अध्यक्ष, चौ० अमरनाथ सिंह शिक्षा निकेतन की संस्थापिका और कौशलपुरी राम लीला कमेटी की संरक्षक छः-छः वर्ष तक रही हैं ।

नारी उत्पीड़न, सामाजिक पारिवारिक बिखराव, पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा असहायों की सेवा, निर्बलों की समस्याओं को समझना और सुलझाना प्रिय है ।

मुख्यावास–12/500, ग्वालटोली, कानपुर ।

कुल मतदाता–2,53,411, कुल मतदान–1,35,394,

प्राप्त मत–1–श्रीमती प्रेमलता कटियार–67,395,

2–श्री रागेन्द्र स्वरूप–31,644 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**प्रेम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–389, मुरादनगर,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री हरफूल सिंह । जन्म-तिथि–5 जून, 1955 । जन्म-स्थान–ग्राम जोया । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । जाति–जाट । शिक्षा–स्नातक (मेरठ वि० वि०) । विवाह तिथि–2 अप्रैल, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप छात्र संघ की राजनीति में मेरठ जेल में 20 दिन बन्दी रहे । आप विकास खण्ड भोजपुर के ब्लाक प्रमुख 5 वर्ष तक तथा पंचायत ग्राम सभा के प्रधान भी रहे हैं ।

कृषि, पत्रिकायें पढ़ने तथा खेलों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुखयावास–ग्राम–जोया, पो०–फरीदनगर, जिला–गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,01,975, कुल मतदान–1,21,012,

प्राप्त मत–1–श्री प्रेम सिंह–41,227,

2–श्री विवेक त्यागी–35,416 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**फजलुर्रहमान अंसारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–149, नानपारा,

जिला–बहराइच ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० रसूल अहमद अंसारी । जन्म तिथि–21 फरवरी, 1945 । जन्म-स्थान–ग्राम–लौकाही । धर्म–इस्लाम । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–अदीब-अदीब माहिर (इण्टरमीडिएट समकक्ष) । पत्नी का नाम–श्रीमती अनवरी बेगम । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1974 तत्पश्चात् 1977 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । मीसा तथा अन्य राजनैतिक आन्दोलनों में विभिन्न धाराओं में बहराइच तथा सेन्ट्रल जेल बरेली में आप एक माह बन्दी रहे । आप विधान सभा की कई समितियों से सम्बद्ध रहे तथा अनेक शिक्षा संस्थाओं की प्रबन्ध समिति के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–मिहीन पुरवा, तहसील–नानपारा, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,42,312, कुल मतदान–1,34,074,

प्राप्त मत–1–श्री फजलुर्रहमान अंसारी–60,175,

2–श्री जटाशंकर सिंह–51,707 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**फ्रान्सिस डब्लू, मूर, श्री**

नाम–निर्देशित आंग्ल भारतीय सदस्य ।

जिला–इलाहाबाद ।

पिता–स्व० पी० जे० मोर । जन्म तिथि–3 दिसम्बर, 1948 । जन्म-स्थान–मिर्जापुर । धर्म–ईसाई । जाति–एंग्लो इण्डियन । शिक्षा–बी०ए०, सी०टी० । विवाह तिथि–30 दिसम्बर, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती केरोलिन । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

सर्वप्रथम 12 सितम्बर, 1985 तथा 10 फरवरी, 1994 को दूसरी बार आप आंग्ल-भारतीय नाम–निर्देशित सदस्य के रूप में विधान सभा के सदस्य बनाये गये हैं । एंग्लो इंडियन एसोसियेशन तथा सी० बी० सी० आई० (कैथोलिक विशप्स) की नेशनल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य हैं ।

शिक्षा तथा खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है । अध्यापन तथा जन-सम्पर्क प्रिय है ।

मुख्यावास–45/27, थार्नहिल रोड, इलाहाबाद–211001 ।

---

**फौजदार प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–219, मुहम्मदाबाद गोहना (अ०जा०),
जिला–मऊ ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री गरीब राम । जन्म तिथि–23 अगस्त, 1953 । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1977 में । पत्नी का नाम–श्रीमती आशा देवी । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप ब०स०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


समाज सेवा एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–हाफिजपुर, पो०–केरमा, जनपद–मऊ ।

कुल मतदाता–2,31,126, कुल मतदान–1,18,010,

प्राप्त मत–1–श्री फौजदार–58,216,

2–श्री श्रीराम–36,215 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बंशीधर भगत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–13, नैनीताल,

जिला–नैनीताल ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री टीका राम भगत । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1951 । जन्म स्थान–ग्राम–भक्यूड़ा (भीमताल) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–7 मार्च, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती निर्मला भगत । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप भा०ज०पा० से दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं । किसान आन्दोलन और श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन के दौरान आप हल्द्वानी सब जेल और अल्मोड़ा जिला जेल में धारा 151/188, आदि के अन्तर्गत वर्ष 1990 में एक दिन से लेकर 28 दिन तक बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति के सदस्य भी रहे हैं । किसान संघर्ष समिति नैनीताल के पांच वर्ष, कृषक सेवा समिति के दो वर्ष और श्री ग्रामीण राम लीला कमेटी, ऊंचापुर के अध्यक्ष आप चौदह वर्ष तक रहे हैं ।

राजनीति, कृषि तथा बागवानी में आपकी विशेष रुचि है और प्रातः भ्रमण तथा पत्रिका-पठन कार्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–लेहरिया, साल मल्ला, पो०–कठघरिया, हल्द्वानी, नैनीताल ।

कुल मतदाता–1,92,838, कुल मतदान–1,07,747,

प्राप्त मत–1–श्री बंशीधर–48,386,

2–श्री आर०पी० जोशी–40,890 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**बचनू राम पटेल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–246, गंगापुर,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–मकान नं०–39, प्रतापपुर, पोस्ट–मिर्जामुराद, जनपद–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,35,248, कुल मतदान–1,29,903,

प्राप्त मत–1–श्री बचनू राम पटेल–45,203,

2–श्री अक्षयवर सिंह पटेल–36.621 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**बची सिंह रावत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–12, रानीखेत,

जिला–अल्मोड़ा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० नारायण सिंह रावत । जन्म तिथि–1 अगस्त, 1949 । जन्म स्थान–थापला (अल्मोड़ा) । धर्म–हिन्दू (सनातन) । जाति–क्षत्रिय (राजपूत) । शिक्षा–एम०ए०, एल–एल०बी० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–18 फरवरी, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती गोविन्दी उर्फ चम्पा रावत । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–वकालत एवं बागवानी ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में आप अस्थायी कारागार, हवालबाग (अल्मोड़ा) में 16 दिन जा०फौ० की धारा–107/116/151 के अन्तर्गत तथा 2 दिन जिला कारागार अल्मोड़ा में भा०दं०सं०–332, 353, 504, 506, 149 आदि धाराओं के अन्तर्गत बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य तथा श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में 17 अगस्त, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक राजस्व उप मंत्री रह चुके हैं । आप पर्वतीय छात्र संघ, उ०प्र० के महामंत्री 1971-72 में, रोटरी क्लब रानीखेत के अध्यक्ष 1984 में, अधिवक्ता संघ रानीखेत के महासचिव 1983 से 1991 तक, सहकारी श्रमिक संघ, रानीखेत के अध्यक्ष 1980–1985 व 1988–1991, अर्थशास्त्र परिषद्, नैनीताल के अध्यक्ष 1968–69 तक रहे हैं । सम्प्रति वर्ष 1992 से आप उ०प्र० अधिवक्ता परिषद् के प्रदेश मंत्री हैं । पर्यटन हेतु आपने नेपाल की यात्रा की है ।

जन-कल्याणकारी कार्यों तथा विधायी कार्यों में आपकी विशेष रुचि तथा अध्ययन एवं पैदल भ्रमण प्रिय हैं।

मुख्यावास–रावत भवन, जरूरी बाजार, रानीखेत, जिला–अल्मोड़ा।

कुल मतदाता–1,83,769, कुल मतदान–73,149,

प्राप्त मत–1–श्री बची सिंह रावत–35,066,

2–श्री रमेश चन्द्र–21,972 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**बच्चा पाठक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–225, बांसडीह,

जिला–बलिया ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री शिव नारायण पाठक । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1935 । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–विशारद । विवाह तिथि–1 सितम्बर, 1947 । पत्नी का नाम–श्रीमती सहोदरी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप 1969 के मध्यावधि चुनाव में तत्पश्चात् 1974, 1977, 1980 व 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन मे छठी बार कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1979 में धारा–188 के उल्लंघन के फलस्वरूप बलिया जिले में बन्दी रहे हैं । विधान सभा की प्राक्कलन समिति तथा लोक लेखा समिति के भी आप सदस्य रहे हैं । आप 7 जुलाई, 1981 को श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री तथा श्री श्रीपति मिश्र मंत्रिमंडल में भी राज्य मंत्री पद पर आसीन हुए । आप क्षेत्र समिति, रेवती के ब्लाक प्रमुख, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, उ०प्र० कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, सम्प्रति उपाध्यक्ष हैं । न्याय पंचायत केन्द्र डुमरिया (बलिया) के सरपंच, यू०पी० को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष, एन०सी० डी०सी० नई दिल्ली के डायरेक्टर रह चुके हैं । आप श्री चैन राम बाबा इण्टर कालेज, सहतवार, वी०डी० इण्टर कालेज पचरूखा गायघाट, श्री राम सिंहासन इण्टर कालेज दुबहर तथा श्री क्षितेश्वर नाथ कुंवर सिंह इण्टर कालेज छितौनी, छाता, बलिया के प्रबन्धक हैं । केन्द्रीय सरकार की समिति के सदस्य के रूप में आप सोवियत रूस की यात्रा भी कर चुके हैं ।


सहकारिता एवं खेल-कूद में आपकी विशेष रुचि रही है ।

मुख्यावास–ग्राम–खानपुर, पो०–डुमरिया, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,32,162, कुल मतदान–1,08,065,

प्राप्त मत–1–श्री बच्चा पाठक–33,082,

2–श्रीमती विजय लक्ष्मी–23,669 (जनता दल) ।



**बदन सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–361, फतेहपुर सीकरी,
जिला–आगरा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री कमल सिंह । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1926 । जन्म-स्थान–रिठौरा (आगरा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक एल० टी० विशेष योग्यता । विवाह तिथि–15 जून, 1950 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुन्ता कुमारी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, अध्यापन (सेवानिवृत्त) ।

सर्वप्रथम वर्ष 1977 के निर्वाचन में जनता पार्टी, 1980 में जनता (एस०), 1985 में लोकदल, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पांचवीं बार आप विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं । आपातकाल में तथा अन्य राजनीतिक आन्दोलनों में आप बीसों बार जिला कारागार आगरा, एटा तथा लखनऊ में बन्दी रहे हैं । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समितिके 1983–1985, लोक लेखा समिति के 1985-87, तथा आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के 1987-88 में सदस्य रहे हैं । आप माध्यमिक शिक्षा परिषद् इलाहाबाद के सदस्य 1977 से 1980, भारतीय लोकदल, जिला आगरा के महामंत्री/अध्यक्ष 1974-77 तथा वर्ष 1969-70 में अछूतोद्धार समिति, आगरा के महामंत्री रहे हैं । वर्ष 1942 से आप आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य हैं ।

लेखन, साहित्यानुराग, भ्रमण, कृषि, शिक्षा, व्यायाम, कुश्ती तथा संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–रिठौरा, पो० अखवाई, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–2,02,968, कुल मतदान–1,15,212,.

प्राप्त मत–1–श्री बदन सिंह–33,518,

2–श्री बाबू लाल–31,025 (जनता दल) ।



**बनवारी लाल दोहरे, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–308, कन्नौज (अ० जा०),

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री फकीरे लाल दोहरे । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1953 । जन्म-स्थान–ग्राम–डहलेपुर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–विधि स्नातक । विवाह तिथि–22 अप्रैल, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्यावती । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन में आप वर्ष 1990 में पांच दिन नौबस्ता कानपुर में बन्दी रहे । आप एस० के० एस० इण्टर कालेज कन्नौज की कार्यकारिणी के सदस्य 4 वर्ष से हैं ।


सामाजिक कार्य (दलित उत्थान) में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–डहलेपुर बांगर, पो०–पाइन्दाबाद, जिला–फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,05,964, कुल मतदान–1,23,005,

प्राप्त मत–1–श्री बनवारी लाल दोहरे–50,130,

2–श्री अनिल कुमार दोहरे–38,769 (समाजवादी पार्टी) ।



**बनवारी सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–45, उसैहत,
जिला–बदायूं ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री लाखन सिंह । जन्म तिथि–31 जनवरी, 1949 । जन्म-स्थान–ग्राम–मानपुर (बदायूं) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–सन् 1960 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शिव देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता पार्टी तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार 1969, 1979 तथा 1992 में धारा–144, 151 के अन्तर्गत अनेक बार जिला जेल बदायूं में बन्दी रहे । आप जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति तथा संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे हैं । आप जिला सहकारी बैंक बदायूं के अध्यक्ष 2 अक्टूबर, 1989 से 3 जनवरी, 1990 तक, उ० प्र० आवास एवं विकास परिषद् लखनऊ के अध्यक्ष 8 अक्टूबर, 1990 से 26 जून, 1991 तक तथा लोकदल बदायूं के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं । समाज कल्याण पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसहैत बदायूं के अध्यक्ष वर्ष 1980 से तथा सरदार पटेल माध्यमिक विद्यालय, बदायूं के संरक्षक तीन वर्ष से हैं । वर्ष 1980 में कृषि एवं सहकारिता विभाग के अध्ययन दल के सदस्य के रूप में आप बैंकाक, मलेशिया, टोकियो (जापान), मनीला (फिलीपीन्स), सिंगापुर तथा हांग-कांग की यात्रा कर चुके हैं ।

कृषि सहकारिता संबंधी आन्दोलन, अध्ययन एवं बागवानी में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम–मानपुर, पो०–आसफपुर, जिला–बदायूं।

कुल मतदाता–1,95,331, कुल मतदान–1,21,830,

प्राप्त मत–1–श्री बनवारी सिंह–49,763,

2–श्री ब्रजपाल सिंह–34,877 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

**बरकत अली खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–125, सुल्तानपुर,

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–खैराबाद, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,34,259, कुल मतदान–1,27,737,

प्राप्त मत–1–श्री बरकत अली खां–57,248,

2–श्री राम प्यारे शुक्ल–43,541 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**बी० आर० वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–209, सगड़ी,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री बैजनाथ वर्मा । जन्म तिथि–14 सितम्बर, 1957 । जन्म-स्थान–ग्राम–टण्डवाखानपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–बी० एस० सी०, एल-एल० बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रभावती । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1991-92 में विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य रह चुके हैं । पटेल मेमोरियल क्लब बी० एच० यू०, लोकत्रांतिक युवा समाज 1977 से 82 और सरदार पटेल स्मारक परिषद्, आजमगढ़ के 1982 से संस्थापक सदस्य, बहुंजन समाज पार्टी आजमगढ़ के महासचिव (1986) रहे हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–अनन्तपुरा, आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,30,593, कुल मतदान–1,17,749,

प्राप्त मत–1–श्री बरखू राम वर्मा–49,893,

2–श्री राम सकल सिंह पटेल–18,998 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बरफिया लाल जुवांठा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–1, उत्तर काशी (अ० जा०),

जिला–उत्तर काशी ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गुलाब जुवांठा । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1943 । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए० भूगोल (इलाहाबाद वि० वि) । विवाह तिथि–1973 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शांति जुवांठा । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन (1969-74)।

जून, 1977 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार भारतीय लोकदल से, नवम्बर, 1989 में जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलनों में टिहरी कारागार में आप सात दिन तक बन्दी रहे हैं । मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में 1989-91 में आप उत्तर प्रदेश के पर्वतीय विकास मंत्री भी रह चुके हैं । रवाई आदिम जाति संघ के अध्यक्ष वर्ष 1974 से 1977 तक रहे । आपने अम्बेडकर समिति के गठन के साथ-साथ पिछड़े एवं दलितों के कार्यों हेतु संरक्षक का कार्य किया, पुरोला में कमल संस्कृत विद्यालय की स्थापना की एवं वर्ष 1977 से 1980 तक पर्वतीय वन समिति से भी सम्बद्ध रहे । "रवाई तिलाड़ी काण्ड" खण्ड काव्य की आपने रचना की है । अनेक लेख व फुटकर कविताएं भी आपने लिखी हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–कुमोला, पोस्ट–पुरोला, जिला-उत्तरकाशी ।

कुल मतदाता–1,85,418, कुल मतदान–1,00,308,

प्राप्त मत–1–श्री बरफिया लाल जुवांठा–31,658,

2–श्री कुन्दन लाल–28,337 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बलराम यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–213, अतरौलिया,

जिला–आजमगढ़ ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री लोदी प्रसाद यादव । **जन्म तिथि–1 जून,** 1942 । **जन्म-**स्थान–सेनपुर। धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–सन् 1960 में । पत्नी का नाम–श्रीमती लल्ली देवी । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप 1985 के आम चुनाव में लोकदल के टिकट पर, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों में आप आजमगढ़ कारागार तथा सेन्ट्रल जेल वाराणसी में बन्दी रहे हैं । वर्ष 1984-86 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति वर्ष 1986-87 में सरकारी आश्वासन संबंधी समिति और 1988-89 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1990-91 के मध्य श्री मुलायम सिंह यादव की पूर्व सरकार में आप मंत्री रह चुके हैं तथा वर्तमान में भी स्वास्थ्य, चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री हैं ।

सामाजिक सेवा तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–सेनपुर, पो०–बसहिया, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,24,994, कुल मतदान–1,20,815,

प्राप्त मत–1–श्री बलराम यादव–56,516,

2–श्री इन्द्रसेन उर्फ श्याम बहादुर–28,529 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**बशीर उद्दीन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–322, मौदहा,

जिला–हमीरपुर ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–मो०–चौधराना, पूर्वी–तरौस, मौदहा, जिला–हमीरपुर ।

कुल मतदाता–1,82,992, कुल मतदान–1,09,001,

प्राप्त मत–1–श्री बशीर–37,560,

2–श्री बादशाह सिंह–37,448 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**बाबू खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–89, शाहाबाद,

जिला–हरदोई ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री कासिम अली खां । जन्म तिथि–16 जून, 1949 । जन्म-स्थान–पाली (हरदोई) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–27 मई, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती सोफिया बेगम । सन्तान–पांच पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

आप मई–जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप धारा 151/116/117 के अन्तर्गत वर्ष 1984 में हरदोई जिला कारागार में बन्दी रहे हैं ।


अध्ययन, राजनैतिक कार्यों, समाज सेवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यालय–मोहल्ला–काजी सराय, पोस्ट–पाली, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,05,887, कुल मतदान–1,22,271,

प्राप्त मत–1–श्री बाबू खां–41,478,

2–श्री गंगाभक्त सिंह–28,823 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बाबूराम यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–338, करहल,

जिला–मैनपुरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री जोरावर सिंह यादव । जन्म तिथि–5 अप्रैल, 1939 । जन्म-स्थान–ग्राम–गढ़िया–अहलादपुर (मैनपुरी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (अहीर) । शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्० । पत्नी का नाम–श्रीमती लौंगश्री । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (चावल मिल, ईंट भट्टा), व्यापार (अस्त्र-शस्त्र की दुकान) तथा अध्यापन (पूर्व अध्यापक) ।

सर्वप्रथम सन् 1985 के सामान्य निर्वाचन में लोकदल से, 1989 में जनता दल से, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपातकाल में आप जिला कारागार, मैनपुरी और केन्द्रीय कारागार, आगरा में बन्दी रहे । वर्ष 1990-91 में आप अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य तथा 20 दिसम्बर, 1990 से 20 जून, 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव की पूर्व सरकार में मंत्री रह चुके हैं, अब राजस्व मंत्री हैं । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति तथा प्रतिनिहित विधायन समिति के आप सदस्य रहे हैं । सन् 1978 से 80 तक मण्डी समिति, मैनपुरी के अध्यक्ष, वर्ष 1978-79 और 80 तक किसान ग्रामीण बैंक, मैनपुरी के संचालक, डा० राममनोहर लोहिया इण्टर कालेज, धनुवा (इटावा) के सचिव तथा गत वर्ष तक चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय डेवरा (इटावा) की प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति से सम्बद्ध रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–सदर बाजार, करहल, मैनपुरी ।

कुल मतदाता–2,01,711, कुल मतदान–1,14,590,

प्राप्त मत–1–श्री बाबूराम यादव पुत्र श्री जोरावर सिंह–39,764,

2–श्री सुभाष चन्द्र यादव पुत्र श्री नत्थू सिंह–30,022 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बाबू राम वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–169, राम नगर,

जिला–बस्ती ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम नरेश चौधरी । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1930 । जन्म-स्थान–अमरौली शुमाली (बस्ती) । शिक्षा–स्नातक, साहित्य रत्न । धर्म–हिन्दू (मानववादी विचार धारा) । जाति–पिछड़ी जाति । पत्नी का नाम–श्रीमती कामनी देवी । सन्तान–पांच पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1977 के सामान्य निर्वाचन में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार स०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप सोशलिस्ट पार्टी द्वारा चलाये गये सत्याग्रह में बस्ती में वर्ष 1957 में 4 माह, 1958 में 6 माह, 1960 में 9 माह और वर्ष 1963, 64, 65 में क्रमशः तीन-तीन माह तथा इमरजेंसी में 19 माह 15 दिन बन्दी रहे । विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के 1978-80 में तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के 1977-78 में सदस्य रहे । आप सोशलिस्ट पार्टी, बस्ती के अध्यक्ष 8 वर्ष, ग्रामसभा–अमरौली शुमाली के ग्राम प्रधान 20 वर्ष तथा गन्ना सहकारी समिति, गोविन्द नगर, बस्ती के अध्यक्ष एक वर्ष तक रहे हैं । सोशलिस्ट पार्टी के तत्वाधान में छुआछूत समाप्त करने के लिए जन आन्दोलनों में वर्ष 1948 से 1954 तक आपने भाग लिया ।


सादा जीवन तथा ऐतिहासिक उपन्यासों एवं ग्रन्थों के अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–अमरौली शुमाली, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,00,910, कुल मतदान–1,23,851,

प्राप्त मत–1–श्री बाबूराम वर्मा–46,929,

2–श्री अनूप कुमार पाण्डेय–36,158 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बाबू लाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–93, सफीपुर (अ०जा०),

जिला–उन्नाव ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री शिवराम । जन्म तिथि–12 सितम्बर, 1945 । जन्म-स्थान–उन्नाव । शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी० । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । विवाह तिथि–1980 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत (एडवोकेट) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में 1975 में डी०आई०आर० के अन्तर्गत आप उन्नाव जेल में बन्दी रहे ।

सामाजिक सेवा एवं शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–24–दरोगा बाग, सिविल लाइन, उन्नाव ।

कुल मतदाता–2,01,858, कुल मतदान–1,20,113,

प्राप्त मत–1–श्री बाबू लाल–42,300,

2–श्री सियाराम–38,274 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**बाल गोविन्द राजवंशी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र- 82 मछरेहटा (अ०जा०),

जिला–सीतापुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्री जानकी प्रसाद । जन्म तिथि–30 नवम्बर, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम–कुसौली (सीतापुर) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । धर्म–बौद्ध । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । विवाह तिथि–12 मई, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजेश्वरी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–छोटी कुसौली, पो०–संदना, जनपद–सीतापुर ।

कुल मतदाता–1,87,002, कुल मतदान–1,07,281,

प्राप्त मत–1–श्री बाल गोविन्द राजवंशी–30,724,

2–श्री कढ़िले राम–27,324 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बाल चन्द्र मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–291, गोविन्द नगर,

जिला–कानपुर महानगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री केशव मिश्र । जन्म तिथि–17 जुलाई, 1942 । जन्म-स्थान–ग्राम–मुनिछपरा (बलिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–परास्नातक, विधि स्नातक । विवाह तिथि–24 अप्रैल, 1962 । पत्नी का नाम–श्रीमती शोभारानी मिश्रा । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप पहली बार, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । फरवरी, 1990 में आवास मंत्रणा एवं किचन समिति तथा 1990-91 में ही विधान सभा की याचिका समिति के सदस्य रहे हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों के दौरान आप तिहाड़ जेल, दिल्ली में 3 दिन, बांगलादेश को मान्यता दिलाने तथा शिमला समझौता भंग कराने हेतु भारतीय जनसंघ द्वारा चलाये गये आन्दोलन के दौरान 9 दिन देवरिया कारागार में, भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन में कानपुर कारागार में तथा रासुका के अन्तर्गत 26 दिसम्बर, 1990 से 26 जनवरी, 1991 तक फतेहगढ़ जेल में बन्दी रहे । केशव स्मृति समिति तथा मानव सेवा संघ के आप आजीवन सदस्य हैं । श्री कल्याण सिंह मन्त्रिमण्डल में आप जुलाई 1991 से दिसम्बर, 1992 तक श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री तथा खाद्य एवं रसद तथा श्रम एवं सेवायोजन मंत्री भी रह चुके हैं ।


साधन विहीन निर्धन जनों को पुनर्वासित एवं विकसित करने हेतु कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–185, एम०आई०जी० केशवनगर, डब्लू ब्लाक, जूही कानपुर ।

कुल मतदाता–3,63,340, कुल मतदान–1,94,268,

प्राप्त मत–1–श्री बाल चन्द्र मिश्र–92,493,

2–श्री अजय कपूर–49,961 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**बालेश्वर त्यागी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–388, गाजियाबाद,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हरीशचन्द्र । जन्म तिथि–5 नवम्बर, 1948 । जन्म स्थान–ग्राम–बसंतपुर सैंतली (गाजियाबाद) । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–विधि स्नातक । विवाह तिथि–8 मई, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजकुमारी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पश्चिम में हाईकोर्ट बेंच स्थापना तथा श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन में धारा 151 के अन्तर्गत आप क्रमशः पन्द्रह दिन व छब्बीस दिन जिला कारागार, मेरठ और सहारनपुर में बन्दी रहे हैं । जनता पार्टी (1977-79) के और भारतीय जनता पार्टी के आप जिला महामंत्री (1980-84), बार एसोसियेशन गाजियाबाद के अध्यक्ष (1983-85), भा० युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष (1978-80) तथा वर्ष 1989 में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रह चुके हैं । आपने भ्रमण हेतु नेपाल की यात्रा की है । श्री कल्याण सिंह मन्त्रिमण्डल में 19 जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक आप राजस्व राज्य एवं गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–III एल/14, नेहरू नगर, गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–3,55,886, कुल मतदान–1,92,446,

प्राप्त मत–1–श्री बालेश्वर त्यागी–91,199,

2–श्री अनूप सिंह–46,270 (जनता दल) ।

**बालेश्वर यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–197, पडरौना,

जिला–देवरिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पडरौना, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,21,892, कुल मतदान–1,37,672,

प्राप्त मत–1–श्री बालेश्वर यादव–44,175,

2–श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ल–39,658 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बिहारी लाल आर्य, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–330, मऊरानीपुर (अ०जा०),

जिला–झांसी ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री चतुर्भुज आर्य । जन्म तिथि–25 जनवरी, 1962 । जन्म स्थान–रानीपुर (झांसी) । शिक्षा–स्नातकोत्तर (बुन्देलखण्ड वि०वि०, झांसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । विवाह तिथि–10 मार्च, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती देवी । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी सत्याग्रह में आप 9 सितम्बर, 1990 को झांसी में एक दिन बन्दी रहे । वर्ष 1987 से 1993 तक बुन्देलखण्ड कोरी समाज उत्थान समिति रानीपुर के अध्यक्ष पद से आपने आदर्श सामूहिक विवाह सम्पन्न कराये तथा झलकारी बाई विद्यालय की स्थापना की । उ०प्र० युवक कांग्रेस (ई) मजदूर किसान सेल के महामंत्री 4 वर्ष, जिलायुवक कांग्रेस (ई) हरिजन प्रकोष्ठ झांसी के संयोजक, 5 वर्ष, जिलायुवक कांग्रेस (ई) झांसी के महामंत्री 4 वर्ष तथा नगर युवक कांग्रेस (ई) रानीपुर के अध्यक्ष एक वर्ष रहे हैं । सम्प्रति आप वीर बुन्देलखण्ड समाजोत्थान मऊरानीपुर के सदस्य 1979 से हैं ।


शिक्षा प्रसार, समाज सुधार, जन सेवा, साहित्य, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक विषयों में आपकी विशेष रुचि है तथा क्रिकेट एवं बैडमिंटन के खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–मुहल्ला–गंज, कस्बा रानीपुर, जनपद–झांसी–284205,

कुल मतदाता–2,27,598, कुल मतदान–1,25,393,

प्राप्त मत–1–श्री बिहारी लाल आर्य–49,367,

2–श्री प्रागी लाल अहिरवार–43,352 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**बी० के० गुप्ता, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–57, पीलीभीत,

जिला–पीलीभीत ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम कृष्ण गुप्ता । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1954 । जन्म-स्थान–बरेली । धर्म–हिन्दू । जाति–वैश्य । शिक्षा–स्नातक (बरेली), डिप्लोमा (टैक्सटाइल इंजीनियरिंग तथा एकाउंटेंसी) । विवाह तिथि–25 जून, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती निर्मला गुप्ता । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । धारा 151 के अन्तर्गत आप जिला कारागार बदायूं में सोलह दिन, पीलीभीत में चार दिन तथा बरेली में पांच दिन बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की प्राक्कलन समिति तथा कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य रहे हैं । आप चिरौंजी लाल वीरेन्द्र पाल शिशु मन्दिर के सदस्य 5 वर्ष से, लायन्स क्लब पीलीभीत के सदस्य 2 वर्ष से, पर्यावरण समिति के अध्यक्ष 2 वर्ष से तथा रामलीला कमेटी पीलीभीत के संरक्षक 3वर्ष से हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा शाकाहारी भोजन, शतरंज खेलना, समाचार पत्र व टी०वी० देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–कोकरा बिल्डिंग, मो०–इनायतगंज (बैंक आफ बड़ौदा के ऊपर), पीलीभीत, उ०प्र० ।

कुल मतदाता–1,92,894, कुल मतदान–1,24,605,

प्राप्त मत–1–श्री बी० के० गुप्ता–45,682,

2–श्री रियाज अहमद पुत्र अहमद हुसैन–27,811 (जनता पार्टी) ।



**बेचन राम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–183, मुण्डेरा बाजार (अ०जा०),
जिला–गोरखपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री बंशी राम । जन्म तिथि–18, मई, 1954 । जन्म स्थान–जंगल रसूलपुर (गोरखपुर) । शिक्षा–एम०ए०, बी०एड्० । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । पत्नी का नाम–श्रीमती सोनमती देवी । सन्तान–छः पुत्र । व्यवसाय–अध्यापन (प्रधानाचार्य) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में अस्थायी जेल आजमगढ़ (श्री दुर्गाजी चण्डेसर स्नातकोत्तर महाविद्यालय) में 19 दिन बन्दी रहे । आप डा० भीमराव अम्बेदकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय, जंगल रसूलपुर नं० 2 गोरखपुर के संस्थापक तथा जुलाई, 1981 से प्रधानाचार्य हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–जंगल रसूलपुर नं० 2, (टो० सोलाभारी), गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,16,337, कुल मतदान–1,08,064,

प्राप्त मत 1–श्री बेचन राम–40,592,

2–श्री राम सेवक–31,519 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**बेनी प्रसाद वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–142, मसौली,

जिला–बाराबंकी।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री मोहन लाल वर्मा। जन्म तिथि–11 फरवरी, 1941। जन्म-स्थान–ग्राम–सिरौली। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० (लखनऊ वि०वि०)। विवाह–तिथि–20 मई, 1956। पत्नी का नाम–श्रीमती मालती देवी। सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

1974 में भारतीय क्रान्ति दल के टिकट से, 1977 में जनता पार्टी से, 1985 के सामान्य निर्वाचन में लोकदल से, नवम्बर, 1989 में जनता दल से मई-जून, 1991 में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में छठीं बार आप समाजवादी पार्टी से विधान सभा के लिए चुने गये हैं। 1979-80 में राज्य सरकार में कारागार तथा गन्ना विकास मंत्री के पद पर रहे। 5 दिसम्बर, 1989 से 24 जून, 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में सार्वजनिक निर्माण और संसदीय कार्य मंत्री रहे हैं। विधान सभा की आश्वासन समिति के सभापति तथा लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, विशेषाधिकार, कार्य मंत्रणा और नियम समिति के भी सदस्य रहे हैं। 1960 से 1984 तक अनेक बार बाराबंकी, लखनऊ तथा नैनी जेल में राजनीतिक बन्दी रहे। जनता हाईस्कूल, बदोसराय के कोषाध्यक्ष (1970 से) तथा डी०ए०वी० कालेज, बाराबंकी के उपाध्यक्ष (1980 से) हैं। केन यूनियन, बुढ़वल के उप सभापति (1970–75), भारतीय लोकदल के प्रादेशिक महामंत्री (1975-77), जनता पार्टी के प्रादेशिक महामंत्री (1977-80) लोकदल के प्रादेशिक महामंत्री (1980-84) और दलित मजदूर किसान पार्टी के प्रादेशिक महामंत्री (दिसम्बर, 1984 से अप्रैल, 1985) रहे हैं। 1985 से 1989 तक अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य तथा 1989 से 1991 तक दल के मुख्य सचेतक रहे हैं। श्री मुलायम सिंह यादव के वर्तमान मंत्रिमण्डल में दिसम्बर, 1993 से आप लोक निर्माण

एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री हैं तथा विधान सभा में समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक और कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य भी हैं।

विकास एवं संसदीय अध्ययन हेतु आपने फ्रांस तथा इंग्लैंड की यात्रा की है। कृषि, राजनीति और शतरंज के खेल में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–सिरौली, गौसपुर, जिला–बाराबंकी।

कुल मतदाता–1,91,865, कुल मतदान–1,22,119,

प्राप्त मत–1–श्री बेनी प्रसाद वर्मा–52,412,

2–श्री हरिनाम सिंह–33,472 (भारतीय जनता पार्टी)।



**बैजनाथ रावत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–140, सिद्धौर (अ०जा०),
जिला–बाराबंकी ।
दाल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राजा राम रावत । जन्म तिथि–25 जनवरी, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम–भुलभुलिया मजरे (बाराबंकी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–एम०ए० (राजनीति शास्त्र), एल-एल०बी० । विवाह तिथि–जून, 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गीता रानी रावत । सन्तान–तीन पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीराम जन्म भूमि मुक्तियज्ञ आन्दोलन के दौरान आप जिला जेल बाराबंकी में सात दिन तक तथा अस्थायी जेल दिल्ली में 25-2-93 को एक दिन बन्दी रहे । भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के दस वर्ष और हरिजन सेवा संगठन के आप बारह वर्ष अध्यक्ष रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप 16 अगस्त, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक मंत्री रह चुके हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा लोगों से मिलना जुलना पसन्द है ।

मुख्यावास–ग्राम–भुलभुलिया, पो०–सेमरावां, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–1,92,930, कुल मतदान–1,17,750,

प्राप्त मत–1–श्री बैजनाथ रावत–55,179,

2–श्री रतन लाल उर्फ दीना–50,168 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**ब्रह्म दत्त द्विवेदी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–312, फर्रूखाबाद,

जिला–फर्रूखाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० पं० श्रीराम द्विवेदी । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1938 । जन्म स्थान–ग्राम–अमृतपुर (फर्रूखाबाद) । धर्म–वैदिक हिन्दू । जाति–ब्राह्मण। शिक्षा–एम०ए०, एल-एल०बी०, विशारद । विवाह तिथि–10 जून, 1962 । पत्नी का नाम श्रीमती प्रभा द्विवेदी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

जून, 1977 में प्रथम बार आप जनता पार्टी से, मार्च, 1985, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के 1977-79 में तथा विशेषाधिकार, सरकारी आश्वासन सम्बन्धी एवं कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य वर्ष 1985–89 में रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में जून 1991 से 15 अगस्त, 1992 तक आप राजस्व मंत्री तथा 16 अगस्त, 1992 से 6 दिसम्बर, 1992 तक ऊर्जा मंत्री रह चुके हैं । आपातकाल में डी०आई०आर०, मीसा, जे०पी० आन्दोलन, बंगलादेश को मान्यता, शिमला समझौता, लेबी, मंहगाई, अयोध्या आन्दोलन तथा भ्रष्टाचार के विरोध में 1968 से 1991 के मध्य 15 बार आपने जेल यात्रा की तथा लगभग एक वर्ष जिला तथा केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़, इटावा, तिहाड़ जेल, दिल्ली तथा माडल जेल लखनऊ में बन्दी रहे हैं । जिला–सहकारी कृषि समिति, हरीसिंहपुर के 1976 से 1980 तक अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक फतेहगढ़ के 1967 से 1971 तक डायरेक्टर, नगरपालिका फर्रूखाबाद एवं फतेहगढ़ के 1971 से 1976 तक सदस्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा अध्यक्ष, आर्य समाज फर्रूखाबाद के 1964 से 1978 तक मंत्री एवं अध्यक्ष अनेक बार, आर्य प्रतिनिधि सभा उ०प्र० के 1968 से 1971 तक सहमंत्री

एवं कार्यकारिणी के अंतरंग सदस्य, आर्य जिला उप प्रतिनिधि सभा, फर्रुखाबाद के मंत्री 1974-75 में, नारायण आर्य कन्या इण्टर कालेज एवं डिग्री कालेज, फर्रूखाबाद के प्रबन्धक, मंत्री तथा संयुक्त मंत्री 15 वर्ष से एवं संस्थापक सदस्य, दयानन्द इण्टर कालेज अमृतपुर के प्रबन्धक, आर्य कन्या इण्टर कालेज, रामनगर, नैनीताल एवं श्रीराम विवेकानन्द पब्लिक स्कूल के भी प्रबन्धक रहे हैं। भारतीय जनसंघ फर्रूखाबाद के मंत्री, भारतीय युवा संघ उ०प्र० की कार्यकारिणी के सदस्य, छात्र युवा संघर्ष वाहिनी उ०प्र० के संयोजक, भारतीय जनता पार्टी, उ०प्र० की कार्यकारिणी के सदस्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशीय अध्यक्ष, यू० पी० टेक्सटाइल कारपोरेशन के निदेशक तथा भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश विधान मण्डल दल के मुख्य सचेतक 1985 से 1989 तक रहे हैं। अध्यक्ष, उ० प्र० एम्योचोर बाक्सिंग संघ 1991 से तथा संरक्षक उ०प्र० एम्योचोर एथलेटिक्स एसोसियेशन 1991 से, सदस्य प्रबन्ध समिति एशियन एथलेटिक्स मीट, 1991, नई दिल्ली तथा उ०प्र० बाल्मीकि सेना के संरक्षक 1992 से अब तक हैं।

"मंजुल" उपनाम से आपने "संगम", "संघर्ष" काव्य संग्रह तथा "उरदाह" खण्ड काव्य लिखे हैं जो चट्टान प्रेस से छपे हैं। साहित्य, स्वाध्याय, खेलकूद और समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–अमृतपुर, जिला–फर्रूखाबाद।

कुल मतदाता–2,17,754, कुल मतदान–1,19,953,

प्राप्त मत–1–श्री ब्रह्म दत्त द्विवेदी–43,935,

2–श्री लाल बहादुर सिंह शाक्य–39,566 (समाजवादी पार्टी)।

**ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–200, कसया,

जिला–देवरिया ।

दल–जनता दल ।

पिता–पण्डित परमेश्वर त्रिपाठी । जन्म तिथि–15 मई, 1949 । जन्म-स्थान–पिपराझाम । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी० (गोरखपुर वि०वि०) विवाह तिथि–मई, 1966 में । पत्नी का नाम–श्रीमती लीलावती त्रिपाठी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि और वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप जनता दल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । कसया जेल में आप एक दिन बन्दी रहे । वर्ष 1983 से 88 तक तथा वर्ष 1988 से 89 में विधायक होने तक क्षेत्र समिति के प्रमुख रहे हैं । सितम्बर, 1988 से जिला सहकारी बैंक के संचालक मण्डल के सदस्य रहे हैं ।


राजनीति और जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–पिपराझांम, पो०–सिरसिया खोहिया, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,24,060, कुल मतदान–1,36,417,

प्राप्त मत–1–श्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी–65,016,

2–श्री सूर्य-प्रताप शाही–51,113 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**भगवत सरन गंगवार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–53, नवाबगंज,

जिला–बरेली ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री चुन्नी लाल गंगवार । जन्म तिथि–1 मार्च, 1956 । जन्म स्थान–ग्राम–अहमदाबाद (बरेली) । धर्म–हिन्दू (सनातन) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–6 जून, 1973 । पत्नी–श्रीमती सुनीला गंगवार । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । छात्र आन्दोलन के दौरान वर्ष 1973 में बरेली में 30 घन्टे और श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में वर्ष 1990 में 16 दिन जिला कारागार शाहजहांपुर में आप बन्दी रहे । आप सरस्वती शिशु मन्दिर, नवाबगंज के आजीवन सदस्य 1990 से, क्षेत्रीय युवा समिति के अध्यक्ष 1980 से तथा निःशुल्क सहायता एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्य 12 वर्ष से हैं । डा० श्यामा प्रसाद मुकर्जी जनउत्थान, समिति (उ०प्र०) के, श्रीराम प्रसाद विस्मिल हा० से० स्कूल दिवनापुर, बरेली के आजीवन सदस्य हैं । भ्रमण हेतु आपने नैपाल की यात्रा की है ।


आध्यात्म एवं समाज सेवा, शिक्षा की उन्नति और निर्माण कार्यों में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–अहमदाबाद, तह०–नवाबगंज, जिला–बरेली ।

कुल मतदाता–1,87,282, कुल मतदान–1,16,643,

प्राप्त मत–1–श्री भगवत सरन गंगवार–38,927,

2–श्री मास्टर छोटे लाल गंगवार–35,326 (समाजवादी पार्टी) ।



**भगवती प्रसाद शुक्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–101, लखनऊ पूर्व,

जिला–लखनऊ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गिरधारी लाल शुक्ल । जन्म तिथि–2 जुलाई, 1932 । जन्म-स्थान–ग्राम–मितौली खीरी । धर्म–हिन्दू (सनातन) । शिक्षा–एम० ए० (इतिहास, हिन्दी, लोक प्रशासन), एल-एल०बी०, साहित्य रत्न । विवाह तिथि–15 जुलाई, 1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला शुक्ल । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्व प्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलनों में आप कई बार लखीमपुर, लखनऊ, दिल्ली तथा उन्नाव कारागार में अनेक बार बन्दी रहे और तीन सौ रुपये जुर्माना भी हुआ । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य, श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में जून, 1991 से अगस्त, 1992 तक सहकारिता राज्य मंत्री तथा जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक पार्टी सचेतक भी रहे । आप 1962 से 1967 तक सहकारी उपभोक्ता संघ, हसनगंज के महामंत्री तथा निदेशक एवं 1951 से 59 तक विद्यार्थी परिषद् से सम्बद्ध रहे । सम्प्रति राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, आर्य समाज, सर्वोदय, हिन्दू परिषद्, रोटरी, लायन्स क्लब तथा अनेक शिक्षा संस्थाओं से सम्बद्ध । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से क्रमशः 1947 और 1951 से सम्बद्ध हैं तथा विभिन्न पदों पर रहे ।

पत्रकारिता, लेखन कार्य एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण और भाषण देना प्रिय है ।


मुख्यावास–सी–178, निरालानगर, लखनऊ ।

कुल मतदाता–1,68,133, कुल मतदान–90,911,

प्राप्त मत–1–श्री भगवती प्रसाद शुक्ल–48,121,

2–श्री लव भार्गव–27,442 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**भगवती प्रसाद सागर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–295, भोगनीपुर (अ०जा०),
जिला–कानपुर देहात ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मुंशी लाल । जन्म-तिथि–28 मई, 1955 । जन्म-स्थान–गोपालपुर (कानपुर देहात) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (धोबी) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–एक मई, 1982 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत (एडवोकेट) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप बहुजन समाज पार्टी के जिला महामंत्री वर्ष 1985 से 1993 तक रहे हैं ।

सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा सामाजिक गोष्ठियों में भाग लेना एवं पठन-पाठन प्रिय है ।


मुख्यावास–गोपालपुर, पोस्ट–मुहम्मदपुर, जिला–कानपुर देहात ।

कुल मतदाता–2,09,232, कुल मतदान–1,09,836,

प्राप्त मत–1–श्री भगवती प्रसाद सागर–40,305,

2–श्री सत्य प्रकाश संखवार–36,301 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**भगेलू राम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–128, कादीपुर (अ०जा०),

जिला–सुल्तानपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता– श्री झिम्मन । जन्म-तिथि–13 मार्च, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम कराई (सुल्तानपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–स्नातक एल-एल० बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम कराई, पो०–मखदूम बरामद्पुर, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,35,846, कुल मतदान–1,30,654,

प्राप्त मत–1–श्री भगेलू राम–55,743,

2–श्री राम चन्द्र चौधरी–45,841 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**भागवत पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–264, मझवां,

जिला–मिर्जापुर ।

दल--बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० शम्भू नाथ चौधरी । जन्म-तिथि–12 जुलाई, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम केवटावीर (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1971 में । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रेमा देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार ब०स०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । अनेक जन आन्दोलनों में आप वर्ष 1982, 83, 84 तथा 1992 में धारा 188, 151 के अन्तर्गत जिला कारागार मिर्जापुर में बन्दी रहे । वर्ष 1978 और 80 में आप अध्यक्ष, युवा कल्याण समिति, 1979 से 84 तक मजदूर संगठन, 1980 में पशुपालन संगठन एवं 1991 में बनवासी एवं पाषाण मजदूर संगठन के संगठक तथा पाल महासभा से भी सम्बद्ध रहे हैं ।

जन सेवा, सामाजिक तथा साहित्यिक अध्ययन में आपकी विशेष रुचि तथा साथियों के साथ वार्तालाप प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम केवटावीर, पो०–मखदूम कछवा, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,17,225, कुल मतदान–1,29,628,

•प्राप्त मत–1–श्री भागवत पाल–53,971,

2–श्री लोक पति त्रिपाठी–41,227 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**भैरों प्रसाद मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–316, कर्वी,

जिला–बांदा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राजा भाई मिश्रा । जन्म तिथि–9 जुलाई, 1958 । जन्म-स्थान हनुवां (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–8 सितम्बर, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती चिन्ता देवी मिश्र । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप जिला बनाओ आन्दोलन के तहत सब-कारागार, कर्वी में वर्ष 1986 में 3 दिन तथा अयोध्या कार-सेवा आन्दोलन के दौरान जिला कारागार, बांदा और महोबा में 1990 में एक माह बन्दी रहे । आप जिला सहकारी बैंक, बांदा के अध्यक्ष 30 अक्टूबर, 1992 से 22 दिसम्बर, 1992 तक तथा चित्रकूट धाम स्पोर्ट्स एसोसियेशन, कर्वी के 1984 से, जिला उद्योग व्यापार मण्डल कर्वी के 1985 से तथा प्रबन्ध समिति चित्रकूट इण्टर कालेज, बांदा के अध्यक्ष 1991 से हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–गांधीगंज, नया बाजार, कर्वी, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–1,84,348, कुल मतदान–1,05,060,

प्राप्त मत–1–श्री भैरों प्रसाद मिश्र–27,497,

2–श्री राम कृपाल–27,299 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**मंजूर अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–56, बहेड़ी,

जिला–बरेली।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–हाजी अब्दुल रशीद। जन्म तिथि–28 नवम्बर, 1938। जन्म-स्थान–बहेड़ी। धर्म–इस्लाम। जाति–मुस्लिम। शिक्षा–स्नातक। विवाह तिथि–5 मार्च, 1961। पत्नी का नाम–श्रीमती मुमताज जहाँ। सन्तान–1 पुत्र, 3 पुत्री। व्यवसाय–कृषि और उद्योग कारखाना आदि।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। अनेक सामाजिक आन्दोलन में आपने भाग लिया है। आप दारुलउलूम मदरसा शेरिया, बहेड़ी के मैनेजर 10 वर्ष, शेरयो मेम्बर, नगरपालिका बहेड़ी के 1964 से 1971 तक तथा उत्तर प्रदेश जेल परचेजिंग कमेटी के सदस्य 1981 से 83 तक रहे हैं। वर्ष 1989-91 में विधान सभा की संसदीय शोध संदर्भ एवं अध्ययन समिति के भी आप सदस्य रहे हैं।

जनसेवा तथा अल्पसंख्यकों व दलितों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–सुनहरी मस्जिद, टाण्डा उत्तरी बहेड़ी, जिला–बरेली।

कुल मतदाता–2,12,140, कुल मतदान–1,41,896,

प्राप्त मत–1–श्री मंजूर अहमद–45,853,

2–श्री हरीश चन्द्र गंगवार–45,385 (भारतीय जनता पार्टी)।

**मण्डलेश्वर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–360, खैरागढ़,

जिला–आगरा ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री महाराज सिंह । जन्म तिथि–8 मार्च, 1937 । धर्म–हिन्दू जाति–गूजर । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–11 फरवरी, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती शांता । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार ।

मई, 1980 के निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस (आई०) के टिकट पर, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 में तीसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । संचालक जिला विकास सहकारी बैंक, आगरा, ब्लाक प्रमुख सैयां, उपाध्यक्ष, जिला परिषद्, संचालक, जिला सहकारी संघ तथा ट्रस्टी आगरा कालेज, आगरा आदि पदों पर आप आसीन रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सईयां, खैरागढ़, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–1,96,404, कुल मतदान–1,18,766,

प्राप्त मत–1–श्री मण्डलेश्वर सिंह–36,863,

2–श्री बाबूलाल गोयल–32,492 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**मदन गोपाल वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–285, जहानाबाद,

जिला–फतेहपुर ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री भगवानदीन । जन्म तिथि–2 जनवरी, 1958 । जन्म-स्थान–ग्राम–बकिमापुर (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–21 जून, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहली बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । जन आन्दोलनों में अनेक बार आप जिला कारागार, फतेहपुर में एक दिन से लेकर आठ दिन तक बन्दी रहे हैं । वर्ष 1991 से इलाहाबाद मण्डल के उपाध्यक्ष हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकें पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–बकिमापुर मजरें बीघनपुर, पोस्ट–कोंह, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–1,85,839, कुल मतदान–1,09,901,

प्राप्त मत–1–श्री मदन गोपाल वर्मा–31,124,

2–श्री नरेश चन्द्र उत्तम–27,332 (समाजवादी पार्टी) ।

**मदन भैया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–400, खेकड़ा,

जिला–मेरठ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में प्रथम बार जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से दूसरी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–शरफुद्दीनपुर, जावली, जिला–गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,80,782, कुल मतदान–1,56,335,

प्राप्त मत–1–श्री मदन भैया–67,385,

2–श्री रूप चौधरी–51,760 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**मनव्वर हसन चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–411, कैराना,

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल–जनता दल ।

पिता–चौ० अख्तर हसन । जन्म तिथि–15 मई, 1964 । जन्म-स्थान–कैराना । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–23 जून, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती तब्बुस्सुम जहाँ । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार जनता दल से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । व्यापार के उद्देश्य से आप दुबई की यात्रा कर चुके हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा साहित्य एवं राजनीतिक पुस्तकों का अध्ययन प्रिय कार्य है ।

मुख्यावास–मकान नं० 463/2, मो०–आलदरमियान कैराना (247774),

जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,07,007 कुल मतदान–1,39,275,

प्राप्त मत–1–चौ० मनव्वर हसन–51,888,

2–श्री हुकुम सिंह–43,980 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



**मनोहर लाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–94, उन्नाव,

जिला–उन्नाव ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० श्री चुन्नी लाल । जन्म तिथि–30 जून, 1938 । जन्म-स्थान–वाजिदपुर, जाजमऊ (कानपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (मल्लाह) । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–मई, 1950 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गंगाश्री । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1969 में भारतीय क्रान्ति दल के टिकट पर, 1985 में लोकदल से, तीसरी बार नवम्बर, 1989 में जनता दल तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1977-80 में आप जनता पार्टी से लोक सभा के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1975 में आप मीसा के अन्तर्गत कानपुर महानगर कारागार में सात माह बन्दी रहे । आप विधान सभा की याचिका समिति के 1986-87 में, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के 1988-89 में, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के 1987-88 में, प्रतिनिहित विधायन समिति के 1990-91 में तथा विधान पुस्तकालय परामर्श दात्री समिति के 1989-91 में सदस्य रहे हैं । वर्ष 1970–72 में उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम, सेवायोजन तथा परिवहन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं । वर्तमान श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में आप पशुधन तथा मत्स्य विभाग के मंत्री हैं । सांसद रहते हुए भारतीय प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में आपने रूस, रूमानिया, बल्गारिया, जर्मनी और इंग्लैण्ड की यात्रा की है । आपने स्व० चौधरी चरण जी के जीवन से संबंधित "परंतप" नामक पुस्तक भी लिखी है । आप लोकदल व जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, कानपुर महानगर के सभासद रहे हैं । सम्प्रति राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेशाध्यक्ष, 1992 से, लोधी, निषाद, विन्द, कश्यप एकता समता महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक 1990 से,

जे० पी० आर० एन० इण्टर कालेज, कानपुर के प्रबन्धक 1975 से और सरस्वती विद्यालय चन्द्रनगर, कानपुर के आजीवन अध्यक्ष हैं।


जनसेवा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण प्रिय है।

मुख्यावास–2 बी, बाजिदपुर, पो०–जाजमऊ, जिला–कानपुर।

कुल मतदाता–2,35,528, कुल मतदान–1,32,858,

प्राप्त मत–1–श्री मनोहर लाल–57,856,

2–श्री शिवपाल सिंह–52,994 (भारतीय जनता पार्टी)।



**मन्नू लाल कुरील, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–315, मानिकपुर (अ० जा०),

जिला–बांदा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मनकू लाल जी कुरील । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1947 । जन्म-स्थान–ग्राम–शेरपुर (बरईमानपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति। शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–4 मई, 1956 । पत्नी का नाम–श्रीमती राम प्यारी कुरील । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–पत्रकारिता ।

आप प्रथम बार मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में और अब दूसरी बार नवम्बर, 1993 में भी भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अनेक बार जन आन्दोलनों में आप दिल्ली, बांदा, महोबा और हमीरपुर कारागार में बन्दी रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में जुलाई, 1991 से अगस्त, 92 तक आप उपमंत्री, कारागार एवं होमगार्ड्स तथा अगस्त, 92 से दिसम्बर, 92 तक राज्य मंत्री रह चुके हैं । सम्प्रति आप वनवासी विकास आश्रम के अध्यक्ष हैं ।


संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–भवानीगंज, अतर्रा, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–1,83,417, कुल मतदान–76,589

प्राप्त मत–1–श्री मुन्नू लाल कुरील–24,860,

2–श्री दद्दू प्रसाद–20,925 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**मयंकर सिंह, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–147, फखरपुर,

जिला–बहराइच ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० भगौती वत्स सिंह । जन्म तिथि–7 जून, 1952 । जन्म–स्थान–दहौरा । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल०बी० (एडवोकेट) । विवाह तिथि–24 अप्रैल, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला सिंह । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि और वकालत ।

सर्वप्रथम 1985, 89, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । बहराइच कारागार में अनेक बार, वर्ष 1973 में गोरखपुर में बीस दिन तथा सुल्तानपुर कारागार में लगभग एक माह श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन के दौरान तीन हजार लोगों के साथ आप बन्दी रहे । जुलाई, 1991 से आप श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में लघु उद्योग राज्य मंत्री रहे हैं । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के वर्ष 1986 से 1989 तथा वर्ष 1989 से 1991 तक सदस्य रहे । गांधी इण्टर कालेज, छात्रसंघ के कोषाध्यक्ष (1968-69), महाराज सिंह इण्टर कालेज, बहराइच के अध्यक्ष (1969-70), किसान महाविद्यालय बहराइच छात्रसंघ के अध्यक्ष (1971-72) भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री (1978-84) तथा भा० ज० पार्टी विधान मण्डल दल उ० प्र० के कोषाध्यक्ष (1987-89) रहे हैं । बागेश्वरी के दर्शनार्थ आपने नेपाल की यात्रा की है ।

कृषि एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा मित्रों के साथ बैठना और भ्रमण करना आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–दहौरा, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,02,226, कुल मतदान–1,20,920,

प्राप्त मत–1–श्री मयंकर सिंह 52,604,

2–श्री अरुण बीर सिंह–47,870 (समाजवादी पार्टी) ।

---

**मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–108, तिलोई,

जिला–रायबरेली ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–तिलोई, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,11,965, कुल मतदान–1,24,881,

प्राप्त मत–1–श्री मयंकेश्वर शरण सिंह–55,911,

2–श्री मो० मुस्लिम सिद्दीकी–46,795 (समाजवादी पार्टी) ।



**मसूद अहमद खां, डा०,**
निर्वाचन क्षेत्र–133, टाण्डा,
जिला–फैजाबाद ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री वहीद अहमद खां । जन्म तिथि–12 दिसम्बर, 1953 । जन्म-स्थान–पृथ्वीपुर (फैजाबाद) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–एम० ए० (गोरखपुर वि० वि०), एम० फिल०, पी–एच० डी० (अलीगढ़ वि० वि०) । पत्नी का नाम–डा० श्रीमती अनीसा मसूद । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन आन्दोलन में आप जिला कारागार, बस्ती में पन्द्रह दिन बन्दी रहे । वर्ष 1983 में राजनीति में प्रवेश से पूर्व तक आप अलीगढ़ वि० वि० में अवैतनिक प्रवक्ता रहे । आप दलित, शोषित एव मुसलमानों के लिये विगत 10 वर्षों से संघर्ष करते रहे हैं । 4 दिसम्बर, 1993 से 21 जून, 1994 तक आप श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं ।


सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय हैं ।

मुख्यावास- ग्राम–लगड़ी-पृथ्वीपुर, टाण्डा, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,26,722, कुल मतदान–1,41,862

प्राप्त मत–1–डा० मसूद अहमद खां–61,374,

2–श्री केशव राम वर्मा–40,202 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**महबूब अली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–24, कांठ,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–जनता पार्टी ।

पिता–श्री बशीर अहमद । जन्म तिथि–4 अप्रैल, 1953 । जन्म स्थान–शकूरपुर शमसपुर । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम, पिछड़ी जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह-तिथि–10 जून, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सकीना । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना) आदि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के लिये चुने गये हैं । वर्ष 1986 से 1988 तक आप दुग्ध संघ मुरादाबाद के निर्वाचित संचालक (चेयरमैन) रहे हैं ।

मुख्यावास–ग्राम शकूरपुर, शमसपुर, पो०–रजबपुर, तह०–अमरोहा, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–1,99,934, कुल मतदान–1,25,001,

प्राप्त मत–1–श्री महबूब अली–31,498,

2–श्री ठाकुर पाल सिंह–30,022 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**महाराज सिंह यादव इटैली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–306, भरथना,

जिला–इटावा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गीतम सिंह यादव । जन्म तिथि–25 फरवरी, 1945 । जन्म–स्थान–इटैली (इटावा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातकोत्तर एल–एल० बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

वर्ष 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार लोकदल से, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से चौथी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा 144 के उल्लंघन में इटावा जेल में आप अनेक बार बन्दी रहे । वर्ष 1985 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति, प्राक्कलन समिति तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1978-79 में मण्डी समिति, अन्छला के अध्यक्ष, 1980-89 में जिला लोकदल, इटावा के अध्यक्ष, 1989 से 91 जिला जनता दल के अध्यक्ष तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के महमूदाबाद छात्रावास और विधि संकाय के उपाध्यक्ष रहे हैं ।


कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनैतिक क्रिया-कलाप प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–इटैली, अन्छला, जिला–इटावा ।

कुल मतदाता–2,05,967, कुल मतदान–1,21,978,

प्राप्त मत–1–श्री महाराज सिंह यादव–52,119,

2–श्री अजय कुमार–45,061 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**महावीर सिंह, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–17, सेवहारा,

जिला–बिजनौर।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री बाबू सिंह। जन्म तिथि–15 फरवरी, 1943। जन्म-स्थान–फतिहाबाद (बिजनौर)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि–12 मई, 1964। पत्नी का नाम–श्रीमती राजवती देवी। सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में पहली बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के लिए विजयी हुए हैं। वर्ष 1975 में सत्रह महीने आप डी० आई० आर० व मीसा में बरेली तथा बिजनौर के कारागार में बन्दी रहे हैं। जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में शिक्षा व कृषि राज्य मंत्री रहे हैं। वर्ष 1977-80 में आप जिला सहकारी बैंक के संचालक, शिशु मंदिर विद्या मंदिर के व्यवस्थापक, खालसा इण्टर कलेज तथा कुछ अन्य शिक्षा संस्थाओं के एवं खाद्य परामर्शदात्री समिति, चांदपुर के सदस्य रहे हैं।

कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा वालीबाल और कबड्डी का खेल प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम–फतिहाबाद, पोस्ट–झीरन वाया हसुपुरा, नूरपुर, जिला–बिजनौर।

कुल मतदाता–2,15,259, कुल मतदान–1,48,074,

प्राप्त मत–1–श्री महावीर सिंह–47,361,

2–श्रीमती ओमवती–43,154 (समाजवादी पार्टी)।



**महावीर सिंह कुंवर, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–84, सण्डीला,

जिला–हरदोई ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–राजा देव सिंह । जन्म तिथि–20 मई, 1944 । जन्म-स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–20 अक्टूबर, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती रीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। वर्ष 1991-92 में विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप विशन नारायन कालेज, लखनऊ के व्यवस्थापक (प्रबन्धक) आठ वर्ष से, भारतीय बालिका विद्यालय, लखनऊ के संयुक्त व्यवस्थापक दो वर्ष से तथा राजा देव सिंह सेवाश्रम विद्यालय, बरावन, हरदोई के अध्यक्ष तीन वर्ष से हैं ।


ज्योतिष विद्या एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–भरावन, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–1,94,802, कुल मतदान–1,23,713,

प्राप्त मत–1–श्री महावीर सिंह–34,907,

2–श्री अजीज हसन खां–31,601 (समाजवादी पार्टी) ।



**महिपाल सिंह यादव, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–48, आंवला,

जिला–बरेली ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरनाम सिंह । जन्म तिथि–30 जुलाई, 1949 । जन्म-स्थान–रजपुरी नवादा (बरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–कृषि स्नातक (आनर्स) (पंतनगर वि० वि०), विधि स्नातक (लखनऊ वि० वि०) । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोज यादव । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । जन आन्दोलन में आप एक दिन, जिला जेल, बरेली में बन्दी रहे हैं । आप सहकारी संघ के संचालक, जिला परिषद्, बरेली के सदस्य (1983–88) रहे हैं तथा 1989 से उपाध्यक्ष हैं । यू० पी० एस० एस० लखनऊ तथा यू० पी० स्टेट रायफल एसोसियेशन, लखनऊ के उपाध्यक्ष 1989 से और विगत 5 वर्षों से बरेली रायफल क्लब के संरक्षक व सचिव हैं ।

कृषि, बागवानी, रायफल शूटिंग एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–रजपुरी निवादा, पो०–भुता, जिला–बरेली ।

कुल मतदाता–1,91,387, कुल मतदान–1,15,644,

प्राप्त मत–1–श्री महिपाल सिंह यादव–46,119,

2–श्री श्याम बिहारी सिंह–39,518 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**महेन्द्र अरिदमन सिंह, राजा**

निवार्चन क्षेत्र--352, बाह,

जिला–आगरा ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री राजा महेन्द्र रिपुदमन सिंह (भू० पू० राज्य मंत्री, उ० प्र०) । जन्म तिथि–23 जनवरी, 1957 । जन्म-स्थान–आगरा । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा--स्नातकोत्तर डिग्री (आगरा वि० वि०) । विवाह तिथि–9 मई, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती जबालिका कुमारी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

प्रथम बार नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी जनता दल से आप विधान सभा के लिए तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं । जिला सहकारी बैंक, आगरा के तीन वर्ष अध्यक्ष रहे हैं ।

ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है। क्रिकेट, टेनिस, हाकी इत्यादि खेलकूद, योग एवं अध्यात्म चिन्तन आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–भदावर हाउस, आगरा ।

कुल मतदाता–2,17,330, कुल मतदान–1,12,524,

प्राप्त मत–1–श्री अरिदमन सिह–30,456,

2–श्री अमर चन्द शर्मा–26,676 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



**महेन्द्र पाल सिंह, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–22, बिजनौर,

जिला–बिजनौर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री ज्वाला सिंह । जन्म तिथि–22 मार्च, 1924 । जन्म-स्थान–शादीपुर (बिजनौर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–10 मार्च, 1944 । पत्नी का नाम–श्रीमती बालेश्वरी । सन्तान–तीन पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा दूसरी बार नवम्बर, 1993 में भी आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1993 में पार्टी के आदेशानुसार आन्दोलन में 10 दिन जिला कारागार, बिजनौर में आप बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप सन् 1960 से ग्राम प्रधान, 1972 से ब्लाक प्रमुख और 1985 से जिला कोआपरेटिव के चेयरमैन हैं ।


कृषि में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट--शादीपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,17,223,, कुल मतदान–1,47,549,

प्राप्त मत--1–श्री महेन्द्र पाल सिंह–52,338,

2–श्री सुखवीर सिंह पुत्र करन सिंह–40,730 (जनता दल) ।



**महेन्द्र प्रताप नारायण सिंह, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–283, हसवा,

जिला–फतेहपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शिव सिंह । जन्म तिथि–27 जुलाई, 1927 । जन्म-स्थान–भदवा (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए० (अंग्रेजी) । विवाह तिथि–सन् 1945 में। पत्नी का नाम–श्रीमती शांति गौतम । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–कृषि, सेवा निवृत्त अध्यापक ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । इससे पूर्व एक फरवरी, 1992 से 6 जुलाई, 1992 तक आप विधान परिषद् के सदस्य रह चुके हैं । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सत्याग्रह में नवम्बर, 1948 से फरवरी, 49 तक, दिसम्बर, 1968 में शिक्षक आन्दोलन में तथा 1975 में आपातकाल में मीसा के अन्तर्गत जुलाई, 1975 से मार्च, 1977 (21 माह) तक फतेहपुर और केन्द्रीय कारागार, नैनी में बन्दी रहे । वर्ष 1948 में आप पर 200 रु० जुर्माना भी हुआ था । सन् 1977 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घोषित किये गये थे पर सन् 1980 में यह समाप्त कर दिया गया । अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के आप फरवरी, 1992 से जुलाई, 1992 तक सदस्य रहे हैं आप भारतीय शिक्षा समिति, भदवा, फतेहपुर के दस वर्ष तथा सरस्वती शिशु मंदिर फतेहपुर के छः वर्ष प्रबन्धक रहे हैं ।


कृषि एवं शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा प्रिय है ।

मुख्यावास–प्रताप निवास, 219, मुराइन टोला, फतेहपुर ।

कुल मतदाता–1,99,450, कुल मतदान–95,591,

प्राप्त मत–1–श्री महेन्द्र प्रताप नारायण सिंह–28,462,

2–श्री ओम प्रकाश वर्मा–25,355 (जनता दल) ।



**महेन्द्र सिंह माहरा, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–9, पिथौरागढ़,

जिला–पिथौरागढ़ ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री बिशन सिंह माहरा । जन्म तिथि–12 जून, 1939 । जन्म-स्थान–पिथौरागढ़ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–3 मार्च, 1984 । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम 1989 में तथा अब दूसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । दिसम्बर, 1977 में नौ दिन पिथौरागढ़ (पुलिस लाइन) में आप बन्दी रहे । सन् 1990 से 92 तक आप कृषि समिति के मनोनीत सदस्य, 1970 से 77 तक नगर पालिका, पिथौरागढ़ तथा 1980 से 89 तक पर्वतीय वि० प० के सदस्य तथा 1988 से 89 तक जिला परिषद्, पिथौरागढ़ के अध्यक्ष रहे हैं । फुटबाल प्रतियोगिता में भाग लेने तथा भ्रमण हेतु आपने नेपाल की यात्रा की है । मलिन बस्तियों में सफाई कार्यक्रम का आयोजन तथा दैंवी आपदा में लोगों के लिये संसाधन इकट्ठा कर आपने उनकी सहायता की है ।

सामाजिक तथा राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा स्पोर्ट्स प्रिय है।

मुख्यावास–मुहल्ला–सिलथाम, पिथौरागढ़ ।

कुल मतदाता–1,78,491, कुल मतदान–73,584,

प्राप्त मत–1–श्री महेन्द्र सिंह माहरा (महू भाई)–35,025,

2–श्री कृष्ण चन्द्र पुनेठा–29,584 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**महेश चन्द्र, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–287, आर्यनगर,

जिला–कानपुर नगर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं।

मुख्यावास–109/269, रामकृष्ण नगर, कानपुर ।

कुल मतदाता–1,69,090, कुल मतदान–98,709,

प्राप्त मत–1–श्री महेश चन्द्र–45,981,

2–श्री सत्यदेव पचौरी–40,913 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**मातबर सिंह कण्डारी, श्री**

निवार्चन क्षेत्र–3, देवप्रयाग,

जिला–टिहरी गढ़वाल ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री नागचन्द्र सिंह कण्डारी । जन्म तिथि–2 जनवरी, 1942 । जन्म-स्थान–जाख, टिहरी गढ़वाल । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र), साहित्य रत्न, बी० टी०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–29 मई, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती लीला कण्डारी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे । आप 1983 से 91 तक विकास खण्ड जटखोली (टिहरी गढ़वाल) के ब्लाक प्रमुख रहे, 1982 से जीवन ज्योति चिल्ड्रेन एकेडमी कीर्तिनगर (टिहरी गढ़वाल) के प्रबन्धक और 1992 से महिला कल्याण मंच टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष हैं । आपने हिन्दी कविता संग्रह पुस्तक लिखी है जो अप्रकाशित है ।

उत्तरांचल के आर्थिक विकास हेतु कार्य करने, समाज सेवा एवं साहित्य में आंपकी विशेष रुचि है तथा कविता लिखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम जाख पट्टी, नैलचामी, पो०–डांगी, जिला–टिहरी गढ़वाल ।

कुल मतदाता–1,82,646, कुल मतदान–78,759,

प्राप्त मत–1–श्री मातबर सिंह कण्डारी–27,473,

2–श्री मंत्री प्रसाद नैथानी–22,729 (समाजवादी पार्टी) ।

**माम चन्द्र लाम्बा उर्फ मेमचन्द्र, डा०**

निवार्चन क्षेत्र–415, नागल, (अ० जा०),

जिला–सहारनपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मोल्हड़ सिंह । जन्म तिथि–एक मार्च, 1947 । जन्म-स्थान–ग्राम–नैन खेड़ा (सहारनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–इंटरमीडिएट साहित्यालंकार, वैद्य विशारद । विवाह तिथि–1964 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्यावती । सन्तान–पांच पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–चिकित्सा, पत्रकारिता और लेखन ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में राम जन्म भूमि आन्दोलन के दौरान माछरा कृषि डिग्री कालेज, मेरठ में आप 26 सितम्बर, 1990 से 3 अक्तूबर, 1990 तक, धारा 151 के अन्तर्गत बन्दी रहे । इसके अतिरिक्त दो बार सहारनपुर में कारावसित रहे। 1980 से 85 तक आप अम्बेदकर मंच के मंडल अध्यक्ष रहे हैं । विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में आपकी लगभग एक दर्जन कहानियां प्रकाशित हो चुकी है ।


कहानी एवं उपन्यास लेखन एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नैन खेड़ा, पो०–पन्हासू, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–1,95,804, कुल मतदान–1,23,046,

प्राप्त मत–1–डा० माम चन्द्र–46,921,

2–श्री धरम सिंह–28,444 (जनता दल) ।



**माया शंकर पाठक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–244, चिरईगांव,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री मारकण्डेय पाठक । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1951 । जन्म-स्थान–ग्राम–भगतुआ चिरई गांव, वाराणसी । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–एम० ए० (राजनीति शा०, दर्शन शा०) एल-एल० बी (काशी हिन्दू वि० वि०)। विवाह तिथि–13 मई, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला पाठक । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 मे दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1991-92 में आप अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य तथा प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1988 में आप भारतीय जूनियर चैम्बर इन्टरनेशनल के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एक वर्ष तक रहे हैं ।

फुटबाल खेलने में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीतिक परिचर्चाएं प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–रैमला, थाना–चौबेपुर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,57,525, कुल मतदान–1,32,039,

प्राप्त मत–1–श्री माया शंकर पाठक–43,771,

2–श्री श्याम लाल यादव–39,515 (समाजवादी पार्टी) ।



**मारकण्डेय सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–227, बलिया,

ज़िला–बलिया ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम नारायण सिंह । जन्म तिथि–5 अक्टूबर, 1953 । जन्म-स्थान–बलिया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–4 मई, 1976 । पत्नी का नाम–श्रीमती मन्जू सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार कांग्रेस टिकट से तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–भिखरिया, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,36,292, कुल मतदान–1,10,146,

प्राप्त मत–1–श्री मारकण्डेय सिंह–43,117,

2–श्री नारद राय–31,827 (समाजवादी पार्टी) ।

**मित्रसेन यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–136, मिल्कीपुर,

जिला–फैजाबाद ।

दल–भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ।

पिता–श्री भगवती प्रसाद यादव । जन्म तिथि–11 जुलाई, 1934 । जन्म-स्थान–भिटारी (फैजाबाद में) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–1949 में । पत्नी का नाम–श्रीमती श्यामा देवी । सन्तान–2 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

आप सर्वप्रथम 1977 में, 1980 में दूसरी बार , मार्च, 1985 के आम चुनाव में तीसरी बार तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप लोक सभा के सदस्य भी रहे हैं । मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार होने पर आप जिला कारागार, फैजाबाद, लखनऊ और बरेली में बन्दी रहे । विधान सभा की प्राक्कलन समिति (1985) और नियम समिति (1977) तथा (1985) के सदस्य रहे हैं । किसान इण्टर कालेज, फैजाबाद के संस्थापक व प्रबन्धक (1963) और किसान हाईस्कूल, बनकटा, फैजाबाद के संस्थापक एवं व्यवस्थापक (1976) रहे हैं ।

रचनात्मक कार्यों, समाजवादी व्यवस्था एवं तर्क में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–भिटारी, पो०–केवटानी, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,21,556, कुल मतदान–1,19,211,

प्राप्त मत–1–श्री मित्रसेन यादव–48,896,

2–श्री मथुरा प्रसाद तिवारी उर्फ बद्रीं तिवारी–48,121 (भारतीय जनता पार्टी ।

---



**मीर मजहर अली उर्फ नन्हें मियां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–42, सहसवान,

जिला–बदायूं।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–स्व० मीर खुरशेद अली। जन्म तिथि–20 अगस्त, 1930। जन्म–स्थान–सहसवान। धर्म–मुस्लिम। शिक्षा–स्नातक। विवाह तिथि 5 जनवरी, 1959। पत्नी का नाम–श्रीमती तसनीम फातिमा। सन्तान–एक पुत्र। व्यवसाय–कृषि।

मई, 1980 के निर्वाचन में प्रथम बार कांग्रेस (आई०) के टिकट पर, नवम्बर, 1989 में निर्दलीय और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप स० पा० से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए। आप विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं। आप नगर पालिका सहसवान के अध्यक्ष दस वर्ष छः माह, कोआपरेटिव के डायरेक्टर पांच वर्ष, कृषि जूनियर हाई स्कूल अलीगंज, मुजरिका के संरक्षक एवं संस्थापक तथा राम लीला मेला के संस्थापक अध्यक्ष बीस वर्ष तक रहे हैं।


निशानेबाजी में आपकी विशेष रुचि है तथा जनसेवा प्रिय है।

मुख्यावास–मोहला पट्टी यकीन मोहम्मद, सहसवान, जिला–बदायूं।

कुल मतदाता–2,01,499, कुल मतदान–1,20,698,

प्राप्त मत–1–श्री मीर मजहर अली उर्फ नन्हें मियां–46,078,

2–श्री ओमकार सिंह–32,866 (जनता दल)।



**श्री मुक्तिनाथ यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–202, रुद्रपुर,

जिला–देवरिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० शिव पूजन यादव । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1950 । जन्म-स्थान–कन्हौली । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी० ए०, बी० एड्०, एल-एल० बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के आप सदस्य रहे हैं । आपात काल में दर्जनों बार जेल गये और जिला कारागार, देवरिया तथा गोरखपुर में धारा 188 आदि के अन्तर्गत बन्दी रहे । सम्प्रति आप दर्जनों संस्थाओं से सम्बद्ध हैं ।

समाज सेवा और राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–कन्हौली, पोस्ट–बरडीहादल, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,09,941, कुल मतदान–1,10,242,

प्राप्त मत–1–श्री मुक्तिनाथ यादव–36,789,

2–श्री जयप्रकाश निषाद–30,290 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**मुख्तार अनीस, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–74, बेहटा,

जिला–सीतापुर ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री मोहम्मद अनीस रिजवी । जन्म तिथि–8 जून, 1943 । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–दिसम्बर, 1971 में । पत्नी का नाम–श्रीमती अजीज जहरा उर्फ औरुज । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

जून, 1977 के निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता पार्टी से , मई, 1980 में जनता (एस०) चरण सिंह के टिकट से, नवम्बर, 1989 के निर्वाचन में जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार पुनः जनता दल से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । डा० राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व से प्रभावित होकर विद्यार्थी जीवन से ही विद्यार्थियों, नवयुवकों एवं बेरोजगारों के हितों के लिये सक्रिय होकर आन्दोलनों में जेल गये । समाजवादी युवजन सभा तथा सोशलिस्ट पार्टी उत्तर प्रदेश के महामंत्री भी रहे । सोशलिस्ट पार्टी द्वारा चलाये गये विभिन्न आन्दोलनों के संबंध में आप लगभग 23 बार जेल यात्रा कर चुके हैं । 1975 के मध्य आपातकाल में आप मीसा के अन्तर्गत बन्दी भी रहे हैं । श्री राम नरेश यादव तथा श्री बनारसी दास मंत्रिमण्डल में आप 1977 से 1980 के मध्य उप मंत्री एवं राज्य मंत्री तथा दिसम्बर, 1989 से जून, 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव सरकार में जन-स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे हैं । सामाजिक तथा राजनीतिक अध्ययन करने के उद्देश्य से आप दुबई, अबूधाबी, सीरिया, लेबनान, मिस्र, ईराक, जार्डन, पाकिस्तान और ईरान आदि देशों का भ्रमण कर चुके हैं । पत्र-पत्रिकाओं में आपके लेख प्रकाशित होते रहते हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा देशाटन में भी दिलचस्पी है ।

मुख्यावास–मो०–अहमदाबाद तम्बौर (नवाबसाह पुरवा) तह०–लहरपुर, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,11,471, कुल मतदान–1,31,382,

प्राप्त मत–1–श्री मुख्तार अनीस–46,627,

2–श्री किशोरी लाल पुत्र सत्तीदीन–33,871 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**मुनीश गौड़, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–376, बरौली,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री काली चरन गौड़ । जन्म तिथि–10 जुलाई, 1956 । जन्म-स्थान–पोहिना (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–विधि स्नातक (आगरा विश्वविद्यालय) । विवाह तिथि–18 नवम्बर, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती रजनी गौड़ । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न आन्दोलनों में आप वर्ष 1977, 84 और 90 में धारा 151 के अन्तर्गत जिला कारागार, अलीगढ़ में बन्दी रहे । सन् 1991 से उ० मा० विद्यालय, कस्तरी की प्रबन्ध समिति के सदस्य, 1990 से वृद्ध सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष और गौशाला एवं रामलीला समिति के उपाध्यक्ष तथा 1980 से निर्धन एवं ग्रामीण छात्र कल्याण समिति, अलीगढ़ के अध्यक्ष हैं ।

सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों के अध्ययन व लेखन में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनैतिक परिचर्चाएं करना प्रिय है ।

मुख्यावास–1–ग्राम–पोहिना, पोस्ट–अमरौली, अलीगढ़ ।

2–12 एम० एस०, ए० डी० ए० कालोनी, रामघाट रोड, अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–1,97,076, कुल मतदान–1,14,102,

प्राप्त मत–1–श्री मुनीश गौड़–36,223,

2–श्री दलवीर सिंह पुत्र जयपाल सिंह–27,633 (जनता दल) ।



**मुरलीधर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–282, किशुनपुर (अ० जा०),

जिला–फतेहपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री ज्वाला प्रसाद । जन्म तिथि–8 अगस्त, 1955। जन्म-स्थान–शाहजहांपुर सेलरहा (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल० बी० (डी० ए० वी० कालेज, कानपुर) । विवाह तिथि–20 मई, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती भानुमती । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991 में जन आन्दोलन में पन्द्रह दिन जिला कारागार, फतेहपुर में आप बन्दी रहे ।

समाज के शोषित पीड़ित जनों की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–शाहजहांपुर सेलरहा, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,09,495, कुल मतदान–86,375,

प्राप्त मत–1–श्री मुरलीधर–34,426,

2–श्री सम्भर–27,809 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**मुलायम सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–339, शिकोहाबाद,
जिला–फिरोजाबाद ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री सुघर सिंह । जन्म तिथि–21 नवम्बर, 1939 । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए०, बी० टी० (आगरा वि०वि०) । विवाह तिथि–अप्रैल, 1957 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सामन्तश्री । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–अध्यापन (पूर्व व्यवसाय) सम्प्रति राजनीति ।

सर्वप्रथम 1967 के सामान्य निर्वाचन में संसोपा के टिकट से, 1974 में भारतीय क्रान्ति दल से, 1977 में जनता पार्टी से, मार्च, 1985 के आम चुनाव में लोक दल से, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, नवम्बर, 1991 के उप चुनाव में छठी बार जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में सातवीं बार समाजवादी पार्टी से आप विधान सभा के लिये चुने गये हैं । 1985 से विधान सभा में नेता विरोधी दल भी रहे । सन् 1977–80 की अवधि में श्री राम नरेश यादव और श्री बनारसी दास के मंत्रिमण्डल में आप क्रमशः सहकारिता एवं पशुपालन विभाग के मंत्री रहे । दिसम्बर, 1989 से जून, 1991 तक आप प्रथम बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे हैं । दिसम्बर, 1993 से आप दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बने हैं । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1974) के तथा सन् 1982 से 1985 तक विधान परिषद् के सदस्य तथा नेता विरोधी दल रह चुके हैं । विभिन्न आन्दोलनों के दौरान आप 9 बार जेल गये । कई शिक्षा संस्थानों की प्रबन्ध समिति के सदस्य या प्रबन्धक हैं । धनुवां इण्टर कालेज के 10 वर्षों तक प्रबन्धक रहे हैं । सम्प्रति समाजवादी पार्टी के आप राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं ।

शिक्षा तथा कृषि कार्यों में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम–सैफई, पो०–हैबरा, जिला–इटावा।

कुल मतदाता–2,03,547, कुल मतदान–1,34,146,

प्राप्त मत–1–श्री मुलायम सिंह यादव–55,249,

2–श्री अशोक यादव–39,557 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

**मेवालाल बागी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–249, भदोही (अ० जा०),

जिला–वाराणसी ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं।

मुख्यावास–ग्राम–महगांव, पो०–गरथमा, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,31,665, कुल मतदान–1,22,953,

प्राप्त मत–1–श्री मेवा लाल बागी–58,981,

2–श्री पूर्णमासी पंकज–41,730 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**मोलई, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–179, बांसगांव (अ० जा०),

जिला–गोरखपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–कैथ वलिया हरण सिंह, पोस्ट–रूपनारी, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,26,011, कुल मतदान–1,04,312,

प्राप्त मत–1–श्री मोलई–33,611,

2–श्री मिठाई लाल शास्त्री–33,012 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**मोहम्मद अरशद खान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–254, जौनपुर,

जिला–जौनपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री अब्दुल मजीद खान । जन्म तिथि–12 जनवरी, 1959 । जन्म-स्थान–सादुल्लाहपुर (आजमगढ़) । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–स्नातक (तिलकधारी डिग्री कालेज, जौनपुर) । विवाह तिथि–25 जून, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती खालिदा खातून । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप सन् 1982 से 88 तक मदरसा तालीमुद्दीन, सादुल्लाहपुर, आजमगढ़ के सेक्रेटरी, 1986 से 87 तक बहुजन समाज पार्टी, जौनपुर के महामंत्री तथा 1987 से 91 तक बहुजन समाज पार्टी, जौनपुर के जिला युवा अध्यक्ष रहे तथा अब 1990 से इस्लामिक एक्शन आर्गनाइजेशन आफ इण्डिया के राष्ट्रीय महासचिव और 1990 से बाबरी मस्जिद तहफ्फुज कमेटी, उ० प्र० के अध्यक्ष हैं ।

राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–उसरा भादी, पो०–शाहगंज, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,12,178, कुल मतदान–1,18,304 ,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद अरशद खान–42,294 ,

2–श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह–33,212 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**मोहम्मद आजम खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–37, रामपुर,

जिला–रामपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मोहम्मद मुमताज खां । जन्म तिथि–14 अगस्त, 1948 । जन्म-स्थान–रामपुर । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०एम० (अलीगढ़ वि०वि०) । विवाह तिथि–17 मई, 1981 । पत्नी का नाम–डा० तजीन फातिमा । व्यवसाय–समाज सेवा ।

1980 के निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा 1985 में भी लोकदल के टिकट से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पांचवी बार विधान सभा के लिए चुने गये हैं । अनेक छात्र आन्दोलनों और मीसा के अन्तर्गत आप गिरफ्तार हुए और अलीगढ़, रामपुर, फैजाबाद, उन्नाव तथा वाराणसी जेल में लगभग कुल तीन वर्ष राजनैतिक धाराओं के अन्तर्गत बन्दी रहे । विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति (1984-85) संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति (1982-83) प्राक्कलन समिति तथा याचिका समिति के सदस्य रहे हैं । हाजियों के ठहरने की व्यवस्था के सम्बन्ध में आपने सऊदी अरब की यात्रा की है । कई सामाजिक संस्थाओं से आप सम्बद्ध रहे हैं । श्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम सरकार में आप श्रम, सेवायोजन एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री रहे हैं और इस सरकार में भी दिसम्बर 1993 से सहकारिता एवं मुस्लिम वक्फ विभाग के मंत्री हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा कष्ट झेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो० घेर मीरवाज खां, टंकी नं०–5, जेल रोड, रामपुर ।

कुल मतदाता–2,15,379, कुल मतदान–1,34,741,

प्राप्त मत–1–श्री मोहम्मद आजम खां–40,324,

2–श्री अफरोज अली खां–39,724 (जनता दल) ।



**मोहर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–417, हरौड़ा (अ०जा०),

जिला–सहारनपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री दलीप सिंह । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1951 । जन्म-स्थान–ग्राम–काशी (मेरठ) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातक, बी०टी०सी० । विवाह तिथि–6 जून, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती जयपाली देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुनें गये हैं । डा० अम्बेदकर विकास सुधार समिति सहारनपुर के विशेष सदस्य, आप सन् 1988 से हैं ।


शिक्षा के प्रचार-प्रसार और समाज सुधार में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक एवं समाज सुधार संबंधी पुस्तकों का अध्ययन करना प्रिय है ।

मुख्यावास–660 नयी आवास विकास कालोनी, देहली रोड, सहारनपुर ।

कुल मतदाता–1,89,166, कुल मतदान–1,32,164,

प्राप्त मत–1–श्री मोहर सिंह–40,692,

2–सुश्री बिमला राकेश–37,601 (जनता दल) ।



**मोहसिन, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–180, धुरियापार,

जिला–गोरखपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री शमशुज्जोहा खां । जन्म तिथि–21 जुलाई, 1961 । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, डी०यू०एम० । विवाह तिथि–21 जून, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती खुशनूदा परवीन । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन आन्दोलन में आप 14 जनवरी, 1987 से 21 जनवरी, 1987 तक धारा 188 के अन्तर्गत जिला कारागार, गोरखपुर में बन्दी रहे । आइडियल सोसायटी मरवटिया, गोरखपुर के आप अध्यक्ष हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मरवटिया वाया उस्का बाजार, गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,22,568, कुल मतदान–1,15,676,

प्राप्त मत–1–डा० मोहसिन–34,005,

2–श्री हरिश्चन्द्र (हरीश जी)–29,552 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**यशपाल आर्य, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–14, खटीमा (अ०जा०),

जिला–नैनीताल ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री नन्दराम । जन्म तिथि–8 जनवरी, 1952 । जन्म-स्थान–रामगढ़ । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–1977 में । पत्नी का नाम–श्रीमती पुष्पा । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी कांग्रेस से विधान सभा के लिए चुने गये हैं । आप 1977 में डिग्री कालेज हल्द्वानी के चीफ प्रिफेक्ट, 1982 में प्रधान ग्राम सभा छड़ायल सुपाल, 1979 में युवक कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष, 1983 में जिला युवक कांग्रेस के महामंत्री, 1985 से अब तक, जिला युवक कांग्रेस (ई) के अध्यक्ष हैं ।

कमजोर एवं निर्धन लोगों की सहायता, राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि हैं । बच्चों से लगाव है ।

मुख्यावास–ग्राम–छड़ायल सुपाल, पोस्ट व तह०–हल्द्वानी, जिला–नैनीताल ।

कुल मतदाता–2,16,911, कुल मतदान–1,17,786,

प्राप्त मत–1–श्री यशपाल आर्य–49,487,

2–श्री लाखन सिंह–40,700 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**यशपाल चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–73, धौरहरा,

जिला–खीरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बेचेलाल चौधरी । जन्म तिथि–31 मई, 1958 । जन्म-स्थान–लखीमपुर (खीरी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–29 अप्रैल, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव मे आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । क्षेत्र समिति, धौरहरा के ब्लाक प्रमुख तथा जिला परिषद्, खीरी के सदस्य आप पांच वर्ष रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन एवं देशाटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–बेलवामोती, जिला–खीरी ।

कुल मतदाता–2,31,425, कुल मतदान–1,25,423,

प्राप्त मत–1–श्री यशपाल चौधरी–39,369,

2–श्री सरस्वती प्रताप सिंह–37,055 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**यशपाल सिंह चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–413, नकुड़,

जिला–सहारनपुर ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० चौ० धीरज सिह । जन्म तिथि–22 दिसम्बर, 1922 । जन्म-स्थान–तीतरों । धर्म–वैदिक । जाति–हिन्दू पिछड़ी जाति (गूजर) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–1939 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनैहरी देवी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

आप प्रथम बार 1962 में, तदुपरान्त 1974, 1977, 1980 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव मे पांचवी बार भी कांग्रेस से ही विधान सभा के सदस्य बने हैं । आप 68 से 74 विधान परिषद् के सदस्य (निर्दलीय) तथा 1984 से 89 तक कांग्रेस से लोकसभा के सदस्य रहे हैं । 1977-78 के मध्य आप जिला कारागार सहारनपुर में बन्दी रहे हैं । आप 1975 से 77 तक श्री नारायण दत्त तिवारी मंत्रिमण्डल में राज्य मंत्री, जून 1980 से दिसम्बर, 1980 तक श्री विश्वनाथ प्रताप सिह तथा 1982 से 1984 तक श्री श्रीपति मिश्र मंत्रिमण्डल में मंत्री रहे हैं । विधान परिषद् की याचिका समिति के आप सदस्य रह चुके हैं । श्री गुर्जर डिग्री कालेज, श्री सरस्वती इण्टर कालेज, चौ० धीरज सिंह माध्यमिक स्कूल, गढ़ी अब्दुल्ला खां, हाईस्कूल, विलासपुर आदि संस्थाओं के निर्माण में आपने आर्थिक योगदान दिया है ।

जनसेवा एवं कृषि में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–तीतरों, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,18,004, कुल मतदान–1,58,806,

प्राप्त मत–1–चौ० यशपाल सिंह–43,985,

2–मा० कंवरपाल सिंह–43,667 (जनता दल) ।



**योगेन्द्र कुमार सागर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–43, बिल्सी (अ०जा०),

जिला–बदायूं ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री के० पी० सागर । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1964 । जन्म-स्थान–बदायूं । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातक (बरेली कालेज) । विवाह तिथि–11 दिसम्बर, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रीति सागर । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1992 में जन आन्दोलन में धारा 151 के अन्तर्गत जिला कारागार, बदायूं में आप दो दिन बन्दी रहे । आप 1983 से 84 तक केन ग्रोवर्स इण्टर कालेज लखीमपुर खीरी के छात्र संगठन के अध्यक्ष, 1985-86 में भारतीय छात्र संघ बरेली के सदस्य 1986-87 में भारतीय छात्रसंघ, बरेली के मंत्री, 1987-88 में उ०प्र० विकास परिषद्, बदायूं के जिला महामंत्री और 1990 से 91 तक बिल्सी नगर (बदायूं) भाजपा के उपाध्यक्ष रहे तथा अब 1992 से भाजपा (बदायूं) के जिला मंत्री और 1993 से भाजपा युवा मोर्चा उ०प्र० की कार्यकारिणी के सदस्य हैं ।


खेलकूद (बालीबाल) में आपकी विशेष रुचि है तथा मक्का की रोटी और चने का साग खाना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–तिलोकपुर, पो०–दियोरी जीत, थाना–बिनावर, जिला–बदायूं ।
(2) मो० न० 5 बिल्सी, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–1,84,535, कुल मतदान–1,10,996,

प्राप्त मत–1–श्री योगेन्द्र कुमार सागर–43,845,

2–श्री भोलाशंकर मौर्य–39,782 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**रंगनाथ मिश्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–247, औराई,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० केशव प्रसाद मिश्र । जन्म तिथि–एक जुलाई, 1959 । जन्म स्थान–सहसेपुर औराई (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर (जौनपुर) । विवाह तिथि–जून, 1975 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए हैं । श्री रामजन्म भूमि आन्दोलन में वर्ष 1992 के अक्टूबर–नवम्बर में जिला कारागार, मिर्जापुर में बन्दी रहे । आप सन् 1986 से 88 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री, 1988-90 में प्रदेश मंत्री 1990 से 1992 तक भारतीय जनता पार्टी वाराणसी के जिला उपाध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति 1992 से भारतीय जनता पार्टी, वाराणसी के जिला अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–सहसेपुर, पो०–खमरिया, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,58,975, कुल मतदान–1,45,355,

प्राप्त मत–1–श्री रंगनाथ मिश्र–61,618,

2–सुश्री राजकुमारी–52,220 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**रघुराज प्रताप सिंह (राजा भइया), कुं०**

निर्वाचन क्षेत्र–114, कुण्डा,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–निर्दलीय ।

पिता–राजा उदय सिंह (भदरी स्टेट) । जन्म तिथि–31 अक्टूबर, 1967। जन्म-स्थान–कलकत्ता । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक (लखनऊ वि०वि०) विधि द्वितीय वर्ष के छात्र हैं । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पर्यटन के उद्देश्य से आपने थाइलैंड और नेपाल की यात्रा की है ।


समाज सेवा, अध्यात्म और वन्य जन्तु प्रतिपालन में आपकी विशेष रुचि है तथा बालीबाल, अश्वारोहण एवं निशानेबाजी प्रिय है ।

मुख्यावास–बेंती कोठी, पो०–बेंती, तह०–कुण्डा, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–1,99,728, कुल मतदान–1,30,993,

प्राप्त मत–1–कुं० रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया–89,473,

2–श्री ताहिर हसन–22,186 (समाजवादी पार्टी) ।



**रघुवीर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–350, जलेसर (अ०जा०),

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० गोपीराम । जन्म तिथि–6 सितम्बर, 1949 । जन्म-स्थान–गांव–नरहुली । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–मई, 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शीला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप डा० अम्बेदकर जन कल्याण मंच, नरहुली के अध्यक्ष एक वर्ष और आवास कल्याण संघ, फरीदाबाद के सांस्कृतिक सचिव दो वर्ष रहे हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है और खेल व संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नरहुली, पो०–बढ़ावली, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–1,78,097, कुल मतदान–1,04,431,

प्राप्त मत–1–श्री रघुवीर सिंह–49,423,

2–श्री माधव–39,949 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**रणजीत सिंह जूदेव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–331, गरौठा,

जिला–झांसी ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–हिज हाइनेस महाराजा सर राधाचरण सिंह जूदेव । जन्म तिथि–2 अगस्त, 1945 । जन्म-स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–सीनियर केम्ब्रिज (सिन्धिया स्कूल, ग्वालियर), बी०एड्० तथा डी०पी०ए० (लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–30 नवम्बर, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती देविका राज्य लक्ष्मी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

आप 1974, 1977, 1980, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन, मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में छठी बार निरन्तर कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य बने हैं । झांसी जेल में आप 8 दिन राजनीतिक बन्दी रह चुके हैं । 1974-76 में विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति 1979-80, लोक लेखा समिति के 1977-79, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के 1980-81 तथा विधान पुस्तकालय की परामर्शदात्री समिति के 1978-80 में सदस्य रह चुके हैं । श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं श्री श्रीपति मिश्र मंत्रिमण्डल में आप राज्य मंत्री के पद पर आसीन हुए । वर्ष 1977-79 में कांग्रेस के सचेतक रहे हैं । अध्यक्ष, यू०पी० आरचरी एसोसिएशन, सदस्य, एम०बी०क्लब एवं इण्डिया रायफल एसोसिएशन, राज मन्दिर धार्मिक सोसाइटी व यू०पी० स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं ।

अमेरिका, यूरोप और एशिया (चीन को छोड़कर) के सभी प्रमुख देशों का आपने भ्रमण किया है । घुड़सवारी, वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एवं पुरानी बन्दूक और पिस्तौल एकत्र करने में आपकी विशेष रुचि है । ऐतिहासिक किताबे पढ़ने तथा अन्य भाषायें सीखने का आपको शौक है ।

मुख्यावास–समथर किला, चौपड़ा बाजार, समथर, जिला–झांसी ।

कुल मतदाता–2,21,451, कुल मतदान–1,43,466,

प्राप्त मत–1–श्री रणजीत सिंह जूदेव–47,154,

2–श्री चन्द्रपाल सिंह–46,434 (समाजवादी पार्टी) ।



**रणधीर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–409, चरथावल (अ०जा०),

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गनीराम । जन्म तिथि–एक जनवरी, 1948 । जन्म-स्थान–ग्राम–बरुकी (मुजफ्फरनगर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० एडवोकेट । विवाह तिथि–मई, 1972 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शीला देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप सिटी बोर्ड, मुजफ्फरनगर में सभासद पांच वर्ष और स्वास्थ्य चेयरमैन एक वर्ष, सन्त श्री रविदास एवं अम्बेदकर जयंती पर जुलूसों के संचालक चार वर्ष तथा संत श्री रविदास सभा और डा० अम्बेदकर मंच के सदस्य एक-एक वर्ष रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–56/2 खादरवाला, मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–1,94,657, कुल मतदान–1,21,013,

प्राप्त मत–1–श्री रणधीर सिंह–54,713,

2–श्री हरपाल सिंह गौतम–49,025 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**रतन पाल पंवार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–404, कांधला,

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–चौ० हरि सिंह । जन्म तिथि–2 अक्टूबर, 1942 । जन्म-स्थान–ग्राम एलम (मुजफ्फरनगर) । धर्म –वैदिक हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एम०एड्० । विवाह तिथि–12 जून, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला पंवार । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1968-69 में शिक्षक आन्दोलन में एक सप्ताह आप अब्दुल्लापुर कारागार मेरठ में बन्दी रहे ।


लोकगीत लिखना और टेप किया हुआ लोकगीत सुनना आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम और पो०–एलम, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,03,670, कुल मतदान–1,28,476,

प्राप्त मत–1–श्री रतन पाल पंवार–56,072,

2–श्री वीरेन्द्र सिह–46,756 (जनता दल) ।



**रतन लाल अहिरवार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–329, बबीना (अ०जा०),

जिला–झांसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हरीराम । जन्म तिथि–2 नवम्बर, 1949 । जन्म-स्थान–ग्राम–दोन (झांसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, बी०एड्० । विवाह तिथि–21 जून, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती त्रिवेणी देवी अहिरवार । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई–जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में आप 15 दिन उरई (जिला जालौन) कारागार में बन्दी रहे । आप वर्ष 1988 से 1992 तक डा० अम्बेडकर सांस्कृतिक एवं सामाजिक सोसाइटी (भारत) के महामंत्री और 1986 से 89 तक डा० अम्बेडकर जूनियर हाईस्कूल के कोषाध्यक्ष रहे तथा 1988 से डा० अम्बेडकर विद्यालय, प्रेमनगर झांसी के प्रबन्धक हैं ।

समाज सेवा, शिक्षा तथा कृषि कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यापार प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–दोन, पो०–बड़ा गांव, जिला–झांसी ।

कुल मतदाता–2,37,553, कुल मतदान–1,26,712,

प्राप्त मत–1–श्री रतन लाल अहिरवार–52,317,

2–श्रीमती बेनी वाई–49,719 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**रमा कान्त यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–214, फूलपुर,
जिला–आजमगढ़ ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री श्रीपति यादव । जन्म तिथि–एक जुलाई, 1957 । जन्म-स्थान–ग्राम–चकगंज अलीशाह (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–यादव (पिछड़ी जाति) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–5 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सत्यभावना देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार कांग्रेस (जे०) के टिकट पर, नवम्बर, 1989 में ब०स०पा० से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर 1993 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप चौथी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । भारतीय कांग्रेस (जे०) के सक्रिय सदस्य एवं समाज सेवी रहे हैं । वर्ष 1990 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं ।


स्पोर्ट्स–विशेषतः फुटबाल एवं हाकी में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम गंजलीशाह, पो०–नौहरा, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,14,539, कुल मतदान–1,18,966,

प्राप्त मत–1–श्री रमाकान्त यादव–72,168,

2–श्री अयोध्या प्रसाद–32,126 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रमापति उर्फ रमाकान्त, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–196, हाटा (अ०जा०),

जिला–देवरिया।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री दीपई गोंड़। जन्म तिथि–15 जुलाई, 1947। जन्म-स्थान–रामपुर (देवरिया)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति। शिक्षा–एम० ए०, बी० एड्०, बाम्बे आर्ट-बी ग्रेड। विवाह–तिथि–1962 में। पत्नी का नाम–श्रीमती कैलाशी देवी। सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप वर्ष 1990 में धारा–144 के उल्लंघन में देवरिया कारागार में एक माह तक बन्दी रहे। आप पांच वर्ष तक को-आपरेटिव सोसाइटी, चैनपुर के संचालक मण्डल सदस्य, ग्राम प्रधान-ग्राम सभा रामपुर (बीस वर्ष), कृषक इ० का० बल टिकरा देवरिया, गांधी इ० का० हाटा देवरिया के एक-एक वर्ष और जनता उ० मा० विद्यालय में अध्यापक 1973 से लगातार रहे हैं। आप प्रा० पाठशाला, रामपुर समिति के अध्यक्ष पांच वर्ष से तथा स्वामी विवेकानन्द इ० कालेज, रामपुर गौनरिया के व्यवस्थापक तीन वर्ष से हैं। वर्ष 1991-92 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के आप सदस्य रहे हैं। आप नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष पांच वर्ष से हैं।

अध्यापन तथा पशुपालन में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी एवं लोकगीत सुनना प्रिय हैं।

मुख्यावास–ग्राम-रामपुर, पो०-नरायनपुर, जिला–देवरिया।

कुल मतदाता–2,24,140 कुल मतदान–1,20,554,

प्राप्त मत–1–श्री रमापति उर्फ रमाकान्त–50,582,

2–श्री राम नक्षत्र–49,434 (जनता दल)।



**रमापति शास्त्री श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–164, डिक्सिर (अ०जा०),
जिला–गोण्डा ।
दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री श्रीराम लौट । जन्म तिथि–15 अक्टूबर, 1952 । जन्म-स्थान–विश्नोहरपुर (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक (अवध वि० वि०), शास्त्री (सम्पूर्णानन्द संस्कृत वि० वि०) । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

वर्ष 1974 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार जनसंघ के टिकट पर, 1977 में जनता पार्टी से तत्पश्चात् भा०ज०पा० से नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में पांचवी बार विधान सभा के सदस्य चुने गये । आप श्री कल्याण सिंह मन्त्रिमण्डल में जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक समाज कल्याण विभाग एवं राजस्व विभाग के मंत्री रहे हैं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ ही जे०पी० आन्दोलन और 1974 में लेवी आन्दोलन में आपने भाग लिया तथा वर्ष 1975 में आपातकाल की घोषणा का विरोध करने के आरोप में छः माह गोण्डा जेल, युवा बेरोजगार आन्दोलन में लखनऊ जेल तथा श्री राम जन्म भूमि मुक्ति आन्दोलन में केन्द्रीय जेल, बरेली में बन्दी रहे । भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय परिषद के सदस्य रहने के अतिरिक्त आप अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रहे एवं आपके नेतृत्व में पूरे प्रदेश में ग्राम स्तर तक मोर्चा गठित किये गये । बहुत समय से भा०ज०पा० कार्य समिति के सदस्य हैं । सम्प्रति आप विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति के भी सदस्य हैं ।

समाज सेवा, संस्कृति एवं हिन्दी साहित्य के अध्ययन और हरिजनों, दलितों एवं पिछडी जातियों के सामाजिक उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट-विश्नोहरपुर, जिला गोण्डा।

कुल मतदाता–2,07,347 कुल मतदान–10,2,532

प्राप्त मत–1–श्री रमापति शास्त्री–46,177,

2–श्री बाबूलाल–32,861, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**रमेश कान्त लवानिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–357, आगरा कैण्ट,

जिला–आगरा ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री लक्ष्मी कान्त । जन्म तिथि–8 जनवरी, 1933 । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल० बी । विवाह–तिथि–27 जून, 1955 । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा लवानिया । सन्तान–चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत (1988 तक ) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप राजनैतिक आन्दोलनों में कई बार जेल गये तथा मीसा के अन्तर्गत वर्ष 1975 में जिला एवं केन्द्रीय कारागार आगरा तथा नैनी में करीब 19 माह तक बन्दी रहे । आप आगरा कालेज की प्रबन्ध समिति के सदस्य दो वर्ष, महर्षि परशुराम इण्टर कालेज के प्रबन्धक 1963 से निरन्तर एवं महापालिका आगरा के नगर प्रमुख फरवरी, 1989 से हैं ।


राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–33/40, आदर्श नगर, रकाबगंज, आगरा ।

कुल मतदाता–2,01,786, कुल मतदान–98,124,

प्राप्त मत–1–श्री रमेश कान्त लवानिया–45,444,

2–डा० कृष्णवीर सिंह कौशल–37,144 (समाजवादी पार्टी) ।



**रमेश चन्द्र चंचल श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–354, टूण्डला (अ०जा०),

जिला–फिरोजाबाद ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम बाबू । जन्म तिथि–6 जुलाई, 1954 । जन्म-स्थान–फिरोजाबाद । धर्म–हिन्दू (सनातन)। जाति–अनुसूचित जाति (धानुक) । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र), एल–एल० बी० । विवाह–तिथि–25 जून, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती राधा रानी । सन्तान–एक पुत्र, छः पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनैतिक आन्दोलनों में आप कई बार जेल गये तथा वर्ष 1984 में भा० द० सं० की धारा 161 के अन्तर्गत जिला कारागार आगरा में बन्दी रहे । आप जनपद फिरोजाबाद में एस०आर०के० इण्टर कालेज के महासचिव 1972-73, भ्रष्टाचार विरोध-समिति के महासचिव 1973–76, बेरोजगार स्नातक संघ के महासचिव 1975–77, राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य 1973–75 तथा कठेरिया समाज के अध्यक्ष 1975 से 80 तक रहे हैं । आप कठेरिया समाज उत्तर प्रदेश के उप-सचिव वर्ष 1980 से 1988 तक तथा संरक्षक वर्ष 1988 से अब तक हैं ।


डा० बी० आर० अम्बेडकर के सिद्धान्तों पर चलकर दलितों शोषितों के लिये संघर्ष तथा उन्हें न्याय दिलाने में आपकी विशेष रुचि है । महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू,. डा० राम मनोहर लोहिया, चौ० चरण सिंह, श्री मुलायम सिंह की जीवनी के साथ-साथ राजनीति एवं इतिहास की पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–राजपूताना, फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–2,37,024, कुल मतदान–1,21,380,

प्राप्त मत–1–श्री रमेश चन्द्र चंचल–45,465,

2–श्री राम बहादुर चक–41,639 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रमेश पोखरियाल 'निशंक', श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–6, कर्ण प्रयाग,

जिला–गढ़वाल ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री परमानन्द पोखरियाल । जन्म तिथि–15 अगस्त, 1959 । जन्म-स्थान–ग्राम-पिनानी (गढ़वाल) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातकोत्तर, साहित्यरत्न एवं पत्रकारिता । विवाह–तिथि–17 मई, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम कान्ता पोखरियाल । सन्तान–दो पुत्री । व्यवसाय–पत्रकारिता एवं लेखन ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप वर्ष 1991-92 में उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी, पर्यटन समिति, श्रम एवं सेवायोजन समिति एवं विधान सभा की याचिका समिति के सदस्य रहे हैं तथा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर की कार्य परिषद् के सदस्य वर्ष 1991 से अब तक हैं । नयी-चेतना संस्थान के निदेशक पांच वर्ष से, गढ़वाल पत्रकार परिषद् के उपाध्यक्ष और पर्वतीय विकास परिषद् के महासचिव, उत्तराखण्ड लेखक मंच के सचिव एवं परिवेश साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष तीन-तीन वर्ष से हैं । आपके द्वारा लिखित समर्पण, नवांकुर, मुझे विधाता बनना है, तुम भी मेरे साथ चलो, देश हम जलने न देंगे, जीवन पथ में, बस एक ही इच्छा और नयी चेतना आदि एक दर्जन से अधिक पुस्तकें निशंक, प्रकाशन, पौड़ी (गढ़वाल) से प्रकाशित हो चुकी हैं । सम्प्रति आप दैनिक सीमान्त वार्ता के सम्पादक हैं ।

साहित्य, पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा लेखन एवं साहित्यिक चर्चा प्रिय हैं ।

मुख्यावास–अपर बाजार, पौड़ी (गढ़वाल) ।

कुल मतदाता–1,52,425, कुल मतदान–81,125,

प्राप्त मत–1–श्री रमेश पोखरियाल निशंक–32,677,

2–डा० शिवानन्द नौटियाल–32,447, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**रमेश बहादुर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–117, गड़वारा,,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भी आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–ग्राम-व पो०-बहुचरा, प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,17,596, कुल मतदान–1,05,877,

प्राप्त मत–1–श्री रमेश बहादुर सिंह–34,531,

2–श्री राम दयाल वर्मा–33,337(बहुजन समाज पार्टी) ।



**प्रो० रविन्द्र पुण्डीर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–395, सरधना,

जिला–मेरठ।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री शिव चरण सिंह। जन्म तिथि–2 मार्च, 1958। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–एम०एस-सी०, पी-एच०डी० (रसायन शास्त्र)। विवाह तिथि–16 जुलाई, 1983। पत्नी का नाम–श्रीमती विमला सिंह। सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–अध्यापन।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप 1993 में राम जन्म भूमि आन्दोलन में मेरठ कारागार में 12 घण्टे बन्दी रहे। आप 3 वर्ष तक विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रहे हैं। संजय गांधी पी०जी० कालेज सकरपुर खुर्द सरधना, मेरठ में रसायन-शास्त्र विभाग के 10 वर्षो से अध्यक्ष हैं। भा०ज०पा० के जिला युवा मोर्चा, जिला कार्यकारिणी और प्रदेश परिषद के सदस्य हैं।


शिक्षा एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक यात्रा प्रिय है।

मुख्यावास–86, विजय नगर, मेरठ।

कुया मतदाता–2,05,710, कुल मतदान–1,26,609,

प्राप्त मत–1-प्रो० रविन्द्र पुण्डीर–48,280,

2-श्री विजय पाल सिंह तोमर-39,159 (जनता दल)।



**रवीन्द्र प्रताप चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–172, शोहरतगढ ,

जिला–सिद्धार्थनगर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–चौधरी इन्द्र प्रताप । जन्म तिथि–1 मार्च, 1957 । जन्म स्थान–घरूआर कोठी । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–1 अक्टूबर, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना चौधरी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पहली बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पांच वर्ष से आप विकास खण्ड बढनी सिद्धार्थनगर के ब्लाक प्रमुख हैं ।

सामाजिक सेवा एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–घरुआर कोठी, पो० बढनी, जिला-सिद्धार्थनगर ।

कुल मतदाता–2,05,388, कुल मतदान–1,22,333,

प्राप्त मत–1-श्री चौ० रबीन्द्र प्रताप उर्फ पप्पू चौधरी–47,961,

2-श्री मोती लाल विद्यार्थी–37,341 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**रवीन्द्र प्रताप मल्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–203, देवरिया,

जिला–देवरिया ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री श्याम बिहारी मल्ल । जन्म तिथि–1 जुलाई, 1956 । जन्म स्थान–राहिवां, देवरिया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–साहित्यरत्न, एल-एल०बी । विवाह तिथि–मई, 1973 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विन्ध्यवासिनी देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय– कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष, 1989 व 90 में जन आन्दोलन में आप अनेक बार जिला कारागार, देवरिया में बन्दी रहे । विधान सभा की प्राक्कलन समिति के आप वर्ष 1991–92 में सदस्य रहे हैं । जनपद व्यापार मण्डल के उपमंत्री तथा संगठन मंत्री 20 वर्ष, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष 9 वर्ष से हैं तथा अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक तथा साहित्यिक संस्थाओं से भी आप सम्बद्ध हैं । आप 1980 से नागरी प्रचारिणी सभा के आजीवन सदस्य तथा जनपद पुस्तक स्टेशनरी विक्रेता समिति के मंत्री 1976 से रहे हैं ।

भ्रमण,सामाजिक व राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा पत्र पत्रिकाएं, समाचार पत्र पढना, वार्ता करना, रेडियो सुनना तथा टेलीविजन देखना पसन्द है ।

मुख्यावास–राघव नगर, देवरिया ।

कुल मतदाता–2,43,192, कुल मतदान–1,29,418,

प्राप्त मत–1-श्री रवीन्द्र प्रताप मल्ल–41,314,

2-श्री सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव–35,922 (जनता दल) ।

**रवीन्द्र शुक्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–328, झांसी,

जिला–झांसी ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री मन्नू लाल शुक्ल । जन्म तिथि 29 मार्च, 1953 । जन्म स्थान–रायपुर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी । विवाह तिथि–26 जून, 1981 में । पत्नी का नाम–श्रीमती माधुरी शुक्ल । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा उद्योग (कारखाना आदि) ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जिला कारागार, झांसी में डी०आई०आर० एवं अनेक धाराओं में कई बार लगभग 9 माह तक आप बन्दी रहे हैं । अप्रैल, 1992 से श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप राज्य मंत्री भी रहे हैं । पर्यटन के रूप में आपने नेपाल की यात्रा की है । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अनेक पदों पर 15 वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री 4 वर्ष, भारतीय मजदूर संघ एवं सम्बद्ध विभाग श्रमिक संगठन के पदाधिकारी, रोटरी क्लब झांसी के सचिव तथा सदस्य, चेम्बर आफ कामर्स तथा बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झांसी के इतिहास परिषद के महामंत्री रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है । मित्रों से वार्तालाप एवं ताश खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–175 ए, नयी बस्ती, झांसी ।

कुल मतदाता–2,39,958, कुल मतदान–1,32,032,

प्राप्त मत–1-श्री रवीन्द्र शुक्ल–51,951

2-पं० रमेश कुमार शर्मा–45,538, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**राकेश सचान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–294,घाटमपुर,

जिला–कानपुर देहात ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री उदय नारायण सचान । जन्मतिथि–20 दिसम्बर, 1963 । जन्मस्थान–मुरली पुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछडी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल०बी०। व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम मुरली पुर, पो० रार, तह०–घाटमपुर, जिला–कानपुर देहात ।

कुल मतदाता–2,05,934, कुल मतदान–1,31,971,

प्राप्त मत–1-श्री राकेश सचान–39,009,

2-श्री विजय सचान–34,866 (समाजवादी पार्टी) ।

**राकेश सोनकर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–288, सीसामाऊ (अ०जा०),

जिला–कानपुर नगर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री प्रेम चन्द्र सोनकर । जन्म तिथि–7 मई, 1959 । जन्म-स्थान–कानपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (सोनकर) । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–व्यापार ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में अनेक बार जेल गए तथा धारा–144, 188 व रासुका के अन्तर्गत कानपुर सेन्ट्रल जेल में 19 दिन तथा फतेहगढ़ जेल में 60 दिन बन्दी रहे हैं । आप नगरमहापालिका, कानपुर के सभासद वर्ष 1989 में, नगर मंत्री भारतीय जनता पार्टी तथा युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी वर्ष 1989–91 में रहे हैं ।

समाज सेवा के कार्य में आपकी विशेष रुचि है । पर्यटन तथा टी० वी० पर कार्यक्रम देखना रुचिकर लगता है ।


मुख्यावास–म० नं०–78/137, लाटूश रोड, कानपुर नगर ।

कुल मतदाता–1,87,430, कुल मतदान–1,00,395,

प्राप्त मत–1-श्री राकेश सोनकर–51,949,

2-श्री संजय सोनकर–21,975 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**राजकुमार शिवहरे, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–319, बांदा,

जिला–बांदा।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री राम सेवक। जन्म तिथि–4 सितम्बर, 1961। जन्म-स्थान–बांदा। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। विवाह तिथि–22 जनवरी, 1984। पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता। सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि)।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप धारा 151 के अन्तर्गत बांदा जेल में एक माह तक बन्दी रहे। जय भारत नव युवक समाज बांदा के पांच वर्ष तथा उद्योग व्यापार मण्डल बांदा के अध्यक्ष 3 वर्ष रहे हैं। भ्रमण हेतु आपने संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, दुबई, शारजाह, अजमान अर्लन तथा आबूधाबी की यात्रा की है।

अध्ययन में आपकी विशेष रुचि तथा पर्यटन एवं शतरंज प्रिय है।

मुख्यावास–मुहल्ला–कैलाशपुरी, न्यू मार्केट, बांदा।

कुल मतदाता–2,14,549, कुल मतदान–1,13,517,

प्राप्त मत–1-श्री राज कुमार शिवहरे–45,301,

2-श्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी–44,343 (बहुजन समाज पार्टी)।

**राजबली जैसल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–267, मेजा (अ०जा०),

जिला–इलाहाबाद ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–व–पोस्ट–नेवढ़ईया, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,39,714, कुल मतदान–1,28,161,

प्राप्त मत–1-श्री राजबली जैसल–41,676,

2-श्री राम कृपाल आदिवासी–27,376 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी) ।



**राजबली यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–211, आजमगढ़,

जिला–आजमगढ़ ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री बलिकरन यादव । जन्म तिथि–1 अक्टूबर, 1938 । जन्म-स्थान–ग्राम-लछेहरा (आजमगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा बी० एस-सी०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–1956 में । पत्नी का नाम–श्रीमती रमावती देवी । सन्तान–चार पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा 151 जा० फौ० एवं डी० आई० आर० के अन्तर्गत लगभग 24 बार जिला कारागार आजमगढ़ में बन्दी रहे तथा कुल एक वर्ष का कारावास भोगा ।

दलितों की सेवा, न्याय दिलाना तथा उन पर होने वाले अत्याचार के प्रति संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है तथा जन सम्पर्क प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–लछेहरा, पो०–मेंहमोनी, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,16,257, कुल मतदान–1,18,148,

प्राप्त मत–1-श्री राजबली यादव–55,644,

2-श्री सुनील राय–31,236 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**राजलक्ष्मी वर्मा, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–145, रामनगर,

जिला–बाराबंकी ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सहदेव सिंह । जन्म तिथि–31 मार्च, 1951 । जन्म-स्थान–आदित्य नगर (बाराबंकी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–5 फरवरी, 1971 । पति का नाम–डा० प्रकाश चन्द्र वर्मा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मोहल्ला–मौलवीगंज, तह०–फतेहपुर, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–1,97,518, कुल मतदान–1,24,066,

प्राप्त मत–1-श्रीमती राजलक्ष्मी वर्मा–50,401,

2-श्री फरीद महफूज–48,715 (समाजवादी पार्टी) ।



**राजवीर सिंह (पहलवान), श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–368, हाथरस,

जिला–अलीगढ़ ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गोविन्द सिंह । जन्म तिथि–10 जनवरी, 1964 । जन्म-स्थान–देवीनगर (हाथरस) । धर्म–हिन्दू । जाति–ठाकुर । शिक्षा–इण्टरमीडिएट, अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान । विवाह तिथि–1983 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मुन्नी देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–नौकरी (रेलवे) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपका 1985 में एशिया चैम्पियनशिप टोक्यो जापान, 1986 में कामनवैल्थ गेम्स एडनवर्ग (लन्दन) के लिए चयन हुआ । इसके अतिरिक्त उ० प्र० राज्य कुश्ती प्रतियोगिता (72 कि० ग्रा० ), आजमगढ़ (82 कि० ग्रा०), मुरादाबाद, राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता (82 कि० ग्रा०) दिल्ली, शोलापुर हिन्द केसरी, ब्रजकेसरी, लोहागढ़ केसरी तथा अन्तर रेलवे कुश्ती गोरखपुर दिल्ली आदि में आपने प्रथम अथवा द्वितीय स्थान प्राप्त किये । आप उ० प्र० कुश्ती संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष 3 वर्ष तथा भारतीय कुश्ती संघ के सदस्य दो वर्ष तक रहे हैं । कुश्ती हेतु आपने रूस, अमेरिका, जर्मनी, जापान, लंदन तथा रोम की यात्राएं की हैं । वर्ष 1986 की कुश्ती (जर्मनी) में विश्व में चतुर्थ स्थान पाकर अन्तर्राष्ट्रीय पहलवान बने ।

खेल, राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–देवीनगर, हाथरस जंक्शन, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–2,07,957, कुल मतदान–1,21,238,

प्राप्त मत–1-श्री राजवीर सिंह–29,896,

2-श्री हिलाल कुरैशी–29,148 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**राजाराम त्यागी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–107, बछरावां (अ०जा०),

जिला–रायबरेली ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम दयाल । जन्म तिथि–25 दिसम्बर, 1959। जन्म-स्थान–पूरेरानी अतरेहटा (रायबरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति, कोरी । शिक्षा– स्नातक । विवाह तिथि–1978 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती त्यागी । सन्तान दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–पत्रकारिता तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलन में आप 1991 में रायबरेली कारागार में बन्दी रहे हैं । आप श्री हनुमत विद्या मन्दिर पाराखुर्द के संस्थापक 1991-92 में, श्री हनुमान गढ़ी मन्दिर, महटरगंज के कार्य समिति के सदस्य 1978 में, फिरोज गांधी डिग्री कालेज, रायबरेली के छात्रसंघ के उपाध्यक्ष 1979 में तथा कृषि उत्पादन मण्डी समिति बछरावां के अध्यक्ष 1991 में रहे हैं ।


समाजसेवा एवं पत्रकारिता में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और बैडमिन्टन का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–पूरे सुखई मजरे, अतरेहटा, महराजगंज, जिला–रायबरेली ।

कुल मतदाता–1,95,195, कुल मतदान–1,21,303,

प्राप्त मत–1-श्री राजाराम त्यागी–42,188,

2-श्री राम लाल अकेला पुत्र कल्लू–31,948 (समाजवादी पार्टी) ।



**राजीव कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–16, काशीपुर,

जिला–नैनीताल ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० श्री धर्मेन्द्र कुमार । जन्म तिथि–1 नवम्बर, 1958 । जन्म-स्थान–काशीपुर (नैनीताल) । धर्म–हिन्दू । जाति–अग्रवाल (बंसल) । शिक्षा–बी० काम० । विवाह तिथि–26 जनवरी, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती पूनम अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप अ० भा० विद्यार्थी परिषद् के नगर मंत्री 1977 तक चार वर्ष, अग्रवाल सभा काशीपुर के मंत्री 1990 से हैं । 1980-81 में जनता युवा मोर्चा के नगर मंत्री, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक एक वर्ष और बजरंग दल के सह-जिला संयोजक तीन वर्ष तक रहे हैं ।

मजदूर क्षेत्र एवं सामाजिक गतिविधियों में संलग्न रहने में आपकी विशेष रुचि है तथा ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का परिभ्रमण करना प्रिय है ।

मुख्यावास–65 सिंधान स्ट्रीट, काशीपुर (नैनीताल) ।

कुल मतदाता–2,24,793, कुल मतदान–1,41,749,

प्राप्त मत–1-श्री राजीव कुमार–48,897,

2-श्री के० सी० सिंह (बाबा)–46,063 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**राजेन्द्र कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–207, नत्थूपुर,

जिला–मऊ ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रामबृक्ष राम । जन्म तिथि–14 जनवरी, 1960 । जन्म-स्थान–नौसेमर (मऊ) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–25 जून, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

सामाजिक जागरूकता में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नौसेमर, पो०–सहरोज (कोपागंज), जनपद–मऊ ।

कुल मतदाता–2,22,083, कुल मतदान–1,14,761,

प्राप्त मत–1-श्री राजेन्द्र कुमार–51,034,

2-श्री मंगरू प्रसाद–26,921 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**राजेन्द्र कुमार गुप्त, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–79, सीतापुर,

जिला–सीतापुर।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री जुगुल किशोर गुप्त। जन्म तिथि–7 जुलाई, 1936। जन्म-स्थान–ग्राम मेवा (सीतापुर)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–एम० ए०, एल० टी० (लखनऊ वि० वि०)। विवाह–तिथि–1956 में। पत्नी का नाम–श्रीमती राजकुमारी गुप्त। सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–प्राध्यापक तथा पत्रकार परन्तु अब पूर्णकालिक सामाजिक कार्यकर्ता।

सर्वप्रथम 1977 के निर्वाचन में आप जनता पार्टी के टिकट पर, वर्ष 1980, 1985, नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप छठीं बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के लिए चुने गये हैं। विधान सभा की लोक लेखा समिति (1986-87) और सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (1984-85) के आप सभापति तथा प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति, विशेषाधिकार समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति (1989-90), ध्वनि नियंत्रण प्रणाली समिति तथा संसदीय शोध, संदर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे हैं। साथ ही साथ राजस्व संहिता एवं पत्रकार कल्याण प्रवर समिति के भी सदस्य रहे हैं। वर्ष 1949 में आपने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर से प्रतिबन्ध हटवाने की मांग को लेकर प्रथम जेल यात्रा की। तत्पश्चात् अनेक जन आन्दोलनों में 14 बार मीसा एवं डी० आई० आर० के अन्तर्गत 18 माह सीतापुर, लखनऊ, वाराणसी तथा लखीमपुर की जेलों में कारावासित रहे।

वर्ष 1981 से 85 तक तथा 1987 से 89 तक आप भाजपा विधान मण्डल दल के नेता तथा वर्ष 1985 से 87 तक उपनेता रहे। वर्ष 1981-85 की अवधि में कुछ वर्ष राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा के विधान सभा में उपनेता विरोधी दल रहे सम्प्रति

भा० ज० पा० के उपनेता हैं । वर्ष 1977-80 में विधान सभा में जनता पार्टी के उपमुख्य सचेतक भी रहे हैं । कुछ अवधि तक 1981-85, वर्ष 1985 से 1989-90 तथा दिसम्बर, 1993 से अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य हैं । आप अनेक शिक्षण संस्थाओं के सदस्य, सीतापुर प्लाईवुड कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष तथा अनेक ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी, भारतीय जनसंघ के प्रदेश मंत्री, कोषाध्यक्ष, तथा मंत्री रहे हैं । सरस्वती मूक बधिर विद्यालय सीतापुर तथा सीतापुर शिल्पकला संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष हैं । भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के विभिन्न पदों पर रहते हुए इस दल के आप प्रादेशिक अध्यक्ष रहे हैं । जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मन्त्रिमण्डल में वित्त, नियोजन एवं संसदीय कार्य मंत्री रहे हैं ।


आपके अनेक लेख विभिन्न दैनिक तथा साप्ताहिक पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं । पर्यटन एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा खेलकूद आपको प्रिय हैं ।

मुख्यावास–सिविल लाइन्स, सीतापुर ।

कुल मतदाता–1,95,913, कुल मतदान–1,13,870,

प्राप्त मत–1–श्री राजेन्द्र कुमार गुप्त–40,867,

2–श्री राम गोपाल मिश्र–38,492 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**राजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–100, महोना,

जिला–लखनऊ ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री छोटे लाल यादव । जन्म तिथि–18 जनवरी, 1958 । जन्म-स्थान–फूसूपुरवा लौलाई । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–12 मई, 1969 । पत्नी का नाम–श्रीमती मंगलेश कुमारी यादव । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1988 से 1993 तक चिनहट के ब्लाक प्रमुख रह चुके हैं ।


कृषि तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–चिनहट बाजार, जनपद–लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,80,559, कुल मतदान–1,55,963,

प्राप्त मत–1–श्री राजेन्द्र प्रसाद–66,540,

2–श्री राजनाथ सिंह–58,572 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राजेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–423, मंसूरी,

जिला–देहरादून ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० घुरक सिंह । जन्म तिथि–28 जून, 1951 । जन्म-स्थान–रैनापुर (देहरादून) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–13 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में टिहरी गढ़वाल में एक सप्ताह तथा भारत बन्द आन्दोलन में देहरादून कारागार में 4 दिन बन्दी रहे हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य तथा वर्ष 1992 में श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप उप मंत्री भी रहे चुके हैं । आप को० सो० के सदस्य, तथा राजकीय इंटर कालेज, रानीखेत के अभिभावक संघ के मंत्री क्रमशः 3-3 वर्ष रहे हैं ।

कृषि एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा बागवानी प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–रैनापुर, पो०–रानी पोखरी, जिला–देहरादून ।

कुल मतदाता–2,45,808, कुल मतदान–1,44,165,

प्राप्त मत–1–श्री राजेन्द्र सिंह–53,621,

2–श्री ब्रह्मदत्त–48,198 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**राजेन्द्र सिंह चौहान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–18, धामपुर,

जिला–बिजनौर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० हरिचरन सिंह । जन्म तिथि–1 फरवरी, 1957 । जन्म-स्थान–ग्राम–जयरामपुर (बिजनौर) । धर्म–हिन्दू । जाति–चौहान । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल० बी० (के० जी० के०, मुरादाबाद) । विवाह तिथि–10 जुलाई, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनिता चौहान । सन्तान–दो पुत्र, । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना) आदि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अयोध्या आन्दोलन में भाग लेकर आप बिजनौर जेल में बन्दी रहे हैं ।

आप हरिचरन सिंह स्मारक विद्यालय, जयरामपुर के प्रबन्धक व युवक मंगल दल, जयरामपुर के अध्यक्ष हैं ।

अध्ययन एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–जयरामपुर, पो०–सहसपुर, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–2,13,785, कुल मतदान–1,44,119,

प्राप्त मत–1–श्री राजेन्द्र सिंह–63,069,

2–श्री मूलचन्द–60,819 (जनता दल) ।

---



**राजेश अग्रवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–52, बरेली सिटी,

जिला–बरेली ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामेश्वर शरण अग्रवाल । जन्म तिथि–18 सितम्बर, 1943 । जन्म-स्थान–बरेली । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–22 जनवरी, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती पुष्पा अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 से 1993 तक अनेक पार्टी आन्दोलनों में विभिन्न धाराओं में आप जिला व केन्द्रीय कारागार बरेली में बन्दी रहे हैं । आप दाल मिलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष दो वर्ष उ० प्र० राइस मिलर्स एसोसियेशन एवं जिला उद्योग व्यापार मण्डल के महामंत्री चार वर्ष, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महानगर व विभाग कार्यवाह 15 वर्ष तक तथा विभिन्न स्कूलों के संस्थापक, अध्यक्ष एवं मंत्री भी रह चुके हैं । व्यापार हेतु आपने नेपाल की यात्रा की है ।


जन सम्पर्क एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है, देशाटन व संगीत गायन प्रिय है ।

मुख्यावास–276, काली बाड़ी, जिला–बरेली ।

कुल मतदाता–1,90,482, कुल मतदान–1,06,659,

प्राप्त मत–1–श्री राजेश अग्रवाल–57,610,

2–श्री उमेश चन्द्र सक्सेना–31,611 (समाजवादी पार्टी) ।



**राजेश कुमार यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–41, गुन्नौर

जिला–बदायूं ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री सूरजपाल सिंह यादव । जन्म तिथि–6 मार्च,, 1958 । जन्म-स्थान–बदायूं । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–8 जनवरी, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा यादव । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं । समाजवादी पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में आप बदायूं जेल में बन्दी रह चुके हैं ।


राजनीति, सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा हाकी, क्रिकेट आदि खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पतरिया, जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–2,00,893, कुल मतदान–1,09,101,

प्राप्त मत–1–श्री राजेश कुमार यादव–28,679,

2–श्री राम खिलाड़ी–24,862 (जनता दल) ।



**राजेश कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–239, चकिया, (अ० जा०)

जिला–वाराणसी ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राजाराम । जन्म तिथि–10 दिसम्बर, 1960 । जन्म-स्थान–मंगरौर (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक । पत्नी का नाम–श्रीमती आभारानी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1991-92 में विधान सभा की याचिका समिति तथा वन स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1993 से आप भा० ज० पा० विधान मण्डल दल के सचेतक हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा विचार-विमर्श एवं चर्चा प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मंगरौर, पो०–चकिया, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,12,016, कुल मतदान–1,20,221,

प्राप्त मत–1–श्री राजेश कुमार–32,478,

2–श्री नन्द लाल पुत्र फौजदार–32,109 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**राधेश्याम, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–139, दरियाबाद,

जिला–बाराबंकी ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० रघुनाथ । जन्म तिथि–3 सितम्बर, 1943 । जन्म-स्थान–ग्राम सदेवा, दरियाबाद (बाराबंकी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–5 जून, 1962 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला देवी । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (राइस मिल) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप माया त्यागी काण्ड आन्दोलन में बाराबंकी जेल में दफा 151/106/116 के अन्तर्गत दस दिन बन्दी रहे । ईंट भट्ठा संघ, बाराबंकी के अध्यक्ष वर्ष 1989 से अब तक, बिन्द्रा प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल, सफदरगंज के प्रबन्धक 1983 से अब तक एवं क्षेत्र समिति, मसौली, बाराबंकी के प्रमुख वर्ष 1983 से 1988 तक एवं 1988 से 1991 तक रहे हैं ।

राजनीति एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–व पो०–सफदरगंज, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–1,94,657, कुल मतदान–1,20,480,

प्राप्त मत–1–श्री राधेश्याम–41,619,

2–श्री राजीव कुमार सिंह–32,977 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



**राधेश्याम गुप्त, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–284, फतेहपुर,

जिला–फतेहपुर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री शीतल प्रसाद गुप्त । जन्म तिथि–5 मार्च, 1935 । जन्म-स्थान–गौरी (फतेहपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–17 मार्च, 1955 । पत्नी का नाम–श्रीमती रामावती गुप्त । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, अध्यापन, पत्रकारिता, उद्योग (कारखाना आदि) तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । लायन्स क्लब फतेहपुर के अध्यक्ष वर्ष 1991-92 में रहे हैं तथा वर्तमान में अखिल भारतीय अ० वैश्य समाज और श्रीमती रामा अग्रवाल विद्या मन्दिर बालिका इण्टर कालेज के अध्यक्ष हैं । विगत 15 वर्षों से निःशुल्क नेत्र शिविरों के आयोजनों के साथ-साथ बाढ़, अग्नि तथा सूखा से प्रभावित लोगों की सेवा भी करते आ रहे हैं । भ्रमण हेतु आप थाईलैण्ड, सिंगापुर, हांगकांग की यात्रा कर चुके हैं ।

शिक्षा कृषि उद्योग एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा सत्संग, संगीत एवं खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–24 देवीगंज, फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,29,688, कुल मतदान–1,21,013,

प्राप्त मत–1–श्री राधेश्याम–गुप्त–46,771,

2–श्री सूर्यपाल लोधी–30,613 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**रानी देवलता, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–419, मुजफ्फराबाद,

जिला–सहारनपुर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–जसमौर, जिला–सहारनपुर ।

कुल मतदाता–1,99,974, कुल मतदान–1,46,347,

प्राप्त मत–1–श्रीमती रानी देवलता–49,643,

2–श्री जगदीश सिंह राणा–38,759 (जनता दल) ।



**रामअचल राजभर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–130, अकबरपुर,

जिला–फ़ैजाबाद ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम अवध । जन्म तिथि–15 जनवरी, 1955 । जन्म-स्थान–कयामुद्दीन (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (राजभर) । शिक्षा–स्नातकोत्तर । पत्नी का नाम–श्रीमती भानमती देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में आप अगस्त, 1980 में जिला कारागार फैजाबाद में बन्दी रहे हैं । सम्प्रति आप राष्ट्रीय राजभर परिषद् के संयोजक तथा जनवरी, 1994 से कयामुद्दीनपुर सेकपुरा के प्रधान हैं ।


समाज सेवा, न्याय के लिए संघर्ष तथा शिक्षा के प्रसार में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल एवं दूरदर्शन देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम कयामुद्दीनपुर (सेकपुरा) पोस्ट–भाऊपुर, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,20,241, कुल मतदान–1,34,374,

प्राप्त मत–1–श्री राम अचल राजभर–67,323,

2–श्री पवन कुमार पाण्डेय–26,882 (शिवसेना) ।



**राम अधार यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–193, श्याम देउरवां,

जिला–महराजगंज।

दल– जनता दल।

पिता–स्व० राम हरख यादव। जन्म तिथि–10 अक्टूबर, 1944। जन्म-स्थान–महराजगंज। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–हाईस्कूल। विवाह तिथि–16 मई, 1966। पत्नी का नाम–श्रीमती जानकी देवी। सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। बागपत आन्दोलन में आप 18 सितम्बर, 1981 से 26 सितम्बर, 1981 तक जिला कारागार, गोरखपुर में बन्दी रहे। श्री रूप नरायन सिंह सर्वहितकारी इंटर कालेज बसन्तपुर घुघली जिला–महराजगंज की कार्यकारिणी के आप सदस्य हैं।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खादी का धोती कुर्ता पहनना पसन्द है।

मुख्यावास–ग्राम–महराजगंज, पोस्ट–घुघुली, जिला–महराजगंज।

कुल मतदाता–2,00,928, कुल मतदान–1,29,129,

प्राप्त मत–1–श्री राम अधार यादव–43,383,

2–श्री ज्ञानेन्द्र सिंह–41,136 (भारतीय जनता पार्टी)।



**राम आसरे वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–91, मल्लावां,

जिला–हरदोई ।

दल– जनता दल ।

पिता–स्व० नत्था राम । जन्म तिथि–10 जुलाई, 1940 । जन्म-स्थान–सदरपुर (हरदोई) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल–एल० बी० (लखनऊ वि० वि०) । विवाह–तिथि–1957 में । पत्नी का नाम–श्रीमती आर० के वर्मा । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–पत्रकारिता एवं राजनीति ।

वर्ष 1977,80 और 85 के चुनावों में आप लगातार तीन बार निर्दलीय, मई-जून, 1991 में चौथी बार तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में पांचवीं बार जनता दल के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य बने हैं । फरवरी, 1992 से दिसम्बर, 1992 तक आप उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर आसीन रहे हैं । विधान सभा में आप निर्दलीय विधायकों के नेता रहे तथा जनता दल के विधायक होने पर भी निर्दलीय विधायकों ने अपने मार्ग-दर्शन हेतु संरक्षक के रूप में आपको सम्मानित किया है । विभिन्न आन्दोलनों और आपातकाल में जिला जेल, हरदोई, लखनऊ तथा केन्द्रीय कारागार, तिहाड़ (नई दिल्ली) में लगभग साढ़े तीन वर्ष आप बन्दी रहे तथा पांच वर्ष तक की फरारी झेलनी पड़ी । कलकत्ता, दिल्ली, दक्षिण भारत तथा नेपाल फरारी के स्थल रहे । आप एस० एफ० और एस० एफ० आई० के प्रादेशिक महासचिव, अखिल भारतीय क्रांतिकारी युवा मोर्चा के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के अनेक संगठनों के संरक्षक, हरदोई एवं लखनऊ जिले की दर्जनों शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष रहे हैं । जनयुग, लोकलहर, स्वाधीनता, युवानक, लोकयुद्ध, देशब्रती एवं युयुत्सा नामक अनेक पत्र-पत्रिकाओं का आपने सम्पादन किया । एक दर्जन पुस्तकों का प्रणयन एवं अनुवाद भी आपने किया है जो कलकत्ता, दिल्ली के प्रकाशनों के अतिरिक्त विदेशी प्रकाशनों द्वारा भी प्रकाशित की गयी हैं । पत्रकारिता

के क्षेत्र में चेकोस्लोवाकिया द्वारा आपको अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

समर्पित भाव से जनता की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–सदरपुर, तह०–बिलग्राम, जिला–हरदोई।

कुल मतदाता–2,12,462, कुल मतदान–1,24,938,

प्राप्त मत–1–श्री राम आसरे वर्मा–37,127,

2–श्री राम कुमार वर्मा–35,105 (समाजवादी पार्टी)।



**राम औतार मिश्रा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–65, ददरौल,

जिला–शाहजहांपुर ।

दल– भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री हलधर प्रसाद मिश्र । जन्म तिथि–1 जनवरी, 1950 । जन्म-स्थान–कोंट (शाहजहांपुर) । धर्म–हिन्दू (ब्राह्मण) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट (कृषि) । विवाह–तिथि–2 फरवरी, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती मनोरमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में, नवम्बर, 1989 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीमती इन्दिरा गांधी के बन्द होने के विरोध में जिला कारागार, शाहजहांपुर में 5 दिन आप बन्दी रहे हैं । आप 1972 से ब्लाक युवक कांग्रेस के अध्यक्ष, 1985 में जिला युवक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, शाहजहांपुर जनपद के जनसेवक तथा ग्राम सभा हरीपुर कोर्रिया के प्रधान रहे हैं । आप वर्ष 1986 से 1989 तक विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति तथा वर्ष 1990-91 में नियम समिति के सदस्य रहे हैं ।

कृषि एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–कांठ, तह०–सदर, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–1,95,743, कुल मतदान–1,08,119,

प्राप्त मत–1–श्री राम औतार–37,312,

2–श्री मिट्ठू लाल–18,416 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राम करन आर्य, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–167, नगर पूरब (अ०जा०),

जिला–बस्ती ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री गुरदीन आर्य । जन्म तिथि–28 जनवरी, 1956 । जन्म-स्थान–कलन्दरनगर, बस्ती । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए०, एल–एल० बी०, डा० अम्बेडकर फेलोशिप प्राप्त । विवाह तिथि–मई, 1974 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मालती आर्य । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं समाज सेवा ।

नवम्बर, 1989 के समान्य निर्वाचन में आप जनता दल तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में 55 बार जेल गये तथा विभिन्न धाराओं में जिला कारागार, बस्ती, गोरखपुर, फैजाबाद, दिल्ली, लखनऊ, शिमला (हिमांचल प्रदेश) तथा गोण्डा में कुल 6 वर्ष बंदी रहे । आप श्री मुलायम सिंह यादव के प्रथम मंत्रिमण्डल में उप मंत्री (दिसम्बर 90 से जून 91) भी रह चुके हैं । आप दलित छात्र युवासंगठन के अध्यक्ष सन् 1981 से 1984, समाजवादी युवजन सभा के प्रान्तीय महामंत्री 1980 से 1985, युवा लोकदल के महामंत्री 1985 से 1989 तक रहे हैं । वर्तमान में दलित साहित्य अकादमी में प्रान्तीय महामंत्री और दलित वर्ग संघ के महामंत्री 1990 से, दलित महासभा के संयोजक 2 दिसम्बर, 1993 से हैं । आप विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के 1989 में सदस्य रहे हैं तथा 1993 से अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य हैं ।

समाज सेवा, दलित इतिहास साहित्य व इनकी सामाजिक संरचना की खोज में आपकी विशेष रुचि है, अध्ययन एवं वार्तालाप प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम नकछेद चक उर्फ कलन्दर नगर, पो०–धौरहरा, जनपद–बस्ती।

कुल मतदाता–2,01,888,, कुल मतदान–1,17,743,

प्राप्त मत–1–श्री राम करन आर्य–56,571,

2–श्री वेद प्रकाश–36,629 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**राम किशोर बिन्द, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–248, ज्ञानपुर,

जिला–वाराणसी।

दल– बहुजन समाज पार्टी।

पिता–श्री रामदेव । जन्म-तिथि–20 जून, 1950 । जन्म स्थान–पूरे टीका (वाराणसी) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए० । विवाह तिथि–1970 में । पत्नी का नाम–श्रीमती जीरावती देवी । सन्तान–पांच पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) कार्पेट व्यवसाय ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप पहली बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में कारागार, होमगार्ड तथा राजनैतिक पेंशन उप मंत्री हैं ।


सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–पूरेटीका, गोपीगंज, वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,39,027, कुल मतदान–1,31,196,

प्राप्त मत–1–श्री राम किशोर बिन्द–42,513,

2–श्री दिनेश–32,926 (निर्दल) ।



**राम कुमार वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–68, हैदराबाद,

जिला–खीरी।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री देवीदीन वर्मा । जन्म-तिथि–20 अक्टूबर, 1954 । जन्म स्थान–ओदरहा, जिला खीरी । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–26 जून, 1972 में । पत्नी का नाम–श्रीमती राजेश्वरी देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, वकालत ।

आप 1989 के चुनाव में प्रथम बार, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप लोक निर्माण विभाग में राज्य एवं कैबिनेट स्तर के मंत्री रहे हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप लखीमपुर खीरी, बरेली एवं लखनऊ जेलों में कुल मिलाकर लगभग 6 माह, 1978 तथा 1989-90 में बन्दी रहे हैं । 1978 से 1981 तक आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक रहे हैं । सम्प्रति आप अपने दल के सचेतक हैं ।

जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम नगरा, पो०-भीखमपुर, जिला-खीरी ।

कुल मतदाता–2,13,843, कुल मतदान–1,19,346,

प्राप्त मत–1–श्री राम कुमार वर्मा–36,212,

2–श्री मजहरुल्ला–34,774 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**राम कुमार शुक्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–102, लखनऊ पश्चिम,

जिला–लखनऊ ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री संगम लाल शुक्ल । जन्म-तिथि–रामनवमी, 1942 । जन्म स्थान–कोटवा बाराबंकी । धर्म–हिन्दू । जाति–ब्राह्मण । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–28 दिसम्बर, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती आशा शुक्ल । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम आप 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप धारा-151 आदि के अन्तर्गत अक्टूबर, 1990 में 15 दिन उन्नाव जेल में बन्दी रहे । आप विधान सभा की प्राक्कलन समिति के 1989-90 में तथा लोक लेखा समिति के 1991-92 में सदस्य रह चुके हैं । आप हैपीवर्ल्ड सोसाइटी के संस्थापक (1981), उ०प्र० जूडो एसोसियेशन के अध्यक्ष (1991) तथा 15 अन्य एसोसियेशन के मुख्य संरक्षक भी हैं । पूर्वोत्तर रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य और बोर्ड आफ डायरेक्टर-संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के सदस्य वर्ष 1991 से हैं ।

समाज सेवा एवं शिक्षण कार्य में आपकी विशेष रुचि है, बैडमिन्टन और टेबिल टेनिस के खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–बी 4/2 नेपियर रोड कालोनी, हरदोई रोड, जिला- लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,46,350, कुल मतदान–1,26,478,

प्राप्त मत–1–श्री राम कुमार शुक्ल–61,781,

2–श्री महेश नाथ महेन्द्र पप्पू भैया–51,415, (समाजवादी पार्टी) ।



**राम कृष्ण वर्मा, इन्जी०**

निर्वाचन क्षेत्र–393, किठौर,

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री खचेड़ू सिंह । जन्म-तिथि–3 जनवरी, 1938 । जन्म स्थान–सतवाई (मेरठ) । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । जाति–पिछड़ी जाति (गूजर) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल०बी० तथा सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1963 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुमित्रा । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा इंजीनियरिंग ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण विभाग के प्रादेशिक महामंत्री 1978 से 1980 तक, सहायक अभियन्ता संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष, उ० प्र० अभियन्ता संघ के क्षेत्रीय मंत्री और भारत विकास परिषद् एवं साहित्य लोक की कार्यकारिणी के सदस्य वर्ष 1990 से 1993 तक रहे हैं ।

समाज सेवा, राजनीति एवं अभियांत्रिकी में आपकी विशेष रुचि है एवं वार्तालाप प्रिय है ।

मुख्यावास–सतवाई भवन, बागपत रोड, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–1,97,501, कुल मतदान–1,26,078,

प्राप्त मत–1–श्री राम कृष्ण वर्मा–43,011,

2–श्री परवेज आलम खान–35,763, (जनता दल) ।



**राम खेलावन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–98, हसनगंज (अ० जा०),
जिला–उन्नाव ।
दल– बहुजन समान पार्टी ।

पिता–श्री नरायन । जन्म तिथि–2 अक्टूबर, 1957 । जन्म स्थान–ढखवा (उन्नाव) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–5 अप्रैल, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती माधुरी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 10 वर्ष तक प्रधान रहे हैं । भूख मिटाने के लिए आप कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–ढखवा, पोस्ट–समदपुर हरदास, जिला–उन्नाव ।

कुल मतदाता–1,95,803, कुल मतदान–1,16,682,

प्राप्त मत–1–श्री राम खेलावन–43,930,

2–श्री मस्त राम–41,644 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**राम गोपाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–70, लखीमपुर,

जिला–खीरी ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गजोधर प्रसाद । जन्म-तिथि–10 जनवरी, 1939 । जन्म स्थान–लगुचा । धर्म–हिन्दू । जाति–कुर्मी क्षत्रिय । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल० बी० (लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–20 जून, 1957 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती वर्मा । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1983 से 1988 तथा 1988 से 1991 तक विकास खण्ड प्रमुख रहे हैं ।

अध्ययन एवं खेल में आपकी विशेष रुचि है तथा व्यायाम और देशाटन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–लगुचा, जनपद–खीरी ।

कुल मतदाता–2,12,223, कुल मतदान–1,24,703,

प्राप्त मत–1–श्री राम गोपाल–35,730,

2–श्री मुजफ्फर अली–35,505 (समाजवादी पार्टी) ।



**रामजीत भारद्वाज, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–237, धानापुर,

जिला–वाराणसी ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० मौलवी प्रसाद । जन्म-तिथि–15 फरवरी, 1949 । जन्म स्थान–हुदहुदीपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी० ए०, भूतपूर्व मैकेनिकल इंजीनियर (बम्बई) । विवाह तिथि–5 जून, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूला देवी । सन्तान–एक पुत्र, । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । भारतीय जल सेना में पी० ओ० एम० ई० रहते हुए आप आस्ट्रेलिया, मारिशस, श्रीलंका, सिंगापुर, जापान, रूस, अफ्रीका आदि 22 देशों की यात्रा कर चुके हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1990 से राष्ट्रीय राजभर परिषद् के सचिव हैं ।

राजनीति और इंजीनियरिंग में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम हुदहुदीपुर, पो०–सेबढ़ी मढ़ई, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,21,219, कुल मतदान–1,21,608,

प्राप्त मत–1–श्री रामजीत् भारद्वाज–44,946,

2–श्री सुरेन्द्र कुमार सिंह–37,751 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**रामतेज यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–146, कैसरगंज,

जिला–बहराइच ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री राम चरन यादव । जन्म-तिथि–3 जुलाई, 1948 । जन्म स्थान–ग्राम खुर्रमपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अहीर (यादव) । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–3 जुलाई, 1960 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरोजनी यादव । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न धाराओं–107, 116, 151, डी० आई० आर० एवं मीसा के अन्तर्गत 13 बार करीब एक माह तथा आपात काल में 18 माह कई बार बहराइच, गोरखपुर, नैनी (इलाहाबाद) तथा बरेली के कारागारों में बन्दी रहे । आप वर्ष 1990 में विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे हैं । सम्प्रति आप जय जवान जय किसान स्कूल के संरक्षक हैं ।

हिन्दू–मुसलमान एकता में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम खुर्रमपुर, डा०–रानीगंज मरौठी, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–1,99,763, कुल मतदान–1,14,160,

प्राप्त मत–1–श्री रामतेज–52,253,


2–श्री रूद्रेन्द्र विक्रम सिंह–40,992 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**रामदर्शन यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–218, मुबारकपुर,
जिला–आजमगढ़ ।
दल– समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम गेलवारा, पो०–जाफरपुर, थाना–सिधारी, जिला–आजमगढ़ ।
कुल मतदाता–2,35,572, कुल मतदान–1,24,528,
प्राप्त मत–1–श्री राम दर्शन यादव–44,241,
2–श्री देवेन्द्र–21,435 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राम दवर अधिवक्ता, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–256, शाहगंज (अ०जा०),

जिला–जौनपुर ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री सोमारू राम । जन्म तिथि–3 नवम्बर, 1951 । जन्म-स्थान–भरौली (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (चमार) । शिक्षा–बी० ए०, एल–एल० बी० (अधिवक्ता) । विवाह–तिथि–सन् 1961 में । पत्नी का नाम–श्रीमती अनारपत्ती उर्फ इन्दू । सन्तान–पांच पुत्र । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप वर्ष 1976 में किसान मजदूर उत्थान समिति के महामंत्री रहे हैं ।


वकालत तथा जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा समाचार पढ़ना, रेडियो सुनना और टी० वी० देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम भरौली, पो०–बकुची, (शाहगंज), जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,38,079, कुल मतदान–1,33,333,

प्राप्त मत–1–श्री राम दवर–63,528,

2–डा० मंजुलता–53,585 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रामदास पाल (आर० डी० पाल एडवोकेट), श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–300, डेरापुर,

जिला–कानपुर देहात ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री सुखदेव प्रसाद पाल । जन्म तिथि–5 फरवरी, 1938 । जन्म-स्थान–प्रतागढ़ । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए०, एल० टी०, एल–एल० बी० । पत्नी का नाम–श्रीमती कैलाशवती देवी । सन्तान–तीन पुत्र एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत जन आन्दोलनों तथा छात्र आन्दोलनों में आप अनेक बार कानपुर कारागार में बन्दी रहे हैं । आप वर्ष 1990 से 1992 तक पंचायती राज एवं वित्त विकास निगम उ० प्र० के अध्यक्ष (राज्य मंत्री समकक्ष) रहे हैं । आप अखिल भारतीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य 5 वर्ष, आर्मी हेडक्वाटर्स के सदस्य 3 वर्ष तथा लोकदल एवं जनता दल के प्रादेशिक महासचिव 10 वर्ष, तक रहे हैं । सम्प्रति आप लोक दल मजदूर सभा उ० प्र० के प्रदेश और समाजवादी श्रम सभा उ० प्र० के अध्यक्ष होने के साथ ही साथ समाजवादी पार्टी उ० प्र० के प्रदेश उपाध्यक्ष और अनेक शिक्षा संस्थाओं के संस्थापक हैं ।


साहित्यिक अध्ययन, योग एवं व्यायाम में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–171/1 जूही लेबर कालोनी, कानपुर ।

कुल मतदाता–2,10,381, कुल मतदान–1,38,590,

प्राप्त मत–1–श्री राम दास पाल–67,452,

2–श्री देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले सिंह–48,465 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रामदेव वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–129, कटेहरी,

जिला–फैजाबाद ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री राम निहोर वर्मा । जन्म तिथि–20 अगस्त, 1951 । जन्म-स्थान–रूहियावां (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–बी० एस-सी०, बी० एड०, एल–एल० बी० । विवाह तिथि–मई, 1967 में । पत्नी का नाम–श्रीमती दौलता देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप अ० भा० कुर्मी मन्दिर एवं धर्मशाला रायगंज अयोध्या, फैजाबाद के मंत्री 1993 से 1994 तक, तथा 1990 से उ० प्र० कुर्मी महासभा और झिनका पटेल बालिका विद्यालय, भरथुआ फैजाबाद के सचिव आरम्भ से हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा पत्र पत्रिकाओं का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–रूहियावां, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,29,480, कुल मतदान–1,29,927,

प्राप्त मत–1–श्री राम देव वर्मा–65,157,

2–श्री अनिल कुमार तिवारी–24,485 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**रामधनी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–235, सादात (अ० जा०),

जिला–गाजीपुर ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० सहादुर । जन्म तिथि–10 अक्टूबर, 1938 । जन्म-स्थान–सेमरौल (गाजीपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातक (बनारस हिन्दू वि० वि०) । विवाह तिथि–15 जून, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती तीजा देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, राजनीति ।

सर्वप्रथम आप 1980 में जनता एस० (चरण सिंह) के टिकट पर, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में निर्दलीय, तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार स० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1966 के खाद्य आन्दोलन में 15 दिन, 1980 में माया त्यागी काण्ड में 5 दिन तथा भारत बन्द के दौरान 1986 में दो दिन जिला कारागार गाजीपुर में धारा–144, 188 में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सदस्य 1980 से 1983 तक तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य 1983-84 तथा 1990-91 में रहे हैं । आप डा० अम्बेडकर शोध संस्थान सेमरौल भीमापार गाजीपुर के अध्यक्ष 1991 से तथा डा० लोहिया ग्रामोद्योग संस्थान भीमापार, गाजीपुर के संरक्षक 1992 से हैं । सम्प्रति आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में दिसम्बर, 1993 से ग्राम्य विकास तथा क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री हैं ।

राजनीति तथा सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन एवं लोकसंगीत प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–सेमरौल, पो०–मंगारी, जिला–गाजीपुर ।

कुल मतदाता–2,46,356, कुल मतदान–1,23,869,

प्राप्त मत–1–श्री रामधनी–67,910,

2–श्री राजेन्द्र–31,791 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**रामनरेश यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–110, सतांव,

जिला–रायबरेली ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–रतापुर, शहर रायबरेली ।

कुल मतदाता–2,06,311, कुल मतदान–1,25,652,

प्राप्त मत–1–श्री रामनरेश यादव–39,748,

2–श्री सत्य प्रकाश–34,095 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रामपाल सिंह सैनी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–407, मोरना,

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री लज्जा राम । जन्म तिथि–2 फरवरी, 1948 । जन्म-स्थान–खतौली (मुजफ्फरनगर) । धर्म–हिन्दू वैदिक । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, बी० एड्०. । विवाह तिथि–1969 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मूर्ति देवी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

सर्वप्रथम मई–जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप शिक्षक संघ आन्दोलन के अन्तर्गत वर्ष 1976 में मुजफ्फरनगर जेल में 25 दिन तथा 1990 में कारसेवा में 12 दिन बुलन्दशहर जेल में बन्दी रहे । आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन संबंधी समिति के 1991-92 में सदस्य रहे हैं । आप जिला सैनी समाज मुजफ्फरनगर के 1972-76, जिला पिछड़ा वर्ग समाज मुजफ्फरनगर के 1976 से 1984 महामंत्री, आर्य समाज खतौली, मुजफ्फरनगर के मंत्री 1983 से 1985 तथा भा० ज० पा० मुजफ्फरनगर के महामंत्री 1984 से 1990 तक रहे, भा० ज० पा० के प्रदेश उपाध्यक्ष 1991 से हैं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य 1974 से, उ० प्र० सैनी समाज के मंत्री 1984 से तथा माध्यमिक शिक्षक संघ (राष्ट्रवादी) के संगठन मंत्री वर्ष 1988 से हैं ।

निधन – 13-9-95 (पूर्वाह्न 6.30 A.M)

खेल-कूद (कबड्डी, वालीवाल), पत्रिकाओं के अध्ययन तथा पत्र लेखन में आपकी विशेष रुचि है। साधारण भोजन, युवकों को खेल हेतु प्रोत्साहित करना, गीता, रामायण का पाठ तथा आर्य समाज पद्धति से प्रतिदिन यज्ञ कार्य भी करते हैं।

मुख्यावास–मोहल्ला–मुतफर्रिक श्यामपुरी, कस्बा–खतौली, जिला–मुजफ्फरनगर।

कुल मतदाता–1,89,847, कुल मतदान–1,20,695,

प्राप्त मत–1–श्री रामपाल सिंह–45,092,

2–श्री सईदुज्जमा–39,638 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।



**राम प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–177, खलीलाबाद (अ० जा०),

जिला–बस्ती ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री बीपत । जन्म-तिथि–2 जून, 1945 । जन्म-स्थान–रानी पोखरा (पुरानी बस्ती) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० काम० । विवाह तिथि–1977 में । पत्नी का नाम–श्रीमती दुर्गावती (तलाक) । व्यवसाय–सामाजिक कार्य, भूतपूर्व शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, बस्ती ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 25 फरवरी, 1992 को आप शिवानगर कारागार, नई दिल्ली में बन्दी रहे । आप संत रविदास सेवा आश्रम के संस्थापक हैं ।

अध्ययन एवं सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–रानी पोखरा, नई बाजार, पुरानी बस्ती, ज़िला–बस्ती ।

कुल मतदान–2,13,881, कुल मतदान–1,17,060,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रकाश–41,423,

2–श्री भगवान दास–40,425 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**राम प्रकाश गुप्त, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–103, लखनऊ मध्य,

जिला–लखनऊ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० गोपाल कृष्ण गुप्त । जन्म-तिथि–1 नवम्बर, 1924 । जन्म-स्थान–सुकुआ ढुकुआ (झांसी) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एससी० (प्रयाग वि० वि०) । विवाह तिथि–12 दिसम्बर, 1952 । पत्नी का नाम–श्रीमती निर्मला देवी । सन्तान–3 पुत्र, 2 पुत्रियां । व्यवसाय–सामाजिक कार्य ।

जून, 1977 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता पार्टी के टिकट से प्रथम बार, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1964 से 1970 तक आप भारतीय जन संघ से विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं । सत्याग्रह आन्दोलन में मीसा के अन्तर्गत आप नवम्बर, 1975 से मार्च, 1977 तक केन्द्रीय कारागार, नैनी में बन्दी रहे । 1967 में विधान परिषद् के सदस्य रहते हुए उप-मुख्य मंत्री तथा श्री राम नरेश मंत्रिमण्डल में 1977 में आप उद्योग मंत्री के पद पर रहे । आप राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रयाग विभाग के प्रचारक 1946 से 1952 तक, भारतीय जनसंघ के प्रदेश अध्यक्ष 1973-74 में तथा लखनऊ नगर महापालिका के उप नगर प्रमुख 1964-65 में रहे हैं । सम्प्रति आप वर्ष 1990 से भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं ।

ज्योतिष एवं आध्यात्म में आपकी विशेष रुचि है तथा दूरदर्शन के कार्यक्रम देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ई–2, पार्क लेन, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,25,072, कुल मतदान–1,19,874,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रकाश–63,396,

2–श्री विनोद बिहारी वर्मा–41,278 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम प्रकाश त्रिपाठी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–310, छिबरामऊ,

जिला–फर्रुखाबाद ।

दल--भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० रामकुमार त्रिपाठी । जन्म-तिथि–28 दिसम्बर, 1938 । जन्म-स्थान–ग्राम–उधरनपुर (फर्रुखाबाद) । धर्म–हिन्दू वैदिक । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–जून, 1958 में । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्या देवी त्रिपाठी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सन् 1967 के सामान्य निर्वाचन तथा 1974 में जनसंघ से और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार आप भा० ज० पा० के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनैतिक आन्दोलनों में दर्जनों बार जेल यात्रा की । डी० आई० आर० एवं मीसा के अन्तर्गत आप केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में 16 माह तक बन्दी रहे । 1977 से 1979 तक जनता पार्टी से लोक सभा के सदस्य रहे । सम्प्रति भा० ज० पा० से मुख्य सचेतक हैं ।


अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–हरिबल्लभपुर, पो०–खुवरियापुर, जिला–फर्रुखाबाद ।

कुल मतदाता–2,23,569, कुल मतदान–1,36,823,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रकाश त्रिपाठी–59,766,

2–श्री कप्तान सिंह–44,982 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम प्रताप सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–158, सादुल्ला नगर,

जिला–गोण्डा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० दशरथ सिंह । जन्म-तिथि–8 अक्टूबर, 1955 । जन्म-स्थान–निपनियां (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । जाति–क्षत्रिय । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–17 मई, 1978 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रमुखी सिंह । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1990 में आप 26 दिन तक गोण्डा एवं बाराबंकी कारागार में बन्दी रहे । आप विधान सभा की नियम समिति के सदस्य रहे हैं । आप केन यूनियन बभनान (बस्ती) के संचालक लगभग तीन वर्ष (1988 से 90) और बभनजोत (गोण्डा) विकास खण्ड के ब्लाक प्रमुख 1983 से 88 तक रहे । सम्प्रति दीनदयाल लघु मा० विद्यालय, निपनिया (गोण्डा) के प्रबन्धक 10 फरवरी, 1990 से हैं ।


व्यापार एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–निपनियां, पो०–फरेन्दाखुर्द, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,03,818, कुल मतदान–1,25,062,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रताप सिंह–45,738,

2–श्री आरिफ अनवर हाशमी–25,042 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम प्रसाद टम्टा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–11, बागेश्वर (अ० जा०),

जिला–अल्मोड़ा ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० जोगाराम टम्टा । जन्म-तिथि–15 दिसम्बर, 1946 । जन्म-स्थान–चौगांव छीना (अल्मोड़ा) । धर्म–हिन्दू । जाति–शिल्पकार (टम्टा) । शिक्षा–हाई स्कूल, टेक्निकल शिक्षा प्राप्त । विवाह तिथि–25 जनवरी, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुन्नी देवी टम्टा । सन्तान–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (तांबा दस्तकारिता) तथा व्यापार (तैयार सामान की बिक्री) ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में आप सन् 1979 में 13 दिन अल्मोड़ा जेल में बन्दी रहे । आप उ० मा० विद्यालय देवलधार, अल्मोड़ा के अध्यक्ष 12 वर्ष तथा व्यवस्थापक 11 वर्ष तक, तामता हस्तशिल्प औद्योगिक सहकारी समिति लि० बागेश्वर, अल्मोड़ा के अध्यक्ष, खरेही मैटल क्राफ्ट, बागेश्वर के संस्थापक एवं संचालक तथा जिला परिषद् अल्मोड़ा के सदस्य (5 वर्ष कार्यकाल) हैं । आपने हस्तशिल्प कला में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है ।

मुख्यावास–ग्राम चौगांव छीना (टट्यूड़ा), पो०–देवलधार पट्टी, जिला–अल्मोड़ा ।

कुल मतदाता–1,57,177, कुल मतदान–61,227,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रसाद–25,675,

2–श्री नारायण राम दास उर्फ दरिद्र नारायण–22,517 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राम प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–385, शिकारपुर (अ० जा०),

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुवर दयाल । जन्म-तिथि–21 फरवरी, 1938 । जन्म-स्थान–शिकारपुर (बुलन्दशहर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–कक्षा 9 उत्तीर्ण । विवाह तिथि–10 अक्टूबर, 1954 । पत्नी का नाम–श्रीमती प्रेमवती देवी । सन्तान–चार पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1991 के उप-चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। आपने भारतीय जनता पार्टी के आन्दोलनों में भाग लिया । आप 11 वर्ष जाटव सुधार संघ, शिकारपुर (बुलन्दशहर) के अध्यक्ष तथा 20 वर्ष धार्मिक राम लीला समितियों के मंत्री, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष रहे हैं । आप सरस्वती शिशु मंदिर तथा सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर आदि चार शिक्षा संस्थाओं के आजीवन सदस्य हैं ।

राजनैतिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–मो०–चौक, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–1,87,409, कुल मतदान–97,109,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रसाद–37,252,

2–श्री धर्मवीर सिंह–23,030 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**राम प्रसाद चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–166, कप्तानगंज,

जिला–बस्ती ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–जिगना, पो०–एकडेंगी, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,24,927, कुल मतदान–1,32,328,

प्राप्त मत–1–श्री राम प्रसाद चौधरी–55,755,

2–श्री शीतला–21,907 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**राम बाबू हरित, डॉ**

निर्वाचन क्षेत्र–359, आगरा पश्चिम (अ० जा०),

जिला–आगरा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री सीताराम हरित । जन्म-तिथि–2 जुलाई, 1957 । जन्म-स्थान–आगरा । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (जाटव) । शिक्षा–स्नातक, एम० बी० बी० एस० (इलाहाबाद वि० वि०) । विवाह तिथि–19 नवम्बर, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमलेश हरित । संन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप शाहगंज डाक्टर्स एसोसियेशन के जन सम्पर्क अधिकारी दो वर्ष तक तथा नगर महापालिका, आगरा के सभासद साढ़े 4 वर्ष, शिक्षा समिति के चेयरमैन 2 वर्ष, विकास समिति के सदस्य 2 वर्ष तथा उप नगर प्रमुख सवा एक वर्ष तक रहे हैं ।

चिकित्सा एवं जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा जनहित के कार्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–4/158, पृथ्वीनाथ, जिला–आगरा ।

कुल मतदाता–2,14,087, कुल मतदान–1,06,316,

प्राप्त मत–1–श्री राम बाबू हरित–49,495,

2–श्री वीरेन्द्र सिंह सोनी–27,850 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**राम मूर्ति सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–64, जलालाबाद,

जिला–शाहजहांपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री रोहन सिंह । जन्म-तिथि–जुलाई, 1951 में । जन्म-स्थान–हारगुरैया । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–सन् 1968 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सोमवती देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर तीसरी बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलनों में धारा 144 के उल्लंघन में शाहजहांपुर कारागार में तीन बार बन्दी रहे । आप श्री मुलायम सिंह यादव के प्रथम मंत्रिमण्डल में उप मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक उत्थान के कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा सामाजिक चिन्तन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–पो०–हारगुरैया, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,09,030, कुल मतदान–1,29,424,

प्राप्त मत–1–श्री राम मूर्ति सिंह–42,442,

2–श्री बृजपाल सिंह–30,607 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**राम लखन यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–120, पट्टी,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री काशी प्रसाद यादव । जन्म-तिथि–31 दिसम्बर, 1943 । जन्म-स्थान–बैजलपुर, अमरगढ़ (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–1962 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सती यादव । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में दूसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट से विधान सभा के लिये चुने गये हैं । राजनीतिक आन्दोलन में धारा–144 का उल्लंघन करने पर लगभग चार माह प्रतापगढ़ कारागार में बन्दी रहे । वर्ष 1977 से आप जिला जनता पार्टी के जनरल सेक्रेटरी तथा लोकदल (ब) के भी जनरल सेक्रेटरी रहे हैं । आप रिक्शा यूनियन प्रतापगढ़ के अध्यक्ष 1984–87 तथा इण्टरमीडिएट बहुचरा कालेज, प्रतापगढ़ के 1978 से 1981 तक अध्यक्ष रहे हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा राजनीति प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–बैजलपुर, पो०–अमरगढ़ पट्टी, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,45,237, कुल मतदान–1,35,104,

प्राप्त मत–1–श्री राम लखन–51,149,

2–श्री शिवाकान्त–27,984 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राम लखन वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–131, जलालपुर,

जिला–फैजाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० राम लोटन वर्मा । जन्म-तिथि–15 अगस्त, 1947 । जन्म-स्थान–ताहापुर (फैजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–1958 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मंजू देवी। सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार, मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1991 में बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में दिसम्बर 1993 से आप पंचायती राज मंत्री तथा सदन में अपने दल के नेता हैं ।


अध्ययन एवं खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा घुड़सवारी, वालीबाल एवं कुश्ती प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–ताहापुर इस्माईलपुर, पो०–नगपुर, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,22,836, कुल मतदान–1,35,071,

प्राप्त मत–1–श्री राम लखन वर्मा–52,909,

2–श्री शेर बहादुर सिंह–42,513 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**राम लोटन सिंह पटेल, इंजी०**

निर्वाचन क्षेत्र–262, राजगढ़,

जिला–मिर्जापुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री भगौती प्रसाद सिंह । जन्म-तिथि–1 जनवरी, 1946 । जन्म-स्थान–लूसा (मिर्जापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–कुर्मी । शिक्षा–स्नातक, बी० ई० (मैकेनिकल) । विवाह तिथि–20 फरवरी, 1962 । पत्नी का नाम–श्रीमती मायारानी। सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–इंजीनियरिंग (उ० प्र० राज्य सीमेन्ट निगम चुर्क में सीनियर मैकेनिकल इंजीनियर) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन हेतु श्री कांशीराम के हाथों को मजबूत करने हेतु 1987 से आप बहुजन समाज पार्टी से सम्बद्ध हैं ।

सामाजिक व्यवस्था परिवर्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत सुनना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–लूसा, पो०–बधौड़ा, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,75,635, कुल मतदान–1,54,228,

प्राप्त मत–1–श्री राम लोटन–51,322,

2–श्री गुलाब सिंह–43,383 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**राम विशुन "आजाद", श्री**
निर्वाचन क्षेत्र–159, मनकापुर (अ० जा०),
जिला–गोण्डा ।
दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० चैतू । जन्म-तिथि–8 अगस्त, 1956 । जन्म-स्थान–ग्राम–मूसेगंज । धर्म–हिन्दू (भारतीय) । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० (फैजाबाद) । विवाह तिथि–16 जून, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती लीला देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 में, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में अब तीसरी बार भी आप कांग्रेस दल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये गये सत्याग्रह आन्दोलन में 22 दिसम्बर, 1978 से 4 जनवरी, 1979 तक तथा 4 फरवरी, 1980 से 7 फरवरी, 1980 तक धारा 144 में जिला कारागार, गोण्डा में बन्दी रहे । 22 दिसम्बर, 1993 से आप पार्टी के सचेतक हैं । विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के 1988-89 में सदस्य रहे हैं । आप जिला युवक कांग्रेस कमेटी, गोण्डा के संगठन मंत्री 1983 तथा अध्यक्ष 1992 में, अखिल भा० अनुसूचित जाति परिषद् गोण्डा के प्रचार मंत्री 1984 में, क्षेत्र समिति मनकापुर के सदस्य 8 मई, 1983 तक तथा जिला कांग्रेस कमेटी गोण्डा के उपाध्यक्ष एवं उ० प्र० कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य 1991 में रहे हैं । श्री राजीव गांधी के आह्वान पर की गयी राष्ट्रव्यापी पदयात्रा में नौबतपुर (बिहार) से (16 फरवरी को चलकर 13 अप्रैल, 1983 तक) दिल्ली तक की पदयात्रा की ।

समाज सेवा तथा दलितों और पिछड़ों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा वन विहार, वार्तालाप, देशाटन तथा साहित्य–अध्ययन आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मूसेगंज, पो०–भिटौरा, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,16,009, कुल मतदान–1,16,316,

प्राप्त मत–1–श्री राम विशुन "आजाद"–56,629,

2–श्री छेदी लाल पुत्र बदल–38,589 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**रामवीर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–340, जसराना,

जिला–फिरोजाबाद ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हरदयाल सिंह । जन्म-तिथि–1 नवम्बर, 1956 । जन्म-स्थान–ग्राम–पेढ़त (फिरोजाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–एम० ए० (राजनीति शास्त्र), बी० एड्० । विवाह तिथि–13 फरवरी, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती मीरा यादव । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि एवं उद्योग (कारखाना आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप शिव आदर्श इण्टर कालेज, पेढ़त के आजीवन सदस्य हैं । साधारण कृषक परिवार में जन्म लेकर आप बचपन से गरीब साथियों तथा भूखे पीड़ित लोगों के प्रति दया और श्रद्धा की भावना रखते हैं ।

राजनीति एवं जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पेढ़त, जिला–फिरोजाबाद ।

कुल मतदाता–1,88,933, कुल मतदान–1,24,251,

प्राप्त मत–1–श्री राम वीर सिंह–48,786,

2–श्री कुंवर पाल सिंह–39,630 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**राम सजीवन निर्मल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–280, सिराथू (अ०जा०),

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–सिराथू, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,08,890, कुल मतदान–85,817,

प्राप्त मत–1–श्री राम सजीवन निर्मल–35,485,

2–श्री प्रकाश चन्द्र कैथवास–26,875 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**राम सरन वर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–59, बीसलपुर,

जिला–पीलीभीत ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री गिरधारी लाल । जन्म-तिथि–1 मार्च, 1949 । जन्म-स्थान–ग्राम सहोरा (शाहजहांपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति, लोधी (किसान) । शिक्षा–बी० काम (बरेली कालेज) । विवाह तिथि–2 जुलाई, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती कमला देवी वर्मा । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा० ज पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आप धारा 488 आई० पी० सी० के अन्तर्गत विभिन्न आन्दोलनों में जिला जेल, बदायूं, बरेली और पीलीभीत में बन्दी रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक उप मंत्री रहे हैं । महारानी अवन्तीबाई विद्यालय, रोहनिया (पीलीभीत) के आप संस्थापक एवं निरन्तर संरक्षक हैं ।


राजनीति एवं अभौतिकतावाद में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो० हवीवउल्ला खां (शुमली), कस्बा-बीसलपुर, जिला–पीलीभीत ।

कुल मतदाता–1,91,706, कुल मतदान–1,22,463,

प्राप्त मत–1–श्री राम सरन वर्मा–39,157,

2–श्री अनीस अहमद खां–33,620 (बहुजन समाज पार्टी) ।





**राम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–380, डिबाई,
जिला–बुलन्दशहर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–स्व० डालचन्द्र। जन्म-तिथि–9 मार्च, 1944। जन्म-स्थान ग्राम–रतनपुर। धर्म–हिन्दू वैदिक। जाति–पिछड़ी जाति (लोधी राजपूत)। शिक्षा–स्नातक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग (लखनऊ)। विवाह तिथि–15 अक्टूबर, 1961। पत्नी का नाम–श्रीमती प्रेमलता। सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि, उद्योग (ईट भट्ठा, ग्लास उद्योग)।

प्रथम बार आप मई-जून, 1991 तथा दूसरी बार नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। कक्षा–2 से ही आप आर० एस० एस० के शिविर में भाग लेते रहे हैं। आप वर्ष 1991-92 में विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति तथा आवास मंत्रणा समिति एवं किचन समिति के सदस्य रहे हैं। आपने पार्टी के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लिया है। किसान वैदिक इण्टर कालेज, खिड़कबली, बुलन्दशहर के 1971 से तथा श्री कृष्ण कन्या इण्टर कालेज, रतनपुर के संस्थापक व मैनेजर 1990 से हैं। श्री रामलीला कमेटी रतनपुर के मैनेजर 1968 से लगातार हैं। मथुरिया इण्टर कालेज, डिबाई के मैनेजर 6-9-70 से 10-8-80 तक तथा अक्टूबर, 1989 से अब तक हैं।अध्यक्ष, क्षेत्र समिति, दानपुर व डिबाई परामर्शदात्री समिति 1978-79 तक, ब्लाक प्रमुख, क्षेत्र समिति, डिबाई 1983 से 1988 तक तथा रामलीला कमेटी, डिबाई के मैनेजर वर्ष 1990 में रह चुके हैं। पूर्णागिरि के दर्शन हेतु आप महेन्द्रनगर, नैपाल की यात्रा कर चुके हैं।


सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नये विद्यालयों की स्थापना में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम–संगदलनपुर उर्फ रतनपुर, पो०–कसेर कलां, ब्लाक–डिबाई, जनपद–बुलन्दशहर।

कुल मतदाता–1,97,709, कुल मतदान–1,19,377,

प्राप्त मत–1–श्री राम सिंह–58,366,

2–श्री राजेन्द्र सिंह–39,181 (जनता दल)।



**राम सेवक सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–269, बारा,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री जय नारायण सिंह । जन्म-तिथि–13 जुलाई, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम–ओसा (इलाहाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–मई, 1972 में । पत्नी का नाम–श्रीमती सत्यभामा देवी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में केन्द्रीय कारगार, नैनी, इलाहाबाद में आप बन्दी रहे हैं । अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपीबाग, इलाहाबाद के आप सदस्य रहे हैं ।

सामाजिक परिवर्तन हेतु जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–ओसा, पो०–खेरहट खुर्द, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,19,689, कुल मतदान–1,30,306,

प्राप्त मत–1–श्री राम सेवक सिंह पटेल–40,941,

2–श्री कृष्ण मुरारी कपुरिहा–29,813 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**राम सेवक सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–46, बिनावर,

जिला–बदायूं ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रूम सिंह । जन्म-तिथि–1 जून, 1954 । जन्म-स्थान–नगला शर्की (बदायूं) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–मई, 1985 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेखा रानी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा–144 के अन्तर्गत वर्ष 1989 में आठ घण्टे तक आप जिला कारगार, बदायूं में बन्दी रहे । तीन वर्ष तक आप जिला स्तर पर युवा लोकदल के महामंत्री रहे हैं ।

समाज सेवा और हिन्दी साहित्य में आपकी विशेष रुचि है । ग्रामवासियों की सेवा करना था शुद्ध शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नगला शर्की, पो० एवं जिला–बदायूं ।

कुल मतदाता–1,83,279, कुल मतदान–1,23,367,

प्राप्त मत–1–श्री राम सेवक सिंह–51,009,

2–श्री सुरेश पाल सिंह–43,201 (समाजवादी पार्टी) ।



**राम स्वरूप शर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–363, मथुरा ।

जिला–मथुरा,

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्वामी श्री मेघश्याम जी शर्मा । जन्म-तिथि–21 सितम्बर, 1931 । जन्म-स्थान–ग्राम–कमई (मथुरा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक समकक्ष, रास संगीताचार्य । विवाह तिथि–11 अप्रैल, 1957 । पत्नी का नाम–श्रीमती शर्मा । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप श्री कृष्ण लीला संस्थान एवं ब्रज ललित कला संस्थान के आजीवन अध्यक्ष, श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के आजीवन ट्रस्टी तथा ब्रज संगीत न्यास परिषद् के आजीवन संरक्षक हैं । आपकी 'श्याम सुधार उमंग' नामक एक पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है । आप मानव सम्मान मध्य प्रदेश–मानस गायनाचार्य तथा उ० प्र० संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कृत रासाचार्य उपाधि से सम्मानित हैं । विश्व रामायण सम्मेलन हेतु भारत सरकार की ओर से सांस्कृतिक दल के नेता के रूप में आप मारीशस, थाइलैण्ड, कनाडा, अमेरिका आदि की यात्रा कर चुके हैं । आप आकाशवाणी एवं दूरदर्शन में ए श्रेणी के कलाकार हैं ।

संगीत नृत्य, साहित्य, अध्ययन एवं अध्यापन में आपकी विशेष रुचि है तथा सत्संग प्रिय है ।

मुख्यावास–माधव विलास, वृन्दावन, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–2,20,372, कुल मतदान–1,15,256,

प्राप्त मत–1–श्री राम स्वरूप–55,138,

2–श्री विजय कुमार पुत्र भगवान दास–41,042 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**राम स्वरूप सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–21, नजीबाबाद, (अ० जा०),

जिला–बिजनौर।

दल–भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)।

पिता–श्री झम्मन लाल। जन्म-तिथि–7 जुलाई, 1929। जन्म-स्थान–साहनपुर (बिजनौर)। धर्म–मानव। जाति–अनुसूचित जाति (चमार)। शिक्षा–बी० टी० सी०। विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1943। पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रावती। सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। आप सत्याग्रह, गन्ना आन्दोलन और भारत बंद आन्दोलन में तीन बार 5 दिन, 14 दिन व 3 दिन जिला कारागार, बिजनौर में बन्दी रहे। आप प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री 5 वर्ष और अध्यक्ष 10 वर्ष, जिला रविवंश समाज बिजनौर के अध्यक्ष 10 वर्ष, आर्य समाज साहनपुर के मंत्री 5 वर्ष तथा जिला किसान सभा के जिला अध्यक्ष 5 वर्ष रहे हैं।

जनसेवा एवं जन सम्पर्क में आपकी विशेष रुचि है तथा सिगरेट पीना प्रिय है।

मुख्यावास–मो०–रवापुरी, टाउन एरिया–साहनपुर, जिला–बिजनौर।

कुल मतदाता–2,06,574, कुल मतदान–1,22,694,

प्राप्त मत–1–श्री राम स्वरूप सिंह–46,401,

2–श्री राजेन्द्र प्रसाद–40,489 (भारतीय जनता पार्टी)।



**रामेश्वर दयाल बाल्मीकि, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–337, किशनी (अ० जा०),

जिला–मैनपुरी ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री झब्बू लाल बाल्मीकि । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1958 । जन्म-स्थान–दरीबा, मैनपुरी । धर्म–हिन्दू । जाति अनुसूचित जाति (बाल्मीकि) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–6 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती उर्मिला देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के निर्वाचन में आप जनता दल से, मई-जून, 1991 में जनता पार्टी तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में तीसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1976-77 में आपातकाल में डी० आई० आर० व मीसा के अन्तर्गत 6 माह तथा वर्ष 1981 में पार्टी आन्दोलन में सत्रह दिन जिला कारागार, मैनपुरी में बन्दी रहे । वर्ष 1993 में किसान आन्दोलन रामकोला काण्ड जनपद देवरिया में आप श्री मुलायम सिंह जी के साथ 5 दिन नैनी जेल, इलाहाबाद तथा दो बार मैनपुरी जेल में भी बन्दी रहे हैं । वर्ष 1989 से 91 तक आप बिक्रीकर व खेलकूद की समितियों के सदस्य रह चुके हैं। जिला सफाई मजदूर संघ, मैनपुरी के आप अध्यक्ष रहे हैं । सम्प्रति 18 मई, 1990 से उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मु०–दरीबा, मकान नम्बर–300/1, मैनपुरी ।

कुल मतदाता–1,98,919, कुल मतदान–1,00,782,

प्राप्त मत–1–श्री रामेश्वर दयाल–39,885,

2–श्री हाकिम लाल वर्मा–35,714 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रिजवान जहीर खान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–155, तुलसीपुर,

जिला–गोण्डा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री जहीरउल हक खां । जन्म-तिथि–1 मई, 1965 । जन्म-स्थान–सुल्तानपुर । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–25 फरवरी, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती शीबा खान । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि, पत्रकारिता, समाज सेवा तथा राजनीति ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में दूसरी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के लिये चुने गये हैं । राजनीतिक आन्दोलनों में आप कई बार गोण्डा कारागार में बन्दी रहे हैं । आप चीनी मिल श्रमिक संघ, तुलसीपुर (गोण्डा) के अध्यक्ष 1988-89 में तथा वन जन संघर्ष समिति के संरक्षक 1989 में रहे हैं । सम्प्रति आप वन्य जन्तु सुरक्षा समिति के अध्यक्ष 1989 से, पर्यावरण विकास संस्थान के संरक्षक 1993 से वचा उपभोक्ता संरक्षण समिति के अध्यक्ष 1988 से हैं । सांस्कृतिक एवं सामाजिक अध्ययन हेतु आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं । समाजवादी पार्टी तुलसीपुर शाखा से आपकी "एक बार फिर" शीर्षक से पुस्तक छप चुकी है ।

राजनीति, पत्रकारिता, भ्रमण एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–पचपकड़ी, पो०–गुगौली, तह०–तुलसीपुर, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,03,548, कुल मतदान–1,27,873,

प्राप्त मत–1–श्री रिजवान जहीर खां उर्फ रिज्जू भइया–58,568,

2–श्री कमलेश कुमार–44, 971 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**रेखा छागला, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–302, अजीतमल (अ० जा०),
जिला–इटावा ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री भगवत दयाल । जन्म-तिथि–1 अक्टूबर, 1963 । जन्म-स्थान–छिद्दी का नगला (इटावा) । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–13 अप्रैल, 1980 । पति का नाम–श्री सुमित नारायण छागला । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–सामाजिक एवं राजनैतिक कार्य ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।


सामाजिक जागरण तथा राजनैतिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–महेवा मंदिर, जनपद इटावा ।

कुल मतदाता–1,91,405, कुल मतदान–99,906,

प्राप्त मत–1–श्रीमती रेखा छागला–46,735,

2–श्री छक्की लाल–40,227 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**लक्ष्मी चन्द, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–378, जेवर, (अ० जा०),

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री छिद्दा सिंह । जन्म-तिथि–4 जुलाई, 1934 । जन्म-स्थान–बालका (बुलन्दशहर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए० (इतिहास), एल-एल० बी० । विवाह तिथि–6 जून, 1951 । पत्नी का नाम–श्रीमती राम कली देवी । सन्तान–4 पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अनेक आन्दोलनों में आपने भाग लिया और अस्थायी कारागारों में आप अनेक बार जेल जा चुके हैं । आप अम्बेडकर बिहार, छात्रावास, बुलन्दशहर के अध्यक्ष 1971 से 1976 तक एवं प्रबन्धक 1976 से 1994 तक तथा जन शिक्षा परिषद् जनपद–बुलन्दशहर के मंत्री 1988 से 1991 तक तथा 1991 से अध्यक्ष हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–सिविल लाइन्स, डी० एम० कालोनी रोड, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–1,96,640, कुल मतदान–91,225,

प्राप्त मत–1–श्री लक्ष्मी चन्द–37,101,

2–श्री राजपाल सिंह–23,794 (जनता दल) ।

---



**लक्ष्मी नारायण पाण्डेय (गुरुजी), श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–119, बीरापुर,

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० कमला कान्त पाण्डेय । जन्म-तिथि–24 जनवरी, 1952 । जन्म-स्थान–बड़ारी (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह–तिथि–21 मई, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती सावित्री देवी (तलाकशुदा) । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, पत्रकारिता (लेख, कवितायें लिखना) एवं हाउसिंग ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप भारत सेवा दल, प्रयाग माघ मेला, कुम्भ मेला प्रयाग से 1975 से 1979 तक सम्बद्ध रहे हैं । वर्षों स्वयं सेवक रहकर प्रयाग शिविर में भूले-भटकों की आपने सेवा की है । धार्मिक प्रयोजन से आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं ।

सामाजिक आध्यात्मिक, ज्योतिष कार्य तथा खेल (बालीबाल) में आपकी विशेष रुचि है । आध्यात्म द्वारा गरीबों की निःशुल्क सेवा करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–बड़ारी, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,44,543, कुल मतदान–1,22,642,

प्राप्त मत–1–श्री लक्ष्मी नारायण पाण्डेय (गुरुजी)–43,893,

2–श्री अब्दुल जब्बार–41,188 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**लल्लू सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–134, अयोध्या,

जिला–फैजाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० भगवान सिंह । जन्म-तिथि–1 नवम्बर, 1954 । जन्म-स्थान–फैजाबाद । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए० (प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र), एल-एल० वी० । विवाह तिथि–25 जून, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती सरिता सिंह । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) एवं वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1976 में जन आन्दोलन में आन्तरिक सुरक्षा कानून के अन्तर्गत आप फैजाबाद और नैनी सेन्ट्रल जेल (इलाहाबाद) में नौ माह बन्दी रहे । आप दस वर्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शाखा कार्यवाह, छः वर्ष अ० भा० विद्यार्थी परिषद् के संगठन मंत्री, चार वर्ष बजरंग दल के जिला संयोजक तथा दो वर्ष भारतीय जनता पार्टी फैजाबाद के जिलाध्यक्ष रहे हैं ।

समाज सेवा और खेल में आपकी विशेष रुचि है तथा भारतीय भोजन और अध्ययन करना प्रिय है ।

मुख्यावास–126, सआदतगंज, फैजाबाद ।

कुल मतदान–2,20,431, कुल मतदान–1,27,064,

प्राप्त मत–1–श्री लल्लू सिंह–58,587,

2–श्री जयशंकर पाण्डेय–49,349 (समाजवादी पार्टी) ।



**लाज कृष्ण गांधी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–418, सहारनपुर,
जिला–सहारनपुर।
दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री कुन्दन लाल । जन्म-तिथि–14 मार्च, 1943 । जन्म-स्थान–लाहौर (पाकिस्तान) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, प्रभाकर, साहित्यरत्न (हिन्दी साहित्य सम्मेलन) । विवाह तिथि–28 फरवरी, 1962 । पत्नी का नाम–श्रीमती आशा रानी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सत्याग्रह, गोरक्षा आन्दोलन में आप फिरोजपुर केन्द्रीय कारागार में तथा आपातकाल में सहारनपुर कारागार में लगभग आठ माह बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की लोक लेखा समिति के आप सदस्य तथा भा० ज० पा० के पार्टी सचेतक भी रह चुके हैं । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर कार्यवाह बारह वर्ष, जिला उद्योग व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष आठ वर्ष, सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक 7 वर्ष तथा सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्या मदिर के व्यवस्थापक आप पांच वर्ष रहे हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथा तैराकी एवं पर्यटन प्रिय है ।

मुख्यावास–प्रतापनगर, सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,58,774, कुल मतदान–1,66,137,

प्राप्त मत–1– श्री लाज कृष्ण गांधी–74,661,

2–श्री संजय गर्ग–60,535 (जनता दल) ।

---



**लाल जी चौहान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–236, सैदपुर,
जिला–वाराणसी ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में वन उप मंत्री हैं ।


मुख्यावास–ग्राम–सूंगलपुर, पो०–चौबेपुर, जिला–वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,49,789, कुल मतदान–1,35,277,

प्राप्त मत–1–श्री लाल जी–58,251,

2–डा० महेन्द्र नाथ पाण्डेय–38,669 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**लाल जी यादव "जोगी", श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–255, रारी,

जिला–जौनपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० महाबीर यादव । जन्म-तिथि–2 जनवरी, 1954 । जन्म-स्थान–चुरेमा (जौनपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–22 मई, 1972 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुन्नी देवी । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा 144 के अन्तर्गत जौनपुर कारागार में आप 15 दिन तक बन्दी रहे हैं । छात्र जीवन में 1974-75 में आप डिग्री कालेज मड़ियाहूं, जौनपुर के महामंत्री रहे हैं ।


समाजसेवा एवं अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है । चिन्तन एवं महान कवियों की जीवनी पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–चुरेमा, पो०–सुदनीपुर, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,36,563, कुल मतदान–1,26,353,

प्राप्त मत–1–श्री लाल जी यादव उर्फ जोगी–58,680,

2–श्री माता सेवक उपाध्याय–29,670 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**लाल बहादुर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–118, प्रतापगढ़ ।

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री इन्द्र बहादुर सिंह । जन्म-तिथि–5 अक्टूबर, 1946 । जन्म-स्थान–खूझी (प्रतापगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–7 जुलाई, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती चन्द्रावती सिंह । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा 107/116 के अन्तर्गत आप वर्ष 1982 से 1993 के मध्य कई बार प्रतापगढ़ एवं लखनऊ जेल में बन्दी रहे ।

अध्ययन,समाज सेवा तथा देशाटन में आपकी विशेष रुचि है तथा बास्केटवाल, हाकी और बैडमिन्टन के खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–खूझी, पो०–मझिगवां, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–2,28,732, कुल मतदान–1,18,351,

प्राप्त मत–1–श्री लाल बहादुर सिंह–47,244,

2–श्री बृजेश कुमार शर्मा–34,599 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**लालमणि प्रसाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–178, हैंसर बाजार (अ०जा०),

जिला–बस्ती ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–जशोवर, पो०–गनपतगंज, जिला–बस्ती ।

कुल मतदाता–2,13,617, कुल मतदान–1,19,051,

प्राप्त मत–1–श्री लाल मणि प्रसाद–56,411,

2–श्री श्रीराम चौहान–42,912 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**वकार अहमद शाह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–152, बहराइच,

जिला–बहराइच ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० ख्वाजा कमरुद्दीन । जन्म-तिथि–6 जुलाई, 1943 । जन्म-स्थान–लखनऊ । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम शेख । शिक्षा–स्नातक, मेडिकल ग्रेजुएट । विवाह तिथि–5 जनवरी, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती रूबाब सईदा । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1989 में जनता दल के जेल भरो आन्दोलन में एक दिन बहराइच कारागार में बन्दी रहे । वर्ष 1989–90 में आप जनता दल के नगर अध्यक्ष रहे हैं । आप दरगाह शरीफ में अवैतनिक मेडिकल आफिसर सन् 1973 से 1982, आजाद इण्टर कालेज की प्रबन्ध समिति के सदस्य 1976 से 1984 तक रहे । सम्प्रति आप आइ०एम०ए० ब्रान्च बहराइच के सदस्य 1975 से, मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोशियेशन बहराइच के सदस्य 1990 से तथा आई० रिलीफ सोसाइटी, सीतापुर (आंख अस्पताल, बहराइच) के 1994 से सदस्य हैं ।

अध्ययन, सामाजिक कार्य तथा मरीजों की सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम–काजीपुर, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,11,886, कुल मतदान–1,13,939

प्राप्त मत–1–श्री वकार अहमद शाह–51,074,

2–श्री बृजराज त्रिपाठी–38,338 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**वासुदेव सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–382, स्याना,

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री देवी सिंह । जन्म-तिथि–1 जून, 1935 । जन्म-स्थान–स्याना (बुलन्दशहर) । धर्म–हिन्दू वैदिक । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–सन् 1959 में । पत्नी का नाम–श्रीमती नन्हीं देवी । सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1991 के उप चुनाव में प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों में, वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान मीसा के अन्तर्गत छः माह तथा श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में एक मास तक बुलन्दशहर एवं सहारनपुर कारागार में आप बन्दी रहे हैं । वर्ष 1992 में विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के आप सदस्य रहे हैं । भारतीय जनसंघ के संगठन मंत्री आप 1959 से 1973 तक रहे तथा 1960 से 1974 तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सम्बद्ध रहे हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में 1992 में आप ग्राम्य विकास राज्य मंत्री रहे हैं ।

कृषि, राजनीति एवं मानव सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा वार्तालाप प्रिय है ।


मुख्यावास–ग्राम–पट्टी हुला सराय, स्याना, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–1,98,828, कुल मतदान–1,26,969,

प्राप्त मत–1–श्री वासुदेव सिंह–52,237,

2–श्री इमत्याज–38,409 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

---



**विक्रमा सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–226, द्वाबा,

जिला–बलिया ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० चण्डी प्रसाद सिंह । जन्म-तिथि–1 जनवरी, 1944 । जन्म-स्थान–गोन्हिया छपरा (बलिया) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । पत्नी का नाम–श्रीमती देव सखी सिंह । सन्तान–पांच पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा, जनता की समस्याओं को जिला व प्रदेश के अधिकारियों से मिलकर निपटाने में आपको विशेष रुचि है । खेलकूद प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–गोन्हिया छपरा, जनपद–बलिया ।

कुल मतदाता–2,40,118, कुल मतदान–1,00,221,

प्राप्त मत–1–श्री विक्रमा सिंह–31,079,

2–श्री बैजनाथ यादव–23,999 (समाजवादी पार्टी) ।



**विजय सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–260, दुद्धी, (अ०जा०),

जिला–सोनभद्र ।

दल– जनता दल ।

पिता–श्री इन्द्रमणि सिंह। जन्म-तिथि–20 अक्टूबर, 1955। जन्म-स्थान–कटौली। धर्म–गोंडी धर्म । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–बी०एससी०, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–25 जून 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती कृष्णा सिंह । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1980 एवं 1985 में कांग्रेस (आई) के टिकट पर, 1989 में निर्दलीय और मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप पांचवीं बार जनता दल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की लोक लेखा समिति (1982-83), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति (1983-84) तथा विधान पुस्तकालय समिति (1990-91) के आप सदस्य रहे हैं । सोनभद्र के आदिवासी किसानों की भूमि बचाने के लिये आपने आन्दोलन किया और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत वर्ष 1992 में लगभग 4 माह तक आप मिर्जापुर कारागार में बन्दी रहे हैं । वर्ष 1979 से वनवासी सेवाश्रम, गोविन्दपुर के सुपरवाइजर, उ० प्र० आदिवासी गिरिवासी परिषद्, आदिवासी सहयोग समिति, सोनभद्र और सोनभद्र आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष हैं । वर्ष 1978-79 में बनवासी सेवा आश्रम गोविन्दपुरी उ० प्र० से सम्बद्ध रहकर आदिवासियों में जन-जागृति, चेतना तथा विकास के लिये आपने कार्य किया ।

कृषि, समाज सेवा, में आपकी विशेष रुचि है । संगीत, खेल, भ्रमण, पत्र-पत्रिका पढ़ना और ऐतिहासिक विषयों का अध्ययन तथा निशानेबाजी प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मल्देवा, पो०–दुद्धी, जिला–सोनभद्र ।

कुल मतदाता–2,52,364, कुल मतदान–1,15,871,

प्राप्त मत–1–श्री विजय सिंह–38,917,

2–श्री नरेश–32,203 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**बिजेन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–375, इगलास,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री गजाधर सिंह । जन्म-तिथि–25 दिसम्बर, 1956 । जन्म-स्थान–ग्राम ढोंडा (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । जाति–जाट । शिक्षा–स्नातकोत्तर (आगरा वि० वि०) डी० पी० एड्० । विवाह–4 मार्च, 1985 । पत्नी–श्रीमती राकेश चौधरी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा जनता से मिलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नगला सबल उर्फ गोण्डा, इगलास, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–1,94,050, कुल मतदान–1,16,650,

प्राप्त मत–1–श्री विजेन्द्र सिंह (ढोंडा वाले)–42,916,

2–श्री विक्रम सिंह हिंडोल–31,261 (भारतीय जनता पार्टी ।



**विनय कुमार पान्डेय "विन्नू", श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–156, बलरामपुर,

जिला–गोण्डा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री विद्या सागर पाण्डेय । जन्म-तिथि–18 जून, 1964 । जन्म स्थान–धूधुलपुर (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–स्नातकोत्तर, आयुर्वेद रत्न, पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स । विवाह तिथि–11 जुलाई, 1988 । पत्नी का नाम–श्रीमती सीमा उर्फ दिव्या । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं शोध कार्य ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति आप ग्राम पंचायत धूधुलपुर के सदस्य 1988 से तथा अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के मण्डलीय महामंत्री (फैजाबाद) वर्ष 1990 से हैं । शैक्षणिक एवं पर्यटन प्रयोजन से आपने नेपाल की यात्रा की ।

कृषि, सामाजिक सेवा तथा वनस्पतिक औषधियों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–धूधुलपुर, पो०–देवरिया पश्चिम, जिला–गोण्डा ।


कुल मतदाता–2,16,504, कुल मतदान–1,20,643,

प्राप्त मत–1–श्री विनय कुमार पाण्डेय "विन्नू"–40,228,

2–श्री हनुमन्त सिंह–36,891 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**विश्राम सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–90, बिलग्राम,
जिला–हरदोई ।
दल–समाजवादी पार्टी ।



पिता–स्व० नरपति सिंह यादव । जन्म-तिथि–16 जनवरी, 1948 । जन्म-स्थान–ग्राम इकनौरा । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–12 जून, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी यादव । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । राजनीतिक आन्दोलन में हरदोई, लखनऊ एवं दिल्ली कारागार में लगभग एक वर्ष आप बन्दी रहे हैं । आप उ० प्र० अपराध निरोधक समिति के जिला मंत्री, प्रदेशीय संगठन के सदस्य तथा शिक्षा संस्थाओं के प्रबन्धक भी हैं ।

समाजसेवा में आपकी विशेष रुचि है, शाकाहारी भोजन एवं संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–इकनौरा, पो०–बरनई चतरखा, जिला–हरदोई ।

कुल मतदाता–2,19,728, कुल मतदान–1,25,715,

प्राप्त मत–1–श्री विश्राम सिंह–51,764,

2–श्री जी० एस० चौहान–39,545 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**विश्वनाथ सिंह, श्री**



निर्वाचन क्षेत्र--199, फाजिलनगर,
जिला--देवरिया ।
दल--जनता दल ।

पिता--स्व० राम टहल सिंह । जन्म-तिथि--1 जुलाई, 1939 । जन्म-स्थान--सठियांव । धर्म--मानव । जाति--पिछड़ी जाति । शिक्षा--एम० ए०, बी० एड० । विवाह तिथि--15 मई, 1951 । पत्नी का नाम--श्रीमती पानकली । सन्तान--दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय--कृषि एवं अध्यापन ।

सर्वप्रथम 1983 के उप चुनाव में लोकदल से, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार जनता दल से आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । सन् 1958 में आप जिला कारागार, देवरिया में 28 दिन बन्दी रहे । वर्तमान में आप दल के मुख्य सचेतक हैं । सन् 1962 से आप नवजीवन इण्टर कालेज, पचहेरवा (देवरिया) के प्रधानाचार्य हैं । साथ ही 50 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के उन्नयन में सक्रिय रूप से सहयोगी एवं सम्बद्ध हैं ।


शिक्षा में आपकी विशेष रुचि है तथा हास-परिहास प्रिय है ।

मुख्यावास--ग्राम व पी०--पटहेरवा, देवरिया ।

कुल मतदाता--2,28,372, कुल मतदान--1,30,548,

प्राप्त मत--1--श्री विश्वनाथ सिंह--45,377,

2--श्री राम आशीष राय--40,100 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**विश्वनाथ प्रसाद गुप्त, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–157, उतरौला,
जिला–गोण्डा ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री दुर्गा प्रसाद । जन्म-तिथि–1 दिसम्बर, 1955 । जन्म-स्थान–उतरौला (गोण्डा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० ए०,एल-एल०बी० । विवाह तिथि–14 मई, 1973 । पत्नी का नाम–श्रीमती मिथिलेश गुप्ता । सन्तान–एक पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं ।

सामाजिक कार्यो में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो० रफी नगर, कस्बा व पो०–उतरौला, जिला–गोण्डा ।

कुल मतदाता–2,31,292, कुल मतदान–1,26,373,

प्राप्त मत–1–श्री विश्वनाथ प्रसाद गुप्त–49,573,

2–श्री फसीउर्रहमान उर्फ मुन्नन खां–30,618, (बहुजन समाज पार्टी) ।



**विशम्भर प्रसाद निषाद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–318, तिन्दवारी,

जिला–बांदा ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० श्रीकृष्ण । जन्म-तिथि–18 जुलाई, 1962। जन्म-स्थान–झंझरी पुरवा (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (निषाद) । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र), एल–एल० बी० (बुन्देलखण्ड वि० वि०, झांसी) । विवाह तिथि–20 अप्रैल, 1987 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि वकालत एवं राजनीति ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार ब०स०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1989 से 1991 तक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय ब्लड बैंक बांदा के महामंत्री, विधान मण्डल दल, बहुजन समाज पार्टी के सचिव 1991-92 में तथा बिक्रीकर स्थाई समिति और सहकारिता स्थाई समिति के सदस्य 1991-92 में रहे हैं । सम्प्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में आप दिसम्बर, 1993 से राजस्व राज्य मंत्री हैं ।


समाज सेवा, अध्ययन और पीड़ितों को न्याय दिलाने में आपकी विशेष रुचि है तथा बालीबाल खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–झंझरीपुरवा (पैलानी), जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–1,92,333, कुल मतदान–98,615,

प्राप्त मत–1–श्री विशम्भर प्रसाद निषाद–46,168,

2–श्री शीतल प्रसाद त्रिपाठी–27,942 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**विशम्भर सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–367, सादाबाद,

जिला–मथुरा ।

दल–जनता दल ।

पिता–श्री कन्हैया लाल । जन्म-स्थान–गोविन्दपुर (मथुरा) । धर्म–हिन्दू (सनातन) । शिक्षा–हाईस्कूल । विवाह तिथि–12 मार्च, 1968 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ती देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप ग्राम सभा कजौंली के ग्राम प्रधान 1982 से 1988 तक, 1988 से क्षेत्र समिति सादाबाद के ब्लाक प्रमुख हैं ।

कृषि कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–गोविन्दपुर, पो०–कजौली, जिला–मथुरा ।

कुल मतदाता–1,97,257, कुल मतदान–1,07,609,

प्राप्त मत–1–श्री विशम्भर सिंह–31,121,

2–श्री भूप सिंह–30,694, (समाजवादी पार्टी) ।

**वीर अभिमन्यु सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–281, खागा,

जिला–फतेहपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राम मनोहर सिंह । जन्म-तिथि–7 जुलाई, 1955 । जन्म-स्थान–ग्राम जिहरवा । धर्म–हिन्दू । जाति–यादव । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–15 मार्च, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती रत्ना देवी । सन्तान–दो पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में दूसरी बार आप समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1988 में धारा 188 के अन्तर्गत एक माह फतेहपुर कारागार में बन्दी रहे । विगत कई वर्षों से आप जवाहर लाल हाई स्कूल, खखरेहू के अध्यक्ष हैं ।

गरीब एवं असहाय की सेवा करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–अमनी, पो०–विजयीपुर, जिला–फतेहपुर ।

कुल मतदाता–2,15,433, कुल मतदान–1,30,255,

प्राप्त मत–1–श्री वीर अभिमन्यु सिंह–56,413,

2–श्री भूप नारायण सिंह–31,558, (भारतीय जनता पार्टी) ।

**वीरेन्द्र पाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–386, सिकन्दराबाद,

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पो०–महेया जागीर, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–2,02,793, कुल मतदान–1,23,263,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र पाल सिंह–44,904,

2–श्री नरेन्द्र सिंह भाटी–41,423, (जनता दल) ।

---



**वीरेन्द्र प्रताप सिंह (मुन्ना), श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–63, तिलहर,

जिला–शाहजहांपुर ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–श्री सुरेन्द्र पाल सिंह । जन्म-तिथि–15 अक्टूबर, 1960 । जन्म-स्थान–डभौरा (शाहजहांपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–राजपूत ठाकुर । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल०बी० । विवाह तिथि–16 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना सिंह । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा वकालत ।

सर्वप्रथम जून, 1992 में सम्पन्न हुए उप चुनाव में तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुये हैं । वर्ष 1978 में श्रीमती इन्दिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में धारा 144/188 के अन्तर्गत आप जिला कारागार शाहजहांपुर में सात दिन बन्दी रहे । आप किसान मजदूर वाहिनी के 1976-77 में, संजय स्मारक समिति शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष 1977-78 में, छात्र संगठन शाहजहांपुर के जिला महामंत्री 1978-79, जिला युवक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, 1983-85 तथा जिला महामंत्री 1985-86 में रह चुके हैं । आप क्षेत्र समिति जैतीपुर के ब्लाक प्रमुख अक्टूबर, 1988 से हैं । जनहित विद्यालय पहाड़पुर के प्रबंधक तथा स्वामी सुखदेवानन्द विद्यालय सलेमपुर के अध्यक्ष हैं । भ्रमण हेतु आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं ।


कृषि, राजनीति एवं वकालत में आपकी विशेष रुचि है शाकाहारी भोजन प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–डभौरा सिमरा, पो०–सरसवां, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–1,99,984 कुल मतदान–1,00,402,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना–29,039,

2–श्री रवीन्द्र सिंह यादव–22,344, (समाजवादी पार्टी) ।



**वीरेन्द्र मोहन सिंह , श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–60, पूरनपुर,
जिला–पीलीभीत ।
दल–जनता दल ।

पिता–श्री मनिन्दर सिंह । जन्म-तिथि–28 अक्टूबर, 1958 । जन्म-स्थान फगवाड़ा (पंजाब) । धर्म–सिख । शिक्षा–बी० काम० (आनर्स) । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–कृषि ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–ए-127, सेक्टर-19, नोयडा, जिला–गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,18,988, कुल मतदान–1,42,117,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेन्द्र मोहन सिंह–56,352,

2–श्री विनोद कुमार–35,647, (समाजवादी पार्टी) ।



**वीरेश्वर सिंह उर्फ वीरेश यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–371, गंगीरी,

जिला–अलीगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० बाबू सिंह यादव । जन्म-तिथि–1 फरवरी, 1965। जन्म-स्थान दीना पुर (अलीगढ़) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एल-एल०बी० (आनर्स) । विवाह तिथि 21 मार्च, 1992। पत्नी का नाम–श्रीमती रेखा यादव । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी के जेल भरो आन्दोलन में आप एक दिन बन्दी रहे हैं ।

जनसेवा तथा अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा मक्का की रोटी व साग खाना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–दीनापुर, जिला–अलीगढ़ ।

कुल मतदाता–1,98,170, कुल मतदान–1,27,988,

प्राप्त मत–1–श्री वीरेश्वर सिंह उर्फ वीरेश यादव–48,209,

2–डा० राम सिंह–43,272, (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**शब्बीर अहमद, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–150, चर्दा (अ०जा०),

जिला–बहराइच ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–कासिमपुरा, जिला–बहराइच ।

कुल मतदाता–2,07,871, कुल मतदान–1,02,139,

प्राप्त मत–1–श्री शब्बीर अहमद–43,498,

2–श्री विशुन दयाल–35,892, (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**शराफत यार खां, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–55, कांवर,
जिला–बरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री मिसर यार खां (पूर्व सांसद) । जन्म-तिथि–5 सितम्बर, 1958 । जन्म-स्थान–अहरो । धर्म–इस्लाम । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–21 दिसम्बर, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती साहिदा । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप बेरोजगार अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के आजीवन अध्यक्ष, महिला कल्याण समिति, पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति तथा मिसयार खां मेमोरियल टूर्नामिन्ट के आजीवन संस्थापक हैं । पर्यटन हेतु आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं ।

जनहित कार्यों में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–अहरो, तह०–विलासपुर, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–1,77,704 कुल मतदान–1,16,904,

प्राप्त मत–1–श्री शराफत यार खां–38,345,

2–कुंवर सुरेन्द्र प्रताप सिंह–35,726 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**शशि बाला पुण्डीर, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–416, देवबन्द,

जिला–सहारनपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री ईसम सिंह । जन्म-तिथि–25 जनवरी, 1957 । जन्म-स्थान–सहारनपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस-सी०, एल-एल० बी० । विवाह-तिथि–28 जून, 1979 । पति का नाम–डा० राजपाल सिंह । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । छात्र आन्दोलन लखनऊ वि० वि० तथा धारा 107/116/151 आई पी०सी० के अन्तर्गत वर्ष 1978 में अनेक बार आप जिला जेल लखनऊ, सहारनपुर व महिला बन्दीगृह लखनऊ में बन्दी रहीं ।

किसानों, मजदूरों व महिलाओं की समस्याओं के लिए संघर्ष करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–नई कोठी नं०–1, चन्द्र नगर, सहारनपुर ।

कुल मतदाता–2,04,705, कुल मतदान–1,39,836,

प्राप्त मत–1–श्रीमती शशि बाला पुण्डीर–68,698,

2–श्री मुन्तरजा–36,787 (बहुजन समाज पार्टी) ।

**शशि बाला भारती, श्रीमती**



निर्वाचन क्षेत्र–69, पैला (अ०जा०),

जिला–खीरी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

जन्म-तिथि–19 जुलाई, 1950 । जन्म-स्थान–लखीमपुर खीरी । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–एम० ए०, बी० एड० । विवाह तिथि–30 नवम्बर, 1976 । पति का नाम–श्री शशि भूषण भारती । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–पत्रकारिता ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । भ्रमण हेतु आप नेपाल की यात्रा कर चुकी हैं । कई सामाजिक संस्थाओं में आपने काम किया है ।

पत्रकारिता में आपकी विशेष रुचि है एवं गायन प्रिय है ।


मुख्यावास–शाहपुरा कोठी, लखीमपुर खीरी।

कुल मतदाता–1,98,531, कुल मतदान–94,400,

प्राप्त मत–1–श्रीमती शशि बाला भारती–29,605,

2–श्री भोगनाथ पुष्कर–25,700 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**शाकिर अली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–201, गौरी बाजार,
जिला–देवरिया ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० मीर मंजूर अली । जन्म-तिथि–15 दिसम्बर, 1953 । जन्म स्थान–करजहां (देवरिया) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक (बनारस हि० वि० वि०) । विवाह तिथि–18 नवम्बर, 1978 । पत्नी का नाम–शमीमा खातून । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में आप 21 जून, 1994 से माध्यमिक शिक्षा तथा बेसिक शिक्षा मंत्री हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम करजहां, पो०–बरपार, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,22,739, कुल मतदान–1,26,978,

प्राप्त मत–1–श्री शाकिर–47,994,

2–श्री निवास मणि–45,736 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**शारदा नन्द अंचल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–222, सीयर,

जिला–बलिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० देवराज यादव । जन्म-तिथि–19 जुलाई, 1947 । जन्म-स्थान–पशुहारी बलिया । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (यादव) । शिक्षा–स्नातक (हिन्दी वि० वि० प्रयाग), विशारद । पत्नी का नाम–श्रीमती शीतला । सन्तान– तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा पत्रकारिता ।

सर्वप्रथम मार्च, 1985 तथा नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में जनता दल से, नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार समाजवदी पार्टी से विधान सभा के लिए चुने गये हैं । आपातकाल, छात्र, युवा और जन-आन्दोलनों के दौरान अनेक बार जिला कारागार बलिया (उ० प्र०) और झंझनी जेल (राजस्थान) में बन्दी रहे । यूनाइटेड क्लब और शिवाजी क्लब--बिलथरा रोड (बलिया) के संरक्षक, लोहिया अध्ययन संस्थान बिलथरा रोड और साहित्यकार लोक मंच-बलिया के अध्यक्ष, क्रान्तिकारी स्मारक समिति बलिया और भोजपुरी साहित्यक समाज-बिलथरा रोड के महामंत्री, भ्रष्टाचार उन्मूलन परिषद्, उ० प्र० (लखनऊ) के मंत्री, गांधी विद्यापीठ-पशुहारी (बलिया) और शिव शंकर विद्यापीठ तेलमा के संस्थापक सदस्य और पिछड़ा वर्ग संघ, उ० प्र० के सदस्य हैं । आप श्री मुलायम सिंह यादव की पूर्व सरकार में राज्य मंत्री रह चुके हैं तथा दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव के वर्तमान मंत्रि-मण्डल में शिक्षा राज्य मंत्री हैं ।

कृषि, समाज सेवा, पत्रकारिता और साहित्य सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास--ग्राम व पोस्ट--पशुहारी, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,17,584, कुल मतदान–1,22,997,

प्राप्त मत–1–श्री शारदा नन्द अंचल--56,617,

2–श्री हरिनरायन–37,605 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**शारदा प्रसाद जायसवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–191, सिसवा,

जिला–महराजगंज ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० परमेश्वर प्रसाद जायसवाल । जन्म-तिथि–4 सितम्बर, 1935 । जन्म-स्थान–सिसवा बाजार । धर्म–हिन्दू । जाति–जायसवाल । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–1953 में । पत्नी का नाम–श्रीमती जियना देवी । सन्तान–पांच पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि ) ।

जून, 1977 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सन् 1971 से आप सिसवा बाजार टाउन एरिया के अध्यक्ष रहे । राजा रत्नसेन इण्टर कालेज निचलौल के 1969 से मंत्री तथा अब गवर्निंग काउन्सिल के सदस्य हैं । बंगला देश की मान्यता हेतु तथा अन्य आन्दोलनों में भाग लेकर आप धारा 151, 116 के अन्तर्गत एक सप्ताह तिहाड़ जेल दिल्ली तथा अम्बेदकर अस्थायी जेल दिल्ली में बन्दी रहे । टाउन एरिया कमेटी सिसवा के अध्यक्ष 1971 से 1977 तक रहे हैं । सम्प्रति आप ऋषिकुल संस्कृत महाविद्यालय सिसवा के प्रबन्धक 1982 से, शिक्षा परिषद् कन्या जू० हा० स्कूल सिसवा और टाउन एरिया कमेटी सिसवा के अध्यक्ष 1988 से हैं ।

जनसेवा, गरीबों के बीच बैठना एवं वार्तालाप में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास– सिसवा बाजार, जिला महराजगंज ।

कुल मतदाता–2,02,513, कुल मतदान–1,29,228,

प्राप्त मत–1–श्री शारदा प्रसाद जायसवाल–46,440,

2–श्री शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिव बाबू–38,824 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**शिव कुमार बेरिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–299, बिल्हौर (अ० जा०),
जिला–कानपुर देहात ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० राधे लाल । जन्म-तिथि–5 जनवरी, 1950 । जन्म-स्थान–महेदिया । जिला–फतेहपुर । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–15 अप्रैल, 1979 । पत्नी का नाम–श्रीमती रमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत (एडवोकेट) ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार समाजवादी पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की आश्वासन समिति के सदस्य रहे हैं । वर्ष 1967 से लेकर 1977 तक विभिन्न छात्र आन्दोलनों एवं आपातकाल में मीसा, डी० आई० आर० सहित अनेक धाराओं में लगभग दो वर्ष तक कानपुर, फतेहगढ़ व वाराणसी केन्द्रीय जेल में आप बन्दी रहे । युवा मजदूर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आपने जापान और सिंगापुर की यात्रा की है ।

शिक्षा, क्रिकेट एवं भ्रमण में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–15/50, सिविल लाइन्स, कानपुर ।

कुल मतदाता–1,98,125, कुल मतदान–1,22,250.

प्राप्त मत–1–श्री शिव कुमार बेरिया–45,882,

2– श्री काला बच्चा उर्फ मुन्ना–45,210 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**शिवदानी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–278, चायल, (अ०जा०),

जिला–इलाहाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री श्याम लाल । जन्म-तिथि– 1954 में। जन्म-स्थान–सराय अकिल (इलाहाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–साक्षर । विवाह तिथि–1971 में । पत्नी का नाम–श्रीमती मालती देवी । सन्तान–सात पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री राम जन्म भूमि आन्दोलन में लगभग एक माह तक आप सेन्ट्रल जेल नैनी में बन्दी रहे । आप वर्ष 1990 से 1992 तक भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष रहे । वर्तमान में श्री राम लीला कमेटी तथा राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के 1990 से उपाध्यक्ष हैं ।

जनसेवा एवं क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण में आपकी विशेष रुचि है तथा कबड्डी, कुश्ती, लम्बी कूद आदि भारतीय खेल प्रिय हैं ।


मुख्यावास–सराय अकिल, तह०–चायल, जनपद–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,14,214 कुल मतदान–1,08,305,

प्राप्त मत–1–श्री शिवदानी–37,727,

2–श्री राधे श्याम भारतीय–24,970 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**शिव प्रताप यादव, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–154, गैसड़ी,

जिला–गोण्डा।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री राम लाल यादव। जन्म-तिथि–3 जुलाई, 1951। जन्म-स्थान–पहलवारा (गोण्डा)। धर्म–हिन्दू। जाति–पिछड़ी जाति। शिक्षा–एम० एस–सी०, पी०–एच० डी० (रसायन विज्ञान)। विवाह तिथि–1965 में। पत्नी का नाम–श्रीमती मिथलेश यादव। सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–अध्यापन।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। धारा 188 के अन्तर्गत आप जिला कारागार गोण्डा में 1989 में 3 दिन बन्दी रहे हैं।


अध्ययन, अध्यापन, जनसेवा एवं अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करते रहने में आपकी विशेष रुचि है तथा प्राकृतिक दृश्य एवं पुराने फिल्मी गीत प्रिय हैं।

मुख्यावास–मो०–पहलवारा, पो०–बलरामपुर, जिला–गोण्डा।

कुल मतदाता–2,06,357, कुल मतदान–1,32,207,

प्राप्त मत–1–डा० शिव प्रताप यादव–63,727,

2–श्री विन्दू लाल–42,200 (भारतीय जनता पार्टी)।



**शिव प्रताप शुक्ल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–185, गोरखपुर,

जिला–गोरखपुर।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री रमा शंकर शुक्ल। जन्म-तिथि–1 अप्रैल, 1952। जन्म-स्थान–रुद्रपुर (खजनी-गोरखपुर)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी०। विवाह तिथि–11 मई, 1980। पत्नी का नाम–श्रीमती जानकी शुक्ला। सन्तान–एक पुत्री। व्यवसाय–वकालत।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। गोरखपुर जिला जेल में आप मीसा के अन्तर्गत 20 माह बन्दी रहे। बिक्रीकर बार एसोशियेशन के एक वर्ष तक मंत्री रहे हैं। जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में आप बेसिक एवं प्रौढ़ शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रह चुके हैं।

वकालत एवं सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि है तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा में भाग लेना एवं साहित्य पढ़ना आपको प्रिय है।


मुख्यावास–जगन्नाथपुर, गोरखपुर।

कुल मतदाता–2,03,363, कुल मतदान–97,039,

प्राप्त मत–1–श्री शिव प्रताप शुक्ल–43,290,

2–श्री वीरेन्द्र प्रताप शाही–24,158 (निर्दलीय)।

---



**शिव बहादुर सक्सेना, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–36, स्वारटाण्डा,

जिला–रामपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० शमशेर बहादुर सक्सेना । जन्म-तिथि–15 जून, 1952 । जन्म-स्थान–ग्राम जनूनानगर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–10 अगस्त, 1947 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि सक्सेना । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि मैन्था आयल का मुख्य व्यापार) ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की वर्ष 1989-90 की संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति के सदस्य रहे हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों में आप डी० आई० आर० के अन्तर्गत तिहाड़ जेल दिल्ली में 78 दिन (दस अगस्त से 28 अक्टूबर तक) धी में चर्बी मिलाने के विरुद्ध आन्दोलन में जिला कारागार, रामपुर में 4 दिन तथा श्रीराम जन्म भूमि कारसेवा आन्दोलन में मुरादाबाद जेल में 28 दिन बन्दी रहे । जुलाई 1991 से दिसम्बर 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में कारागार तथा होम गार्ड्स एवं गन्ना विकास राज्य मंत्री रहे हैं । आप सरस्वती शिशु मन्दिर रामपुर के अध्यक्ष 1993 में तथा रुस्तम नगर स्वार क्षेत्र सरस्वती शिशु मन्दिर के संस्थापक 1991 से हैं ।

सामजिक कार्य करने में आपकी विशेष रुचि है तथा समाज सेवा, सत्संग और शंकर भगवान की पूजा आपको प्रिय है ।


मुख्यावास–मो०–महल कुमेदान, रामपुर ।

कुल मतदाता–2,44,750, कुल मतदान–1,65,982,

प्राप्त मत–1–श्री शिव बहादुर सक्सेना–50,845,

2–श्री अ० गफूर इंजीनियर–38,140 (जनता दल) ।

---



**शिव राम सिंह कुशवाहा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–335, माधौगढ़,

जिला–जालौन ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री कामता प्रसाद कुशवाहा । जन्म-तिथि–3 फरवरी, 1946 । जन्म-स्थान–बरहा (जालौन) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए० (राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र), बी० एड्० । विवाह तिथि–12 मई, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती राममूर्ति देवी कुशवाहा । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अध्यापन ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विभिन्न जन-आन्दोलनों में आप 1970 में 4 दिन और 1981 में 10 दिन धारा 180 के अन्तर्गत केन्द्रीय कारागार लखनऊ और जिला कारागार उरई में बन्दी रहे । सम्प्रति आप 25 दिसम्बर, 1990 से उ० प्र० कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष हैं ।


अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक तथा निर्बल लोगों की सेवा तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण में आपकी विशेष रुचि है, व्यायाम और संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–कासिमपुर, पो०–गोहन, जिला–जालौन (उ० प्र०) ।

कुल मतदाता–2,08,685, कुल मतदान–1,22,979,

प्राप्त मत–1–श्री शिव राम–40,871,

2–श्री केशव सिंह–26,854 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**शिवेन्द्र, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–189, फरेन्दा,
जिला–महराजगंज ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री हुकुम बहादुर सिंह । जन्म-तिथि–15 मई, 1958 । जन्म-स्थान–आनन्द नगर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–30 जून, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती उषा चौधरी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 5 वर्ष दीनदयाल सेवा समिति के संरक्षक रहे हैं ।

सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है तथ राजनीतिक वार्तालाप प्रिय है ।

मुख्यावास–वार्ड नं० 5, टाउन एरिया, आनन्द नगर, जनपद–महराजगंज ।

कुल मतदाता–2,02,015, कुल मतदान–1,20,448,

प्राप्त मत–1–श्री शिवेन्द्र–25, 641,

2– श्री विनोद मणि –25,591 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) (मार्क्सवादी) ।

---

**शूरवीर सिंह सजवाण, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–2, टिहरी,

जिला–टिहरी गढ़वाल ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

सर्वप्रथम 1985 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार कांग्रेस से ही विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की अनुसूचित जातियों, जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य 11 जनवरी, 1987 से 6 सितम्बर 1989 तक रहे हैं ।


मुख्यावास–सी–4/2, टाईप–3, सेक्टर–1, नई टिहरी, जिला–टिहरी गढ़वाल ।

कुल मतदाता–2,00,183, कुल मतदान–89,888,

प्राप्त मत–1–श्री शूरवीर सिंह सजवाण–27,002,

2–श्री लाखीराम जोशी–22,117 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**श्याम किशोर यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–105, सरोजनी नगर,

जिला–लखनऊ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री हीरा लाल यादव (एम०एल०सी०) । जन्म-तिथि–31 मार्च, 1955 । जन्म-स्थान–उ० प्र० । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति यादव । शिक्षा–बी० ए० । विवाह तिथि–23 अप्रैल, 1977 । पत्नी का नाम–श्रीमती सन्तोष । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

समाज सेवा, अध्ययन, ऐतिहासिक स्थलों एवं भवनों को देखने में आपकी विशेष रुचि है । शाकाहारी भोजन एवं सिनेमा देखना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम-गौरी, पो०–सरोजनी नगर, लखनऊ ।

कुल मतदाता–2,08,981, कुल मतदान–1,30,552,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम किशोर यादव–51,936,

2– श्री बनवारी लाल कंछल–32,029 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**श्याम देव राय चौधरी (दादा), श्री**

**निर्वाचन क्षेत्र–242**, वाराणसी–शहर दक्षिणी,

जिला–वाराणसी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० शिव प्रसाद राय चौधरी । **जन्म-तिथि**–22 जून, 1939 । जन्म-स्थान–पूर्वी बंगाल । धर्म–**हिन्दू** । जाति–**ब्राह्मण** । शिक्षा–स्नातक (पश्चिम बंगाल) । विवाह तिथि–सन् **1967 में** । **पत्नी का नाम**–श्रीमती मिनती राय चौधरी । सन्तान–दो पुत्र । व्यवसाय–**फोटोग्राफी** ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 **के सामान्य निर्वाचन में,** मई-जून 1991 के तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि **चुनाव में आप तीसरी** बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । **लगभग दो दर्जन** से अधिक बार अनेक जन-आन्दोलनों में केन्द्रीय कारागार **और जिला कारागार**, वाराणसी में विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत आप बन्दी रहे । **आप विधान सभा की** हरिजन एवं समाज कल्याण समिति, 1989 के सदस्य **तथा प्राक्कलन समिति 1991** के सभापति रहे हैं । आप वर्ष 1968 से 1973 तक **नगर महापालिका, वाराणसी** के सभासद, 1991 में भा०ज०पा० विधान मण्डल दल **के सचेतक, पुलिस स्थायी** समिति के सदस्य, रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति उत्तर रेलवे **लखनऊ** मण्डल एवं पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल के सदस्य **तथा विधान सभा के** अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य रहे हैं । वर्तमान में भी आप **कई सामाजिक, शैक्षिक तथा** सांस्कृतिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं ।

सामाजिक कार्य करने **में आपकी विशेष रुचि है** तथा बैटमिन्टन का खेल प्रिय है ।

मुख्यावास–डी–37/100, बड़ादेव, वाराणसी ।

कुल मतदाता–2,04,714, कुल मतदान–1,04,382,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम देव राय चौधरी–63,726,

2– श्री दिलीप डे–24,221 (समाजवादी पार्टी) ।



**श्याम लाल रावत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–77, सिधौली (अ०जा०),

जिला–सीतापुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० जसकरन लाल । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1940 । जन्म-स्थान–सतनापुर (सीतापुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी०, एडवोकेट । विवाह तिथि–22 जून, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ति देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम 1969 में, दूसरी बार 1974 में कांग्रेस टिकट पर, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी से तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर पांचवीं बार आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1991 में धारा–151 के अन्तर्गत जिला जेल, सीतापुर और लखनऊ में आप बन्दी रहे । विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति (1969-74), सरकारी आश्वासन संबंधी समिति (1989-91) तथा याचिका समिति (1991-92) के आप सदस्य रहे हैं । आप उ० प्र० ग्राम विकास प्रधान संगठन के अध्यक्ष 1982 से 1989 तक रहे हैं ।

कृषि, अध्ययन एवं राजनीति में आपकी विशेष रुचि है तथा टहलना प्रिय है ।

मुख्यावास–प्रेमनगर, सिधौली, जनपद–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,17,566, कुल मतदान–1,23,188,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम लाल रावत–60,003,

2–श्री राम करन–39,347 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**श्याम सुन्दर शर्मा, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–365, मॉट,

जिला–मथुरा।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।

पिता–श्री लोकमणि शर्मा। जन्म-तिथि–15 जुलाई, 1952। जन्म-स्थान–पचहरा (मथुरा)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–स्नातकोत्तर। विवाह तिथि–15 जनवरी, 1976। पत्नी का नाम–श्रीमती सुधा शर्मा। सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के निर्वाचन में, मई-जून, 1991 के तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में अब तीसरी बार कांग्रेस के टिकट से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। राजनैतिक आन्दोलनों में मथुरा, एटा तथा लखनऊ के जिला कारागार में आप कुल बारह दिन धारा 144 के उल्लंघन में बन्दी रहे। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड तथा जिला सहकारी संघ लिमिटेड, मथुरा के प्रशासक आप क्रमशः वर्ष 1984 तथा 1984 से 1988 तक एवं 1988 से सभापति भी रहे हैं। सम्प्रति आप अपने दल के उपमुख्य सचेतक हैं।

सहकारिता, ग्राम्य विकास के कार्यों एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–पचहरा, तहसील–मॉट, जिला–मथुरा।

कुल मतदाता–1,96,626, कुल मतदान–1,18,544,

प्राप्त मत–1–श्री श्याम सुन्दर शर्मा–42,995,

2–श्री कुशलपाल सिंह–37,355 (जनता दल)।



**श्रीराम पाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–334, कालपी,

जिला–जालौन ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रतीराम पाल । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1955 । जन्म-स्थान–सोनई परबई, (जालौन) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–एम० ए० (इतिहास), बी० एड्०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–15 जून, 1970 । पत्नी का नाम–श्रीमती रामकेशी । सन्तान–एक पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 के तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप दूसरी बार ब० स० पा० के टिकट से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । एकलव्य जूनियर हाई स्कूल में आप दो वर्ष सहायक अध्यापक तथा 1991 से 1993 तक पार्टी के मुख्य सचेतक रहे हैं । सम्प्रति आप श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में मत्स्य तथा पशुधन राज्य मंत्री हैं ।


निर्धन व असहायजनों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने में आपकी विशेष रुचि है तथा भ्रमण करना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–सोनई परबई, पो०–औरेखी, जिला–जालौन ।

कुल मतदाता–2,00,950, कुल मतदान–1,22,758,

प्राप्त मत–1–श्री श्रीराम–54,834,

2–श्री रविकान्त–27,664 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**श्रीराम पासी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–266, छानबे (अ०जा०),

जिला–मिर्जापुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री रामदिहल । जन्म-तिथि–12 जनवरी, 1956 । जन्म-स्थान–भौहरिया (मिर्जापुर) । धर्म–बौद्ध । जाति–अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–1982 में ।–पत्नी का नाम–श्रीमती इसरावती देवी । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–दरी उद्योग ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–तरकापुर, जिला–मिर्जापुर ।

कुल मतदाता–2,31,012, कुल मतदान–1,12,533,

प्राप्त मत–1–श्री श्रीराम–40,802,

2– श्री राजेश कुमार–29,325 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**श्रीराम यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–253, बयालसी,

जिला–जौनपुर ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री विपत यादव । जन्म-स्थान–जलालपुर (शंकरपुर) । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर, बी० पी० एड्० । विवाह तिथि–1980 में । पत्नी का नाम–श्रीमती अनरमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । सम्प्रति दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल में आप ग्राम विकास तथा क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री हैं ।

सामाजिक असमानता को दूर करने में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–महिमापुर, पो०–जलालपुर, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,29,914, कुल मतदान–1,25,247,

प्राप्त मत–1–श्री श्रीराम यादव–53,650,

2–श्री उमा नाथ–27,317 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**[1] श्रीराम सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–162, कटरा बाजार,

जिला–गोण्डा।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री सन्त बक्श सिंह। आयु–61 वर्ष। जन्म-स्थान–गद्दौपुर (गोण्डा)। धर्म–हिन्दू। जाति–क्षत्रिय। शिक्षा–साक्षर (जूनियर हाई स्कूल)। विवाह तिथि–1955 में। पत्नी का नाम–श्रीमती सूर्य कला सिंह। सन्तान–तीन पुत्र, तीन पुत्रियां। व्यवसाय–कृषि।

आप 1969 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार जनसंघ के टिकट पर मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भा०ज०पा० से विधान सभा के लिए चुने गये हैं। पार्टी द्वारा आयोजित जेल भरो आन्दोलन में आपने भाग लिया। धारा 107/116/151 के अन्तर्गत आप कई बार जेल गये तथा करनैलगंज के दंगे अक्टूबर, 1990 में 35 दिन जिला कारागार, गोण्डा में बन्दी रहे। विधान सभा की लोक लेखा समिति के वर्ष 1973 तथा आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के 1991-92 में सदस्य रहे हैं। आप जिला परिषद, गोण्डा के उपाध्यक्ष 1965 से 1969 तथा क्षेत्र समिति हलधरमऊ के प्रमुख सन् 1983 से 1991 तक रहे हैं। अपने क्षेत्र कटरा बाजार को विकसित कराने हेतु कृत संकल्प रहे हैं। भ्रमण हेतु आपने नेपाल की यात्रा की।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम देखना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम–गद्दौपुर, पो०–परसामहेशी, जिला–गोण्डा।


कुल मतदाता–2,11,694, कुल मतदान–1,13,391,

प्राप्त मत–1–श्री श्रीराम सिंह–52,818,

2– श्री महफूलुर्रहमान खां–23,674 (समाजवादी पार्टी)।

---

[1]टिप्पणी–श्री श्रीरामसिंह की मृत्यु दिनांक 28 जून, 1994 को पूर्वाह्न में हो गयी। अतः उक्त स्थान दिनांक 28 जून, 1994 के पूर्वाह्न से रिक्त हो गया।



**संग्राम सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–223, चिलकहर,

जिला–बलिया ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० विश्वनाथ सिंह यादव । जन्म-तिथि–1 जून, 1961 । जन्म-स्थान–मोहान की मठिया (बलिया) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी०एस सी०, बी० एड्० । विवाह तिथि–11 मई, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती फूल कुमारी । व्यवसाय–अध्यापन ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपने पार्टी आन्दोलनों में भाग लिया है ।

अध्ययन तथा खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–चरुइंया, जिला–बलिया ।

कुल मतदाता–2,02,605, कुल मतदान–1,08,474,

प्राप्त मत–1–श्री संग्राम सिंह यादव–42,738,

2–श्री राम एकबाल सिंह–29,902 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**संदीप अग्रवाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–33, मुरादाबाद,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री रघुनन्दन शरण अग्रवाल । जन्म-तिथि–25 नवम्बर, 1955 । जन्म-स्थान–गुजराती मोहल्ला (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–30 जून, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती रेनू अग्रवाल । सन्तान–एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि, उद्योग (कारखाना आदि) एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1993 में जिला कारागार, मुरादाबाद में 7-8 घण्टे तक आप बन्दी रहे हैं । रोट्रेक्ट क्लब, मुरादाबाद के आप अध्यक्ष 1983 से 84 तथा जनपद मुरादाबाद में श्रीराम लीला कमेटी के उपाध्यक्ष 8 वर्ष से, श्री रामकथा समिति के उपाध्यक्ष 3 वर्ष से,राजकली कन्या विद्यालय के कोषाध्यक्ष 4 वर्ष से, जिला अमन कमेटी के मंत्री 7 वर्ष से और मुरादाबाद नागरिक अभिनन्दन समिति के संयोजक 3 वर्ष से हैं । भ्रमण हेतु आप नेपाल जा चुके हैं ।


जनसेवा एवं सामाजिक कार्य में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–किशन लाल हाउस, बाजीगरान स्ट्रीट, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,18,385, कुल मतदान–1,43,755,

प्राप्त मत–1–श्री संदीप अग्रवाल–74,564,

2– श्री जाहिद हुसैन–60,366 (जनता दल) ।



**सज्जन पाल सिंह उर्फ रज्जन पाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–344, पटियाली,

जिला–एटा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री भीष्म पाल सिंह । जन्म-स्थान–लुहारी खेड़ा (एटा) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–11 जून, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती मुन्नी देवी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

कृषि तथा जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है । जानवर प्रेम एवं व्यायाम प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–लुहारी खेड़ा, जनपद–एटा ।

कुल मतदाता–1,94,409, कुल मतदान–1,22,463,

प्राप्त मत–1–श्री सज्जन पाल सिंह उर्फ रज्जन पाल सिंह–42,549,

2–कुंवर देवेन्द्र सिंह यादव–38,624, (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**सतीश कुमार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–20, नगीना (अ०जा०),

जिला–बिजनौर ।

दल– जनता दल ।

पिता–स्व० झडिया सिंह । जन्म-तिथि–2 जुलाई, 1953 । जन्म-स्थान–नगीना (बिजनौर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–23 जून, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती सन्तोष देवी । सन्तान–तीन पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । रविदास सभा के अध्यक्ष तथा अम्बेडकर स्मारक समिति के महासचिव आप 5–5 वर्ष तक रहे हैं ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मो०–लाल सराय, नगीना, जिला–बिजनौर ।

कुल मतदाता–1,98,981, कुल मतदान–1,23,168,

प्राप्त मत–1–श्री सतीश कुमार–50,895,

2–श्री ओम प्रकाश–48,203, (भारतीय जनता पार्टी) ।



**सतीश भाटिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–104, कैन्ट लखनऊ,

जिला–लखनऊ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० शंकर दास भाटिया । जन्म-तिथि–2 अक्टूबर, 1943 । जन्म-स्थान–सरगोधा (पाकिस्तान) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–4 दिसम्बर, 1967 । पत्नी का नाम–श्रीमती संयुक्ता भाटिया । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–उद्योग (कारखाना आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 1975 में आपातकाल लागू होने के कारण तथा श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में आप बस्ती (दो माह) एवं उन्नाव (एक माह चार दिन) जेल में बन्दी रहे. । वर्ष 1991-92 में आप विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के सदस्य रहे हैं । आप भारत विकास परिषद् के 1981 में, लायन्स, क्लब लखनऊ कैन्ट के 1981 से 91 तक, सेवा भारती के 1985 में, सनातन धर्म मन्दिर के 1993 में सदस्य तथा सेवा समर्पण संस्थान के प्रदेश मंत्री 1982 में और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विस्तारक 1965 से 1966 तक रहे हैं । आपने लगभग 5,000 पुस्तकों का अध्ययन किया है ।

शिकार, मित्रता एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–50-सी, सिंगार नगर, आलमबाग, लखनऊ–226005 ।

कुल मतदाता–1,92,200, कुल मतदान–95,683,

प्राप्त मत–1–श्री सतीश भाटिया–48,898,

2–श्री गुरु बकश सिंह बख्शी–26,852 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**सतीश महाना, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–290, कानपुर कैन्ट,
जिला–कानपुर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम अवतार महाना । जन्म-तिथि–14 अक्टूबर, 1960 । जन्म-स्थान–कानपुर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एससी०, (कानपुर) । विवाह तिथि–7 दिसम्बर, 1981 । पत्नी का नाम–श्रीमती अनीता महाना । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । जन-आन्दोलनों में अक्टूबर, 1990, दिसम्बर, 1992 तथा फरवरी, 1994 में फतेहगढ़ कारागार में धारा–151 के अन्तर्गत आप बन्दी रहे । विधान सभा की याचिका समिति के आप 1991-92 में सदस्य रहे हैं । अटल युवा संस्था के अध्यक्ष 10 वर्ष, हरजेन्दर नगर दशहरा कमेटी के संयोजक 10 वर्ष, भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष दो वर्ष तथा खत्री युवा संगठन के संरक्षक 5 वर्ष तक रहे हैं ।

जनसेवा एवं पर्यटन में आपकी विशेष रुचि है तथा संघ कार्यों में भाग लेना प्रिय है ।

मुख्यावास–3, हरजेंदर नगर, कानपुर ।

कुल मतदाता–2,05,229 कुल मतदान–1,14,694,

प्राप्त मत–1–श्री सतीश महाना–59,013,

2–श्री गणेश दीक्षित–36,208 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**सत्य प्रकाश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–28, सम्भल,

जिला–मुरादाबाद ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० नेम चन्द्र । जन्म-तिथि–1 जनवरी, 1953 । जन्म-स्थान–सौंधन । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक, एल-एल० बी०–। विवाह तिथि–28 जून, 1980 । पत्नी का नाम–श्रीमती अंजुलता । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में आप धारा 107/116 के अन्तर्गत दो दिन मुरादाबाद जेल में बन्दी रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा बच्चों के साथ खेलना प्रिय मनोविनोद है ।


मुख्यावास–मो०–बरेली सराय, दुर्गा आवास कालोनी, सम्भल, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,09,055, कुल मतदान–1,46,458,

प्राप्त मत–1–श्री सत्य प्रकाश–44,298,

2–डा० शफीकुर्रहमान वर्क–39, 496 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**सत्य प्रकाश विकल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–358, आगरा पूर्व,
जिला–आगरा ।
दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री प्रभू दयाल अग्रवाल । जन्म-तिथि–2 नवम्बर, 1927 । जन्म-स्थान–आगरा । धर्म–हिन्दू । जाति–अग्रवाल (वैश्य) । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–31 मई, 1943 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ति देवी अग्रवाल । सन्तान–चार पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–व्यापार (थोक वस्त्र व्यवसाय) ।

सर्वप्रथम वर्ष 1985 के सामान्य निर्वाचन में, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भा०ज०पा० से चौथी बार विधान सभा के लिए चुने गये हैं । विभिन्न जन-आन्दोलनों में आपने लगभग 12 बार जेल यात्रा की और आगरा तथा अलीगढ़ जेल में मीसा व डी० आई० आर० आदि अनेक धाराओं के अन्तर्गत एक वर्ष एक माह बन्दी रहे । वर्ष 1987–89 में आप विधान सभा की लोक लेखा समिति तथा वर्ष 1989–91 में सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा कार्य मन्त्रणा समिति के 1989-90 में सदस्य रहे हैं । आप श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल में जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आबकारी, परिवहन तथा पूर्त धर्मस्व एवं राष्ट्रीय एकीकरण मंत्री रह चुके हैं । आप भा०ज०पा० विधान मण्डल दल के कोषाध्यक्ष 1985 से 1988 तक एवं 1993 में, उप नेता 1989 से 1991 तक, मुख्य सचेतक 1991-92, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री 1985 से 1989 तक तथा 1958 से 1985 तक भारतीय जनसंघ के जिला महामंत्री, अध्यक्ष आदि विभिन्न पदों पर रहे हैं । सम्प्रति आप 1993-94 के लिए अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य हैं ।


अपनी मातृभूमि (भारत माता) तथा समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तक अध्ययन व संगीत आपको प्रिय है ।

मुख्यावास–बी-578, कमलानगर, आगरा ।

कुल मतदाता–1,96,640, कुल मतदान–95,564,

प्राप्त मत–1–श्री सत्य प्रकाश विकल–48,055,

2–श्री ओम प्रकाश जिन्दल–24,299 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**सत्येन्द्र सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–29, बहजोई,

जिला–मुरादाबाद ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम फल सिंह । जन्म-तिथि–27 जुलाई, 1948 । जन्म-स्थान–पवांसा (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर । विवाह तिथि–15 जून, 1965 । पत्नी का नाम–श्रीमती कान्ती देवी । सन्तान–दो पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी के अनेक आन्दोलनों में आपने भाग लिया तथा अस्थायी जेल में बन्द रखकर छोड़ दिये गये ।

समाज सेवा एवं सनातन संस्कृति के अध्ययन, चिन्तन और मनन में आपकी विशेष रुचि है तथा शास्त्रों का अध्ययन और सत्संग प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पवांसा, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–1,90,503, कुल मतदान–1,13,716,

प्राप्त मत–1–श्री सत्येन्द्र सिंह–41,978,

2–श्रीमती कुसुमलता–30,591 (समाजवादी पार्टी) ।



**सन्त बख्श रावत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र--106, मोहनलाल गंज (अ०जा०),

जिला--लखनऊ ।

दल--समाजवादी पार्टी ।

पिता--श्री गरीबे । जन्म-तिथि--26 जुलाई, 1942 । जन्म-स्थान--ग्राम--शिवलर (लखनऊ) । धर्म--हिन्दू । जाति--अनुसूचित जाति (पासी) । शिक्षा--हाई स्कूल, साहित्य भूषण । विवाह तिथि--सन् 1959 में । पत्नी का नाम--श्रीमती सम्पत्ति देवी रावत । सन्तान--तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय--कृषि

सर्वप्रथम 1977 में जनता पार्टी से 1980 में जनता (एस) से, नवम्बर, 1989 में जनता दल से, 1991 के मध्यावधि चुनाव में जनता पार्टी तथा अब 1993 के मध्यावधि चुनाव में पांचवीं बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । आपात्काल और बागपत--काण्ड में आप जिला कारगार लखनऊ तथा केन्द्रीय कारागार वाराणसी में धारा 43 डी० आई० आर०, 107 व 116 में लगभग तेरह माह बन्दी रहे । विधान सभा की प्राक्कलन समिति के वर्ष 1981-82, लोक लेखा समिति के 1982-84 विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य वर्ष 1984 में छः माह तक, तथा आवास मन्त्रणा एवं किचन समिति के सदस्य आप 1989 से 20 दिसम्बर, 1990 तक रहे हैं । अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य 1984-85 में तथा सभापति 1990-91 में रहे हैं । 1989 से 1991 तक विधान सभा में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य तथा दल के सचेतक भी रहे हैं । 20 दिसम्बर, 1990 से 25 जून, 1991 तक आप श्री मुलायम सिंह यादव के पूर्व मंत्रिमण्डल में राज्य मंत्री रहे, सम्प्रति दिसम्बर, 1993 से नगर विकास राज्य मंत्री हैं । पासी जागृति मंडल उ० प्र० के महामंत्री 1960-61 में, पासी जागृति कल्याण समिति, लखनऊ के संस्थापक (1973-74), शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल गोसाईगंज के अध्यक्ष (1978-80 और 1990-91) तथा भूमि विकास बैंक लि० उ० प्र० के

संचालक (1977 व 79) रह चुके हैं। सम्प्रति किसान संघर्ष समिति लखनऊ के संस्थापक और संघर्ष संचालक हैं। आपने कई शिक्षा संस्थाओं को मान्यता दिलवाई है। कृषि एवं सहकारिता के क्षेत्र में अध्ययन एवं भ्रमण हेतु आपने मलेशिया, हांगकांग, ताईपेह, जापान, फिलीपाइंस तथा थाईलैंड (बैंकाक) की यात्रा की है।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा छोटे बच्चों के साथ बातचीत करना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम–शिवलर, पो०–गोसाईगंज, लखनऊ।

कुल मतदाता–1,85,711, कुल मतदान–1,06,454,

प्राप्त मत–1–श्री सन्त बक्श रावत–34,978,

2–श्री विनोद कुमार–29,683 (भारतीय जनता पार्टी)।



**सफदर रजा खान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–127, चांदा,

जिला–सुल्तानपुर ।

दल– बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री मु० हसन खां । जन्म-तिथि–15 दिसम्बर, 1957 । जन्म-स्थान–भाई (सुल्तानपुर) । धर्म–इस्लाम । जाति–मुस्लिम । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–जून, 1989 में । पत्नी का नाम–श्रीमती गौहर जिया । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं अभिकर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में धारा 144 के अन्तर्गत एक दिन आप सुल्तानपुर कारागार में बन्दी रहे । आप जनपद–सुल्तानपुर में श्री नेहरू स्मा० मा० वि० भाई के पर्यवेक्षक 1986 से 1989, युवक मंगल दल के मंत्री 1985 से 1990 तथा वर्ष 1990 से आदर्श जू० हाईस्कूल लौहर दक्षिण सुल्तानपुर के उप प्रबन्धक हैं ।

अध्ययन एवं चिन्तन में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–भाई, जिला–सुल्तानपुर ।

कुल मतदाता–2,22,208, कुल मतदान–1,18,666,

प्राप्त मत–1–श्री सफदर रजा खान–44,920,

2–श्री अरुण प्रताप सिंह–35,233 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**समई, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–215, सरायमीर (अ० जा०),

जिला–आजमगढ़।

दल– बहुजन समाज पार्टी।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।


मुख्यावास–ग्राम–मोहीउद्दीनपुर, पो०–महराजपुर, जिला–आजमगढ़।

कुल मतदाता–2,27,252, कुल मतदान–1,09,654,

प्राप्त मत–1–श्री समई–54,040,

2–श्री पतिराज–35,765 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**समरपाल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–32, मुरादाबाद पश्चिम,

जिला–मुरादाबाद ।

दल– जनता दल ।

पिता–स्व० चौधरी सरदार सिंह । जन्म-तिथि–20 जनवरी, 1955 । जन्म-स्थान–ग्राम–भरतपुर (मुरादाबाद) । धर्म एवं जाति–हिन्दू । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–9 जून, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती ओमवती । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में धारा 151 के अन्तर्गत एक सप्ताह तक वर्ष 1985 में तथा एक सप्ताह 1989 में आप जिला कारागार मुरादाबाद में बन्दी रहे हैं ।

कृषि, राजनीति एवं गरीबों के उत्थान में आपकी विशेष रुचि है तथा खेल प्रिय हैं ।

मुख्यावास–96, आवास विकास, सिविल लाइन्स, मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,38,850, कुल मतदान–1,34,241,

प्राप्त मत–1–श्री समर पाल–50,015,

2–मेजर जे० पी० सिंह–47,957 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**समीर भाटी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–387, दादरी,

जिला–गाजियाबाद ।

दल–जनता दल ।

पिता–स्व० महेन्द्र सिंह भाटी । जन्म-तिथि–1 जुलाई, 1965 । जन्म-स्थान–दादरी (गाजियाबाद) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (गुर्जर) । शिक्षा–एम० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–30 जनवरी, 1989 । पत्नी का नाम–श्रीमती शशि । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं वकालत ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पर्यटन हेतु आप नेपाल, थाईलैंड एवं सिंगापुर की यात्रा कर चुके हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है, अध्ययन एवं खेलकूद प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–मकौडा, पो०–दादरी, जिला–गाजियाबाद ।

कुल मतदाता–2,64,675, कुल मतदान–1,48,710,

प्राप्त मत–1–श्री समीर भाटी–50,874,

2–श्री वेद राम–47,658 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।



**सरजीत सिंह डंग, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–265, मिर्जापुर,

जिला–मिर्जापुर।

दल– भारतीय जनता पार्टी।

पिता–सरदार इन्द्रजीत सिंह डंग। जन्म-तिथि–20 फरवरी, 1947। जन्म-स्थान–मिर्ज़ापुर। धर्म–सिख (हिन्दू)। शिक्षा–एम० बी० बी० एस०, एम० डी० (मेडिसन) तथा एल-एल० बी०। विवाह तिथि–22 नवम्बर, 1970। पत्नी का नाम–श्रीमती दविंदर कौर डंग उर्फ श्रीमती सोफिया डंग। सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–चिकित्सा।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में आप प्रथम बार, मई-जून, 1991 तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में भी तीसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वर्ष 1967 तथा 68 में धारा 188 तथा निरोधक नजरबन्दी कानून के अन्तर्गत जिला जेल, वाराणसी में बन्दी रहे। वर्ष 1973 से 86 तक रोटरी क्लब के निदेशक, वर्ष 1973 से 88 तक भारतीय जेसीज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 1966-67 में छात्र संघ हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध, 1967-68 में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (काशी हि० वि० वि०) के संरक्षक, 1974–76 में सीतापुर नेत्र चिकित्सालय, मिर्जापुर शाखा की प्रबन्ध समिति के सदस्य, वर्ष 1974–81 तथा 1981–83 में गुरूनानक जूनियर हाईस्कूल के प्रबन्धक एवं अध्यक्ष, 1974 से 78 तक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मिर्जापुर शाखा के मानद सचिव रहे हैं। श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक लोक निर्माण तथा वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री रह चुके हैं।

अध्ययन, पर्यटन एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है।
मुख्यावास–साहू सहाईराम की गली, गणेशगंज, मिर्जापुर।
कुल मतदाता–2,06,157, कुल मतदान–1,17,818,
प्राप्त मत–1–डा० सरजीत सिंह डंग–38,238,
2–श्री बदरूद्दीन हासमी–35,943 (बहुजन समाजपार्टी)।

**सर्वराज सिंह कुंवर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–49, सन्हा,

जिला–बरेली ।

दल– समाजवादी पार्टी ।

पिता–कुंवरबलराज सिंह । जन्म-तिथि–14 अगस्त, 1952 । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–एम० एस-सी०, एल–एल० बी० (लखनऊ वि० वि०) । विवाह तिथि–1978 में । पत्नी का नाम–श्रीमती शानो सिंह । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1989 के निर्वाचन में आप जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विभिन्न आन्दोलनों में लगभग 32 बार गिरफ्तार हुए और आगरा, बरेली और लखनऊ कारागारों में बन्दी रहे । आप युवा जनता एस० के प्रान्तीय महासचिव, स०यु०स० के प्रान्तीय महासचिव एवं राष्ट्रीय सचिव, युवा जनता की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, जनता पार्टी, लोकदल और सोशलिस्ट पार्टी के जिला अध्यक्ष, राष्ट्रवादी दल के प्रान्तीय अध्यक्ष तथा अनेक ट्रेड यूनियन संगठनों से सम्बद्ध रहे हैं ।

आपने नेपाल, सिंगापुर, हांगकांग और बैंकाक की यात्रा की है । जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–मो० मारवाड़ीगंज, बरेली ।

कुल मतदाता–1,78,581, कुल मतदान–1,09,048,

प्राप्त मत–1–कुंवर सर्वराज सिंह–45,261,

2–श्री धर्मपाल सिंह–29,989 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**सर्वेश कुमार उर्फ राकेश, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–35, ठाकुरद्वारा,

जिला–मुरादाबाद ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री राम पाल सिंह । जन्म-तिथि–22 दिसम्बर, 1953 । जन्म-स्थान–रतुपुरा (मुरादाबाद) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–26 मई, 1983 । पत्नी का नाम–श्रीमती साधना चौहान । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1991-92 में विधान सभा की याचिका समिति के सदस्य रह चुके हैं । युवक मंगल दल, मुरादाबाद के 1980–82 में अध्यक्ष, 1982-83 में युवक कांग्रेस ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष तथा 1987 से 1991 तक आप निर्बाध ग्राम प्रधान रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–रतुपुरा, तहसील–ठाकुरद्वारा, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,09,027, कुल मतदान–1,56,483,

प्राप्त मत–1–श्री सर्वेश कुमार उर्फ राकेश–73,837,

2–श्री मोहम्मद उल्लाखान–60,942 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**सावित्री देवी, श्रीमती,**

निर्वाचन क्षेत्र–251, मड़ियाहूं,

जिला–जौनपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बद्री प्रसाद । जन्म-तिथि–मार्च, 1949 में । जन्म-स्थान–बड़ागांव, (गांग कला) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–11 मई, 1961 । पति का नाम–श्री दूधनाथ सिंह (पूर्व विधायक) । सन्तांन–दो पुत्र, चार पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि ।

सन् 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार जनता दल से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार स० पा० से विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । पार्टी आन्दोलन में आप जिला कारागार जौनपुर में बन्दी रही हैं । आप समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्या तथा जिला उपाध्यक्ष हैं ।

राजनीति एवं जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–खौरूद्दीन गंज, पो०–मड़ियाहूं, जिला–जौनपुर ।

कुल मतदाता–2,22,596, कुल मतदान–1,24,922,

प्राप्त मत–1–श्रीमती सावित्री देवी–67,682,

2–श्री लाल जी सेठ–32,558 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**सियाराम सागर, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–50, फरीदपुर (अ०जा०),

जिला–बरेली।

दल–समाजवादी पार्टी।

पिता–श्री राम बख्श प्रसाद। जन्म-तिथि–7 जुलाई, 1945। जन्म-स्थान–मझरा, आंवला (बरेली)। धर्म–हिन्दू। जाति–अनुसूचित जाति (जाटव)। शिक्षा–एल०एम०एस०एच० (जुबली मेडिकल कालेज, कलकत्ता)। विवाह तिथि–12 फरवरी, 1989। पत्नी का नाम–श्रीमती किरन सागर। सन्तान–पांच पुत्र तथा एक पुत्री। व्यवसाय–व्यापार एवं चिकित्सा।

1977 के सामान्य निर्वाचन में आप जनता पार्टी से, नवम्बर, 1989 में निर्दलीय, तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार स० पा० से विधान सभा सदस्य चुने गये हैं। पार्टी आन्दोलन में वर्ष 1967 में आप जिला कारागार, बरेली में 7 दिन बन्दी रहे। विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य 1977-78 में तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य 1989-90 में रहे हैं। आप डा० बी० आर० अम्बेडकर समाज कल्याण संघ के अध्यक्ष 21 वर्ष, दलित वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष 5 वर्ष तथा दलित सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। सम्प्रति आप डा० बी० आर० अम्बेडकर छात्रावास, फरीदपुर के प्रबन्धक तथा डा० बी० आर० अम्बेडकर पाठशाला, कीरतपुर धीरी व कंजा चकर के प्रबन्धक 20 वर्ष से हैं।

चिकित्सा में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–मो० निर्धान पूर्वी, फरीदपुर, जिला–बरेली।

कुल मतदाता–1,83,309, कुल मतदान–1,01,230,

प्राप्त मत–1–डा० सियाराम सागर–52,996,

2–श्री नन्द राम–34,399 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**सुखदेव राजभर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–217, लालगंज,

जिला–आजमगढ़ ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री छांगुर राजभर । जन्म-तिथि–5 सितम्बर, 1951 । जन्म-स्थान–ग्राम-बड़गहन लालगंज । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–बी० एस-सी०, (ए० जी०), एल–एल० बी० । विवाह तिथि–15 जुलाई, 1960 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुमित्रा देवी । सन्तान–एक पुत्र, पांच पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा अब नम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार ब० स० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । धारा 144 आई० पी० सी० के अन्तर्गत आप जिला कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे । विधान सभा की अनुसूचित जातियों अनुसूचित जन जातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सदस्य आप वर्ष 1991-92 में रहे हैं । आप अखिल भारतीय राजभर महासंघ के कोषाध्यक्ष 1982 से 1989 तथा 1989 से राष्ट्रीय राजभर परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं । सम्प्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में सहकारिता तथा मुस्लिम वक्फ राज्य मंत्री हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा पठन-पाठन प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम व पो०–बड़गहन, जिला–आजमगढ़ ।

कुल मतदाता–2,49,447, कुल मतदान–1,27,608,

प्राप्त मत–1–श्री सुखदेव–56,561,

2–श्री नरेन्द्र सिंह–40,573 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**सुखदेवी, श्रीमती,**

निर्वाचन क्षेत्र–303, लखना (अ०जा०),

जिला–इटावा ।

दल-- समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं ।


मुख्यावास–फ्रेन्ड्स कालोनी, इटावा ।

कुल मतदाता–1,99,708, कुल मतदान–1,14,233,

प्राप्त मत–1–श्रीमती सुखदेवी–51,750,

2–श्री अवधेश नरायन–32,186 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**सुधीर कुमार बालियान, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–405, खतौली,
जिला–मुजफ्फरनगर ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० डा० महेन्द्र प्रताप । जन्म तिथि–2 मई, 1958 । जन्म-स्थान–रसूलपुर जाटान । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–13 मई, 1984 । पत्नी का नाम–श्रीमती सुनीता देवी । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप दूसरी बार भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । अनेक क्षेत्रीय किसान आन्दोलनों एवं श्रीराम जन्म भूमि और राम शिला पूजन, अयोध्या के समर्थन में आपने गिरफ्तारी दी । जून, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में सहकारिता मंत्री रहे हैं । आप सन् 1972 से 1973 तक डी० ए० वी०, कालेज, जालन्धर (पंजाब) में पुस्तकालयाध्यक्ष रह चुके हैं । समय-समय पर किसान आन्दोलनों में श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन, रामशिला पूजन, डा० हेडगवार जन्मशती समारोहों में आप प्रमुख भूमिका निभाते हुए गरीबों किसानों के लिये हर स्तर पर संघर्षरत रहे हैं । आर्य युवक समाज से भी सम्बद्ध रहे हैं । सम्प्रति आप अपने दल के सचेतक हैं ।


राजनीति, बैडमिण्टन, टेबुल टेनिस तथा क्रिकेट आदि के खेलों में, अध्ययन एवं जानकारी प्राप्त करने में आपकी विशेष रुचि है, संगीत व साहित्य प्रिय हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–रसूलपुर जाटान, पो०–काकड़ा, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–2,09,324, कुल मतदान–1,27,385,

प्राप्त मत–1–श्री सुधीर कुमार बालियान–48,973,

2–श्री राजेन्द्र सिंह–35,305 ( जनता दल) ।



**सुन्दर पाल सिंह यादव, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–75, बिसवां,

जिला–सीतापुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री दर्शन लाल । जन्म-तिथि–1929 में । जन्म-स्थान–बजवापुर । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–हाई स्कूल । विवाह तिथि–10 जून, 1949 । पत्नी का नाम–श्रीमती राजरानी । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलनों में आप जेल भी जा चुके हैं । आप क्षेत्र विकास समिति पहला सीतापुर के ब्लाक प्रमुख 22 वर्ष तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेथरामाधव, सीतापुर के प्रबन्धक 36 वर्ष से रहे हैं ।


समाज सेवा एवं ग्रामीण विकास में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–बजवापुर, पो०–भेथरामाधव, जिला–सीतापुर ।

कुल मतदाता–2,08,693, कुल मतदान–1,26,039,

प्राप्त मत–1–श्री सुन्दर पाल सिंह–53,766,

2–श्री अजीत कुमार–44,212 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**सुन्दर लाल दीक्षित, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–141, हैदरगढ़,

जिला–बाराबंकी ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री जगेसर प्रसाद दीक्षित । जन्म-तिथि–15 मई, 1945 । जन्म-स्थान–दौलतपुर मजरे (बाराबंकी) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–हाई स्कूल, धर्म विशारद । पत्नी का नाम–श्रीमती विद्यावती दीक्षित । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि ।

जून, 1977 के निर्वाचन में निर्दलीय, नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आपातकाल, सत्याग्रह एवं जन-आन्दोलनों में आप जिला कारागार बाराबंकी एवं फैजाबाद में एक वर्ष चार माह तक बन्दी रहे हैं । विधान सभा की प्रश्न एवं संदर्भ समिति के वर्ष 1989 में आप सदस्य भी रह चुके हैं । किसानों की समस्याओं को लेकर जन-आन्दोलन के अध्यक्ष आप 8 वर्ष तक रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम–दौलतपुर, मजरे धरकुइयां, पो०–हैदरगढ़, जिला–बाराबंकी ।

कुल मतदाता–1,93,927, कुल मतदान–1,14,528,

प्राप्त मत–1–श्री सुन्दरलाल दीक्षित–42,024,

2–श्री राम स्वरूप सिंह–37,796 (समाजवादी पार्टी) ।



**सुन्दर लाल लोधी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–95, हड़हा,

जिला–उन्नाव ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री दुलारे लाल लोधी । जन्म-तिथि–1 जनवरी, 1944 । जन्म-स्थान–लखनऊ । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (लोधी) । शिक्षा–स्नातक । विवाह तिथि–13 जून, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती मिथलेश कुमारी । सन्तान–3 पुत्र, 1 पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । पार्टी आन्दोलन में 1992 में दिल्ली कारागार में आप एक दिन बन्दी रहे हैं । आप स्वायत्तशासन कर्मचारी महासंघ, उ० प्र० के मण्डल अध्यक्ष 1985 से 1990, अमर शहीद बी० शनी० अवन्ती बाई संस्थान उ० प्र० के सचिव 1986 से 1993, प्रान्तीय लोधी सभा उ० प्र० के महामंत्री 1988 से 1992, अग्रसेन इण्टर कालेज लखनऊ के अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष 1986 से 1989 तक रहे हैं । सम्प्रति अपराध निरोधक समिति उ० प्र० के संगठन मंत्री 1987 से और भारतीय जनता पार्टी, उन्नाव के महामंत्री भी हैं ।

समाज सेवा, जनहित कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा पुस्तकों का अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–679, कलक्टर गंज, उन्नाव ।

कुल मतदाता–1,93,470, कुल मतदान–1,19,771,

प्राप्त मत–1–श्री सुन्दर लाल लोधी–41,038,

2–श्री रामेश्वर–29,736 (समाजवादी पार्टी) ।



**सुरेन्द्र पाल वर्मा, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–320, नरैनी,

जिला–बांदा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री विद्यानन्द सिंह । जन्म-तिथि–15 मार्च, 1952 । जन्म-स्थान–नन्दवारा (बांदा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति । शिक्षा–स्नातक, बी०ए०एम०एस० (राजकीय आयुर्वेदिक कालेज, अतर्रा) । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुमा देवी । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि एवं चिकित्सा ।

सर्वप्रथम 1977 में, मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में, नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में तीसरी बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । 1981 में धारा–144, 107 एवं 116 के अन्तर्गत 22 दिन केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में बन्दी रहे । विधान सभा की आवास मंत्रणा एवं किचन समिति के सदस्य रहे हैं । छात्र संघ राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज अतर्रा, बांदा तथा उत्तर प्रदेश छात्र महासंघ राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी मेडिकल कालेज के अध्यक्ष रहे हैं । आदर्श इंगलिश मीडियम स्कूल, अतर्रा, बांदा के 1980 से प्रबन्धक रहे हैं । सम्प्रति दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमण्डल में आप परिवहन राज्य मंत्री हैं ।

चिकित्सा, खेलकूद, कृषि, राजनीति तथा समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है, संगीत तथा बालीबाल प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–नन्दवारा, पो०–नौहाई, जिला–बांदा ।

कुल मतदाता–2,12,508, कुल मतदान–1,23,312,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र पाल वर्मा–43,374,

2–श्री रमेश चन्द्र द्विवेदी–28,65 । (भारतीय जनता पार्टी) ।



**सुरेन्द्र सिंह नेगी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–4, लैन्सडाउन,

जिला–गढ़वाल ।

दल– निर्दलीय ।

पिता–श्री गुमान सिंह नेगी । जन्म-तिथि–4 मई, 1949 । जन्म-स्थान–गजेरसैण (पौड़ी गढ़वाल) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एस० सी० । विवाह तिथि–6 फरवरी, 1975 । पत्नी का नाम–श्रीमती हेमलता नेगी । सन्तान–दो पुत्री । व्यवसाय–व्यापार ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप कांग्रेस (आई) तथा अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार निर्दलीय सदस्य के रूप में विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप विधान सभा की नियम समिति के वर्ष 1985-86 में तथा प्राक्कलन समिति के 1987 से 89 तक सदस्य रहे हैं । आप पर्वतीय विकास मंच के 1992 से संयोजक हैं ।


समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–लोअर कालावड़ मार्ग, कोट्द्वार, पौड़ी, जिला–गढ़वाल ।

कुल मतदाता–1,68,831, कुल मतदान–93,289,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी–31,834,

2–श्री मोहन सिंह रावत–25,008 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**सुरेश कुमार खन्ना, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–66, शाहजहांपुर,

जिला–शाहजहांपुर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम नरायन खन्ना । जन्म-तिथि–6 मई, 1953 । जन्म-स्थान–शाहजहांपुर । धर्म–हिन्दू (वैदिक) । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–वकालत ।

सर्वप्रथम नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक आप नगर विकास राज्य मंत्री रहे हैं । विधान सभा की विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति के सदस्य 1990-91 में रहे हैं । शाहजहांपुर, बरेली, दिल्ली तथा लखनऊ कारागार में आप लगभग एक वर्ष धारा 107/116 तथा 151 सी०आर०पी०सी० के अन्तर्गत बन्दी रहे हैं । भारतीय जनता युवा मोर्चा, शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष एक वर्ष, भा० ज० पा०, शाहजहांपुर के उपाध्यक्ष, जिला मंत्री और महामंत्री दो-दो वर्ष और यंग लायर्स एसोसियेशन, शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष 3 वर्ष तक रहे हैं । देशाटन हेतु आपने सिंगापुर और थाइलैण्ड की यात्रा की है ।


जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–170, दीवान जोगराज, जिला–शाहजहांपुर ।

कुल मतदाता–2,20,140, कुल मतदान–1,23,901,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेश कुमार खन्ना–60,224,

2–श्री अशोक कुमार पुत्र हरनामदास–43,356 (समाजवादी पार्टी) ।



**सुरेश चन्द्र तितौरिया, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–406, जानसठ (अ०जा०),

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल– भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री ओम प्रकाश । जन्म-तिथि–4 फरवरी, 1959 । जन्म-स्थान–मीरापुर । धर्म–हिन्दू सनातन । जाति–अनुसूचित जाति (खटिक) । शिक्षा–इण्टरमीडिएट । विवाह तिथि–21 अप्रैल, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती विमला देवी । सन्तान–एक पुत्र । व्यवसाय–कृषि तथा व्यापार (दुकान आदि) ।

सर्वप्रथम मई-जून, 1991 तथा अब 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार आप भा० ज० पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के आप वर्ष 1991-92 में सदस्य रहे हैं । भ्रमण हेतु आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं ।

कृषि में आपकी विशेष रुचि है तथा धार्मिक एवं राजनैतिक पुस्तकें पढ़ना प्रिय है ।

मुख्यावास–मो० तहबरपुरा, मीरापुर, जिला–मुजफ्फरनगर ।

कुल मतदाता–1,90,988, कुल मतदान–1,13,214,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेश चन्द तितौरिया–52,501,

2–श्री महावीर सिंह आजाद–44,923 (जनता दल) ।

---

**सुरेश पासी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–115, बिहार (अ०जा०),

जिला–प्रतापगढ़ ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।

मुख्यावास–3, कृष्णानगर, कीटगंज, इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,05,404, कुल मतदान–1,07,219,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेश पासी–53,852,

2–श्री सुरेश भारती–36,851 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**सुरेश प्रताप सिंह चौहान, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–34, मुरादाबाद देहात,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–कर्नल नवरत्न सिंह चौहान । जन्म-तिथि–7 दिसम्बर, 1940 । जन्म-स्थान–मुरादाबाद । धर्म–वैदिक हिन्दू । शिक्षा–एम०एससी० (पूना वि० वि०), पी एच० डी० प्राणिशास्त्र (दिल्ली, कानपुर वि० वि०), एफ० ई० एस० आई०, एम० एस० डी० बी० (फिनलैण्ड व अमेरिका), एम० एस० ई० एफ० (फ्रांस) । विवाह तिथि–31 मई, 1966 । पत्नी का नाम–श्रीमती उत्तरा चौहान । सन्तान–दो पुत्रियां । व्यवसाय–अध्यापन (प्रोफेसर, प्राणिशास्त्र, दिल्ली वि० वि०) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1984 में धारा 144 में आप थाना चाणक्यपुरी, दिल्ली में बन्दी रहे । आप दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री वर्ष 1983–85, विद्वत् परिषद् (दिल्ली वि० वि०) के सदस्य 1985–89 "शाकुन्तलम्" दिल्ली के महामंत्री 1980 से 90, नागरिक अधिकार रक्षा समिति, दिल्ली के अध्यक्ष 1984–90 और 1980 से 84 तक क्वीन मेरी स्कूल, दिल्ली की प्रबन्ध समिति के सदस्य रहे हैं । आप प्राणि विज्ञान से संबंधित एफ० आई० एस० डी० बी०, पूना वि० वि०, एफ० ई० एस० आई०, नई दिल्ली, एम० एस० ई० एफ०, पेरिस (फ्रांस), आंई० एस० डी० बी०, हेल्सिंकी (फिनलैण्ड) तथा एस० डी० बी०, वाशिंगटन डी० सी० (अमेरिका) इत्यादि संस्थाओं के सदस्य हैं । विजिटिंग वैज्ञानिक के रूप में आपने वर्ष 1988 में जर्मनी, 1989 में फ्रांस और वर्ष 1990-91 में फुल ब्राइट स्कालर के रूप में अमेरिका की यात्रा की है । भ्रूण विज्ञान पर आपके लगभग 20 शोध-पत्र (रिसर्च पेपर) जर्मनी और कैंब्रिज विश्वविद्यालय प्रेस से प्रकाशित हो चुके हैं ।

भ्रूण विज्ञान में आपकी विशेष रुचि है तथा संगीत, खेलकूद, अध्ययन, जन्तु व्यवहार और प्राकृतिक विज्ञान प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–मूँढ़ापाण्डे, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,12,813, कुल मतदान–1,48,589,

प्राप्त मत–1–श्री सुरेश प्रताप सिंह–56,098,

2–श्री सौलत अली–43,365 (समाजवादी पार्टी) ।



**सुरेश संगल, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–408, मुजफ्फरनगर,

जिला–मुजफ्फरनगर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० ला० केशोदास । जन्म-तिथि–10 जून, 1942 । जन्म-स्थान–मुजफ्फरनगर । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर (इलाहाबाद पी-एच०डी०) (आगरा वि०वि०) । विवाह तिथि–26 फरवरी, 1970 । पत्नी का नाम–डा० (श्रीमती) विनोद संगल । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई–जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के चुनाव में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । विभिन्न जन आन्दोलनों में आप वर्ष 1973 में पन्द्रह दिन और वर्ष 1975 में तीन माह जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में बन्दी रहे । दिसम्बर, 1991 से 1992 तक आप विधान सभा की सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति के सदस्य रहे हैं । आप वर्ष 1984 से 88 तक सरस्वती शिशु मन्दिर और 1988 से 92 तक जगदीश प्रसाद शिशु मन्दिर के मंत्री, 1982 से 85 तक डी० ए० वी० कालेज अध्यापक संघ के सचिव तथा वर्ष 1980 से 88 तक जिला पत्रकार संघ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न पदों पर रहे । सम्प्रति जनता सेवक दल एवं परोपकारी समिति के विगत दस वर्षों से आय-व्यय निरीक्षक, विवेक विद्या निकेतन और सरस्वती शिशु मन्दिर की कार्यकारिणी के 8 वर्षों से तथा सनातन धर्म सभा एवं गऊशाला, मुजफ्फरनगर के 10 वर्षों से सदस्य हैं । कक्षा दस और बी०एससी० के लिये आपने भौतिक विज्ञान विषय की 6-7 पुस्तकें लिखी हैं जो प्रकाश पब्लिकेशन्स, मुजफ्फरनगर व प्रगति प्रकाशन, मेरठ से छपी हैं ।

पत्रकारिता, शैक्षिक व धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–37, खटीकान, मुजफ्फरनगर ।
कुल मतदाता–2,45,402, कुल मतदान–1,77,569,
प्राप्त मत–1–श्री सुरेश संगल–92,400,
2–श्री कादिर राणा–64,683 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**सुशीला सरोज, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–83, बेनीगंज (अ०जा०),

जिला–हरदोई ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–स्व० महादेव प्रसाद । जन्म-तिथि–एक अप्रैल, 1954 । जन्म-स्थान–सरदार नगर (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति । शिक्षा–स्नातकोत्तर (रुहेलखण्ड वि०वि०), बी०एड्०, एल-एल०बी० (कानपुर एवं लखनऊ वि०वि०) । विवाह तिथि–27 जून, 1966 । पति का नाम–श्री राम प्रकाश सरोज । सन्तान–तीन पुत्रियां । व्यवसाय–व्यापार (दुकान आदि) ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा की सदस्या निर्वाचित हुई हैं । आप पार्टी आन्दोलन में 1991 में तीन दिन, 1992 में दो दिन और 1993 में एक दिन 12 घण्टे लखनऊ, देवरिया तथा हरदोई कारागार में बन्दी रही हैं । अम्बेदकर महासभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी की सदस्य आप एक वर्ष से हैं । पर्यटन के उद्‌देश्य से आपने सिंगापुर की यात्रा की है ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा तेज गाड़ी चलाना, सुगम संगीत सुनना एवं अध्ययन प्रिय है ।

मुख्यावास–18, राजभवन कालोनी, लखनऊ ।

कुल मतदाता–1,82,940, कुल मतदान–1,05,954,

प्राप्त मत–1–श्रीमती सुशीला सरोज–40,064,

2–श्री प्रेम चन्द्र उर्फ प्रेम कुमार–31,138 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---



**सूरज सिंह शाक्य, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–345, सकीट,

जिला–एटा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० प्यारे लाल शाक्य (पूर्व विधायक) । जन्म-तिथि–2 जनवरी, 1939 । जन्म-स्थान–खिरिया (एटा) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (शाक्य) । शिक्षा–एम०ए०, एम०काम०, एल-एल०बी०, डिप्लोमा इन कोआपरेशन । विवाह तिथि–20 मई, 1964 । पत्नी का नाम–श्रीमती निर्मल शाक्य । सन्तान–तीन पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि व्यापार (दुकान आदि) ।

मई-जून, 1991 के चुनाव में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप सहकारिता राज्य मंत्री रहे हैं । आप श्रीराम जन्म भूमि संबंधी कार सेवा में मैनपुरी जेल में 14 दिन अक्टूबर, 1990 में, फरवरी 1993 में 4 दिन भाजपा की रैली के सम्बन्ध में दिल्ली में बन्दी रहे । सहकारी लेखा परीक्षा संगठन उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत ज्येष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर आपने 1961 से 1985 तक कार्य किया तथा 1975 से 76 तक इस संगठन के सचिव भी रहे । सम्प्रति 1983 से लिटिल एंजिल्स स्कूल, आगरा के सचिव हैं ।

आपको समाज सेवा में विशेष रुचि है तथा साधारण भोजन एवं दूसरों को सहयोग देना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम एवं डा०–खिरिया, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–1,66,643, कुल मतदान–1,07,633,

प्राप्त मत–1–श्री सूरज सिंह शाक्य–39,382,

2–श्री वीरेन्द्र सिंह–31,635 (जनता दल) ।



**स्वयंवर चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–171, इटवा,

जिला–सिद्धार्थनगर।

दल–भारतीय जनता पार्टी।

पिता–श्री राम बरन चौधरी। जन्म-तिथि–एक जनवरी, 1949। जन्म-स्थान–सकतपुर, (सिद्धार्थनगर)। धर्म–हिन्दू। शिक्षा–इण्टरमीडिएट। पत्नी का नाम–श्रीमती सरस्वती देवी। सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्री। व्यवसाय–कृषि।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। धारा 144 का उल्लंघन करने पर आप जिला कारागार, बस्ती, मुरादाबाद, लखनऊ और गोण्डा में एक–एक सप्ताह तक बन्दी रहे। आप साधन सहकारी समिति लि०, मुडिला बक्सी तथा क्षेत्र समिति वि० खण्ड, इटवा के अध्यक्ष रहे हैं और विगत दस वर्षों से छेदी लाल इण्टर कालेज, विस्कोहर बाजार एवं राम जानकी उ०मा० विद्यालय गिरधरपुर कुनगाई की कार्यकारिणी के सदस्य स्थापना काल से हैं। आप नेपाल की यात्रा कर चुके हैं।

कृषि एवं जन सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा सत्संग प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम–सकतपुर, पोस्ट–पतिला, जिला–सिद्धार्थनगर।

कुल मतदाता–2,09,158, कुल मतदान–1,30,159,

प्राप्त मत–1–श्री स्वयंवर चौधरी–52,460,

2–मो० मुकीम–37,393 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस)।

**स्वामीनाथ, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–206, बरहज,

जिला–देवरिया ।

दल–समाजवादी पार्टी ।


नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी के टिकट पर आप दूसरी बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।

मुख्यावास–ग्राम–ठेगवली, पोस्ट–ठेंगवदूबे, जिला–देवरिया ।

कुल मतदाता–2,25,078, कुल मतदान–1,15,529,

प्राप्त मत–1–श्री स्वामीनाथ–42,890,

2–श्री दुर्गा प्रसाद मिश्र–31,831 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**हरक सिंह रावत, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–5, पौड़ी,

जिला–गढ़वाल ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–श्री नारायण सिंह रावत । जन्म-तिथि–15 दिसम्बर, 1959 । जन्म-स्थान–गहड़ (खिसू), श्रीनगर (गढ़वाल) । धर्म–हिन्दू (राजपूत) । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री, सैन्य विज्ञान, पीएच० डी० । विवाह तिथि–28 नवम्बर, 1986 । पत्नी का नाम–श्रीमती दीप्ति रावत । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन (हे०न०ब०ग० विश्वविद्यालय में) ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार भी भा०ज०पा० से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । वर्ष 1990 में श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन, छात्र तथा शिक्षक आन्दोलनों के दौरान आप जिला कारागार, देहरादून में बन्दी रहे । आप श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में दिनांक 19 जुलाई, 1991 से 6 दिसम्बर, 1992 तक पर्यटन विभाग के राज्य मंत्री रहे हैं । आप वर्ष 1981-82 में विद्यार्थी परिषद् की प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य 1982-83 में ग०वि०वि० के छात्र संघ के अध्यक्ष, 1986-87 में गढ़वाल वि०वि० शिक्षक संघ तथा 1988 में उत्तरांचल संघर्ष समिति जिला पौड़ी के महासचिव, 1990-91 में भाजपा जिला पौड़ी के अध्यक्ष तथा श्रीराम कार सेवा समिति के जिला संयोजक रहे हैं । सम्प्रति 'उत्तरांचल अर्पण' के कार्यकारी सम्पादक हैं ।

अध्ययन एवं सामाजिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि है तथा लेख और कविता लिखना, खेलकूद और वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेना प्रिय है ।

मुख्यावास–श्री कोट (गंगानाली), श्रीनगर (गढ़वाल) ।

कुल मतदाता–1,52,358, कुल मतदान–73,504,

प्राप्त मत–1–श्री हरक सिंह रावत–28,585,

2–श्री पुष्कर सिंह रौथाण–23,259 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**हरदेव सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–144, फतेहपुर (अ०जा०),
जिला–बाराबंकी।
दल–समाजवादी पार्टी।

आप नवम्बर, 1989 के आम चुनाव में प्रथम बार जनता दल से, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में दूसरी बार जनता पार्टी से तथा अब नवम्बर, 1993 में समाजवादी पार्टी से आप तीसरी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–सरसवां, थाना–बड्डूपुर, जिला–बाराबंकी।

कुल मतदाता–2,06,653, कुल मतदान–1,19,556,

प्राप्त मत–1–श्री हरदेव सिंह–52,233,

2–श्री मूलचन्द्र कुरील–36,519 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

**हरपाल सिंह, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–379, खुर्जा,

जिला–बुलन्दशहर ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० मुंशी सिंह । जन्म-तिथि–31 जनवरी, 1942 । जन्म-स्थान–जावल । धर्म–वैदिक सनातन धर्म । शिक्षा–एम० ए० (इतिहास व राजनीति शास्त्र) (आगरा तथा मेरठ वि० वि०), बी० टी० । विवाह तिथि–18 फरवरी, 1958 । पत्नी का नाम–श्रीमती शकुन्तला । सन्तान–दो पुत्र, तीन पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि तथा अध्यापन ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में प्रथम बार निर्दलीय तथा नवम्बर, 1993 में दूसरी बार आप भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । 15 दिसम्बर, 1975 से मई, 1976 तक पार्टी आन्दोलन के कारण आपातकाल में डी० आई० आर० के अन्तर्गत तथा 1990 में श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में जिला कारागार, बुलन्दशहर और बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर में आप बन्दी रहे । वर्ष 1991-92 में विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति के आप सदस्य रहे हैं । आप भाजपा के जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष दो-दो वर्ष किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष तथा ग्राम जावल के प्रधान 1982 से 88 और सन् 1987 से एस० डी० इण्टर कालेज, जावल (बुलन्दशहर) के प्रधानाचार्य हैं । इस विद्यालय के आप संस्थापक भी हैं ।


शैक्षिक, सामाजिक कार्यों एवं धार्मिक पुस्तकों के अध्ययन, विचार-विमर्श, गोष्ठी का आयोजन, भाषण सुनना, प्रवचन करना, रोचक कथा और संगीत में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–जावल, जिला–बुलन्दशहर ।

कुल मतदाता–1,99,697 कुल मतदान–1,14,960,

प्राप्त मत–1–श्री हरपाल सिंह–49,243,

2–श्री अलाउद्दीन–34,816 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**हरवंश कपूर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–424, देहरादून,
जिला–देहरादून ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० सोहन लाल । जन्म-तिथि–7 जनवरी, 1946 । जन्म-स्थान–बन्नू (पाकिस्तान) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–बी० एससी०, एल-एल० बी० । विवाह तिथि–28 जनवरी, 1974 । पत्नी का नाम–श्रीमती सविता कपूर । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में, मई-जून, 1991 तथा नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में तीसरी बार भा०ज०पा० से आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 1986 में 3 दिन महंगाई विरोधी आन्दोलन में, 1987 में एक दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने हेतु आन्दोलन में और वर्ष 1993 में एक दिन राष्ट्रीय नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में जिला कारागार, देहरादून में, 1987 में कश्मीर बचाओ आन्दोलन में एक दिन नई दिल्ली में तथा 1990 में श्रीराम जन्म भूमि आन्दोलन में कांस खेत, जिला पौड़ी गढ़वाल में बन्दी रहे । आप एक-एक वर्ष तक छात्रसंघ के महामंत्री, लायन्स क्लब के सचिव, भारत विकास परिषद् के सहसचिव, बिक्रीकर अधिवक्ता संघ के मंत्री एवं अध्यक्ष और आयकर अधिवक्ता संघ के मंत्री रहे हैं । देहरादून जिला खेलकूद एसो० तथा सनातन धर्म इण्टर कालेज, देहरादून के आप आजीवन सदस्य हैं । जुलाई, 1991 से दिसम्बर, 1992 तक श्री कल्याण सिंह मंत्रिमण्डल में आप ग्राम्य विकास राज्य मंत्री रहे हैं ।

राजनीति, समाज सेवा, खेलकूद में आपकी विशेष रुचि है तथा अध्ययन और संगीत प्रिय है ।

मुख्यावास–41, खुड़बुड़ा, देहरादून ।

कुल मतदाता–1,94,698, कुल मतदान–95,620,

प्राप्त मत–1–श्री हरवंश कपूर–50,781,

2–श्री दिनेश अग्रवाल–36,427 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ।

**हरिशंकर तिवारी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–181, चिल्लूपार,

जिला–गोरखपुर ।

दल–भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ।

पिता–स्व० भोला नाथ तिवारी । जन्म-तिथि–5 अगस्त, 1940 । जन्म-स्थान–ग्राम–टाड़ा (गोरखपुर) । धर्म–हिन्दू । शिक्षा–स्नातकोत्तर डिग्री (गोरखपुर वि० वि०) । पत्नी का नाम–श्रीमती रामलली देवी । सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–कृषि ।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में प्रथम बार निर्दलीय, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 और अब नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । नेशनल डिग्री कालेज, बड़हलगंज, गोरखपुर के 1973 में अध्यक्ष रहे तथा गोरखपुर विश्वविद्यालय कोर्ट के 1965 से सदस्य हैं । वर्ष 1990-91 में विधान सभा की प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति के सदस्य रहे हैं ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है और इनडोर गेम्स प्रिय हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–टाड़ा, जिला–गोरखपुर ।

कुल मतदाता–2,33,290, कुल मतदान–1,18,207,

प्राप्त मत–1–श्री हरिशंकर तिवारी–41,382,

2–श्री श्याम लाल–38,730 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**हरीकिशन, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–298, चौबेपुर,
जिला–कानपुर देहात ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता--स्व० श्याम चरण । जन्म-तिथि–8 फरवरी, 1930 । जन्म-स्थान–मजबूत नगर, पिहानी । धर्म--हिन्दू (कायस्थ) । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल०बी० (एडवोकेट) । विवाह तिथि--15 फरवरी, 1956 । पत्नी का नाम--श्रीमती विनोदनी । सन्तान--एक पुत्र, तीन पुत्री । व्यवसाय–कृषि, पत्रकारिता एवं वकालत ।

जून, 1977 के निर्वाचन में आप प्रथम बार जनता पार्टी से, मई, 1980 में जनता (एस) चरण सिंह, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल तथा अब नवम्बर, 1993 के चुनाव में चौथी बार भाजपा से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप 9 जनवरी, 1990 को निर्विरोध उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष चुने गये और 30 जुलाई, 1991 तक इस पद पर रहे हैं । श्री बनारसी दास मंत्रिमण्डल में आप फरवरी, 1979 से फरवरी, 1980 तक मंत्री रहे । 6 मई, 1972 से 22 जून, 1977 तक आप विधान परिषद् के सदस्य रहे हैं । विभिन्न आन्दोलनों में आप वर्ष 1970 में एक सप्ताह, वर्ष 1976 में एक वर्ष दो माह और 1980 में पन्द्रह दिन लखनऊ और कानपुर में राजनीतिक बन्दी रहे । स्वतन्त्र पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, विधान मण्डल में भारतीय लोकदल के महामंत्री तथा वर्ष 1975 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् में नेता विरोधी दल आदि पदों पर आप आसीन रहे हैं । विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति, विधान पुस्तकालय परामर्शदात्री समिति (1982-83), संसदीय शोध, सन्दर्भ एवं अध्ययन समिति (1983-84) तथा लोक लेखा समिति (1980-82) के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1982-83 में आप अधिष्ठाता मण्डल के भी सदस्य रहे हैं । सन् 1960 से 1965 तक आपने साप्ताहिक ''होशियार'' का सम्पादन किया । कामनवेल्थ स्पीकर्स कांफ्रेन्स में आपने भाग लिया और जिम्बाबे, नाईजीरिया, जर्मनी, कनाडा, इंग्लैण्ड

और फ्रांस की यात्रा की। भारत के पूर्व प्रधान मंत्री श्री चन्द्रशेखर के साथ आपने नेपाल की भी यात्रा की। सम्प्रति विगत तीन वर्षों से सामाजिक संस्था "रचना" के अध्यक्ष हैं।

अध्ययन, लेखन व चिन्तन में आपकी विशेष रुचि है तथा शुद्ध शाकाहारी भोजन, राजनीति एवं जन सम्पर्क करना प्रिय है।

मुख्यावास–पिहानी मजबूतनगर, कानपुर देहात।

कुल मतदाता–1,98,580, कुल मतदान–1,15,148,

प्राप्त मत–1–श्री हरी किशन–51,241,

2–कुं० श्रवण कुमार सिंह–48,745 (समाजवादी पार्टी)।



**हरी शंकर माहौर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–369, सासनी (अ०जा०),
जिला–अलीगढ़ ।
दल–भारतीय जनता पार्टी ।

पिता–स्व० राम चन्द्र माहौर । जन्म-तिथि–3 जुलाई, 1956 । जन्म-स्थान–कासगंज (एटा) । धर्म–हिन्दू । जाति–अनुसूचित जाति (कोरी) । शिक्षा–एम० ए०, (अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भारतीय इतिहास), एल-एल० बी० । विवाह तिथि–9 मार्च, 1989 । पत्नी का नाम–श्रीमती कुसुम लता माहौर । सन्तान–एक पुत्र, एक पुत्री । व्यवसाय–वकालत ।

मई-जून, 1991 के मध्यावधि निर्वाचन में आप प्रथम बार तथा नवम्बर, 1993 के चुनाव में दूसरी बार भा०ज०पा०से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । जन-आन्दोलन में 2 अप्रैल, 93 से 16 जून, 93 तक आप केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में रासुका के अन्तर्गत बन्दी रहे । वर्ष 1989 से 91 तक आप भारतीय जनता पार्टी, हाथरस के नगर मंत्री रहे हैं ।

सामाजिक कार्य तथा राजनीति में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मकान नं०–1171, सिद्धार्थनगर, हाथरस, जिला–अलीगढ़ ।

कुल. मतदाता–2,04,022, कुल मतदान–1,01,238,

प्राप्त मत–1–श्री हरी शंकर माहौर–44,951,

2–श्री राय साहब–23,082 (बहुजन समाज पार्टी) ।



**हरीश कुमार गंगवार, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–54, भोजीपुरा,
जिला–बरेली ।
दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री बल्देव प्रसाद । जन्म-तिथि–25 जनवरी, 1930 । जन्म-स्थान–टियूलिया (बरेली) । धर्म–हिन्दू । जाति–पिछड़ी जाति (कुर्मी) । शिक्षा–एम० ए०, (राजनीति शास्त्र), बी० टी०, एल-एल० बी० तथा साहित्य रत्न, प्रथमा (संस्कृत) । विवाह-तिथि–18 मई, 1950 । पत्नी का नाम–श्रीमती शान्ति लता गंगवार । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–वकालत ।

सन् 1962 के सामान्य निर्वाचन, 1967 तथा 1974 में तीसरी बार आप जनसंघ के टिकट पर, नवम्बर, 1989 के सामान्य निर्वाचन में जनता दल से तथा अब नवम्बर,. 1993 के मध्यावधि चुनाव में समाजवादी पार्टी से पांचवीं बार विधान सभा सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1980 से 84 तक कांग्रेस से लोक सभा के सदस्य रहे हैं । 20 दिसम्बर, 1990 से जून, 1991 तक श्री मुलायम सिंह यादव के पूर्व मंत्रिमण्डल में आप मंत्री रहे हैं । वर्ष 1965 में अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य, 1967 से 68 तक मुख्य सचेतक एवं विधान सभा की लोक लेखा समिति (1990), सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति, याचिका समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति एवं नियम समिति के आप सदस्य रह चुके हैं । पार्टी आन्दोलनों के दौरान वर्ष 1948 और 1975-76 में तीन-तीन माह डी० आई० आर० व धारा 36/43 के अन्तर्गत जिला जेल और केन्द्रीय कारागार बरेली में आप बन्दी रहे ।

आप वर्ष 1958 से 62 तक बरेली सहकारी गन्ना समिति लि० के डायरेक्टर रहे हैं तथा पांच वर्षो तक अध्यापन कार्य भी किया है। सम्प्रति 1979 से उ० प्र० भूमि विकास बैंक बरेली के निर्वाचित अध्यक्ष, 1980 से पटेल इण्टर कालेज, धौरा तथा 1975 से श्री विवेकानन्द जू० हा० स्कूल, मुण्डिया चेतराम (बरेली) के प्रबन्धक हैं।

शोषित पीड़ितों की सेवा तथा शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने में आपकी विशेष रुचि है तथा दीन-दुखियों की सेवा प्रिय है।


मुख्यावास–ग्राम व पो०–टियूलिया, बरेली (उ०प्र०)।

कुल मतदाता–1,94,281, कुल मतदान–1,17,239,

प्राप्त मत–1–श्री हरीश कुमार गंगवार–48,681,

2–कुंवर सुभाष पटेल–44,351 (भारतीय जनता पार्टी)।

---



**हरेन्द्र सिंह मलिक, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–410, बघरा,

जिला–मुजफ्फरनगर।

दल–जनता दल।

पिता–श्री जगजीत सिंह। जन्म-तिथि–15 फरवरी, 1954। जन्म-स्थान–ग्राम–काजी खेड़ा। धर्म–हिन्दू वैदिक। जाति–जाट। शिक्षा–विधि स्नातक। विवाह तिथि–3 मार्च, 1976। पत्नी का नाम–श्रीमती राज कुमारी मलिक। सन्तान–दो पुत्र, एक पुत्री। व्यवसाय–कृषि।

मार्च, 1985 के सामान्य निर्वाचन में आप लोक दल से, नवम्बर, 1989, मई-जून, 1991 के मध्यावधि चुनाव में और अब नवम्बर, 1993 के चुनाव में चौथी बार जनता दल से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विभिन्न राजनीतिक आन्दोलनों में मुजफ्फरनगर एवं दिल्ली (तिहाड़) कारागारों में बन्दी रहे। आप विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति, प्राक्कलन समिति तथा याचिका समिति के सदस्य रहे हैं। सम्प्रति आप कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य तथा आश्वासन समिति (1993-94) के सभापति हैं। वर्ष 1985 से 91 तक आप अपने दल के सचेतक भी रहे हैं। विश्व युवा सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में आपने उत्तरी कोरिया की यात्रा की। गन्ना, कृषि, विद्युत्, स्वास्थ्य, श्रम, खाद्य तथा रसद और पशुपालन इत्यादि की स्थायी समितियों के भी आप सदस्य रहे हैं। कई वर्षों तक लायन्स क्लब तथा जे०सी० इण्टरनेशनल के चार्टर सदस्य रहे हैं। निरन्तर कई वर्षों से गऊ-शाला सभा के भी सदस्य रहे हैं। वर्तमान में कल्याणकारी कन्या विद्यालय, चौ० चरण सिंह कन्या महाविद्यालय और किसान मजदूर हाईस्कूल के संरक्षक तथा चौ० छोड़राम इण्टर कालेज के सदस्य हैं।

कृषि, शिक्षा तथा ग्रामीण विकास में आपकी विशेष रुचि है।

मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट काजी खेड़ा, जिला मुजफ्फरनगर।

कुल मतदाता–1,81,568, कुल मतदान–1,07,558,

प्राप्त मत–1–श्री हरेन्द्र सिंह–46,819,

2–श्री प्रदीप बालियान–44,885 (भारतीय जनता पार्टी)।

---

**हरेन्द्र सिंह, ज्ञानी**

निर्वाचन क्षेत्र–38, बिलासपुर,

जिला–रामपुर ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम–पैगम्बरपुर, तह०–बिलासपुर, जिला–रामपुर ।

कुल मतदाता–2,48,879, कुल मतदान–1,62,432,

प्राप्त मत–1–श्री हरेन्द्र सिह–52,883,

2–श्री ज्वाला प्रसाद–41,386 (भारतीय जनता पार्टी ) ।

---



**हाजी मुहम्मद हयात, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–25, अमरोहा,

जिला–मुरादाबाद ।

दल–जनता दल ।

पिता–स्व० हाजी श्री रहीम बख्श । जन्म-तिथि–15 जुलाई, 1941 । जन्म-स्थान–अमरोहा । धर्म–इस्लाम । जाति–पिछड़ी जाति (कुरेशी) । शिक्षा–हाईस्कूल, साहित्य में अदीब, अदीब माहिर (अलीगढ़), मुंशी (इलाहाबाद) । विवाह तिथि–(1) 1960 में, (2) 1978 में । पत्नी का नाम–स्व० निगार सुलताना एवं सईदा बेगम। सन्तान–तीन पुत्र, सात पुत्री । । व्यवसाय–कृषि ।

आप प्रथम बार 1974 के निर्वाचन में कांग्रेस (आई०) के टिकट पर, मार्च, 1985 में लोकदल से, नवम्बर, 1989 तथा पुनः नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में चौथी बार जनता दल से विधान सभा के लिए विजयी हुए हैं । दिनांक 30 मार्च, 94 से आप समाजवादी पार्टी में सम्मिलित हो गये हैं । वर्ष 1980 में धारा 188 के अन्तर्गत 13 दिन मुरादाबाद जेल में राजनैतिक बन्दी रहे । वर्ष 1965 में हज करने के लिये आपने सऊदी अरेबिया की यात्रा की है । विधान सभा की प्राक्कलन समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी संयुक्त समिति, सरकारी आश्वासन संबंधी समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति तथा विधान पुस्तकालय परामर्श दात्री समिति के आप सदस्य रहे हैं ।

जनसेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–मु०–लकड़ा, अमरोहा, जिला–मुरादाबाद ।

कुल मतदाता–2,23,562, कुल मतदान–1,35,510,

प्राप्त मत–1–श्री हाजी मुहम्मद हयात–52,175,

2–श्री मंगल सिंह सैनी–49,579 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**हीरामनि पटेल, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–273, सोरांव,

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।


नवम्बर, 1993 के मध्यावधि चुनाव में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं।

मुख्यावास–सरांय मदन, बहरिया, फूलपुर, जिला–इलाहाबाद ।

कुल मतदाता–2,13,392, कुल मतदान–1,19,337,

प्राप्त मत–1–श्री हीरामनि पटेल–70,286,

2–श्री रंग बहादुर पटेल–25,441 (भारतीय जनता पार्टी) ।



**हृदय नारायण, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–97, पुरवा,

जिला–उन्नाव ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री अम्बिका प्रसाद । जन्म-तिथि–18 मई, 1946 । जन्म-स्थान–लउवा । धर्म–भारतीय । शिक्षा–एम० ए० (अर्थशास्त्र-कानपुर वि० वि०) । विवाह तिथि–5 जुलाई, 1960 । पत्नी का नाम–श्रीमती माधुरी । सन्तान–तीन पुत्र, दो पुत्रियां । व्यवसाय–कृषि एवं पत्रकारिता ।

मार्च, 1985 के चुनाव में निर्दलीय, नवम्बर, 1989 में जनता दल, मई-जून, 1991 में जनता पार्टी और अब नवम्बर, 1993 में समाजवादी पार्टी से चौथी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । आप आपातकाल में डी० आई० आर० व मीसा के अन्तर्गत 20 माह तक शिमला पैक्ट के विरोध में धारा 151 में जिला कारगार, उन्नाव में, आपातकाल में 1975 में धारा 107 में नैनी जेल और 1983 में धारा 116 में आप जिला कारागार, लखनऊ में बन्दी रहे । वर्ष 1987-88 में विधान सभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति, 1989 में नियम समिति, 1990 में प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा प्राक्कलन समिति के आप सदस्य रहे हैं । वर्ष 1991 में भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम में आप (राज्य मंत्री स्तर के) अध्यक्ष तथा ग्यारहवीं विधान सभा में (1991-92) सजपा विधान मण्डल दल के मुख्य सचेतक भी रहे हैं । सम्प्रति वर्ष 1993 से अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य हैं । वर्ष 1978 से साप्ताहिक "काल चिन्तन" के संस्थापक और प्रधान सम्पादक, 1983 से भा० आ० ए० सं० इण्टर कालेज, पुरवा (उन्नाव) के प्रबन्धक तथा वर्ष 1980 से समता आन्दोलन के संस्थापक हैं । आप द्वारा लिखित दो पुस्तकें "जागृत जनता" तथा "यह व्यवस्था बेईमान है" (भाषण संग्रह) क्रमशः समता प्रकाशन और सोशलिस्ट मूवमेण्ट, उन्नाव से प्रकाशित हुई हैं ।

जन जागरण व जन आन्दोलनों को प्रेरित करने वाले, लेखन, राजनीतिक कार्यों एवं पत्रकारिता में आपकी विशेष रुचि है तथा सिनेमा देखना एवं दर्शन शास्त्र की किताबें पढ़ना प्रिय है।

मुख्यावास–ग्राम और पोस्ट–लउवा, जिला–उन्नाव।

कुल मतदाता–2,05,850, कुल मतदान–1,16,272,

प्राप्त मत–1–श्री हृदय नारायण–43,963,

2–श्री कृष्ण दत्त उर्फ भगोले–37,653 (भारतीय जनता पार्टी)।



**आर० के० चौधरी, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–279, मंझनपुर (अ० जा०),

जिला–इलाहाबाद ।

दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–श्री जगदीन । जन्म-तिथि–6 दिसम्बर, 1954 । जन्म-स्थान–ग्राम–टोनिया (फैजाबाद) । शिक्षा–बी०एस सी०, एल-एल० बी० (अवध वि० वि०) । विवाह तिथि–अविवाहित । व्यवसाय–वकालत एवं समाजसेवा ।

मई, 1994 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । संप्रति श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि मंडल में 4 दिसम्बर, 1993 से आप परिवहन मंत्री हैं । आप बसपा के राज्य कोआर्डिनेटर हैं, इसके पूर्व आप 1982 से डी० एस०-फोर के लिये कार्य करते रहे हैं ।

गरीबों, दलितों और शोषितों के लिये कार्य करने की आपने शपथ ली है । अध्ययन में आपकी विशेष रुचि है तथा बच्चों के साथ खेलना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–टोनिया (पूरेजवाहर), ब्लाक–मसौधा, जिला–फैजाबाद ।

कुल मतदाता–2,30,166, कुल मतदान–1,08,531,

प्राप्त मत–1–श्री आर० के० चौधरी–49,335,

2–श्रीमती मंजू चन्द्रा–39,822 (भारतीय जनता पार्टी) ।

---

**ऊषा यादव, श्रीमती**

निर्वाचन क्षेत्र–349, निधौलीकलां,

जिला–एटा ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

मई, 1994 के उपचुनाव में आप विधान सभा के लिये निर्वाचित हुई हैं ।

मुख्यावास–ग्राम बकलापुर, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–1,64,388, कुल मतदान–1,03,390,

प्राप्त मत–1–श्रीमती ऊषा यादव–47,259,

2–डा० वीरेन्द्र सिंह–32,876 (भारतीय जनता पार्टी) ।

**गोपाल काली, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–394, हस्तिनापुर (अ० जा०),

जिला–मेरठ ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

मई, 1994 के उपचुनाव में आप विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं ।


मुख्यावास–554, मो० तिहाई, भवानी कलां, जिला–मेरठ ।

कुल मतदाता–1,96,396, कुल मतदान–1,13,432,

प्राप्त मत–1–श्री गोपाल काली–40,812,

2–श्री मुकेश सिंह उर्फ मुकेश सिद्धार्थ–36,407 (बहुजन समाज पार्टी) ।

---



**राज बहादुर, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–233, गाजीपुर,
जिला–गाजीपुर ।
दल–बहुजन समाज पार्टी ।

पिता–स्व० नंघा । जन्म-तिथि–दिसम्बर, 1943 में । जन्म-स्थान–रमईपुर नेवादा, पट्टी (प्रतापगढ़) । शिक्षा–बी० ए०, एल-एल० बी० (गोरखपुर एवं लखनऊ वि० वि०) भारतीय संस्कृति एवं लैण्ड लॉ में स्पेशलाइजेशन । विवाह–1959 में । पत्नी का नाम–श्रीमती ननका । व्यवसाय–सरकारी नौकरी (स्वैच्छिक सेवानिवृत्त) ।

मई, 1994 में सम्पन्न हुए उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । दिसम्बर, 1993 से श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रिमंडल में आप समाज कल्याण मंत्री हैं । आपने सेवायोजन विभाग और दूरसंचार विभाग में सरकारी नौकरी की तथा विभागीय ट्रेड यूनियनों में, संगठन मंत्री, अध्यक्ष, वित्त सचिव, सर्किल डेलीगेट और अखिल भारतीय डेलीगेट रहे । तत्पश्चात् आपने सरकारी नौकरी से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लेकर पूरी तरह से बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश संगठन को चलाने का दायित्व संभाल लिया और पार्टी के अध्यक्ष भी रहे । इससे पूर्व वर्ष 1982 में आप डी० एस० फोर और वामसेफ जैसे संगठनों में भी सक्रिय रहे हैं । आप रविदास सुधार समिति के भी अध्यक्ष रहे हैं । वर्ष 1984 से 87 तक दलितों व शोषितों में जन चेतना जाग्रत करने हेतु आपने लखनऊ से दिल्ली दो बार एवं फैजाबाद, गोरखपुर, कानपुर एवं प्रतापगढ़ की साईकिल यात्राएं की । आपने वर्ष 1986 में "बरेली मोर्चा" आन्दोलन के तहत मलिन बस्तियों में से शराब भट्टियों को हटाने के लिये नेतृत्व किया ।

समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है तथा लोगों से मिलजुल कर उनका दुख-दर्द सुनना तथा उनकी समस्याओं का आसानी से हल निकालना प्रिय है ।

मुख्यावास–ग्राम–रमईपुर नेवादा, पट्टी, जिला–प्रतापगढ़ ।

कुल मतदाता–1,31,702, कुल मतदान–1,25,290,

प्राप्त मत–1–श्री राज बहादुर–51,581,

2–श्री मुख्तार अंसारी–33,644 (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी) ।

**राम स्वरूप, श्री**

निर्वाचन क्षेत्र–347, कासगंज,

जिला–एटा ।

दल–भारतीय जनता पार्टी ।

मई, 1994 के उपचुनाव में आप विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं ।


मुख्यावास–ग्राम व पोस्ट–पचरेकी, जिला–एटा ।

कुल मतदाता–1,95,745, कुल मतदान–1,01,555,

प्राप्त मत–1–श्री राम स्वरूप–40,248,

2–श्री गोबरधन सिंह–36,380 (समाजवादी पार्टी) ।

---



**शिव सागर लाल, डा०**

निर्वाचन क्षेत्र–96, भगवन्त नगर,

जिला–उन्नाव ।

दल–समाजवादी पार्टी ।

पिता–श्री शम्भू दयाल । जन्म-तिथि–24 जून, 1947 । जन्म-स्थान–बाजीखेड़ा, (पासाखेड़ा) उन्नाव । धर्म–सनातन (हिन्दू) । जाति–पिछड़ी-जाति (कुर्मी) । शिक्षा–एम० एस सी० (लखनऊ वि० वि०) पी० एच० डी०, एफ० एच० एस० (मेरठ वि०वि०) । विवाह तिथि–11 मई, 1961 । पत्नी का नाम–श्रीमती विजय लक्ष्मी । सन्तान–एक पुत्र, दो पुत्री । व्यवसाय–अध्यापन ।

मई, 1994 के उपचुनाव में आप प्रथम बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं । वर्ष 1973 से 84 तक आप जनसेवा परिषद्, उन्नाव के निदेशक रहे हैं । अवध कूर्मिक पाठशाला सोसायटी, लखनऊ के प्रबन्धक (1987 से), लखनऊ कुर्मी सभा और कुर्मी महासभा (अ० भा०) भारत (लखनऊ मण्डल) के उपाध्यक्ष, लायन्स क्लब, आशीर्वाद , लखनऊ, रविग्राम सेवा संस्थान एवं मानव उत्थान समिति, इ० नगर, लखनऊ के अध्यक्ष और साइंस अकादमी आफ इण्डिया के रजिस्ट्रार हैं । आप द्वारा लिखित दो पुस्तकें "आब्जेक्टिफ जूलाजिक" और "आब्जेकिटव टैलेंट" शीर्षक से शिवल्लभा प्रकाशन से प्रकाशित हुई हैं ।

पठन-पाठन एवं समाज सेवा में आपकी विशेष रुचि है ।

मुख्यावास–ग्राम बाजीखेड़ा, पोस्ट–ऊचगांव सानी (पासाखेड़ा), जिला–उन्नाव, उ० प्र० ।

कुल मतदाता–2,21,540, कुल मतदान–1,09,150,

प्राप्त मत–1–डा० शिव सागर लाल–51,194,

2–श्री कृपा शंकर–36,914 (भारतीय जनता पार्टी) ।

# परिशिष्ट

## (क) **उत्तर प्रदेश द्वादश विधान सभा के सदस्यों की दलीय सूची** ×

(दिनांक 4 दिसम्बर, 1993 की स्थिति के अनुसार)

| क्रम संख्या | सदस्यों के नाम व जिला |
|---|---|
| 1 | 2 |

**भारतीय जनता पार्टी—176**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अजय कुमार पोइया, श्री | (मथुरा) |
| 2 | अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया, श्री | (गोण्डा) |
| 3 | अम्बिका सिंह, श्री | (देवरिया) |
| 4 | अमरजीत सिंह जनसेवक, श्री | (फतेहपुर) |
| 5 | अमरनाथ यादव, श्री | (वाराणसी) |
| 6 | अमर सिंह, श्री | (सिद्धार्थनगर) |
| 7 | अमित अग्रवाल, श्री | (मेरठ) |
| 8 | अरविन्द कुमार, श्री | (ललितपुर) |
| 9 | अवनीश कुमार सिंह, श्री | (बदायूं) |
| 10 | अक्षयवर लाल, श्री | (बहराइच) |
| 11 | इन्द्र देव सिंह, श्री | (बिजनौर) |
| 12 | उदय भान सिंह, श्री | (आगरा) |
| 13 | उर्मिला राजपूत; श्रीमती | (फर्रुखाबाद) |
| 14 | ओंकार सिंह, श्री | (एटा) |
| 15 | ओम प्रकाश सिंह, श्री | (मिर्जापुर) |

× उत्तर प्रदेश विधान सभा (द्वादश) का गठन भारत का निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या–301/उ० प्र० वि०स०/93, दिनांक 4 दिसम्बर, 1993 द्वारा किया गया ।

| 1 | 2 |
|---|---|
| 16 कल्याण सिंह, श्री | (एटा अलीगढ़) |
| 17 किशन लाल, श्री | (पीलीभीत) |
| 18 किशन लाल दिलेर, श्री | (अलीगढ़) |
| 19 कृष्ण कुमार नवमान, श्री | (अलीगढ़) |
| 20 कृष्णवीर सिंह सिरोही, श्री | (गाजियाबाद) |
| 21 कुंवर महाबीर सिंह, श्री | (हरदोई) |
| 22 केदार सिंह फोनिया, श्री | (चमोली) |
| 23 केशरी नाथ त्रिपाठी, श्री | (इलाहाबाद) |
| 24 गणपति सिंह, श्री | (महाराजगंज) |
| 25 गिरीश नारायण पाण्डेय, श्री | (रायबरेली) |
| 26 घनश्याम शुक्ल, श्री | (गोण्डा) |
| 27 चन्द्र किशोर, श्री | (महाराजगंज) |
| 28 चन्द्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 29 चन्द्र मणि कान्त, श्री | (बहराइच) |
| 30 चन्द्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा, श्री | (मुरादाबाद) |
| 31 चन्द्र शेखर सिंह, श्री | (बस्ती) |
| 32 छब्बू, श्री | (वाराणसी) |
| 33 छोटे लाल वर्मा, श्री | (आगरा) |
| 34 जगत सिंह, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 35 जगदम्बा, श्री | (बस्ती) |
| 36 जगदीश मुनि, श्री | (हरिद्वार) |
| 37 जगन्नाथ प्रसाद, श्री | (खीरी) |
| 38 जमुना प्रसाद मिश्रा, श्री | (सुल्तानपुर) |

* श्री कल्याण सिंह दो निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः अतरौली (अलीगढ़) तथा कांसगंज (एटा) से निर्वाचित।

| 1 | 2 |
|---|---|
| 39 जयपाल सिंह, श्री | (मेरठ) |
| 40 जय प्रताप सिंह, श्री | (सिद्धार्थनगर) |
| 41 ज्योत्सना, श्रीमती | (वाराणसी) |
| 42 तिलक राज बेहड़, श्री | (नैनीताल) |
| 43 तीरथ राज, श्री | (सोनभद्र) |
| 44 तुलसीदास राय चन्दानी, श्री | (गोण्डा) |
| 45 तुलाराम सैनी, श्री | (मुरादाबाद) |
| 46 तेजपाल सिंह पवाँर, श्री | (हरिद्वार) |
| 47 तेजभान सिंह, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 48 दल बहादुर कोरी, श्री | (रायबरेली) |
| 49 दया सिन्धु शंखधार, श्री | (बदायूं) |
| 50 देवकी नन्दन, श्री | (उन्नाव) |
| 51 देवेन्द्र कुमार सिंह, श्री | (ललितपुर) |
| 52 दौलत राम, श्री | (सीतापुर) |
| 53 धनराज यादव, श्री | (सिद्धार्थनगर) |
| 54 नन्द किशोर मिश्र, श्री | (देवरिया) |
| 55 नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, डा० | (इलाहाबाद) |
| 56 नरेन्द्र सिंह, श्री | (मैनपुरी) |
| 57 नरेन्द्र सिंह, श्री | (सीतापुर) |
| 58 नरेन्द्र सिंह सिसौदिया, श्री | (गाजियाबाद) |
| 59 नवल किशोर, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 60 नीरज चतुर्वेदी, श्री | (कानपुर नगर) |
| 61 पीतम सिंह, श्री | (एटा) |
| 62 प्रीतम सिंह, श्री | (मुरादाबाद) |
| 63 प्रेम प्रकाश उर्फ जिप्पी तिवारी, श्री | (सिद्धार्थनगर) |

| 1 | 2 |
|---|---|
| 64 प्रेमलता कटियार, श्रीमती | (कानपुर नगर) |
| 65 पृथ्वी सिंह विकसित, श्री | (हरिद्वार) |
| 66 प्रणत पाल सिंह, श्री | (मथुरा) |
| 67 बच्ची सिंह रावत, श्री | (अल्मोड़ा) |
| 68 बचनू राम पटेल, श्री | (वाराणसी) |
| 69 बदन सिंह, श्री | (आगरा) |
| 70 बनवारी लाल दोहरे, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 71 बाबू लाल, श्री | (उन्नाव) |
| 72 बाल चन्द्र मिश्र, श्री | (कानपुर नगर) |
| 73 बालेश्वर त्यागी, श्री | (गाजियाबाद) |
| 74 बी० के० गुप्ता, श्री | (पीलीभीत) |
| 75 ब्रह्मदत्त द्विवेदी, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 76 बेचन राम, श्री | (गोरखपुर) |
| 77 बैजनाथ रावत, श्री | (बाराबंकी) |
| 78 बंशीधर, श्री | (नैनीताल) |
| 79 भगवत शरण गंगवार, श्री | (बरेली) |
| 80 भगवती प्रसाद शुक्ला, श्री | (लखनऊ) |
| 81 भैरो प्रसाद मिश्र, श्री | (बांदा) |
| 82 मन्नू लाल कुरील, श्री | (बांदा) |
| 83 मयंकर सिंह, श्री | (बहराइच) |
| 84 मयंकेश्वर शरण सिंह, श्री | (रायबरेली) |
| 85 महाबीर सिंह, श्री | (बिजनौर) |
| 86 महेन्द्र पाल सिंह, श्री | (बिजनौर) |
| 87 महेन्द्र प्रताप नारायण सिंह, श्री | (फतेहपुर) |
| 88 मातवर सिंह कण्डारी, श्री | (टिहरी गढ़वाल) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 89 | माम चन्द्र, श्री | (सहारनपुर) |
| 90 | माया शंकर पाठक, श्री | (वाराणसी) |
| 91 | मारकण्डेय सिंह, श्री | (बलिया) |
| 92 | मुनीश गौड़, श्री | (अलीगढ़) |
| 93 | मोहर सिंह, श्री | (सहारनपुर) |
| 94 | योगेन्द्र कुमार सागर, श्री | (बदायूं) |
| 95 | रतन पाल पवाँर, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 96 | रतन लाल अहिरवार, श्री | (झाँसी) |
| 97 | रणधीर सिंह, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 98 | रमापति उर्फ रमाकान्त, श्री | (देवरिया) |
| 99 | रमापति शास्त्री, श्री | (गोण्डा) |
| 100 | रमेश कान्त लवानिया, श्री | (आगरा) |
| 101 | रमेश पोखरियाल (निशंक), श्री | (गढ़वाल) |
| 102 | रमेश बहादुर, श्री | (प्रतापगढ़) |
| 103 | रवीन्द्र पुण्डीर, प्रो० | (मेरठ) |
| 104 | रवीन्द्र प्रताप, श्री | (सिद्धार्थनगर) |
| 105 | रवीन्द्र प्रताप मल्ल, श्री | (देवरिया) |
| 106 | रवीन्द्र शुक्ल, श्री | (झांसी) |
| 107 | राकेश सोनकर, श्री | (कानपुर नगर) |
| 108 | राजकुमार शिवहरे, श्री | (बांदा) |
| 109 | राजलक्ष्मी वर्मा, श्रीमती | (बाराबंकी) |
| 110 | राजबीर सिंह, श्री | (मथुरा) |
| 111 | राजाराम त्यागी, श्री | (रायबरेली) |
| 112 | राजीव कुमार, श्री | (नैनीताल) |
| 113 | राजेन्द्र कुमार गुप्त, श्री | (सीतापुर) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 114 | राजेन्द्र सिंह, श्री | (देहरादून) |
| 115 | राजेन्द्र सिंह, श्री | (बिजनौर) |
| 116 | राजेश अग्रवाल, श्री | (बरेली) |
| 117 | राजेश कुमार, श्री | (वाराणसी) |
| 118 | राधेश्याम गुप्ता, श्री | (फतेहपुर) |
| 119 | रानी देव लता, श्रीमती | (सहारनपुर) |
| 120 | राम कुमार वर्मा, श्री | (खीरी) |
| 121 | राम कुमार शुक्ला, श्री | (लखनऊ) |
| 122 | रामकृष्ण वर्मा, श्री | (मेरठ) |
| 123 | राम गोपाल, श्री | (खीरी) |
| 124 | राम पाल सिंह, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 125 | राम प्रकाश, श्री | (बस्ती) |
| 126 | राम प्रकाश, श्री | (लखनऊ) |
| 127 | राम प्रकाश त्रिपाठी, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 128 | राम प्रताप सिंह, श्री | (गोण्डा) |
| 129 | राम प्रसाद, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 130 | राम बाबू हरित, श्री | (आगरा) |
| 131 | राम सरन वर्मा, श्री | (पीलीभीत) |
| 132 | राम स्वरूप, श्री | (मथुरा) |
| 133 | राम सिंह, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 134 | राम सेवक सिंह, श्री | (बदायूँ) |
| 135 | रंगनाथ, श्री | (वाराणसी) |
| 136 | लल्लू सिंह, श्री | (फैजाबाद) |
| 137 | लक्ष्मी चन्द्र, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 138 | लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उर्फ गुरूजी, श्री | (प्रतापगढ़) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 139 | लाज कृष्ण गांधी, श्री | (सहारनपुर) |
| 140 | वासुदेव, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 141 | विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, श्री | (गोण्डा) |
| 142 | वीरेन्द्र पाल सिंह, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 143 | शशिबाला पुण्डीर, श्रीमती | (सहारनपुर) |
| 144 | शशिबाला भारती, श्रीमती | (खीरी) |
| 145 | श्याम देव राय चौधरी "दादा," श्री | (वाराणसी) |
| 146 | शारदा प्रसाद जायसवाल, श्री | (महाराजगंज) |
| 147 | शिवदानी, श्री | (इलाहाबाद) |
| 148 | शिव प्रताप शुक्ला, श्री | (गोरखपुर) |
| 149 | शिव बहादुर सक्सेना, श्री | (रामपुर) |
| 150 | शिवेन्द्र, श्री | (महाराजगंज) |
| 151 | श्रीराम सिंह, श्री | (गोण्डा) |
| 152 | सज्जन पाल सिंह उर्फ रज्जन पाल सिंह, श्री | (एटा) |
| 153 | सत्य प्रकाश, श्री | (मुरादाबाद) |
| 154 | सत्य प्रकाश विकल, श्री | (आगरा) |
| 155 | सत्येन्द्र सिंह, श्री | (मुरादाबाद) |
| 156 | सतीश भाटिया, श्री | (लखनऊ) |
| 157 | सतीश महाना, श्री | (कानपुर नगर) |
| 158 | सन्दीप अग्रवाल, श्री | (मुरादाबाद) |
| 159 | सरजीत सिंह डंग, डा० | (मिर्जापुर) |
| 160 | स्वयंवर चौधरी, श्री | (सिद्धार्थनगर) |
| 161 | स्वामी परमानन्द दण्डी, श्री | (रामपुर) |
| 162 | सर्वेश कुमार उर्फ राकेश, श्री | (मुरादाबाद) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 163 | सुधीर कुमार बालियान, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 164 | सुन्दर लाल लोधी, श्री | (उन्नाव) |
| 165 | सुन्दर लाल दीक्षित, श्री | (बाराबंकी) |
| 166 | सुरेश खन्ना, श्री | (शाहजहांपुर) |
| 167 | सुरेश चन्द्र तितोरिया, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 168 | सुरेश प्रताप सिंह, श्री | (मुरादाबाद) |
| 169 | सुरेश संगल, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 170 | सूरज सिंह, श्री | (एटा) |
| 171 | हरक सिंह रावत, श्री | (गढ़वाल) |
| 172 | हरपाल सिंह, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 173 | हरवंश कपूर, श्री | (देहरादून) |
| 174 | हरि किशन, श्री | (कानपुर देहात) |
| 175 | हरिशंकर माहौर, श्री | (अलीगढ़) |
| 176 | त्रिपाल सिंह, श्री | (मेरठ) |

**समाजवादी पार्टी–107**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अखिलेश, श्री | (महाराजगंज) |
| 2 | अम्बिका, श्री | (बलिया) |
| 3 | अनिल कुमार, श्री | (सीतापुर) |
| 4 | अ० रईस, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 5 | अवध पाल सिंह यादव, श्री | (एटा) |
| 6 | अवधेश प्रसाद, श्री | (फैजाबाद) |
| 7 | अमर सिंह, श्री | (अलीगढ़) |
| 8 | अशोक बाजपेयी, श्री | (हरदोई) |
| 9 | इन्द्र पाल सिंह, श्री | (इटावा) |
| 10 | इश्तियाक अहमद, श्री | (बाराबंकी) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 11 | उपदेश सिंह चौहान, श्री | (मैनपुरी) |
| 12 | उर्मिला देवी, श्रीमती | (मैनपुरी) |
| 13 | ओम प्रकाश, श्री | (गाजीपुर) |
| 14 | ओम प्रकाश गुप्ता, श्री | (सीतापुर) |
| 15 | करन सिंह, श्री | (मुरादाबाद) |
| 16 | कुंवर अरविन्द प्रताप सिंह, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 17 | कुंवर धीरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री | (खीरी) |
| 18 | कुंवर सर्वराज सिंह, श्री | (बरेली) |
| 19 | गजाधर सिंह, श्री | (रायबरेली) |
| 20 | गौरी शंकर एडवोकेट, श्री | (लखनऊ) |
| 21 | चन्द्र भान मौर्य, श्री | (आगरा) |
| 22 | चौधरी अशोक कुमार सिंह "बेबी", श्री | (उन्नाव) |
| 23 | छोटे लाल, श्री | (बाराबंकी) |
| 24 | जगराम सिंह, श्री | (कानपुर नगर) |
| 25 | जदुरानी, श्रीमती | (हरदोई) |
| 26 | जयवीर सिंह भदौरिया, श्री | (इटावा) |
| 27 | जवाहर सिंह यादव उर्फ पंडित, श्री | (इलाहाबाद) |
| 28 | जसवन्त सिंह, श्री | (कानपुर देहात) |
| 29 | जुगेन्द्र सिंह, श्री | (बदायूँ) |
| 30 | दरोगा, श्री | (आजमगढ़) |
| 31 | दिलीप कुमार वर्मा, श्री | (बहराइच) |
| 32 | दीनानाथ चौधरी, श्री | (बलिया) |
| 33 | धनीराम वर्मा, श्री | (इटावा) |
| 34 | धर्मपाल यादव उर्फ डी० पी० यादव, श्री | (बुलन्दशहर) |

| 1 | | 2 |
|---|---|---|
| 35 | नन्द लाल, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 36 | नसीरूद्दीन, श्री | (फिरोजाबाद) |
| 37 | निरवेन्द्र कुमार "मुन्ना", श्री | (खीरी) |
| 38 | परशुराम यादव, श्री | (फैजाबाद) |
| 39 | पारसनाथ यादव, श्री | (जौनपुर) |
| 40 | पुत्तू सिंह यादव, श्री | (शाहजहाँपुर) |
| 41 | पूर्णमासी देहाती, श्री | (देवरिया) |
| 42 | प्रताप सिंह यादव, श्री | (फर्रुखाबाद) |
| 43 | प्रभा रावत, श्रीमती | (गोरखपुर) |
| 44 | प्रवीन सिंह ऐरन, श्री | (बरेली) |
| 45 | बनवारी सिंह, श्री | (बदायूँ) |
| 46 | बरकत अली खाँ, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 47 | बर्फिया लाल जुवाँठा, श्री | (उत्तरकाशी) |
| 48 | बलराम यादव, श्री | (आजमगढ़) |
| 49 | बाबू खाँ, श्री | (हरदोई) |
| 50 | बाबू राम यादव, श्री | (मैनपुरी) |
| 51 | बाबू राम वर्मा, श्री | (बस्ती) |
| 52 | बालेश्वर यादव, श्री | (देवरिया) |
| 53 | बेनी प्रसाद, श्री | (बाराबंकी) |
| 54 | मदन भइया, श्री | (मेरठ) |
| 55 | मनोहर लाल, श्री | (उन्नाव) |
| 56 | महाराज सिंह यादव, श्री | (इटावा) |
| 57 | महिपाल सिंह यादव, श्री | (बरेली) |
| 58 | मीर मजहर अली, श्री | (बदायूँ) |
| 59 | मुक्ति नाथ, श्री | (देवरिया) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| * 60 | मुलायम सिंह यादव, श्री (इटावा, एटा, फिरोजाबाद) | |
| 61 | मो० आजम खाँ, श्री | (रामपुर) |
| 62 | मंजूर अहमद, श्री | (बरेली) |
| 63 | यशपाल चौधरी, श्री | (खीरी) |
| 64 | रघुवीर सिंह, श्री | (एटा) |
| 65 | रमाकान्त यादव, श्री | (आजमगढ़) |
| 66 | रमेश चन्द्र चंचल, श्री | (फिरोजाबाद) |
| 67 | राजेन्द्र प्रसाद, श्री | (लखनऊ) |
| 68 | राजेश कुमार, श्री | (बदायूँ) |
| 69 | राधेश्याम, श्री | (बाराबंकी) |
| 70 | राम करन आर्य, श्री | (बस्ती) |
| 71 | राम तेज, श्री | (बहराइच) |
| 72 | राम दर्शन यादव, श्री | (आजमगढ़) |
| 73 | राम दास पाल, श्री | (कानपुर देहात) |
| 74 | राम धनी, श्री | (गाजीपुर) |
| 75 | राम नरेश यादव, श्री | (रायबरेली) |
| 76 | राम प्रसाद, श्री | (बस्ती) |
| 77 | राममूर्ति सिंह, श्री | (शाहजहाँपुर) |
| 78 | राम लखन यादव, श्री | (प्रतापगढ़) |
| 79 | रामवीर सिंह, श्री | (फिरोजाबाद) |
| 80 | रामेश्वर दयाल, श्री | (मैनपुरी) |
| 81 | रिजवान जहीर खां उर्फ रिज्जू भैया, श्री | (गोण्डा) |

* श्री मुलायम सिंह यादव तीन निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः जसवंतनगर (इटावा), निधौलीकलां (एटा) तथा शिकोहाबाद (फिरोजाबाद) से निर्वाचित ।

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 82 | लाल बहादुर सिंह, श्री | (प्रतापगढ़) |
| 83 | वकार अहमद शाह, डा० | (बहराइच) |
| 84 | विनय कुमार पाण्डेय "बिन्नू", श्री | (गोण्डा) |
| 85 | विश्राम सिंह, श्री | (हरदोई) |
| 86 | वीर अभिमन्यु सिंह, श्री | (फतेहपुर) |
| 87 | वीरेश्वर सिंह उर्फ वीरेश यादव, श्री | (अलीगढ़) |
| 88 | शब्बीर अहमद, श्री | (बहराइच) |
| 89 | शराफत यार खाँ, श्री | (बरेली) |
| 90 | श्याम किशोर यादव, श्री | (लखनऊ) |
| 91 | श्याम लाल रावत, श्री | (सीतापुर) |
| 92 | शारदानन्द अंचल, श्री | (बलिया) |
| * 93 | शिव कुमार बेरिया, श्री | (कानपुर देहात) |
| 94 | शिव प्रताप यादव, डा० | (गोण्डा) |
| 95 | सन्त बख्श रावत, श्री | (लखनऊ) |
| 96 | स्वामी नाथ, श्री | (देवरिया) |
| 97 | सावित्री देवी, श्रीमती | (जौनपुर) |
| 98 | सियाराम सागर, डा० | (बरेली) |
| 99 | सुखदेवी, श्रीमती | (इटावा) |
| 100 | सुन्दर पाल सिंह, श्री | (सीतापुर) |
| 101 | सुरेन्द्र पाल वर्मा, श्री | (बाँदा) |
| 102 | सुरेश पासी, श्री | (प्रतापगढ़) |
| 103 | सुशीला सरोज, श्रीमती | (हरदोई) |
| 104 | हरदेव सिंह, श्री | (बाराबंकी) |
| 105 | हरीश कुमार गंगवार, श्री | (बरेली) |
| 106 | हरेन्द्र सिंह, श्री | (रामपुर) |
| 107 | हृदय नारायण, श्री | (उन्नाव) |

| 1 | 2 |
|---|---|

## बहुजन समाज पार्टी–67

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अंगद यादव, श्री | (आजमगढ़) |
| 2 | अकबर अली, श्री | (जालौन) |
| 3 | अक्षयवर भारती, श्री | (मऊ) |
| 4 | आनन्द यादव, श्री | (देवरिया) |
| 5 | इरशाद, श्री | (आजमगढ़) |
| 6 | इश्तियाक अन्सारी, श्री | (गाजीपुर) |
| 7 | उदय प्रकाश, श्री | (हमीरपुर) |
| 8 | उमाकान्त यादव, श्री | (जौनपुर) |
| 9 | उमाशंकर, श्री | (जौनपुर) |
| 10 | गया चरण दिनकर, श्री | (बाँदा) |
| 11 | घूरा राम, श्री | (बलिया) |
| 12 | चन्द्र शेखर, श्री | (गाजीपुर) |
| 13 | चैनसुख भारती, श्री | (जालौन) |
| 14 | छोटे लाल, श्री | (हरदोई) |
| 15 | जगन्नाथ चौधरी, श्री | (जौनपुर) |
| 16 | जयराम कुशवाहा, श्री | (गाजीपुर) |
| 17 | जवाहर लाल दिवाकर, श्री | (इलाहाबाद) |
| 18 | जोखू लाल यादव, श्री | (इलाहाबाद) |
| 19 | दीनानाथ भास्कर, श्री | (वाराणसी) |
| 20 | धामूराम भास्कर, | (फैजाबाद) |
| 21 | धूराम, श्री | (हमीरपुर) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|
| 22 | नजमउद्दीन, श्री | (इलाहाबाद) |
| 23 | नन्द लाल सिंह पटेल, एडवोकेट, श्री | (इलाहाबाद) |
| 24 | नसीम, श्री | (मऊ) |
| 25 | फजलुर्रहमान अन्सारी, श्री | (बहराइच) |
| 26 | फौजदार, श्री | (मऊ) |
| 27 | बरखूराम वर्मा, श्री | (आजमगढ़) |
| 28 | बाल गोविन्द राजवंशी, श्री | (सीतापुर) |
| 29 | भगवत पाल, श्री | (मिर्जापुर) |
| 30 | भगवती प्रसाद सागर, श्री | (कानपुर देहात) |
| 31 | भगेलू राम, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 32 | मसूद अहमद, डा० | (फैजाबाद) |
| 33 | महेश चन्द्र, श्री | (कानपुर नगर) |
| 34 | मुरली धर, श्री | (फतेहपुर) |
| 35 | मेवा लाल बागी, श्री | (वाराणसी) |
| 36 | मोलई, श्री | (गोरखपुर) |
| 37 | मोहसिन, डा० | (गोरखपुर) |
| 38 | मोहम्मद अरशद खान, श्री | (जौनपुर) |
| 39 | राजबली जैसल, श्री | (इलाहाबाद) |
| 40 | राजबली यादव, श्री | (आजमगढ़) |
| 41 | राजेन्द्र कुमार, श्री | (मऊ) |
| 42 | राम अचल राजभर, श्री | (फैजाबाद) |
| 43 | राम किशोर बिन्द, श्री | (वाराणसी) |
| 44 | राम खेलावन, श्री | (उन्नाव) |

| 1 | 2 |
|---|---|
| 45 रामजी भारद्वाज, श्री | (वाराणसी) |
| 46 राम दवर, श्री | (जौनपुर) |
| 47 रामदेव वर्मा, श्री | (फैजाबाद) |
| 48 राम लखन वर्मा, श्री | (फैजाबाद) |
| 49 राम लोटन | (मिर्जापुर) |
| 50 राम सजीवन निर्मल, श्री | (इलाहाबाद) |
| 51 राम सेवक सिंह, श्री | (इलाहाबाद) |
| 52 रेखा छागला, श्रीमती | (इटावा) |
| 53 लाल जी, श्री | (वाराणसी) |
| 54 लाल जी यादव उर्फ जोगी, श्री | (जौनपुर) |
| 55 लाल मणि प्रसाद, श्री | (बस्ती) |
| 56 वशीर, श्री | (हमीरपुर) |
| 57 विश्म्भर प्रसाद निषाद, श्री | (बाँदा) |
| 58 शाकिर, श्री | (देवरिया) |
| 59 शिवराम सिंह कुशवाहा, श्री | (जालौन) |
| 60 श्रीराम, श्री | (मिर्जापुर) |
| 61 श्रीराम पाल, श्री | (जालौन) |
| 62 श्रीराम यादव, श्री | (जौनपुर) |
| 63 सफदर रजा खान, श्री | (सुल्तानपुर) |
| 64 समई, श्री | (आजमगढ़) |
| 65 सुखदेव, श्री | (आजमगढ़) |
| 66 संग्राम सिंह यादव, श्री | (बलिया) |
| 67 हीरामनि पटेल, श्री | (इलाहाबाद) |

| 1 | 2 | |
|---|---|---|

**भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस—28**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अखिलेश कुमार सिंह, श्री | (रायबरेली) |
| 2 | कामेश्वर उपाध्याय, श्री | (देवरिया) |
| 3 | कोकब हमीद खाँ, श्री | (मेरठ) |
| 4 | गजराज सिंह, श्री | (गाजियाबाद) |
| 5 | गोविन्द सिंह कुँजवाल, श्री | (अल्मोड़ा) |
| 6 | चेतराम, श्री | (शाहजहाँपुर) |
| 7 | चौधरी नरेन्द्र सिंह, श्री | (कानपुर देहात) |
| 8 | चौधरी यशपाल सिंह, श्री | (सहारनपुर) |
| 9 | जगदम्बिका पाल, श्री | (बस्ती) |
| 10 | नरेश अग्रवाल, श्री | (हरदोई) |
| 11 | निर्भयपाल शर्मा, श्री | (सहारनपुर) |
| 12 | प्रमोद तिवारी, श्री | (प्रतापगढ़) |
| 13 | प्रीतम सिंह, श्री | (देहरादून) |
| 14 | बच्चा पाठक, श्री | (बलिया) |
| 15 | बृजेन्द्र सिंह (ढांगवाले), श्री | (अलीगढ़) |
| 16 | बिहारी लाल आर्य, श्री | (झाँसी) |
| 17 | मण्डलेश्वर सिंह, श्री | (आगरा) |
| 18 | महेन्द्र सिंह माहरा (महूभाई), श्री | (पिथौरागढ़) |
| 19 | यशपाल आर्य, श्री | (नैनीताल) |
| 20 | रणजीत सिंह जूदेव, श्री | (झाँसी) |
| 21 | राम औतार, श्री | (शाहजहाँपुर) |
| 22 | राम प्रसाद, श्री | (अल्मोड़ा) |
| 23 | राम विशुन आजाद, श्री | (गोण्डा) |
| 24 | विक्रम सिंह, श्री | (बलिया) |
| 25 | वीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ "मुन्ना", श्री | (शाहजहाँपुर) |
| 26 | श्याम सुन्दर शर्मा, श्री | (मथुरा) |
| 27 | सूरवीर सिंह सजवाण, श्री | (टिहरी) |
| 28 | हरि शंकर तिवारी, श्री | (गोरखपुर) |

| 1 | 2 |
|---|---|

**जनता दल—27**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अखलाख, श्री | (मेरठ) |
| 2 | अरिमर्दन सिंह, श्री | (हमीरपुर) |
| 3 | अशोक कुमार सिंह चन्देल, श्री | (हमीरपुर) |
| 4 | किरन पाल सिंह, श्री | (बुलन्दशहर) |
| 5 | चरन सिंह, श्री | (मेरठ) |
| 6 | जगवीर सिंह, श्री | (अलीगढ़) |
| 7 | ज्वाला प्रसाद यादव, श्री | (जौनपुर) |
| 8 | तेजपाल सिंह, श्री | (मथुरा) |
| 9 | नरेन्द्र सिंह, श्री | (मेरठ) |
| 10 | प्रेम सिंह, श्री | (गाजियाबाद) |
| 11 | ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, श्री | (देवरिया) |
| 12 | मदन गोपाल वर्मा, श्री | (फतेहपुर) |
| 13 | मुख्तार अनीस, श्री | (सीतापुर) |
| 14 | मनव्वर हसन, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 15 | राकेश सचान, श्री | (कानपुर देहात) |
| 16 | राजा महेन्द्र अरिदमन सिंह, श्री | (आगरा) |
| 17 | राम अधार यादव, श्री | (महाराजगंज) |
| 18 | राम आसरे वर्मा, श्री | (हरदोई) |
| 19 | विजय सिंह, श्री | (सोनभद्र) |
| 20 | विश्वनाथ, श्री | (देवरिया) |
| 21 | विशम्भर सिंह, श्री | (मथुरा) |
| 22 | वीरेन्द्र मोहन सिंह, श्री | (पीलीभीत) |
| 23 | सतीश कुमार, श्री | (बिजनौर) |
| 24 | समर पाल, श्री | (मुरादाबाद) |
| 25 | समीर भाटी, श्री | (गाजियाबाद) |
| 26 | हरेन्द्र सिंह, श्री | (मुजफ्फरनगर) |
| 27 | हाजी मोहम्मद हयात, श्री | (मुरादाबाद) |

| 1 | 2 |
|---|---|

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–3**

1 अफजाल अन्सारी, श्री (गाजीपुर)
2 ऊदल, श्री (वाराणसी)
3 मित्रसेन यादव, श्री (फैजाबाद)

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)–1**

1 राम स्वरूप, श्री (बिजनौर)

**जनता पार्टी–1**

1 महबूब अली, श्री (मुरादाबाद)

**उत्तराखंड क्रांति दल–1**

1 काशी सिंह ऐरी, श्री (पिथौरागढ़)

**निर्दलीय–8**

1 अतीक अहमद, श्री (इलाहाबाद)
2 अम्बिका सिंह, श्री (गोरखपुर)
3 इन्द्र भद्र सिंह, श्री (सुल्तानपुर)
4 ओम प्रकाश, श्री (गोरखपुर)
5 कुंवर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया, श्री (प्रतापगढ़)
6 जितेन्द्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भैया, श्री (गोरखपुर)
7 तेजपाल सिंह, श्री (बिजनौर)
8 सुरेन्द्र सिंह नेगी, श्री (गढ़वाल)

**रिक्त–4 ***

[ नाम निर्देशित –1 * निर्वाचन प्रत्यादिष्ट–3 (गाजीपुर–1, इलाहाबाद–1, मेरठ–1) ]

* [तीन निर्वाचन क्षेत्रों क्रमशः गाजीपुर, मंझनपुर (इलाहाबाद) तथा हस्तिनापुर (मेरठ) का निर्वाचन दलीय प्रत्याशियों के निधन के फलस्वरूप प्रत्यादिष्ट ]

## (ख) आयु समूहों में द्वादश विधान सभा के सदस्यों की संख्या

| | आयु समूह | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 25–30 वर्ष | 14 |
| 2. | 31–35 वर्ष | 31 |
| 3. | 36–40 वर्ष | 74 |
| 4. | 41–45 वर्ष | 70 |
| 5. | 46–50 वर्ष | 53 |
| 6. | 51–55 वर्ष | 56 |
| 7. | 56–60 वर्ष | 30 |
| 8. | 61–65 वर्ष | 17 |
| 9. | 66–70 वर्ष | 7 |
| 10. | 71–75 वर्ष | 4 |
| 11. | सूचना शून्य | 61 |
| | योग ... | 426 |

## (ग) द्वादश विधान सभा के सदस्यों की शैक्षिक पृष्ठभूमि

| | शैक्षिक योग्यता | सदस्य संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जूनियर हाई स्कूल या उससे कम | 14 |
| 2. | हाई स्कूल | 42 |
| 3. | इण्टरमीडिएट तथा सीनियर कैम्ब्रिज | 43 |
| 4. | स्नातक एवं विधि-स्नातक | 138 |
| 5. | स्नातकोत्तर | 107 |
| 6. | तकनीकी शिक्षा,-चिकित्सा तथा इंजीनियरिंग | 15 |
| 7. | पी-एच०डी० अथवा अन्य उच्च शैक्षिक अर्हताधारी | 9 |
| 8. | विभिन्न डिप्लोमाधारी | 3 |
| 9. | शैक्षिक योग्यता अज्ञात | 55 |
| | योग ... | 426 |

## (घ) द्वादश विधान सभा सदस्यों के व्यावसायिक आधार

| व्यवसाय | सदस्य संख्या |
|---|---|
| 1. कृषि | 161 |
| 2. सेवानिवृत्त अधिकारी (सेना, पुलिस तथा अन्य) | 3 |
| 3. राजनीति एवं सामाजिक कार्य | 10 |
| 4. वकालत | 64 |
| 5. व्यापार एवं उद्योग | 60 |
| 6. अध्यापन | 47 |
| 7. लेखन एवं पत्रकारिता | 11 |
| 8. चिकित्सा | 7 |
| 9. इंजीनियरिंग | 2 |
| 10. विविध—(फोटोग्राफी, मजदूरी, ट्रांसपोर्टेशन एवं सन्यास दीक्षा जीवन बीमा एजेन्ट, स्टेट बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स) | 6 |
| 11. व्यवसायों का विवरण प्राप्त नहीं | 55 |
| योग ... | 426 |

पी० एस० यू० पी–एल० 85 विधान सभा (130)–1994–700 (डी०टी०पी०) ।

**विधान सभा सचिवालय**

उत्तर प्रदेश

(सम्पादकीय शाखा)

---

संख्या 195/वि० स०/10(सं० शा०)/92

लखनऊ, दिनांक 23 जनवरी, 1995

---

## शुद्धि-पत्र

उत्तर प्रदेश द्वादश विधान सभा के सदस्यों का जीवन परिचय 1993 पुस्तक के निम्नांकित स्तम्भ--2 में अंकित पृष्ठों पर स्तम्भ--5 में अंकित अशुद्ध अंशों को स्तम्भ--6 में अंकित शुद्ध रूप में पढ़ा जाय :--

| क्र०सं० | पृष्ठ | पैरा | पंक्ति | अशुद्ध रूप | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 56 | — | अन्तिम | 2–श्री पीतम राम। 22416 | 2–श्री पीतम राम-22416 (जनता दल) |
| 2 | 114 | 2 | 1 | श्री सन्तराम राम चन्दानी | श्री सन्तराम रायचन्दानी |
| 3 | 114 | 2 | 4 | सामज सेवा | समाज सेवा |
| 4 | 338 | 3 | 3 | कारगार | कारागार |
| | 339 | , | 4 | कारगार | |
| 5 | 339 | 4 | 2 | था | तथा |
| 6 | 343 | 3 | 7 | वचा | तथा |
| 7 | 444 | 3 | 5 | कारगार | कारागार |

आज्ञा से,

**प्रेम चन्द्र सक्सेना,**

सचिव।

पी० एस० यू० पी–एल० 265 विधान सभा (410)–1995–700 (डी० टी० पी० ) ।